सूर्योदय : 6:07
सूर्यास्त : 5:34
अधिकतम तापमान : 31.0
न्यूनतम : 18.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-144 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 01 नवम्बर 2023
16 रबीउस्सानी, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# दीपावली से पहले योगी सरकार का किसानों को तोहफा

## योगी कैबिनेटः पीएम आवास योजना के पौने दो करोड़ लाभार्थियों को मुफ्त गैस सिलेंडर देगी सरकार, गन्ना मूल्य में इजाफे की मंजूरी

- विदेशी निवेश को बढ़ावा देने की तैयारी
- कैबिनेट से शीरा नीति को मंजूरी
- 20 अहम प्रस्ताव कैबिनेट में पास



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने मंगलवार को कैबिनेट बैठक में 20 अहम फैसले लिए हैं। इसमें उज्ज्वला योजना के तहत फ्री सिलेंडर के फैसले शामिल हैं।

योगी सरकार में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने इस बाबत एक प्रेस वार्ता में जानकारी दी। वित्त मंत्री ने कहा 21 में से 20 प्रस्तावों को मंजूरी मिली। इसमें कुछ जिलों में नए थाने खोलने, पुलिसिंग में सुधार समेत कई फैसले लिए गए। यूपी में गन्ना किसानों की दिवाली हो गई है। सरकार ने किसानों का बकाया भुगतान के लिए 1371 करोड रुपए ट्रांसफर किए हैं। गन्ना किसानों की ओर से बकाया भुगतान की मांग लगातार की जा रही थी। पिछले दिनों गन्ना किसानों ने सीएम योगी से मुलाकात कर अपनी मांग रखी थी। अब इस पर 24 घंटे के भीतर कार्रवाई की गई है। योगी कैबिनेट के इस फैसले को गन्ना किसानों को दिवाली पर बड़ा तोहफा माना जा रहा है। चीनी मिलों को तत्काल किसानों का बकाया जारी करने के आदेश किए गए हैं। तमाम चीनी मिलों की ओर से किसानों के बकाए के भुगतान की तैयारी भी शुरू की जा रही है। योगी कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। इसमें एफडीआई पर नई नीति को मंजूरी दी गई है। यूपी सरकार प्रदेश में निवेश प्रस्तावों की गति को तेज करने की योजना पर लगातार काम कर रही है। इसके लिए लगातार विदेशी कंपनियों को अपने यहां इकाई खोलने का प्रस्ताव दिया गया है। इस क्रम में सरकार ने नई एफडीआई नीति के तहत फैसला लिया है कि बड़े निवेशकों को सस्ती जमीन उपलब्ध कराई जाएगी।

### योगी कैबिनेट के अन्य महत्वपूर्ण फैसले

प्रदेश के जिलों में नए थाना भवनों को मंजूरी दी गई है। वाराणसी में थाना शिवपुर, गाजियाबाद में थाना टीला मोड़, फ़िरोजाबाद थाना दक्षिण, आगरा थाना शाहगंज, गोरखपुर के कैम्पियरगंज में अग्निशमन केंद्र, मथुरा के वृंदावन में नवीन थाना, लखनऊ गोमती नगर विस्तार के सेक्टर 4 में मॉडर्न थाना के निर्माण की योजना पास कर दी गई। प्राइवेट सुरक्षा अभिकरण नियमावली को मंजूरी दे दी गई। मथुरा मे निजी क्षेत्र के एसकेएस इंटरनेशनल विश्विद्यालय को मान्यता प्रदान की गई। यूपी में तीन नए राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दी गई। देवीपाटन मंडल, विंध्याचल मंडल, मुरादाबाद मंडल में एक- एक विश्वविद्यालय को स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना अंतर्गत छह प्राधिकरण को भूमि खरीद के लिए राशि उपलब्ध करवाए जाने के संबंध में प्रस्ताव पास किया गया है। अयोध्या विकास प्राधिकरण को 30 करोड़, मेरठ विकास प्राधिकरण को 200 करोड़, आगरा प्राधिकरण को 150 करोड़, वाराणसी आवास विकास परिषद को 400 करोड़, मुरादाबाद प्राधिकरण को 200 करोड़, कानपुर न्यू सिटी योजना के लिए 150 करोड़ की मंजूरी दी गई है।

### जौहर ट्रस्ट से वापस ली जाएगी विद्यालय की जमीन


**सपा नेता आजम खां को बड़ा झटका**



जेल में बंद सपा के दिग्गज नेता आजम खां को योगी सरकार की तरफ से एक और बड़ा झटका लगा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में रामपुर में मौलाना मो. जौहर ट्रस्ट को माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा लीज पर दी गई मुर्तजा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के भवन व भूमि वापस लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। गौरतलब है कि सपा सरकार में शर्तों की अनदेखी करके विद्यालय की जमीन जौहर ट्रस्ट को मात्र 100 रुपये सालाना के किराये पर दी गई थी। मामले में शिकायतकर्ता विधायक आकाश सक्सेना ने आरोप लगाया था कि सपा कार्यकाल में आजम ने मुर्तजा विद्यालय की जमीन को जौहर ट्रस्ट के नाम करवा लिया था। इसके बाद इसमें रामपुर पब्लिक स्कूल खोल दिया। भाजपा विधायक का कहना है कि रामपुर शहर स्थित यह जमीन 3825 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में है। इसमें सपा का कार्यालय भी है। जमीन की कीमत सर्किल रेट के हिसाब से 10 करोड़, जबकि मार्केट रेट 100 करोड़ से ज्यादा है।

# नेक नीयत के उत्तम नतीजे जरूर मिलते हैंः पीएम मोदी

- हम भारत भव्य बनाएंगे
- जो माटी का कर्ज चुका दे, वही जिंदगानी है



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरी माटी मेरा देश अभियान की अमृत कलश यात्रा के समापन कार्यक्रम को दिल्ली में संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने अमृत महोत्सव स्मारक एवं अमृत वाटिका का शिलान्यास किया।

पीएम ने कहा कि आज सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर कर्तव्य पथ एक ऐतिहासिक महायज्ञ का साक्षी बन रहा है। उन्होंने कहा कि आज लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर कर्तव्य पथ एक ऐतिहासिक महायज्ञ का साक्षी बन रहा है। 12 मार्च 2021 को गांधी जी की प्रेरणा से साबरमती आश्रम से शुरू हुआ आजादी का अमृत महोत्सव अब 31 अक्टूबर 2023 आज सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर समापन का पल है। आज ये हुजूम एक नया इतिहास बन गया। कहा कि एक ओर जहां हम एक आयोजन का समापन कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ये नए संकल्प की शुरुआत है। 21वीं सदी में मेरा भारत युवा संगठन देश के विकास में बड़ी भूमिका निभाएगा। मेरी माटी मेरा देश इस बात का उदाहरण है कि कैसे युवा मिलकर हर लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के युवा कैसे संगठित होकर हर लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण मेरी माटी मेरा देश अभियान है।

### पीएम ने देखी डिजिटल एग्जिबिशन

पीएम मोदी ने अमृत कलश यात्रा की एक डिजिटल एग्जिबिशन भी देखी। देशभर के गांवों से 8500 अमृत कलशों में मिट्टी भरकर दिल्ली लाई गई है। इसे 30 अक्टूबर से कर्तव्य पथ के पास रखे भारत कलश में इकट्ठा किया गया है। इस कार्यक्रम में पीएम ने अमृत वाटिका और अमृत महोत्सव स्मारक का भी उद्घाटन किया।

# रन फॉर यूनिटी में दौड़ा लखनऊ

## पीएम मोदी ने एकता दौड़ से दी सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धांजलिः योगी

- रन फॉर यूनिटी को रक्षामंत्री राजनाथ व सीएम योगी ने दिखाई हरी झंडी



**लखनऊ।** लौहपुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती (राष्ट्रीय एकता दिवस) के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हजरतगंज स्थित सरदार पटेल स्मारक पार्क में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एकता दौड़ रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, सांसद कौशल किशोर, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा आदि मौजूद रहे। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर आधुनिक व अखण्ड भारत के विश्वकर्मा, लौह पुरुष, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि एवं सभी को राष्ट्रीय एकता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम सभी सरदार साहब के सपनों का भारत बनाने के लिए संकल्पित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय एकता के आधार स्तंभ और भारत माता के महान सपूत लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी स्मृतियों को नमन किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1947 में जब देश आजाद हुआ था, तब स्वतंत्र भारत में अलग-अलग रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाने के लिए लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

### सरदार पटेल ने स्वतंत्र भारत की एकता के लिए काम कियाः राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज के दिन हमें उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों और नेताओं का स्मरण करना चाहिए जिन्होंने भारत को आजाद कराने में और स्वतंत्र भारत के निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि जब भारत आजाद हुआ था तो वह 562 रियासतों में बंटा हुआ था। अंग्रेजों ने जानबूझ कर रियासतों को विलय करने या अलग रहने का निर्णय करने का मौका दिया था। सरदार पटेल ने स्वतंत्र भारत की एकता के लिए काम किया है। ऐसे में देश के गृहमंत्री के रूप में सरदार वल्लवभाई पटेल के सामने क्या कठिन परिस्थिति और चुनौती रही होगी, इसकी आज कल्पना करना भी मुश्किल है।

# छह बच्चों को बाईक पर बिठाकर ससुराल के लिए निकले माता पिता की मौत, पांच बच्चे हो गए अनाथ






**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद में देर रात हुए सड़क हादसे की पूरी बात सुनने पर हर इंसान के दिल से एक आह निकल जा रही है क्योंकि मामला ही कुछ ऐसा दिखा जहां पति-पत्नी अपने छः बच्चों के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर

- ऐसी यात्रा करके अपने और परिवार के जीवन से खिलवाड़ करना बंद करें लोग

ससुराल के लिए निकले थे मगर तेज रफ्तार और असंतुलन के कारण सामने से आ रही पिकप से टकरा गए दुर्घटना इतनी भयानक थी की इस हादसे में पति पत्नी और मासूम की मौत हो गई जबकि पांच बच्चे अनाथ होकर अपनी किस्मत को कोस रहे है अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी ने दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

मामला है जिले के रामगांव थाना अंतर्गत ग्राम काजीजोत अकेलवा बाजार का जहां के रहने वाले दुर्गेश की ससुराल महसी तहसील क्षेत्र के हरदी थाना अंतर्गत करेहना गांव में है। ससुराल में आवश्यक कार्य होने के चलते सोमवार रात को दुर्गेश अपनी पत्नी शकुंतला और छह बच्चों को बाइक पर बिठाकर ससुराल के लिए निकला।बाइक सवार पूरा परिवार जब बहराइच शहर के निकट कोतवाली देहात अंतर्गत त्रिमुहानी रोड पर सब्जी मंडी बाईपास के निकट से गुजर रहा था तभी सामने से तेज रफ्तार पिकअप आ गई दुर्गेश की बाइक असंतुलित हो कर सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप से टकरा गई। हादसा देर रात का बताया जा रहा है। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े आने-जाने वाले वाहन भी रुक गए सूचना पाकर कोतवाली देहात और तिकोनी बाग चौकी की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पिक अप में फंसी बाइक को निकाल कर घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर डॉक्टरों ने दुर्गेश और उनकी पत्नी शकुंतला को मृत घोषित कर दिया। वहीं दुर्घटना में घायल होकर तड़प रहे छः बच्चों का इलाज शुरू किया गया। इनमें 12 वर्षीय लक्ष्मी, 8 वर्षीय कोमल, 6 वर्षीय मनीषा, 10 वर्षीय सजल, 4 वर्षीय शिवांगी और 4 माह की रागिनी शामिल है। जिनका इलाज चल रहा है। इलाज के दौरान जिला अस्पताल के चिकित्सक ने 4 माह की रागिनी और सजल को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया। लेकिन अस्पताल से रात में एम्बुलेंस द्वारा लखनऊ ले जाते समय रागिनी की मौत हो गई।हादसे की सूचना पाकर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी ने अस्पताल पहुंचकर भर्ती बच्चों को देखा इसके बाद घटनास्थल का भी निरीक्षण किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बाइक चालक की लापरवाही और वाहनों की तेज रफ्तार के चलते हादसा हुआ है, मृतक दंपति और बेटी का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



### अनाथ पड़े मासूमों को देखकर तड़प जा रहा है लोगो का मन

हादसे के बाद जिला अस्पताल में भर्ती मासूम बच्चों को अभी तक यह नहीं पता चल पाया है कि उनके माता-पिता दुनिया में नहीं है। हालांकि जिन लोगों को घटना की जानकारी है वह रात में पल भर में अनाथ हुए जिला अस्पताल में भर्ती बच्चों को देखते ही उनके दिलो से एक आह निकलती है और और तड़पते हुए मन से इनके सेहत और सलामती के लिए ईश्वर से प्रार्थना भी करते हुए दिखाई पड़ रहे हैं।

### यातायात माह शुरू होने से एक दिन पूर्व हुआ ये हादसा

**इस माह में ज्यादा लोगो को बाईक पर बिठाकर चलने वालों पर होगी विशेष निगाह**


**बहराइच।** जनपद में हुए इस भयंकर सड़क हादसे से आने वाले यातायात माह में पुलिस बाइक पर ज्यादा लोगो को बिठाकर चलने वालों पर विशेष निगाह रखेगी और सभी नागरिकों को भी इस बात का अवश्य ध्यान रखना चाहिए कि वो अपने और अपने परिवार के लोगो के जीवन से खिलवाड़ करना बंद कर दें यातायात माह नियमों का पालन करने का माह नही समझे बल्कि अपने और अपने पूरे परिवार को सुरक्षित रखने के लिए उनको हर समय सड़क पर चलने पर सभी नियमों के पालन करने की सलाह देते रहे जिससे आप और आपका परिवार सुरक्षित रह सके।

### बाइक पर इस तरह से सजकर अपने अंतिम सफर पर निकले दंपति

एक बाइक पर इस तरह सजकर सवार होकर ससुराल जाने के लिए निकले इस परिवार की बाइक पर इस भीषण दुर्घटना के समय आठ लोग सवार थे यह सुनकर आप सोच रहे होंगे कि पूरा परिवार एक बाइक पर कैसे बैठ गया। तो जान लीजिये ससुराल जाने के लिए दुर्गेश ने कैरियर पर चादर बांधकर पत्नी शकुंतला को एडजस्ट किया उसकी पत्नी 4 माह की बेटी रागनी को गोद में दिए हुए थी, इसके बाद बाइक पर खुद बैठकर अपने और पत्नी के बीच में चार बेटियों को बिठाया और अपने आगे टंकी पर बेटे को बिठाकर ससुराल के लिए रवाना हुआ।

### जब मुद्दे नहीं होते तो विपक्ष जासूसी के आरोप लगाते हैंः वैष्णव

**नई दिल्ली।** विपक्ष के नेताओं की तरफ से केंद्र सरकार के खिलाफ लगाए गए जासूसी करने के आरोपों पर मंगलवार को केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जवाब दिया है। उन्होंने कहा है कि जब विपक्ष के पास मुद्दा नहीं होता तो यह जासूसी का आरोप लगाने लगते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विपक्ष के आरोप निराधार हैं, लेकिन कुछ लोगों को आलोचना करने की आदत लग गई है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि कई मौकों पर ये नेता हैकिंग के आरोप लगा चुके हैं। कुछ साल पहले भी इन्होंने यही कोशिश की थी। तब न्यायालय की देखरेख में हमने पूरी जांच कराई थी। हालांकि, इसमें कुछ नहीं निकला था। यहां तक प्रियंका गांधी वाड्रा के आरोप कि उनके दोनों बच्चों का फोन हैक है, ऐसा भी कुछ नहीं था। ये सब झूठ आलोचकों द्वारा फैलाया गया था। उन्होंने कहा, कुछ सांसदों ने जो मुद्दा उठाया है कि उनके पास एप्पल से एक अलर्ट आया है। उसके बारे में मैं साफ करना चाहता हूं कि सरकार इस मुद्दे पर बहुत गंभीर है, हम इस मुद्दे की तह तक जाएंगे।



# राशनकार्ड में छह या अधिक सदस्य तो बन सकेगा आयुष्मान कार्ड

## राशन कार्ड धारक बुजुर्गों का भी बनेगा आयुष्मान कार्ड

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** शासन की ओर से पात्र गृहस्थी कार्डधारकों के लिए यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ऐसे कार्डधारक जिनमें छह या उससे अधिक परिवार के सदस्य शामिल हैं। वे लोग योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। उक्त बातें आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आयोजित समीक्षा बैठक में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कही।आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति को लेकर मंगलवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलक्ट्रेट सभागार में बैठक ली। डीएम ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि जिले में आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों के कार्ड अभियान चलाकर प्राथमिकता के साथ बनाया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। डीएम ने बताया कि वृहद स्तर पर जनपद में आयुष्मान कार्ड बनाए जाने का अभियान में तेजी लाए। पात्र लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए भी लगातार प्रेरित किया जाए। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आह्वान किया कि अभियान चलाकर राशन कार्ड में छह या उससे अधिक यूनिट होने एवम् राशन कार्ड के 60 वर्ष से अधिक आयु वाले वृद्धजनों के भी आयुष्मान कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित करें। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के अभियान में प्रगति लाने के लिए संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा यह शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डीएसओ को निर्देश दिए कि खाद्यान्न वितरण के दौरान सरकार की नियत कैटिगरीज के लाभार्थियों का पंचायत सहायक की मदद से आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। इसका स्वयं अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षक भी करें।सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के जरिए आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के संबंध में पूरी प्रक्रिया समझाई।

### आयुष्मान ऐप से बना सकते हैं आयुष्मान कार्ड

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि पात्र लाभार्थी खुद या किसी भी स्वयंसेवी, सरकारी कर्मचारी, राशन दुकानदार या कोई अन्य साधन द्वारा भी पोर्टल (https://beneficiary.nha.gov.in) या आयुष्मान ऐप के माध्यम से अपना आयुष्मान कार्ड बना या बनवा सकते हैं। खास बात है कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अलग से आईडी की जरूरत नहीं है। आयुष्मान ऐप के माध्यम से स्वयं या स्वयंसेवी की सहायता से वीडियो यू-ट्यूप पर उपलब्ध है। आयुष्मान योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी को बीमारी के समय 05 लाख रुपए का मुफ्त इलाज कराने की सुविधा मिलेगी।

# लोक भारती की राष्ट्रीय कार्य योजना बैठक की तैयारी के सम्बन्ध में एक आवश्यक बैठक हुई सम्पन्न

*अवधनामा संवाददाता*



**मोहम्मदी-खीरी।** लोक भारती की राष्ट्रीय कार्य योजना बैठक आने वाली चार व पांच नवम्बर 2023 को वृंदारण्यम फार्म ईंटारोरा में होगी। जिसकी तैयारी के सम्बन्ध में एक आवश्यक बैठक जिला संयोजक अतुल रस्तोगी के आवास पर सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला संयोजक अतुल रस्तोगी ने बताया कि यह हम सभी के लिए गौरव की बात है कि अपने मोहम्मदी क्षेत्र में लोक भारती की राष्ट्रीय स्तर की बैठक हो रही हैं। जिसमें संघठन की दृष्टि से मेरठ प्रान्त, बृज प्रान्त, अवध प्रान्त, गोरक्ष प्रान्त, काशी प्रान्त, कानपुर प्रान्त, उत्तराखण्ड प्रान्त, मध्यप्रदेश प्रान्त, राजस्थान प्रान्त, दिल्ली प्रान्त, बिहार प्रान्त, हरियाणा प्रान्त, पंजाब प्रान्त, लखनऊ महानगर आदि से प्रतिनिधिगण आयेंगे। दो दिवसीय बैठक में सत्र सह परिचय, जल संरक्षण, प्राकृतिक कृषि, बङ्गो लोक भारती, गोमती पूजन, गौ सम्वर्द्धन व कामधेनु प्रतियोगिता, बुंदेली प्रकृति पर्यटन, सामाजिक सहभाग, बृक्षारोपण कार्यक्रम, कचरा निस्तारण, खिचड़ी सहभोज, उत्तम नगर अभियान, योग सप्ताह, प्लास्टिक मुक्त बड़ा मङ्गल अभियान, ग्राम संस्कृति उत्सव, सघन कार्य के लिए चयनित शाहजहांपुर, लखीमपुर, सीतापुर, बहराइच जिले तथा अन्य जिलों का विस्तार, इसकी व्यापक योजना, छोटी नदी, तालाब, कुआं आदि को पुनर्जीवित करना, प्रत्येक विकास खण्ड में हरिशंकरी का सघन रोपण अभियान चलाना, गौ आधारित कृषि के माडल केन्द्र, प्रशिक्षण केन्द्र, पंच स्तरीय बागवानी, गाय एवं कृषि केन्द्रित पर्यटन, परम्परागत बीज का संरक्षण व उनका प्रचार प्रसार, गौशाला मित्र बनाना, मङ्गल परिवार, मङ्गल परिसर, मङ्गल क्षेत्र, मङ्गल ग्राम बनाना आदि विषयों पर चर्चा व उनके कार्यक्रम बनाये जायेगे। इस सम्बन्ध में चार नवम्बर को ईंटारोरा में स्थित साधू बाबा गोमती घाट पर माँ गोमती का पूजन व दीपोत्सव कार्यक्रम रहेगा तथा पांच नवम्बर को दोपहर साढे 12 बजे से देशी गायों के संरक्षण व उनके सम्बर्धन हेतु कामधेनु प्रतियोगिता का आयोजन वृंदारण्यम फॉर्म ईंटारोरा में होगा। इस कार्यक्रम में देशी गायों के गौपालक अपनी अपनी गायों का श्रृंगार करके कार्यक्रम स्थल पर लायेंगे, उनमें से गायों को, प्रथम, द्वतीय, व तृतीय पुरस्कार दिया जायेगा तथा आये हुए सभी गौपालकों का सम्मान किया जायेगा। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला संघचालक अमित भसीन ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की बैठक अपने क्षेत्र में होना गौरव की बात है, और हम सभी बन्धुओं को इसकी व्यवस्था सम्बन्धित कार्यों में बढ़ चढ़ कर सहयोग करना है। लोक भारती के सभी कार्यक्रम वास्तव में राष्ट्र हित के कार्यक्रम हैं, स्वदेशी, पर्यावरण के अनुकूल, व आत्मनिर्भर भारत बनाने के प्रयासों की हम सराहना करते हैं। यह संगाठन अच्छे लोगों को एक मंच पर ला रहा है, यह बहुत अच्छा कार्य है। भविष्य में यह संगठन घर घर जाकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराए और सभी लोगों को इससे जोड़े नगर को उत्तम नगर बनाने की योजना का हम स्वागत करते हैं। बैठक में मुख्य रूप से, सुरेन्द्र वर्मा, राम निवास दीक्षित पूर्व डिपो अधिकारी वन विभाग, निकुंज रस्तोगी एड0, दिलीप श्रीवास्तव, पुष्कर अवस्थी, रणधीर श्रीवास्तव, अनुराग शुक्ला, रोहित वरुण, सच्चिदानंद शुक्ला, शैलेन्द्र रस्तोगी, आशीष सिंह, लखन गुप्ता, जितेन्द्र कुमार एड0, शशांक रस्तोगी, आनंद रस्तोगी, दिलीप रस्तोगी, अरविन्द रस्तोगी, अमर राठौर, जितेन्द्र पॉल आदि उपस्थित रहे।

## 2 नवंबर को लखनऊ के स्मृति उपवन में होगा भाजपा अनुसूचितों मोर्चा का विशाल सम्मेलन



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** भाजपा अनुसूचितों मोर्चा का विशाल सम्मेलन 2 नवंबर को लखनऊ के स्मृति उपवन में होगा जिसमें लखीमपुर जिले से हजारों की संख्या में मोर्चा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी सम्मेलन में भाग लेंगे। सम्मेलन की तैयारी को लेकर सोमवार को भाजपा जिला कार्यालय पर अटल कक्ष में आयोजित बैठक को जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि अनुचित समाज की बड़ी भागीदारी पार्टी में है तथा भाजपा नेतृत्व में इस समाज को मान सम्मान देने का कार्य किया है तथा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अनुसूचित मोर्चा के विकास के तमाम कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं उन्होंने सम्मेलन की तैयारी का ज्यादा लेते हुए कहा कि इसमें जाने के लिए 200 बसे तथा एक हजार छोटे बड़े वाहनों में हजारों की संख्या में जिले से अनूसूचित मोर्चा के भाग लेने लखनऊ जायेगे बैठक में अनुसूचित मोर्चा के जिला संयोजक गंगाराम एडवोकेट अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष दिनेश पासी भाजपा के जिला उपाध्यक्ष कुलभूषण सिंह ज्योतिर्मय बरसरिया ज्योतिर्मय बत्रिया महामंत्री आशू मिश्रा जिला मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र मिश्र सहित मोर्चे के जिला उपाध्यक्ष अवधेश भार्गव हरीश भारती शारदा प्रसाद महामंत्री नीरज भार्गव सहितसभी पदाधिकारी व जिले भर से आए मंडल अध्यक्षों ने भाग लिया।

# राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मना लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** कलेक्ट्रेट सहित जिलेभर में लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जन्म दिवस को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाया इस अवसर पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एडीएम संजय कुमार सिंह, डिप्टी एसडीएम रेनू, राजीव निगम, सहित अधिकारी कर्मचारी के साथ लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया डीएम ने अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा तथा देश की आंतरिक सुरक्षा में योगदान के लिए शपथ दिलाई। डीएम ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाए जाने के अवसर पर शपथ दिलाते हुए कहा कि मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूँगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूँगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार बल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा सम्भव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आन्तरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ। एडीएम ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन के संघर्षों के बारे में जानकारी दी। कहा कि उन्होंने अखंड राष्ट्र का सृजन किया। ऐसे राष्ट्रशिल्पी लौह पुरुष को शत शत नमन करते हैं। इस अवसर पर एडीएम संजय कुमार सिंह, डिप्टी एसडीएम रेनू, राजीव निगम, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह, सीओ चकबंदी, पूर्ति निरीक्षक प्रशासनिक अधिकारी (कलेक्ट्रेट) मो. सलीम, विवेक सक्सेना, सुरेश कुमार, जेए द्वितीय सुरेश वर्मा सहित कलेक्ट्रेट में स्थित सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे। इसी प्रकार पुलिस लाइन व विकास भवन में भी सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयन्ती ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के रूप में मनायी गयी। इसके अतिरिक्त जिले के अन्य सभी सरकारी/गैर सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थान, स्वयं सेवी संस्थाओं के कार्यालयों में भी सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयन्ती धूमधाम से मनायी गई। इस अवसर पर अधिकारी/कर्मचारी गण एवं विद्यालय के अध्यापकगण, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 नफर अभियुक्तगण को चोरी किये गये माल के साथ किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना भीरा पुलिस द्वारा चोरी (नकबजनी) की घटना का मात्र कुछ ही घण्टों के अन्दर शत प्रतिशत माल बरामद व सफल अनावरण करते हुए 02 नफर अभियुक्तगण को चोरी किये गये माल के साथ गिरफ्तार किया गया व अभियोग की विवेचनात्मक कार्यवाही मे 24 घण्टे से भी कम समय मे पूरी कर आरोप पत्र प्रेषित किया गया दिनांक 29.10.2023 को थाना भीरा क्षेत्र मे ताला तोड़कर घर मे हुई चोरी की घटना मे थाना भीरा पुलिस द्वारा दिनांक 29.10.2023 को समय 17.25 बजे रामसहाय पुत्र स्व0 तेजी नि0ग्राम कचनारा थाना भीरा की तहरीरी सूचना पर थाना भीरा पर मु0अ0सं0 547/2023 धारा 457/380 भादवि बनाम अज्ञात चोर पंजीकृत कर क्षेत्राधिकारी गोला महोदय के निकट पर्यवेक्षण में मात्र कुछ ही घंटों में घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना से संबंधित चोरी हुए माल 01 अदद चाँदी की चैन, 01 अदद चाँदी की लौंग व 4500 रुपये नगद, अन्य दीगर कागजात तथा 02 अदद करधनी चाँदी की, 02 अदद चाँदी की पायल की शत प्रतिशत बरामदगी करते हुए 02 नफर अभियुक्तगण 1.बनवारी पुत्र रामसहाय उम्र करीब 35 वर्ष, 2.पुष्पा पत्नी बनवारी उम्र करीब 32 वर्ष नि0गण ग्राम कचनारा थाना भीरा की गिरफ्तारी की गयी। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे धारा 414/411 भादवि की बढोत्तरी करते हुए अभियुक्तों को न्यालाय के समक्ष पेश कर रिमाण्ड स्वीकृत कराकर अभियुक्त बनवारी उपरोक्त को जिला कारागार खीरी मे निरुद्ध कराया गया।

### हत्या के प्रयास में चार को सात वर्ष का कठोर कारावास

**सीतापुर।** महोली कोतवाली में वर्ष 2014 में महोली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कचूरी निवासी सुरेश, संतोष सिंह, उमेश सिंह व रणजीत सिंह के खिलाफहत्या के प्रयास आदि धाराओं में केस दर्ज कराया गया था। आरोप था कि चारों ने जान से मारने की नीयत से फायर किया है। इस मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 2 ने साक्ष्यों को देखने, गवाहों व दोनों पक्षों के वकीलों की बहस सुनने के बाद चारों अभियुक्तों को दोषी करार दिया। न्यायाधीष ने सुरेश, संतोष सिंह, उमेश सिंह व रणजीत सिंह को 7 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। वहीं 50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

### अवैध पटाखा बनाते 2 गिरफ्तार

**सीतापुर।** अटरिया थाना पुलिस टीम ने ग्राम नीलगांव के निकट चेकिंग के दौरान इस्राइल पुत्र मोहम्मद याकूब व हाशिम पुत्र मोहम्मद इदरीश निवासी नीलगांव थाना अटरिया को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बारुद सफेद मसाला 2 किलो 800 ग्राम, सफेद पाउडर 2 किलो 330 ग्राम, पिसा कोयला 490 ग्राम, सुतली 9 किलो 200 ग्राम, कलमी शोरा 4 किलो 10 ग्राम, महताब तैयार 1000 पीस, महताब अर्द्धनिर्मित 2000 पीस, मलगेशियम पाउडर 7 किलो 200 ग्राम, .बाती लगभग 800 ग्राम, .सुतली बम बने 250 पीस, गोला तिकोना बम 48 पीस बरामद किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफविस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

### संदिग्ध हालात में वृद्ध की मौत

सीतापुर। रेउसा थाना इलाके गुड़रुवा देवरिया गांव निवासी राम खेलावन उम्र 65 वर्ष सोमवार की रात फसल देखने के लिए खेतों की तरफगया था। जिसके बाद वह लौटकर घर नहीं पहुंचा। इधर मंगलवार की सुबह रेउसा थाना क्षेत्र के ग्राम ननकार सेवता के पूरब सड़क के किनारे लोगों ने राम खेलावन का शव पड़ा देखा। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। जिसके बाद शव की अंत्येष्टि कर दी।

### सरदार पटेल का जन्मोत्सव मनाया

सीतापुर। बिसवां में सरदार पटेल सेवा संस्थान ने लौह पुरुष सरदार पटेल का जन्मोत्सव मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक निर्मल वर्मा रहे।अध्यक्षता भग्गा प्रसाद वर्मा अध्यक्ष सरदार पटेल सेवा संस्थान उत्तर प्रदेश, विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख दिनेश वर्मा रहे। कार्यक्रम का संचालन अमर सिंह ने किया।

## करवा चौथ पर्व को लेकर तैयारियों में जुटी महिलाएं



*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** करवा चौथ पर्व बुधवार को है। सुहागिने करवा चौथ की तैयारियों में जुटी हैं। बाजार गुलजार रही, खरीदारी का दौर तेज रहा। हिंदू धर्म में विवाहित महिलाओं के लिए करवा चौथ का विशेष महत्व है।

एक नवंबर को सुहागिनें अपने पति की लंबी उम्र के लिए यह व्रत रखेंगी। ज्योतिष बताते हैं कि 100 साल के बाद चंद्रमा में मंगल और बुध एक साथ विराजमान हैं। इस कारण बुध आदित्य योग बन रहा है। इसके अलावा शिवयोग या शिव वास और सर्वार्थ सिद्ध योग भी बन रहा है। ये योग करवा चौथ को काफी शुभ बना रहे हैं। जो महिलाएं इस दिन व्रत रखकर चंद्रमा को अर्घ्य देंगी, उनकी मनोकामनाएं जरूर पूरी होंगी। साथ ही वैवाहिक जीवन में सुख बना रहेगा। मंगलवार को जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक बाजार गुलजार रहीं। सुहागिनों ने चूड़ियों से लेकर सुहाग की अन्य समाग्रियों की खरीददारी की। सुहागिनों ने मिट्टी से लेकर पीतल व चांदी के करवा की खरीददारी की। सींक, करवाचौथ के चित्र व मिठाईयों की जमकर बिक्री हुई। बाजारों में अच्छी खासी भीड़ रही।

**शाम 8:7 पर निकलेगा चांद**

करवा चौथ का व्रत चंद्र दर्शन के बाद ही खोला जाता है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार शास्त्रों में इस बार चंद्रोदय रात 8 बजकर 7 मिनट पर होने का अनुमान मिल रहा है।

### श्रीमद कथा का समापन पर भंडारे का आयोजन

सीतापुर। महोली के कुसैला गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का समापन विशाल भंडारा और कन्या भोज के साथ किया गया। पूर्व प्रधान जितेंद्र कुमार वर्मा संजय वर्मा ने सभी कन्याओं को दक्षिणा देकर भोज कराया। कार्यक्रम के समापन पर कलाकारों द्वारा आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गई। जिसमें नगर पंचायत महोली के पूर्व अध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता, अनिल कुमार शुक्ला, विनय, रामस्वरूप वर्मा, शाहिद ग्रामीण उपस्थित रहे। समापन पर कथा व्यास दिव्या ज्योति एवं कथा व्यास सरिता शास्त्री ने श्रीमद् भागवत समापन पर कहा कि जिस जगह जिस स्थान पर श्रीमद् भागवत कथा का समापन होता है और आहुतियां दी जाती हैं। वह स्थान पवन और पवित्र हो जाता है।

# राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई सरदार पटेल की जयंती





*अवधनामा संवाददाता*

**सीतापुर।** एकता के सूत्रधार लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पूरे जिले में धूमधाम से मनाई गई। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान भाजपा समेत विभिन्न दलों व प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को याद किया।

जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सभी अधिकारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि पिछले कई वर्षो से प्रत्येक वर्ष 31 अक्टूबर का पावन दिवस न केवल राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार सरदार पटेल की जयंती के रूप मे बल्कि राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में भी पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यह भारत की सुरक्षा, एकता और अखण्डता को मजबूत करने एवं अक्षुण्ण बनाये रखने की अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ़ करने का एक उत्तम अवसर है। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अमृता सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे। इधर एसपी चक्रेश मिश्रा ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई। चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह, प्रकाश कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## इंदिरा गांधी की 39वीं पुण्यतिथि मनाई गई



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज आफ हायर एजुकेशन सलेथू में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का 149वां जन्मदिन तथा लेडी आयरन स्वर्गीय इंदिरा गांधी की 39वीं पुण्यतिथि मनाई गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 शिव ओम श्रीवास्तव एवं डीएलएड प्राचार्य धीरेंद्र सिंह ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण किया, साथ ही डॉ0अरुण चौधरी, डॉ0 जितेंद्र सिंह, गौरव मिश्रा एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों, छात्र, छात्राओं ने अपने श्रद्धा सुमन समर्पित किया। धीरेंद्र सिंह के द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। आपको बता दें कि, प्राचार्य ने अपने विचारों को साझा करते हुए कहा कि, गणतंत्र भारत के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष कहे जाने वाले सरदार को देश उनके जन्मदिन पर राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में याद करता है। हिंदू मुस्लिम एकता बनाए रखने की चुनौती तथा 565 बिखरी हुई रियासतों को एकीकरण करने का कार्य पटेल ने किया। वहीं नेहरू की राजनीतिक विरासत को संभालते हुए इंदिरा गांधी ने दमदार महिला के रूप में खुद की पहचान बनाई।

इंदिरा गांधी का जीवन सभी के लिए प्रेरणादायक है आयरन लेडी के आदर्शों पर चलना ही आपके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

एकता दिवस के अवसर पर डॉ0 रश्मि श्रीवास्तव, अनीता मौर्या, कोमल वर्मा, प्रेम शंकर जायसवाल, रेखा मिश्रा, सौरभ धीमान, जे0सी0 श्रीवास्तव, अनुभव मिश्रा आदि प्राध्यापकों के साथ महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# लक्ष्मी सिंह जी के नेतृत्व मे लगातार अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही

*अवधनामा संवाददाता*

**गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अन्तर्गत कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही व पैरवी के क्रम में शासन द्वारा चिन्हित कुख्यात माफियाओं के मामलों में चिन्हित माफिया रणदीप भाटी व 03 गैंग के सदस्य अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय एडीजे पोक्सो 02 गौतमबुद्धनगर द्वारा दिनांक 30.10.2023 को आजीवन कारावास एवं 50-50 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

अवगत कराना है कि वर्ष 2013 में थाना दादरी क्षेत्रान्तर्गत अभियुक्तगण 1. रणदीप भाटी पुत्र महेन्द्र नि0 ग्राम रिठौरी थाना दादरी जीबीएन 2. योगेश पुत्र श्योराज नि0 ग्राम डाबरा थाना दादरी जीबीएन 3. उमेश शर्मा पुत्र महेश शर्मा नि0 लोनी जनपद गाजियाबाद 4. कुलवीर भाटी पुत्र महेन्द्र भाटी नि0 ग्राम रिठौरी थाना दादरी जीबीएन द्वारा दिनांक 24.04.2013 को अभियुक्तगण द्वारा एक राय होकर असलहो से लैस होकर वादी के घर में घुसकर वादी के पुत्र चमन भाटी उम्र 32 वर्ष की गोली मारकर हत्या कर देना तथा वादी व पुत्र कमल सिंह के ऊपर फायर करते हुए भाग जाना को अंजाम दिया गया था । घटना के संबंध में दाखिला तहरीर के आधार पर थाना दादरी पर मु0अ0सं0 184/13 धारा 147/148/149/307/302 भादवि व 07 क्रि0ला0 एक्ट थाना दादरी कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर बनाम रणदीप भाटी आदि के विरूद्ध पंजीकृत किया गया था । मामले में जनपद गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा तत्परता से साक्ष्य संकलन करते हुए अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा सुसंगत ठोस साक्ष्य के आधार पर अभियुक्तगण के विरूद्ध यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया था। तत्पश्चात न्यायालय में विचारण प्रारम्भ हुआ । अभियुक्तगण कुख्यात अपराधी है जिनके विरूद्ध दर्जनों हत्या/लूट/रंगदारी आदि के अभियोग पंजीकृत है जिस कारण अभियोग से संबंधित वादी/ गवाहान भय के कारण गवाही देने में समर्थ नहीं हो पा रहे थे, जिनके अन्दर अत्यधिक असुरक्षा की भावना थी और अभि0गण अधिक प्रभावशाली एवं शासन द्वारा चिन्हित कुख्यात अपराधी एवं उनके गैंग के सदस्य है जो अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में विचारण के दौरान अनेक प्रकार से विचारण में बाधा उत्पन्न कर रहे थे।

पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह द्वारा अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं पुलिस उपायुक्त मुख्यालय व मॉनिटरिंग सेल एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण से मीटिंग कर उपरोक्त मामले में विचारण में शीघ्रता लाने एवं गवाहान को उचित सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु शक्ति से निर्देश दिये गये । आदेशो और निर्देशो के अनुपालन में श्रीमान अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं पुलिस उपायुक्त मुख्यालय के निर्देशन में मॉनिटरिंग सेल द्वारा मुकदमा उपरोक्त की प्रभावी पैरवी करते हुए प्रत्येक तिथि पर कोर्ट मोहर्रिर, थाना पैरोकार एवं संबंधित थाना प्रभारी को नियत तिथि से पूर्व ही गवाही/अपेक्षित कार्यवाही हेतु सूचित करते हुए गवाहों की गवाही करायी गयी एवं गवाहों को साक्षी सुरक्षा सेल / मॉनिटरिंग सेल के माध्यम से सुरक्षा हेतु प्रबल प्रयास कर साक्षी सुरक्षा समिति में मामले को प्रेषित कर सुरक्षा उपलब्ध करायी गयी एवं प्रत्येक तिथि पर थाने के स्तर से भी सुरक्षा प्रदान कराकर मा0 न्यायालय में गवाहों को उपस्थित कराया गया एवं संबंधित लोक अभियोजक एवं जिला शासकीय अधिवक्ता से सामंजस्य स्थापित कर अभियोग में विचारण के दौरान उत्पन्न होने वाली विधिक समस्याओं का समाधान कराया गया एवं गवाहो की गवाही संपन्न करायी गयी । साक्षियों को सुरक्षा प्रदान किये जाने के कारण साक्षियों द्वारा निर्भीक होकर मा0 न्यायालय में अभियोग से संबंधित घटनास्थल पर घटित घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए गवाही दी गयी एवं अभियोग से संबंधित अभियोजन पक्ष की ओर से प्रभावी पैरवी करायी गयी।

# जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक संपन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय की बैठक कलेक्ट्रट स्थिति बचत भवन में की। जिलाधिकारी ने बैठक में ग्रामीण और नगरीय स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति जानी। उन्होने कहा कि जिन केंद्रों पर एएनएम की संख्या कम है,उन केंद्रों पर उनकी संख्या बढ़ाई जाए। जिन बच्चो का टीकाकरण किसी कारण से छूट गया है, उनका टीकाकरण कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि नवजात शिशुओ की माताओ को जागरूक किया जाए कि वह अपने बच्चो का टीकाकरण अवश्य लगवाए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऊंचाहार के ऊपर से जा रहे हाईटेंशन लाइन को जाल से कवर करने हेतु विद्युत विभाग को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया। ई-संजीविनी के अन्तर्गत जनसमुदाय को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के निरंतर प्रयास करने के निर्देश दिए। चिकित्सालय परिसर व शौचालय की साफ सफाई व्यवस्था को दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सीएमओ को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य सेवाओं पर खर्च हो रहे व्यय की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए। आशा बहुओ का भुगतान समय से करने का निर्देश जिलाधिकारी ने दिया। उन्होंने ने कहा कि जिन भी फर्मो का भुगतान रुका है,उसे समय से पूरा कराया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी एमओआईसी अपने अपने कार्यालयों पर साफ सफाई की पर्याप्त व्यवस्था रखे। मातृ मृत्यु दर की सही रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 वीरेंद्र सिंह, सीएमएस जिला चिकित्सालय,जिला कार्यक्रम अधिकारी,जिला विकास अधिकारी के अतिरिक्त सभी एमओआईसी उपस्थित रहे।

अवधनामा

लखनऊ, बुधवार, 01 नवम्बर, 2023



# राष्ट्र निर्माण में लौह पुरुष की भूमिका अतुलनीयः डीएम






**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 148वीं जयंती के अवसर पर जनपद में विविध कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदानों को याद किया गया। सरदार पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

मुख्य कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुआ जहां जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने लौह पुरुष के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में सरदार पटेल की भूमिका अतुलनीय है। उनकी दूरदर्शिता, दृढ़ता एवं कूटनीतिक क्षमता की वजह से 562 रियासतों में बंटा भारत एक हुआ। खेड़ा सत्याग्रह, बारदौली सत्याग्रह एवं भारत छोड़ो आंदोलन सहित स्वतंत्रता आंदोलन में उन्होंने नेतृत्व प्रदान किया। डीएम ने जनपदवासियों से सरदार पटेल की जीवनी से प्रेरणा लेने एवं उनके बताए मार्ग का अनुकरण करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ का भी आयोजन किया गया। इस दौरान एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव,

**राष्ट्रीय एकता दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित**

एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी एवं कलेक्ट्रेट के कर्मचारी मौजूद थे। इसके पश्चात दोपहर में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय एकीकरण समिति के सौजन्य से मेडिकल कॉलेज के नियंत्रणाधीन जिला अस्पताल में मरीजों के मध्य फल वितरित भी किया। विकास भवन स्थित गांधी सभागार में सीडीओ प्रत्यूष पांडेय की अगुवाई में अधिकारियों एवं कार्मिकों ने सरदार पटेल को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सीडीओ ने मेहड़ा पुरवा स्थित वृद्धाश्रम में भोजन कार्यक्रम का आयोजन भी किया।

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर दौड़ का हुआ आयोजन

सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती के शुभ अवसर पर रविंद्र किशोर शाही स्पोर्टस स्टेडियम में राष्ट्रीय एकता दिवस पर (रन फार यूनिटी) दौड़ का आयोजन किया गया, जिसका उद्धाटन अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गौरव श्रीवास्तव ने सरदार पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर और खिलाड़ियों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसमें लगभग 200 खिलाड़ियों ने रनिंग, साईकिल और मोटरसाइकिल से (रन फार यूनिटी) दौड़ में स्टेडियम के चारों तरफ चक्कर लगाया। इसके पश्चात खिलाड़ियों को शपथ भी दिलायी गयी। इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी राज नारायण प्रसाद, डा0 डीके पाण्डेय, दिवाकर, मणि त्रिपाठी, अवधेश यादव, गिरीश सिंह, लालू यादव, शकील अहमद, विजय कुमार पाल, रिन्कु सिंह, राहुल कुमार, अशोक सिंह, विकास मिश्रा, कदीर आलम, सुरेश कुमार इत्यादि लोग उपस्थित रहे थे।

# महंगाई की मारः छह दिन में दो गुनी बढ़ गई प्याज की कीमत

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** शारदीय नवरात्र खत्म होते ही प्याज की कीमतों में एकाएक जबरजस्त उछला आया है। बीते नवरात्र के पूर्व 18 से 20 रूपये बिकने वाला प्याज थोक मंडी में 55 से 60 रूपये बिक रहा है। यदि फुटकर की बात करे तो ग्राहक 65 से 70 रूपये किलो खरीदने को मजबूर है। मंडी व्यवसाय से जुड़े जानकारों का मानना है कि यदि इसी तरह रहा, तो अगले कुछ दिनों में प्याज की फुटकर कीमत 90 से 100 रूपये तक पहुंच सकता है और थोक मंडी प्याज का भाव 80 से 85 रूपये प्रति किलोग्राम पहुंच जाएगा।

नवरात्र के पहले थोक मंडी प्याज 18 से 20 रूपये प्रति किलो और फुटकर 24 से 26 रूपये प्रति किलोग्राम बिक रहा था। जैसे ही

**थाली से जायका हो रही दूर, 70 से 80 रुपए बिक रही प्याज**

नवरात्र खत्म हुआ थोक मंडी प्याज की कीमत 55 से 60 रूपये तक प्रति किलो पहुंच गया है। वही फुटकर में प्याज 65 से 70 रूपये प्रति किलोग्राम तक बिक रहा है। जिले के कसया, पडरौना, हाटा, कप्तानगंज, तमकुहीराज, रामकोला शहरों में रविवार को थोक मंडी भाव 55 से 60 रूपये प्रति किलो तथा फुटकर 65 से 70 रूपये के बीच बिक रहा है। मंडी व्यवसाय से जुड़े जानकारों का कहना है कि प्याज आने वाले कुछ दिनों में 100 रूपये तक पहुंच सकता है। एकाएक प्याज में उछाल को लेकर मंडी व्यवसायियों का कहना है कि बाजार में प्याज की कमी है, जब प्याज की पर्याप्त आपूर्ति होगी तो भाव नियंत्रण में रहता है। व्यवसायियों ने बताया कि प्याज का नया माल नवंबर-दिसंबर तक बाजार में आएगा, इसके बाद ही प्याज की कीमतें नियंत्रण हो सकती है। जनपद के कसया थोक मंडी के व्यवसाई रामा वर्मा, अशोक मद्धेशिया व अमित कुमार का कहना है कि नाशिक, इंदौर, कानपुर से प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी के साथ अवागमन कम है। किसानों के पास प्याज नही है, जिसकी वजह से कीमतों में उछाल आया है। दिवाली तक हो सकता है कि कीमत में और भी उछाल आ जाए। व्यापारियों ने यह भी कहा कि विदेश जाने वाले प्याज पर इस बीच सरकार की ओर से 17 प्रतिशत का टैक्स की बढ़ोतरी किया गया है, वर्तमान में 67 प्रतिशत निर्यात टैक्स हो गया है, जिसकी वजह से विदेश निर्यात कम होगा और अवागमन बढ़ने से आने वाले कुछ दिन में कीमतों में नरमी भी हो सकती है।

### सरसों का तेल व दाल की कीमतों में भी इजाफा

नवरात्र व आने वाले दिवाली के त्योहार को लेकर सरसों तेल और दाल की कीमतों में भी काफी उछाल आया है। थोक व्यवसायियों का माने तो सरसों का तेल थोक में 128 से 130 रूपये मिलने वाला, जो 138 से 140 रूपये हो गया है। फुटकर में 150 से 155 तक बाजारों में मिल रहा है। सोया तेल थोक में 107 से उछलकर 115 तक पहुंच गया है। वही अरहर की दाल थोक मंडी में 170 से 180 तक मिल रहा है, जो फुटकर में 200 तक बिक रहा है। ब्रांडेड वाला पैकेट का दाल 220 रूपये प्रति किलो बिक रहा है। व्यापारियों का कहना है कि दलहन की नई फसल आने में अभी लंबा समय है, ऐसे में दाल की कीमतों में आगे भी बढ़ोतरी की उम्मीद की जा रही है।

## गैन्डास बुजुर्ग घटना की निष्पक्ष जांच मुख्यमंत्री से करने की मांगः मिश्र

**अवधनामा संवाददाता**

**बलरामपुर।** जनपद के तहसील उतरौला के गैन्डास बुजुर्ग थाना के सामने जमीन को लेकर कोई विकल्प न देखकर प्रशासनिक उदासीनता के कारण जिस तरह से दलित राम बुझारत ने आत्मदाह किया वह अपने साथ कई सवाल खड़े कर गया है इसमें अगर ईमानदारी से निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तो कई बड़ों के भी इसमें गार्दन नपेंगे बताते चलें कि यह घटना कोई एक दिन की नहीं बल्कि काफी दिनों से यह चल रहा था जिसमें कुछ स्थानीय प्रभावशाली जनप्रतिनिधियों का भी हाथ रहा जिसके कारण दलित राम बुझारत को न्याय नहीं मिल पा रहा था जिले में ऐसे कई घटनाएं हैं जो धनबल या राजनीतिक दबाव के चलते कमजोर किस्म के लोगों को न्याय नहीं मिल पाता कहीं-कहीं तो सीधे जिले के उपजिलाअधिकारी स्वंय पार्टी बन पीड़ितों के खिलाफ खड़े होते हैं तथा प्रभावशाली व धनबल के दबाव में मामलों का निस्तारण नहीं होने देते अगर यही अधिकारी थोड़े संवेदनशीलता हो जाये तो ऐसी स्थिति ही पैदा न हो ऐसे में गैन्डास बुजुर्ग घटना की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच बलरामपुर विकास मंच ने मुख्यमंत्री से करने की मांग की है अगर घटना की निष्पक्ष जांच होगी तो निश्चित रूप से घटना की सच्चाई सामने आएगी उक्त बातें वरिष्ठ समाजसेवी एवं बलरामपुर विकास मंच के संयोजक घनश्याम मिश्र ने एक लिखित विज्ञप्ति में दी श्री मिश्र ने कहा कि अगर घटना की निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच नहीं कराई गई तो उक्त मामले को लेकर जनपद मुख्यालय पर अहिंसा का आंदोलन चलाया जाएगा और जब तक पूरी सच्चाई सामने नहीं आ जाती तब तक यह अहिंसक आंदोलन जारी रहेगे।

### मृत्यु से पूर्व सरकार से अब अंतिम इच्छा



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** चंद्रभान दुबे ने अपनी अंतिम इच्छा को प्रकट करते हुए कहा कि मेरे जीवन के 80 साल बीत चुके हैं अब तो मैं मरने की तैयारी में हूं पर न्याय अभी तक मिला नहीं। अब यह हमारे भाग्य का चक्कर या कालचक्र मायापति मुरलीधर की लीला है। मेरा अतीत और भविष्य दोनों अब तो महाशून्य में भटक रहा है। जीवन अंधेरे में क्या खाया, क्या पाया इसकी भरपाई हो पाएगी जो हमने खोया है और अगर हम संविधान की बात कर ले तो अनुच्छेद -21 के अंतर्गत सम्मान सहित जीने का अधिकार सभी को है तो क्या हमारा नहीं है यहां तक की बैंक, कोर्ट, नाबार्ड और जन सूचना अधिकार के तहत पाए गए बैंक के दस्तावेज यह कह रहे हैं कि चंद्रभान दुबे दोषी नहीं है इनका कार्य आचरण अच्छा है तो क्या डिस्मिस करना ठीक?भारत के दंड संहिता में ऐसा तो कानून नहीं है तो अब सरकार से प्रार्थना है कि आदेश करो भुगतान मिले।

### केनरा बैंक में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया




**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** केनरा बैंक के अंचल एवं क्षेत्रीय कार्यालय के कार्यपालको अधिकारियों और कर्मचारियों ने सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत आज 4 किलोमीटर की पैदल यात्रा की। इस यात्रा को अंचल प्रमुख एवं महाप्रबंधक आलोक कुमार अग्रवाल जी ने हरी झंडी दिखाकर शुरुआत की। सभी लोग हाथ में पट्टिका एवं बैनर लेकर रिजर्व बैंक, पासपोर्ट कार्यालय लखनऊ विकास प्राधिकरण,ताज होटल होते हुए अंबेडकर चौराहे से बनारसी दास बैडमिंटन हॉल के सामने से होकर लोहिया चौराहा और फिर फन रिपब्लिक मॉल के सामने से मुड़कर केनरा बैंक के अंचल कार्यालय पर पहुंच कर पदयात्रा समाप्त की। इस यात्रा में महाप्रबंधक आलोक कुमार अग्रवाल, उप महाप्रबंधक संजय कुमार, सहायक महाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना, संजय कुमार त्रिवेदी, मनीष कुमार एवं बैंक की सुरक्षा अधिकारी मेजर मीनाक्षी चौधरी उपस्थित रही। अंचल कार्यालय के उप महाप्रबंधक संजय कुमार ने बैंक के समस्त कर्मचारियों को सत्य निष्ठा एवं कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई। महाप्रबंधक आलोक कुमार अग्रवाल जी ने सभी से अपने आचरण पर बदलाव और प्रोफेशनल तरीके से कार्य करने पर बल दिया।

# महिला भूमिहार समाज ने आयोजित किया डांडिया महोत्सव

**अवधनामा संवाददाता**



**वाराणसी।** महिला भूमिहार समाज वाराणसी का डांडिया कार्यक्रम होटल मदीन, कैंटोमेंट में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रीति प्रिया, भावना, प्रोफेसर उषा किरण राय और डॉक्टर आकांक्षा सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य अतिथि पटना से आयी प्रीति प्रिया ने कहा कि भूमिहार एक भारतीय जाति है जो उत्तर प्रदेश, विहार, झारखंड तथा अन्य राज्यो मे निवास करती है।

भूमिहार का अर्थ होता है भूमिपति, भूमि से आहार अर्जित करने वाला। प्रोफेसर ऊषा किरन राय ने कहा सबसे प्रसिद्ध अवधारण के अनुसार ऐसा माना जाता है कि भगवान परशुराम ने क्षत्रिय को पराजित किया। उनसे जीते राज्य एव भूमि बाहणो को दान कर दी बाह्मणो ने खेती करना शुरु किया और बाद मे युद्ध मे भी भाग लिया। इन बाह्यण को ही भूमिहार बाह्मण कहते है।भावना और डा आकांक्षा ने भी महिलाओ के उत्थान पर विचार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम की सफलता भूमिहार समाज की महिलाओं की एकता और परस्पर प्रेम और मित्रता का प्रतीक है। कार्यक्रम की शुरुवात जाह्नवी सिंह ने मॉ शेरेवाली के नत्य से किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं ने डांडिया रास किया और साथ ही मां अंबे की अराधना की। वहा उपस्थित सभी लोगो ने यह शपथ लिपा कि वे सभी अपने समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहेंगे, और इसकी शुरूवात वह अपने ही गांव, परिवार और घर से करेंगी। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर राजलक्ष्मी राय, किरन सिंह शुभ्रा सिंह मंजुला चौधरी, ने किया।

पूनम सिंह, सोनिया राय, मयूरी सिंह, शिवि राय, सरिता सिंह, प्रियंका सिंह,सौम्या राय , वंदना सिंह और आयुषी प्रधान ने कार्यक्रम को सफल बनाने मे सहयोग दिया। लोगो का धन्यवाद किरन सिंह, डॉक्टर राजलक्ष्मी ने किया।

# सपा नेता रविभूषण राजन की अंतिम शवयात्रा में उमड़ा भारी जनसैलाब

**अवधनामा संवाददाता**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केकेसी महाविद्यालय छात्रसंघ पूर्व अध्यक्ष एवं पार्टी के राज्य कमेटी के सदस्य रविभूषण यादव राजन निधन पर उनके गांव तिलसुआ पहुंच कर परिजनों से मिलकर गहरा शोक जताते हुए संतप्त परिवार के प्रति संवेदना जताई है। उन्होने ईश्वर से दुःखी परिवार को धैर्य धारण करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है।राजन के बड़े भाई चंद्रभूषण यादव मुन्ना को ढांढस बंधाते हुए बच्चों को समझाया और परिस्थिति में परिवार का साथ देने का भरोसा दिलाया।

अखिलेश यादव के अलावा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, पूर्व मंत्री राजेन्द्र चौधरी, सुनील साजन, विधायक गौरव रावत, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप, आरएस कुशवाहा, आरके चौधरी,

**अखिलेश, अजय राय सहित आदि नेताओं ने घर पहुंच कर दी श्रद्धांजलि**

जिलाध्यक्ष जय सिंह जयंत, केकेसी पूर्व अध्यक्ष अमरपाल सिंह, पूर्व विधायक उदयराज यादव, अम्ब्रिश सिंह पुष्कर, राजेन्द्र यादव, राजबाला रावत, सोनू कनौजिया,रूप नारायण यादव, बीतेंद्र सिंह यादव, टीबी सिंह, शायन अख्तर अल्वी, रियाज अहमद, विजय श्री, उर्मिला रावत, अजय प्रताप बिन्नू, धर्मेन्द्र सिंह यादव, राशिद अली, विनीत शुक्ला बिन्नू, रामबाबू रस्तोगी, जितेन्द्र गुड्डु, ग्रामीण पत्रकार कल्याण समिति उत्तर प्रदेश चेयरमैन केशरी राव धारा सिंह यादव, बसपा नेता कालीचरण गौतम, पूर्व मुख्यमंत्री रामनरेश यादव के बेटे अजय नरेश यादव,कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, पूर्व विधायक इन्दल कुमार रावत, श्याम किशोर शुक्ला, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव, शिशिर यादव सहित हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की। रविभूषण राजन की अंतिम शवयात्रा में तीन हजार से अधिक लोग शामिल हुए। जिसमें सपा, कांग्रेस, भाजपा, बसपा सहित अन्य विभिन्न दलों के लोग एवं उनके चाहने वाले लोग सम्लित रहे।

### डॉ विजय कपूर चेतना सम्मान से सम्मानित




**गाजीपुर अवधनामा संवाददाता।** साहित्य चेतना समाज का 38वाँ स्थापना दिवस नगर के महुआबाग स्थित कान्हा हवेली में समारोह मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूरे विश्व में भ्रमण कर भगवद्गीता के संदेश के प्रचार-प्रसार में संलग्न गुरुकुल फाउण्डेशन मिशिगन, अमेरिका के संस्थापक योगी आनन्द जी थे। अध्यक्षता लखेश्वर ब्रह्म आयुर्वेद ट्रस्ट सोनहरिया के संस्थापक ज्ञान मूर्ति संत व विचारक यूश महाराज ने की। अतिथियों का स्वागत संस्था के अध्यक्ष डॉ.रविनन्दन वर्मा व सचिव हीरा राम गुप्ता ने किया। संचालन संस्थापक अमरनाथ तिवारी अमर ने किया। समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्चन से हुआ। सेन्ट जॉन्स स्कूल की संगीत शिक्षिका माया नायर ने सरस्वती वंदना की। संस्था की मऊ इकाई ने संस्था के संस्थापक अमरनाथ तिवारी अमर को अंगवस्त्रम् प्रदान कर सम्मानित किया। अध्यक्ष बालकृष्ण ठरड ने संस्था की 38वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डाला। समारोह में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के संगीत संकाय के डॉ. विजय कपूर को संस्था द्वारा चेतना सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ. विजय कपूर एवं उनकी टीम ने सांगितिक प्रस्तुति कर सभी को रससिक्त कर दिया। उनके सुर, लय व ताल पर लोग करतल ध्वनि करने को विवश हो गये।

### पुलिस ने दो वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार एवं क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अरुण कुमार के कुशल नेतृत्व में कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस द्वारा चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन के दौरान वांछित अभियुक्त अजय उर्फ दीपू पुत्र अवधेश निवासी ग्राम गढिया कोतवाली मोहम्मदाबाद को एक देशी तमंचा एक कारतूस 315 बोर सहित तथा अभियुक्त अवधेश सिंह पुत्र स्व0 रावेन्द्र सिंह निवासी ग्राम गढिया कोतवाली मोहम्मदाबाद को ग्राम गढिया तेरा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त अजय उर्फ दीपू के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की कार्यवाही की गई द्य पूछताछ के दौरान अभियुक्तगण अजय उर्फ दीपू व अवधेश ने अपनी गलती की मांफी मांगते हुए अपनी सफाई अपने वकील के माध्यम से न्यायालय मे दी।

### कागजों में सिमट रजडेरवा नहर मरम्मत कार्य



**बलरामपुर अवधनामा संवाददाता।** एक तरफ वर्तमान सरकार किसानों के समस्याओं के लिए कृत संकल्प है वहीं जिले में बैठे विभाग के जिम्मेदार विभागीय कार्यों में लीपा पोती कर किसानों का हक व उनके कार्यों के नाम पर किस तरह गुमराह कर रहे हैं इसका जीता जागता उदाहरण सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अंतर्गत चित्तौड़गढ़ बांध परियोजना के अंतर्गत रजडेरवा नहर के सिल्ट सफाई एवं एस्केपिंग का कार्य पूरी तरह से ध्वस्त है पूरी नहर जगह-जगह कटी और बदहाल है ऐसे में इस नहर का जो कार्य है या तो वह विभागीय पत्रावलियों में है इस संदर्भ में जब नहर विभाग से संबंधित के जे0ई0 से मामले की जानकारी मांगी गई तो कुछ बताने से इनकार कर दिया।

### सरदार वल्लभभाई व इंदिरा को श्रद्धांजलि अर्पित की



**बलरामपुर अवधनामा संवाददाता।** देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी व देश की आजादी में अग्रणी भूमिका निभाने वाले लौह पुरुष स्वर्गीय सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर जनपद में राजनीतिक पार्टियों व शैक्षिक संस्थानों ने बड़े ही प्रभावशाली तरीके से कार्यक्रमों का आयोजन किया इसी क्रम में ग्राम रानी जोत देवरिया स्थित किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानी जोत देवरिया में बच्चों ने कई प्रकार के खेलों के आयोजन में भाग लिया इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एके सिंह के साथ ही अवधेश पाल सिंह प्रशांत पांडे सुबोध सिंह चंद्रशेखर चौधरी धर्मेंद्र पांडे सहित विद्यालय के उपस्थित समस्त शिक्षकों वी विद्यालय परिवार के साथ बच्चों ने दोनों विभूतियां पर फूल माला चढ़कर श्रद्धांजलि अर्पित की उक्त अवसर पर प्रधानाचार्य ए0के0 सिंह ने कहा कि दोनों नेताओं का देश की आजादी में बहुत आहम भूमिका रही है जिसे देश हमेशा याद रखेगा इसके साथ कई अन्य शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किये।

### सरदार वल्लभभाई झावेरभाई पटेल की जयंती पर सपा पदाधिकारियों ने चित्र पर चढ़ाए श्रद्धा के फूल



**लखनऊ/प्रयागराज अवधनामा ब्यूरो।** समाजवादी पार्टी महानगर के पदाधिकारियों ने भारत के पूर्व गृह मंत्री सरदार बल्लभभाई झावेरभाई पटेल की जयंती पर ज़िला कचहरी प्रयागराज में उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया,नगर उपाध्यक्ष लल्लन सिंह पटेल की अध्यक्षता व महानगर महासचिव रवीन्द्र यादव रवि के संचालन में उनके महान योगदान को याद किया गया,लल्लन पटेल ने कहा भारत के उपप्रधानमंत्री के साथ प्रथम गृह मंत्री बनने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को 1991 में भारत के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान भारत रत्न से नवाजा गया। महासचिव रवीन्द्र यादव रवि ने संचालन करते हुए 31 अक्टूबर 1875 मे नाडियाड में जन्म लेने वाले सरदार बल्लभ भाई पटेल को सच्चा देश हितैषी बताते हुए कहा कि सरदार पटेल ऐसे नेता हुए जिनके पास अपना घर तक न था यहां तक की 15 दिसम्बर 1950 को जब उनका निधन हुआ उनके खाते में मात्र 260 रुपये ही थे आज हम सब ऐसे महान नेता को उनके जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। श्रद्धांजलि व पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में लल्लन सिंह पटेल, रवीन्द्र यादव रवि, नरेंद्र प्रताप सिंह,महेंद्र राव अम्बेडकर, विजय कुमार, राजीव श्रीवास्तव, चन्द्रबली यादव, बृजेश यादव, सुशील कुमार, आशीष पाण्डेय, रोहित कुमार यादव, सुशील कुमार यादव , नागेन्द्र कुमार यादव,रमाशंकर यादव,अजय कुमार यादव,जय भारत प्रताप, विशाल निषाद, कृष्ण कुमार, राजेश सोनकर, वरुन यादव, सैय्यद मोहम्मद अस्करी आदि मौजूद रहे।

# सिंचाई की समुचित व्यवस्था की जायेः डीएम

**अवधनामा संवाददाता**




**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की समीक्षा के दौरान वन विभाग के अधिकारियों को निर्देर्शित करते हुए कहा कि उप जिलाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर वन क्षेत्र की चिन्हित भूमि को प्राथमिकता पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

उन्होने कहा कि वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों एवं जिला स्तर पर विकसित किये गये ग्राम वन, नंदन वन, आयुष वन की विशेष देखभाल की जाये, खंड विकास अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर निकाय नियमित रूप से नंदन वन, ग्राम वन का निरीक्षण करें, आयुष, वन विभाग के अधिकारी विकसित आयुष वन की देखरेख करें, रोपित सभी पौधे विकसित हों, सुनिश्चित किया जाये। उन्होने बैठक में उपस्थित अधिकारियों से कहा कि वृक्षारोपण अभियान के तहत जिन विभागों द्वारा वृहद स्तर पर पौधे रोपित किये गये हैं उनकी देखरेख हुये साइटवार नोडल की तैनाती कर तत्काल सूचना वन विभाग को उपलब्ध करायें, रोपित किये गये पौधों की गुढ़ाई, सिंचाई की समुचित व्यवस्था की जाये, पौधों के रख-रखाव हेतु उपलब्ध बजट का 0.5 प्रतिशत की राशि व्यय करने का प्राविधान शासन स्तर से किया गया है, सम्बन्धित अधिकारी शासनादेश के अनुरूप धनराशि व्यय कर रोपित किये गये पौधों को विकसित करायें।

श्री सिंह ने वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत रोपित किए गए पौधों की जियो टैगिंग अभी तक न किए जाने पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगले 02 दिन में शत-प्रतिशत पौधों की जियो टैगिंग कर रिपोर्ट अपलोड करना सुनिश्चित करें, जानकारी करने पर पाया कि अभी तक परिवहन, पर्यटन विभाग द्वारा मात्र 25 प्रतिशत, आबकारी विभाग द्वारा मात्र 60 प्रतिशत, राजस्व विभाग द्वारा 80 प्रतिशत, कृषि विभाग द्वारा 84 प्रतिशत, पशुपालन विभाग द्वारा 85 प्रतिशत, सहकारिता विभाग द्वारा 86 प्रतिशत, पर्यावरण विभाग द्वारा 93 प्रतिशत, बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 95 प्रतिशत जियो टैगिंग की गई है। उन्होंने उप जिलाधिकारियों से कहा कि जनपद में 1222 हेक्टेयर भूमि वन विभाग के नाम दर्ज है इसके अलावा 197 हे. भूमि का अमलदरामद भी होना है, उप जिलाधिकारी प्राथमिकता पर वन विभाग की भूमि का अमलदरामद कराना सुनिश्चित करें साथ ही वन विभाग की भूमि पर कहीं भी अनाधिकृत कब्जा न रहे, पहाड़पुर, बिरथुआ, अब्दुल नबीपुर में सबसे अधिक भूमि वन विभाग के नाम दर्ज है, इन ग्रामों में उपलब्ध भूमि पर विशेष नजर रखी जाये। उन्होने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि नदी के किनारे वाली जिन ग्राम पंचायतों में गंगा समिति का गठन किया गया है, उन ग्राम पंचायतों में गठित गंगा समिति की बैठक प्रतिमाह अनिवार्य रूप से आयोजित करायी जायें, लोगों को नदी, नालों, नहरों में ठोस अपशिष्ट न डालने के लिए जागरूक किया जाये। उन्होंने उप जिलाधिकारियों से कहा कि नदियों के किनारे बसे, ऐसे ग्रामों जहां ग्राम गंगा समितियों का गठन किया गया है, उन ग्राम पंचायत में श्मशान हेतु भूमि चिन्हित कर ग्राम पंचायत को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

### डीएम व एसपी ने राष्ट्रीय एकता व अखंडता की दिलाई शपथ

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात में हुआ था। सरदार वल्लभ भाई पटेल एक भारतीय राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने भारत के पहले उप-प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया।वे एक भारतीय अधिवक्ता और राजनेता थे, जो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता और भारतीय गणराज्य के संस्थापक पिता थे जिन्होंने स्वतंत्रता के लिए देश के संघर्ष में अग्रणी भूमिका निभाई और एक एकीकृत, स्वतंत्र राष्ट्र में अपने एकीकरण का मार्गदर्शन किया। भारत और अन्य जगहों पर, उन्हें अक्सर हिंदी, उर्दू और फ़ारसी में सरदार कहा जाता था, जिसका अर्थ है प्रमुख। उन्होंने भारत के राजनीतिक एकीकरण और 1947 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान गृह मंत्री के रूप में कार्य किया। लोग उन्हें लोह पुरुष भी कहते थे।देश का लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को कहा जाता है। उन्हें लौह पुरुष इसलिए कहा जाता है क्योंकि उनमें लोहे की सी दृढ़ता थी। राष्ट्र निष्ठा और कर्तव्य परायणता कूट कूट कर भरी थी।स्वतन्त्रता के पश्चात देशी रियासतों का एकीकरण उनकी दृढ़ता और प्रशासनिक सूझ बूझ का बेजोड़ नमूना है। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को राष्ट्रीय एकीकरण दिवस के रूप में मनाया गया।

# इंदिरा गांधी, सरदार पटेल आचार्य नरेन्द्र देव को कांग्रेस ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** आयरन लेडी देश की महान प्रधानमंत्री स्व0 इन्दिरा गांधी का बलिदान दिवस, अखण्ड भारत के निर्माता सरदार बल्लभ भाई पटेल व प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार स्व0 आचार्य नरेन्द्र देव की जयंती आज पूर्व सांसद के ओबरी आवास पर मनायी गयी। कांग्रेसजनो ने स्व श्रीमती इन्दिरा गांधी, स्व बल्लभ भाई पटेल एवं आचार्य नरेन्द्र देव के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का अयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता एवं संचालन जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मो0 मोहसिन ने किया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता तनुज पुनिया ने कहा कि देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व0 इन्दिरा गांधी, देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल, एवं महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आचार्य नरेन्द्र देव का जीवन देश को समर्पित था। आयरन लेडी के नाम से मशहूर देश की प्रधानमंत्री स्व0 श्रीमती इन्दिरा गांधी जिन्होने हरित क्रान्ति योजना चलाकर देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने, बैको का राष्ट्रीयकरण, प्रीविपर्स समाप्त करके पेटेण्ट अधिनियम पारित कर, एकाधिकार आयोग की स्थापना कर देश के लोगो को देश की सम्पत्ति का असली वारिस बनाया था। उन्होंने कहा कि लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल महान देशभक्त, दूरदर्शी एवं लोकप्रिय नेता थे उन्होने किसानो के हित के लिये जीवनभर संघर्ष किया और बरदौली में किसान आन्दोलन का नेतृत्व किया और अंग्रजो को झुकने के लिये मजबूर कर दिया। श्री पुनिया ने कहा कि लौह पुरूष सरदार पटेल के साथ ही आज महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आचार्य नरेन्द्र देव की जयंती भी है आचार्य देश के प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पत्रकार, साहित्यकार एवं शिक्षाविद् थे। देश के समाजवादी आन्दोलन में आचार्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मो0 मोहसिन, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, सरजू शर्मा, इरफान कुरैशी, राम प्रताप वर्मा, इजहार अहमद, वीरेन्द्र प्रताप यादव, अजीत वर्मा, रामहरख रावत, केसी श्रीवास्तव, अजय रावत ने सम्बोधित किया।

## बड़ागांव में 4 हेक्टेयर भूमि पर बनेगा मोटरयार्ड

# एकत्र होंगे थानों में खड़े वाहन



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने मंगलवार को ग्राम पंचायत बड़ागांव करीब चार हेक्टेयर भूमि में बनने वाले मोटर यार्ड के लिए चिह्नित भूमि निरीक्षण किया तथा आज से ही पुलिस गारद लगाने के निर्देश दिये। बताते चले कि ग्राम पंचायत बड़ागांव मे जनपद के सभी थानो मे चेकिंग एव चोरी के वाहनों को एक जगह खड़ा करने के लिए करीब 4 हेक्टेयर भूमि प्रस्तावित है मंगलवार को पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी रामनगर हर्षित चौहान, थानाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह, प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, राजस्व लेखपाल अजय कुमार चौहान के साथ चिन्हित भूमि का स्थलीय तथा मोटर यान यार्ड परिसर की साफ सफाई के साथ आज से ही पुलिस गारद लगाने के निर्देश दिये।

## मोटर यार्ड में सुरक्षित रहेगे सभी थानों में खड़े वाहन

अक्सर देखा जाता है कि चोरी किए गए या फिर चेकिंग अभियान के दौरान पकड़े गए वाहन थाने पर डंप कर खड़े कर दिए जाते हैं। जिससे थानों में एक तरफ जहां जगह भर जाती है। वहीं दूसरी तरफ वाहनों के जर्जर होने की दशा में वहां पर गंदगी भी उत्पन्न हो जाती है। इसके साथ ही कई जगहों पर तो यह देखा गया है कि थानों पर जगह न होने की दशा में ऐसे वाहन सड़कों पर खड़े कर दिए जाते हैं। इस समस्या को देखते हुए पुलिस विभाग ने डंपिंग यार्ड बनाने की कवायद की है। शासन से मिले दिशा निर्देश के बाद अब पुलिस विभाग अपना खुद का डंपिंग यार्ड तैयार करने की कवायद में जुट गया है। जिसका निर्माण ग्राम पंचायत बड़ागांव की ग्राम समाज की करीब चार हेक्टेयर की भूमि पर बनाया जायेगा। जिले में नगर कोतवाली व महिला थाने को लेकर कुल 23 पुलिस थाने है। इन सभी पुलिस स्टेशनों में हजारों की संख्या में दोपहिया और चार पहिया वाहन खड़े हैं। डंपिंग यार्ड बन जाने के बाद इन वाहनों को वहां पर सुरक्षित रखवाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि डंपिंग यार्ड बनाने के लिए शासन से मिले निर्देश के बाद जिला प्रशासन से पत्राचार किया गया है जमीन उपलब्ध कराई जा चुकी है। जिससे हम थानों पर खड़े वाहनों को यार्ड बनाकर उसमें सुरक्षित रखवा सकें।

## हत्या आरोपी महिला समेत दो को मिली आजीवन कारावास की सजा

**बाराबंकी।** ऑपरेशन कनविक्शन के तहत की गई पैरवी के चलते अलग अलग न्यायालय ने हत्या के एक मामले में दो आरोपियों को आजीवन कारावास व दुष्कर्म के प्रकरण में एक आरोपी को 14 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। बाराबंकी पुलिस द्वारा अभियोजन विभाग से समन्वय कर प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप थाना जैदपुर पर हत्या की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत हत्या व एससीएसटी एक्ट के मुकदमें के अभियुक्त मेराज पुत्र मो0 अनवर व कमला उर्फ सुनीता देवी पत्नी जगन्नाथ गौतम निवासी टिकरा उस्मान थाना जैदपुर को न्यायालय विशेष न्यायाधीश (एससी एसटी एक्ट) द्वारा प्रत्येक को आजीवन कारावास व 20-20 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# किराना एवं मिष्ठान भंडार की दुकान में लगी भीषण आग

*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर - अयोध्या।** खंडासा थाना क्षेत्र के अमरगंज बाजार स्थित एक किराना व मिष्ठान भंडार की एंड मिष्ठान भंडार की दुकान है। दुकान का कामकाज समाप्त करने के बाद रोज की तरह वह रात को ताला बंद करके अपने घर चला गया था। दुकान के सामने बरामदे में दुकान संचालक



दुकान में सोमवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया। स्थानीय लोगों व फायर ब्रिगेड की टीम की कड़ी मशक्कत के बाद बेकाबू आग पर काबू पाया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक खंडासा थाना के अमरगंज तिराहे पर लव कुमार गुप्ता की किराना के पिता राम अचल गुप्ता सो रहे थे। तभी रात में बंद दुकान से धुआं निकलता दिखाई दिया। जिसकी सूचना स्थानीय लोगों द्वारा दुकान संचालक को दी गई। दुकान खोलकर देखा तो अंदर भीषण आग लगी थी। घटना की जानकारी पाकर पुलिस तथा फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची।

# पसमांदा मुस्लिम समाज को आर्टिकल 341 के धार्मिक प्रतिबन्धों से मुक्ति दिलाये केंद्र सरकार: वसीम राईन

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज ने प्रधानमंत्री से स्पष्ट तौर पर मांग की है कि पसमांदा मुस्लिम पर आर्टिकल 341 के तहत लगाए गए धार्मिक प्रतिबन्ध तत्काल प्रभाव से हटाए जाएं। जिससे यह समाज कांग्रेस के बनाये पिंजरे से निकल कर खुली हवा में सांस ले सके, आजादी हासिल करे व विकास की मुख्यधारा में शामिल हो सके। वर्तमान की मोदी सरकार ही यह काम कर सकती है। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कहा कि पसमांदा समाज की आपसी एकता, एकजुटता और इसी बड़ी आबादी को धर्म के आधार पर बांटकर, इन्हें सामाजिक, राजनीतिक रूप से छिन्न भिन्न करने और लोकतंत्र/वोटतंत्र में संख्या बल के आधार पर इन्हें बहुत कमजोर करने की साज़िश, तत्कालीन नेहरू सरकार और उस वक़्त के तमाम बड़े-2 मुस्लिम सियासी मजहबी रहनुमाओं ने मिलकर रची थी। उसी का नतीजा था, तत्कालीन कॉग्रेस सरकार द्वारा संविधान के अनुच्छेद 341 में पैरा (3) जोड़कर धार्मिक प्रतिबंध लगाना। उन्होंने कहा कि धर्म के आधार पर दलितों को बांटने का सबसे बड़ा फायदा तो कॉग्रेस को ये मिला कि देश में साम्प्रदायिक राजनीति यानी हिन्दू मुस्लिम दंगे-फसाद की कारगर जमीन तैयार हो गई, क्योंकि जो मुसलमान 10 अगस्त 1950 तक, संवैधानिक रूप से दलित भी था, कॉग्रेस और मुस्लिम सियासी- मजहबी रहनुमाओं ने अपनी घटिया चालाकी से उसे धार्मिक रूप से सिर्फ़ मुसलमान बना दिया। दूसरे 1935-36 से 10 अगस्त, 1950 तक संविधान सभा की वजह से जो सभी दलितों को करीब 34 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा था, अब उस आरक्षण में से सिर्फ 22.50 प्रतिशत तक ही दलित आरक्षण सीमित हो गया, नहीं तो 34 प्रतिशत प्रधानी से लेकर पार्लियामेंट तक सीटें और सरकारी नौकरियां आदि रिजर्व होतीं। हालांकि बाद में इस आरक्षण में सिख और बौद्ध दलितों को अलग से जोड़ा गया, लेकिन इनकी बढ़ी आबादी के अनुपात में साजिशन दलित आरक्षण बढ़ाया नहीं गया। 34 में से 22.50 प्रतिशत ही आरक्षण देकर, 11.50 प्रतिशत अघोषित रूप से ये कोटा सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित हो गया।

अब लगभग उसी तरह की साज़िश कॉग्रेस पिछड़े मुसलमानों के साथ कर रही है। कॉंग्रेस पार्टी या राहुल गांधी पिछड़े मुसलमानों को संवैधानिक रूप से पिछड़ा मानकर उनकी आबादी के अनुपात में यानी पिछड़ों के कोटे में अपने संगठन यानी सीडब्ल्यूसी, एआईसीसी, पीसीसी, डीसीसी आदि के साथ-साथ अपनी सत्ता और टिकटों में हिस्सेदारी देने को बिल्कुल तैयार नहीं।

## एमए की छात्रा समेत दो लोगों ने फांसी लगा की आत्महत्या

**बाराबंकी।** अलग अलग थाना क्षेत्र में एमए की छात्रा व एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों घटनाओं के पीछे कारण स्पष्ट नही हो सके हैं। जानकारी के अनुसार पहली घटना लोनीकटरा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़वल पोस्ट गनहरी निवासी इस्लाम मोहम्मद के 28 वर्षीय पुत्र इसरार राईन के साथ हुई। वह सोमवार की रात 8 बजे अपनी बाइक से निकला था।

# श्रीमती गांधी व सरदार पटेल का भावपूर्ण स्मरण कर दी श्रद्धांजलि

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम में आज पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि को ''राष्ट्रीय संकल्प दिवस'' के रुप में तथा लौह पुरुष सरदार वल्लभ निगम में दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर अपर नगरायुक्त राजेश यादव, एस के तिवारी, मृत्युंजय, सहायक नगरायुक्त अशोक प्रिय गौतम व शिवराज सिंह, प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल बी एस नेगी, एमएनएलपी



भाई पटेल के जन्म दिवस को ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के रुप में मनाया गया। इस अवसर पर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा अनेक पार्षदों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ भी ली। पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि तथा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मोत्सव पर आज नगर सच्चिदानंद त्रिपाठी व लेखा परीक्षक अजमैन के अलावा उपसभापति व पार्षद मुकेश गक्खड़, पार्षद अनिल गर्ग, अनुज जैन व सुखबीर वर्मा तथा पार्षद प्रतिनिधि सईद सिद्दकी, जफर इकबाल,मेनपाल और स्वाति अग्रवाल आदि ने पुष्पांजलि अर्पित कर अपना श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## विद्युत करंट की चपेट में आए संविदा लाइनमैन के सहायक की मौत

# लखनऊ ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान हुई मौत

*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** विद्युत उपकेंद्र मिल्कीपुर से संचालित मंजनाईं फीडर पर 11 हजार वोल्ट लाइन की



चपेट में आने से संविदा लाइनमैन की लापरवाही के चलते गंभीर रूप से झुलसे 55 वर्षीय सहायक की इलाज के दौरान लखनऊ ट्रामा सेंटर में मौत हो गई है। पोस्टमार्टम के बाद अधेड़ का शव घर पहुंचते ही परिवीजन एवं ग्रामीण आक्रोशित हो गए तथा शव का अंतिम संस्कार करने से मना करते हुए अपनी मांगों की जिद पर अड़ गए। जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक इनायत नगर अरुण प्रताप सिंह भारी पुलिस फोर्स एवं विद्युत उपखंड अधिकारी मिल्कीपुर अमित कुमार सिंह के साथ मौके पर पहुंचे और नाराज तथा आक्रोशित ग्रामीणों के मान मनौव्वल में जुट गए। बताते चलें कि विद्युत उपकेंद्र मिल्कीपुर से संचालित 11 हजार वोल्ट की लाइन में मंजनाईं फीडर पर हुए फाल्ट को संविदा लाइनमैन धर्मेंद्र कुमार यादव के सहायक 55 वर्षीय भगवानदास द्वारा खजुरी गांव में बीते 21 अक्टूबर को देर शाम बिजली के खंभे पर चढ़कर ठीक किया जा रहा था। तभी लाइनमैन धर्मेंद्र कुमार यादव द्वारा लिया गया शट डाउन को फोन करके वापस करते हुए विद्युत आपूर्ति संचालित करा दी गई थी। मंजनाईं फीडर संचालित होते ही 11 हजार वोल्टेज की लाइन पर फाल्ट ठीक कर रहा लाइनमैन सहायक भगवानदास निवासी मंजनाईं पूरे कटिलवा गंभीर रूप से झुलस कर बिजली खंभे से नीचे जा गिरा था और गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा आनन फानन में गंभीर रूप से घायल भगवान दास को इलाज हेतु जिला अस्पताल पहुंचाया गया था जहां हालत नाजुक देख घायल अधेड़ को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया था। बीते 29 अक्टूबर की देर रात प्राइवेट लाइनमैन भगवान दास की इलाज के दौरान लखनऊ ट्रामा सेंटर में मौत हो गई पोस्टमार्टम के बाद बीते 30 अक्टूबर की देर शाम लाइनमैन का शव उसके पैतृक गांव लाया गया। मंगलवार को मृतक के परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूटा तथा उन्होंने शव का अंतिम संस्कार करने से मना करते हुए शव को ट्रैक्टर ट्राली से लेकर विद्युत कार्यालय मिल्कीपुर के लिए निकलने ही वाले थे कि सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए और उन्होंने घटना की जानकारी इनायत नगर पुलिस को दी। सूचना पाकर इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक भारी पुलिस और के साथ मौके पर पहुंचे। उधर उपखंड अधिकारी अमित कुमार सिंह एवं नायब तहसीलदार मिल्कीपुर स्वेताब सिंह भी मौके पर पहुंच गए जहां नाराज लोगों को मनाने का सिलसिला शुरू हुआ इस पर ग्रामीणों ने मांग रखी की मुआवजे के तौर पर तीन लाख रुपए तथा संविदा कुर्मी लाइनमैन धर्मेंद्र कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करते हुए गिरफ्तारी और अन्य सरकारी सहायता दिलाया जाए।

# सजा दिलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पुलिस कर्मी सम्मानित

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** पुलिस लाईन में उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में आपरेशन कन्विक्शन कार्यक्रम का मण्डलायुक्त, सहारनपुर मण्डल हरिकेश भास्कर यशोद, पुलिस उपमहानिरीक्षक, परिक्षेत्र सहारनपुर अजय सहानी, जिलाधिकारी सहारनपुर दिनेश चन्द्र, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर विपिन



आयोजन किया गया, जिसमें अपराध पीडितों को न्याय दिलवाकर उनसे सवांद किया गया तथा सजा दिलवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकारी व कर्मचारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस लाईन्स में आपरेशन कन्विक्शन से सम्बन्धित कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे सहारनपुर पुलिस एवं अभियोजन द्वारा अपराध पीडितो को न्याय दिलाने के लिये चलाई गई मुहिम के सम्बन्ध मे मुख्य अतिथि ताडा, शासकीय अधिवक्ता फौजदारी राजीव गुप्ता एवं ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी सालिक राम द्वारा अपराध पीडितो के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर अतिथिगण को पुष्प भेंट कर स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये। अभियुक्तो को सजा दिलवाने मे मुख्य भूमिका निभाने वाले जिला शासकीय अधिवक्ता मेघराज सैनी, देवीदयाल शर्मा एवं विक्रम वर्मा, विवेचक थाना नागल प्रभारी श्रीमती कुसुम भाटी, थाना बेहट प्रभारी निरीक्षक योगेश शर्मा एवं थाना मण्डी वरिष्ठ उपनिरीक्षक राशिद खान, पैरोकार थाना देवबन्द से हैड कांस्टेबल 118 विपुल कुमार, कांस्टेबल 253 मनोज कुमार, थाना कुतुबशेर से हैड कांस्टेबल 1048 नवीन कुमार, कांस्टेबल 275 शेखर कुमार, थाना चिलकाना से हैड कांस्टेबल 116 महेश कुमार, कांस्टेबल 2095 नितिन नागर एवं थाना मिर्जापुर से कांस्टेबल 548 अजय राणा, कोर्ट मोहर्रिर एडीजे-2 हैड कांस्टेबल 66 अमरीश कुमार, एडीजे-8 महिला हैड कांस्टेबल 463 राधा शर्मा, एडीजे-14 महिला कास्टेबल 1995 प्रविता, एडीजे देवबन्द कांस्टेबल 1339 गौरव कुमारएवं मानिटरिंग सैल प्रभारी निरिक्षक विकास कुमार यादव, हैड कांस्टेबल 293 डेविड सन पंवार, महिला कास्टेबल 1534 रविता सरोहा, महिला कास्टेबल 1241 संगीता मान, महिला कास्टेबल 703 निशा तोमर तथा कांस्टेबल 2460 प्रशान्त कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रन फार यूनिटी का हुआ आयोजन

**अयोध्या।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रन फार यूनिटी का आयोजन महानगर कमलेश श्रीवास्तव की अगुवाई में किया गया। गांधी पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण के उपरान्त रन फार यूनिटी रवाना हुई। गांधी पार्क से निकलने के बाद इसका चौक स्थित शहीद स्मारिका पहुंचने के उपरान्त समापन हुआ।विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन चरित्र का अध्ययन हमें अखण्डता व एकता का पाठ पढ़ाता है। हम उन्हे लौह पुरुष के रुप में याद करते है।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल को देश की एकता व अखण्डता के लिए शिल्पकार की भूमिका में उन्हें याद करते है।

# बांस काटने के दौरान पैर फिसलने से व्यक्ति की मौत



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** सिसवा नगर पालिका क्षेत्र के सुभाष नगर सेमरहवा टोला निवासी एक व्यक्ति की मंगलवार को घर पर काम कराने के लिए बांस काटने के दौरान पैर फिसलने पर नीचे गिरने से मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों को जानकारी होते ही घर मे कोहराम मच गया और उनका रो-रोकर बुरा हाल है। सिसवा नगर पालिका कस्बे के वार्ड नंबर तीन सुभाष नगर सेमरहवा टोला निवासी नथुनी कुशवाहा घर के छप्पर को ठीक कराने के लिए कुछ मजदूरों को घर पर बुलाये थे। इस दौरान बांस की आवश्यकता पड़ने पर नथुनी घर से थोड़ी दूर पर पासी टोला स्थित बांस के पौध से बांस काटने के लिए गए थे, नथुनी के बेटे मुन्ना कुशवाहा ने बताया कि वह बांस पर चढ़कर बांस काट रहे थे उसी समय उनका पैर फिसल गया और सिर के बल नीचे जमीन पर गिर पड़े। जिसके बाद वह गंभीर रूप से घायल होकर अचेत हो गए। सूचना मिलने पर हम सभी अन्य ग्रामीणों की मदद से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना की सूचना किसी ने कोठीभार पुलिस को दे दिया। जिसके बाद मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक नथुनी कुशवाहा के बेटे मुन्ना ने लिखित सूचना दी है कि मामला दुर्घटना का है, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# 148 वीं जयंती पर याद किए गए लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद के विभिन्न संस्थानो में सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती मनाई गई। जिसमें उनके मूर्तियों और छाया चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गई। इस दौरान उनके योगदान की खूब चर्चा हुई। कलेक्ट्रेट परिसर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर जिलाधिकारी अनुनय झा, पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ, अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा सहित कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व अन्य लोगों ने माल्यार्पण किया।

घुघली क्षेत्र के जोगिया में स्थित श्रीगुरु गोरक्षनाथ पीजी कालेज में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एकता और अखण्डता के शिल्पी, लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जयन्ती पर स्वयं सेवक एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ ली गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डा दयानन्द



पाण्डेय, कार्यक्रम अधिकारी अमरनाथ पटेल एवं समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। फरेंदा प्रतिनिधि के अनुसार तहसील सभागार में एसडीएम फरेन्दा राकेश कुमार द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही राष्ट्रीय एकता दिवस पर सभागार में उपस्थित राजस्व कर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में तहसीलदार फरेन्दा अंकित अग्रवाल, चंद्रमणि पाण्डेय,उपेंद्र तिवारी, दुर्गेश कुमार, सुशील सिंह,रामबचन, बूचनु गुप्ता सहित अन्य राजस्व कर्मी उपस्थित रहें।

नौतनवा प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के प्रतिष्ठित स्कूल रेडिएंस एकेडमी जिगिनिहा बैरियर कोल्हुई बाजार में संस्था के निदेशक ओपी त्रिपाठी ने सर्वप्रथम सरदार जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरदार जी देश के एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। इसी तरह का कार्यक्रम क्षेत्र के ओम सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लालपुर, परमहंस इण्टर कालेज, कोल्हुई बाजार अमर सिंह पब्लिक स्कूल कोल्हुई,आदर्श इंटर कॉलेज परसौना नौतनवा इंटर कालेज नौतनवा बचपन प्ले वे स्कूल नौतनवा सहित विभिन्न विद्यालयों में मनाया गया। नौतनवा नगर पालिका अध्यक्ष बृजेश मणि त्रिपाठी ने सरदार वल्लभभाई पटेल जी के जयन्ती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्पित कर सरदार पटेल जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। इस मौक़े पर मुख्यरूप से वरिष्ठ लिपिक रमाशंकर सिंह,सभासद धर्मात्मा जायसवाल, अनिल मद्धेशिया,सुरेन्द्र बहादुर जायसवाल,अनिल जायसवाल राहुल दूबे, अभय कुमार,राकेश जायसवाल, संजय मौर्या, अशोक रौनियार, संजय पाठक, प्रमोद गौतम, लल्लू जायसवाल, जयप्रकाश मद्धेशिया, दुर्विजय सहित नगर पालिका के कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

# बंदियों के कौशल विकास के लिए आयोजित होगा कार्यशाला

**महराजगंज।** जनपद कारागार का मासिक निरिक्षण मंगलवार को जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक डा कौस्तुभ ने किया। जिसमें उन्होनें पाकशाला, जेल अस्पताल का निरिक्षण किया और बंदियों से समस्याओं के संबंध में जाना। जिलाधिकारी ने बंदियों से वार्ता की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने जेल प्रशासन और जिला प्रोबेशन अधिकारी को जिन बंदियों के पास वकील नहीं हैं, उनके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से वकील उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बंदियों के कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण कार्यशालाओं को आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने जेल अस्पताल को



देखा और बंदियों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण कराया। जेल व्यवस्था व साफ-सफाई पर प्रसन्नता व्यक्त की इस दौरान जिलाधिकारी की अध्यक्षता में फॉर्म ए के अंतर्गत न्यूनतम 14 वर्ष की सजा पूर्ण कर चुके कैदियों के समयपूर्व रिहाई के दो प्रकरणों पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिलास्तरीय समिति ने दो प्रकरणों पर विचार किया और बैजू पुत्र गंगा के रिहाई हेतु अपनी संस्तुति की। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक प्रभात सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी डी.सी. त्रिपाठी, अधीक्षक आदित्य सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## भरत मिलाप के बाद दुर्गा प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन



**अवधनामा संवाददाता**

**किछौछा अम्बेडकरनगर।** ऐतिहासिक भरत मिलाप के बाद मंगलवार को नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के बसखारी कस्बे में स्थापित दुर्गा माता की प्रतिमाओं का विसर्जन शोभायात्रा निकालकर अबीर गुलाल उड़ाते हुए जय माता के गगनभेदी उद्घोष के बीच मैदी घाट पर कर दिया गया। श्री नवयुवक दुर्गा पूजा समिति, जय मां वैष्णो दुर्गा पूजा समिति ,शिव शक्ति दुर्गा पूजा समिति, शैलपुत्री दुर्गा पूजा समित, मां भवानी दुर्गा पूजा समिति,वैष्णो माता दुर्गा पूजा समिति, श्री आदि शक्ति दुर्गा पूजा समिति, नमो दुर्गा पूजा समिति,नव ज्योति दुर्गा पूजा समिति सहित एक दर्जन से अधिक समितियां के द्वारा बसखारी बाजार में भरत मिलाप को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रत्येक वर्ष की बात इस बार भी पंडालों में दुर्गा माता की मूर्तियों को भव्य रूप से सजाया गया था। इन पंडालो में चार दिन से चल रहे निरंतर पूजा अर्चना के बाद बीती शाम पंडालो के समक्ष पूजा समितियां के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता के द्वारा हवन पूजन का कार्यक्रम संपन्न करते हुए रविवार को दुर्गा माता की विदाई के लिए शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में विभिन्न समितियां के पदाधिकारी, सदस्य व माता के श्रद्धालुओं के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता भी शामिल होकर श्रद्धालुओं के साथ आरती उतारकर पूजा अर्चना की। शोभायात्रा में डोल तासो व डीजे पर बजने वाले भक्तिमय गीतों पर समिति के कार्यकर्ता व शोभायात्रा में शामिल श्रद्धांलु भक्ति के रस में डूबे हुए नजर आये।

### लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की मनाई गई जयंती

# पटेल जी का भारत की एकता व अखंडता के क्षेत्र में रहा अप्रतिम योगदानः डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में मंगलवार को विकास भवन सभागार में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी का भारत की एकता व अखंडता के क्षेत्र में अप्रतिम योगदान रहा है।

उन्होंने 562 रियासतों को अपने सूझबूझ से भारत में विलय कराकर एक महान कार्य किया। ऐसे महापुरूषो पर हम सभी को गर्व होना चाहिए। राष्ट को एक सूत्र में पिरोने के कारण हमारा देश का परिदृश्य दिख रहा है। सरदार पटेल जी के सिद्धान्तो का अनुकरण करके आन्तरिक सुरक्षा को बनाये रखने के लिए कार्य करे। अपने कार्य को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करे। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने कहा कि सरदार पटेल भारत के महान विभूति थे, उनके जन्म दिवस को राष्ट्रीय अखंडता दिवस के रूप में मनाया जाता है। हमें ऐसे महान विभूतियों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेना चाहिए। अतिथियों का स्वागत व कार्यक्रम का संचालन सिद्धार्थ शंकर ने किया। जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी गयी। मै सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूॅ कि मै राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूॅगा और अपने देशवासियों के बीच यह सन्देश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूॅगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूॅ जिसे सरदार बल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यो द्वारा सम्भव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आन्तरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूॅ। उक्त अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेन्द्र कुमार वाजपेयी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, पी एस यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, डॉ विजय वर्मा पशु चिकित्सा अधिकारी समेत तमाम अधिकारी कर्मचारी व एस एस बी के जवान उपस्थित रहे।

### क्षेत्रीय अनुसूचित जाति सम्मेलन को लेकर हुई बैठक



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** गोरखपुर क्षेत्र में होने वाले आगामी क्षेत्रीय अनुसूचित जाति सम्मेलन के निमित्त भाजपा जिला कार्यालय पर मंगलवार को जनप्रतिनिधिगण एवं भाजपा पदाधिकारियों के साथ योजना रचना पर रणनीति बनाने हेतु जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री /पूर्व विधायक इटवा डॉ0 सतीश दिवेदी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य साधना चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष सिद्धार्थनगर गोविंद माधव, ब्लॉक प्रमुख गण व नगर पंचायत अध्यक्षगण आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस को मिली सफलता, आरोपी गिरफ्तार



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को एक छात्रा के साथ आपत्तिजनक बीडीओ प्रसारित होने के बाद भाजपा मण्डल अध्यक्ष दृगनारायन सिंह के द्वारा शिकायत पर पुलिस ने सोमवार को मुकदमा दर्ज कर आरोपित गोविंद यादव को मंगलवार को सुबह गिरफ्तार कर लिया है। वह क्षेत्र के खखरा बुर्जुग का रहने वाला है। वह लोटन कोतवाली के पश्चिम तरफ उमा टेक्निकल डिग्री कालेज का संचालन करता था। विवेचक उप निरीक्षक रामा प्रसाद यादव ने बताया की सुचना मिली की आरोपी अपने घर पर मौजूद है ।कही बाहर जाने के तैयारी मे था।अपने हमराही का॰अजय कुमार खरवार के साथ जाकर पकड़ लिया गया ।जिसे लिखा पढ़ी कर न्यायालय भेज दिया गया। वही क्षेत्र के बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों का कहना है की स्कूलो व कालेजो मे अध्यनरत छात्र एवं छात्राओं पर मोबाइल फोन लेकर स्कूल जाने वाले छात्रों पर प्रतिबंध लगाया जाये ताकी किसी छात्राओं के साथ घटना घटित न हो सके।उमा टेक्निकल डिग्री कालेज संचालक के जेल जाने से कोई भी संस्थान इस तरह की घटना नही करेगा।

### रन फॉर यूनिटी के तहत राष्ट्रीय एकता दिवस की एनटीपीसी में रही धूम




**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** एनटीपीसी टांडा परियोजना में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः 7.00 बजे ‘‘रन फॉर यूनिटी’’ के तहत मुख्य महाप्रबंधक श्री बी सी पलेइ ने आवासीय परिसर स्थित सरयू घाट के निकट सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ‘‘लौह पुरूष’’ सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस पर शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात श्री पलेइ ने सभी उपस्थित जनों को एकता एवं सत्यनिष्ठा शपथ दिलाई।श्री पलेइ की अगुवाई में टांडा परियोजना के कर्मचारियों, अधिकारियों, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों तथा महिलाओं की स्वयंसेवी संस्था गरिमा महिला मंडल की सदस्याओं ने कालोनी परिसर में ‘‘रन फॉर यूनिटी’’ के तहत एकता दौड़ लगाई। इस अवसर पर महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) डा0 उदयन तिवारी, महाप्रबंधक (परियोजना) अतुल गुप्ता, महाप्रबंधक (प्रचालन) अभय कुमार मिश्रा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रजनीश कुमार खेतान, विभागाध्यक्षगण, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवान, गरिमा महिला मंडल की सदस्याएं उपस्थित रही।

### सीडीओ ने किया ग्राअवि द्वारा निर्माणाधीन सम्पर्क मार्ग का निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, द्वारा मंगलवार को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण योजना के अन्तर्गत ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा निर्माणाधीन डिडई से घोसियारी सम्पर्क मार्ग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अर्पित सिंह, सहायक अभियंता एवं आशीष कुसवाहा, अवर अभियंता उपस्थित रहे। सहायक अभियन्ता द्वारा बताया गया कि 9.06 किलोमीटर लंबाई पर एफ.डी.आर. तकनीक से सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिस पर लेपन का कार्य कराया जाना है। डिडई गांव में रोड पर पानी भरा था, इसी प्रकार करमा चौराहे पर भी प्राय जल जमाव रहता है। करमा चौराहे पर स्थानीय ग्रामवासियों से जल जमाव के सम्बन्ध वार्तालाप किया गया। ग्राम वासियों द्वारा बताया गया कि पूर्व में नाला बना था, परन्तु जल निकास का प्रबंध सही न से होने के कारण समस्या होती है। सहायक अभियन्ता द्वारा बताया गया कि सभी गांव एवं आबादी में सीसी रोड का निर्माण होना है। मार्ग के सम्पूर्ण लंबाई में जल निकासी हेतु एक तरफ़ नाली का भी निर्माण किया जाएगा। डिडई गांव के पास छोटी पुलिया सकरी एवं छतिग्रस्त है। इस संबन्ध में बताया गया कि सभी चिन्हित स्थान पर नई पुलिया बननी है। सहायक अभियन्ता की निर्देशित किया गया निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत मानक के अनुरूप संपर्क मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।



### बच्चों को राष्ट्रीय एकता दिवस पर दिलाई गई शपथ



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय भारतभारी में बच्चों द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस 2023 के रूप में पूरे उत्साह और हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक मोहम्मद नदीम के द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात इंचार्ज प्रधानाध्यापक मोहम्मद नदीम के द्वारा सभी बच्चों को एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ दिलाया गया। विद्यालय में बच्चों के बीच एकता दौड़ का भी आयोजन किया गया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक मोहम्मद नदीम ने उनके जीवन प्रकाश डालते हुए बताया कि भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में अनेक महान व्यक्ति शामिल हुए हैं उनमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण व्यक्तियों में से एक सरदार वल्लभ भाई पटेल भी एक थे। पटेल जी आजाद भारत के पहले उप-प्रधानमंत्री और गृहमंत्री रह चुके है। सरदार पटेल ने देश की आजादी और उसके बाद देश को एकजुट करने में अहम भूमिका निभाई थी। इस अवसर पर इश्तियाक अहमद, राम बिलास सिंह यादव, द्विजेश चंद्र द्विवेदी, रामसजीवन, मीरा देवी, ऊषा, सुभावती, कुमारी आदि लोग उपस्थित रहे।

### एसडीएम ने किया टीडी, डीपीटी टीटीएफ बैठक



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** उपजिलाधिकारी बांसी कुणाल की अध्यक्षता में मंगलवार को तहसील कार्यालय में सम्पन्न हुई। टी डी /डीपीटी टीकाकरण अभियान की तहसील टास्क फोर्स और ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक की गयीद्य बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसंतपुर अधीक्षक डॉ.राजीव कुमार रंजन ने बताया कि टी डी /डी पी टी अभियान स्कूल मे कक्षा 1 के बच्चों को जो भी 5 वर्ष के है उनको डी पी टी बूस्टर 2 डोज, कक्षा 5 मे अध्यनरत 10 वर्षो के बच्चों को टी डी - 10 और कक्षा 10 मे अध्यनरत बच्चों को टी डी 16 वैक्सीन लगानी है बैठक मे बांसी, मिठवल, खेसरहा के अधीक्षक, एचईओ, बीसीपीएम/बीपीएम, बी डी ओ, एबीएसए, सीडीपीओ उपस्थित रहे। बैठक मे सभी अधिकारियों को सख्त निर्देशित किया गया कि आगामी अभियान मे गम्भीरता से सभी विद्यालयों मे अभियान को चलाया जाय कोई भी बच्चा छूटने न पाए सभी प्रयास किया जाना चाहिए कि सभी बच्चों का टीकाकरण अवश्य किया जायद्य बैठक में नीलम वर्मा सी डी पी ओ बांसी कुशल, ओम प्रकाश द्विवेदी, बी सी पी एम प्रदीप जाटव, टण्डन,अमर, बी डी ओ बांसी लालजी शुक्ल शैलेश श्रीवास्तव, कमला प्रसाद, मंजू चौधरी, संगीता उपस्थित रहे।

## इंदिरा गांधी व सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय एकता के प्रतीक थेः सुखिलाल

**अवधनामा संवाददाता**



**अम्बेडकरनगर।** भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल ने आजादी की लड़ाई से लेकर आजादी के बाद रियासतों, रजवाड़ों को एकता के सूत्र में पिरोकर अखंड भारत का निर्माण किया वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुखीलाल वर्मा जिला कांग्रेस कार्यालय पर गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा कि भारत की पूर्व प्रधानमंत्री भारत-रत्न इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर बांग्लादेश बना दिया और आतंकवाद का खात्मा कर देश की एकता अखंडता को बुलंदियों पर पहुंचा दिया।

जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी डा विजय शंकर तिवारी ने बताया कि भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री भारतरत्न लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती और भारत की पूर्व प्रधानमंत्री भारत-रत्न लौहमहिला इंदिरा गांधी का 48वां बलिदान दिवस जिला कांग्रेस कार्यालय पर राष्ट्रीय एकता और अखंडता दिवस के रूप में मनायी गयी समस्त कांग्रेसजनों ने सरदार पटेल और इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर धूप दीप माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और गोष्ठी की जिसकी अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष गुलाम रसूल छोटू और संचालन अकबरपुर ब्लाक अध्यक्ष आदित्य नारायण तिवारी ने किया। श्रीमती सत्यंवदा पासवान पूर्व प्रत्याशी आलापुर और जिला उपाध्यक्ष रवीश शुक्ला ने कहा कि आधुनिक भारत की मजबूत इमारत में सरदार पटेल और इंदिरा गांधी के खूनपसीने की गौरवशाली विरासत की अमरकथा है जो अविस्मरणीय है।

जिला उपाध्यक्ष गुलाम रसूल छोटू और अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष हाजी मो सलीम ने कहा कि बारदोली सत्याग्रह के महानायक सरदार पटेल ने जूनागढ़ और हैदराबाद का भारत में विलय कर अखंड भारत के चाणक्य बन गये।

### दो डीजे संचार को और दो आयोजकों के विरुद्ध मामला दर्ज

**अवधनामा संवाददाता**

**कुदरहा।** लालगंज पुलिस ने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान निर्धारित किए गए मापदंड का उल्लंघन कर तेज आवाज मैं साउंड सिस्टम बजाने के मामले में दो डीजे संचार को और दो आयोजकों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। सोमवार को विसर्जन के दौरान लालगंज महादेव मार्ग पर डीजे संचालन के लिए बनाए गए नियमों का उल्लंघन करने के मामले में लालगंज पुलिस ने पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 तथा 5/6 ध्वनि प्रदूषण नियम 2000 में रुद्रा डीजे किस संचालक अनिल शर्मा निवासी रेता शुक्ला थाना लालगंज, सृष्टि डीजे के प्रोपराइटर रामचंद्र गुप्ता निवासी बरहुआ थाना मुंडेरवा, आयोजक शिव शंकर शुक्ला निवासी फ़ैलवा थाना लालगंज, आयोजक चंद्रभान चौधरी निवासी सजहरा थाना लालगंज जनपद बस्ती के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। डीजे सिस्टम के साथ दो वाहनों को भी जप्त किया गया है जिसमें पिकअप यूपी 51 बीटी 2065 और एक बिना चेचिस व्यंजन नंबर की टाटा 407 शामिल है।

## लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनी



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत शोहरतगढ़ सभागार में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई गयीं ।भारत देश जब आजाद हुआ तब हमारा मुल्क 550 से भी ज्यादा छोटी बड़ी रियासतों में बटा हुआ था इन्हें हिंदुस्तान में मिलाना बहुत जरूरी था जो की एक चुनौती पूर्ण कार्य था कई रियासतें भारत में न मिलकर खुद को अलग स्वतंत्र रखना चाहती थी। सरदार वल्लभ भाई पटेल भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और पहले गृहमंत्री थे उन्होंने देश के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज उन्हीं के जन्म दिवस को एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। नगर पंचायत शोहरतगढ़ सभागार में अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने सरदार वल्लभभाई पटेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण करके उन्हें नमन किया गया एवं राष्ट्र की एकता अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए उपस्थित लोगों को शपथ एवं संकल्प दिलाया गया ।इस दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, सभासद मनोज कुमार, शिवशंकर, दिनेश कुमार,अनूप कसौधन, अशरफ अंसारी, सतीश चंद्र वर्मा, शिव प्रकाश,वकील खान,शिवरतन कनौजिया,लिपिक राजेश कुमार त्रिपाठी, कमलेश गुप्ता, बीडी गुप्ता, मलखान कनौजिया, धीरेंद्र तिवारी,अक्षय गुप्ता,अंकित गुप्ता,श्रीनिवास, दुर्गेश अग्रहरि, अतुल रावत, राकेश, मनोज चौहान, मुकेश कुमार, सूरज निगम, लक्ष्मी देवी आदि लोग मौजूद रहे।

### अल्ट्राटेक शिल्पकार संगम-12 का हुआ आयोजन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मंगलवार को नौगढ़ में होटल काका में शिल्पकारों के साथ शिल्पकार संगम-12 का सफल आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में सिद्धार्थ नगर के लगभग 600 शिल्पकारों ने उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का आरंभ आदित्य वंदना एवम् वरिष्ठ शिल्पकारों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। सेल्स हेड अभिजीत मोहन द्वारा अल्ट्राटेक के उत्पादों और सभी प्रकार की तकनीकी सेवाओं के विषय में बताया गया एवम शिल्पकारों को विश्वकर्मा योजना से संबंधित जानकारियां उपलब्ध कराई। विशेष रूप से आमंत्रित श्रम विभाग के कमिश्नर सुमन सिंह ने सरकार द्वारा चलाई जा रही श्रमिक योजनाओं के बारे मे विस्तृत जानकारी साझा किया। सेल्स हेड अभिजीत मोहन के द्वारा आये हुये सभी शिल्पकारों का धन्यवाद किया गया। शिल्पकार संगम में अल्ट्राटेक कम्पनी के सभी उत्पादों का स्टॉल लगाया गया। इस दौरान ढेर सारा उपहार अल्ट्राटेक के स्कीम के तहत शिल्पकारों ने जीता। इस कार्यक्रम में तकनीकी प्रबंधक अब्दुल, रोहित, अंकित, सेल्स प्रबंधक चंद्राकर, संजय, प्रतीक, चंदन एवम समस्त समानित डीलर्स उपस्थित रहे।

### सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर क्रास कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन



**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** कुदरहा विकास क्षेत्र के परसांव गांव में स्थापित एएस इंटर कालेज परिसर में सरदार बलभ भाई पटेल की जयंती पर क्रास कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिससे अम्बेडकर नगर का युवक ने प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कार्यक्रम आयोजक फौजी अभय पाल ने फीता काट कर किया। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि द्वाबा क्षेत्र के युवाओं का उत्साह बढ़ाने के लिये इस तरह का प्रतियोगिता करता हूं। जो प्रत्येक अनवरत चलता रहेगा। मेरे द्वारा एक एडवांचर टीम बनाया गया है जो खेल के प्रति युवाओं को प्रेरित करने के साथ साथ आपात काल मे लोगो की मदत करेंगे। मेरा लक्ष्य है कि हर युवा खेल से जुड़े और फौज में जा कर देश की सेवा करें। क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता सेल्हार घाट से शुरू हुआ। जिसमें 31 युवाओं ने जोर आजमाए। जिसमें प्रथम स्थान अम्बेडकर नगर के अभिषेक ने हासिल की। वही द्वितीय स्थान कुलदीप यादव व तृतीय स्थान बस्ती के कपिल ने हासिल की। वही शेष दस धावकों को सांत्वना पुरस्कार मिला। प्रतियोगिता में रविंद्र यादव, मानवेंद्र पाल, दीपचंद, दिव्यांशु, राज, सत्यनारायण, विनय, अरविंद, धर्मेंद्र, सत्यम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती

**अवधनामा संवाददाता**







**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर में भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त तत्वाधान में विभिन्न कार्यक्रम यथा - संगोष्ठी, रैली एवं राष्ट्रीय एकता शपथ का आयोजन किया गया द्य कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डा.अरविंद कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन एवं उनके द्वारा राष्ट के प्रति किए गए योगदान के बारे में विस्तार से छात्र छात्रों को बताया।

उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने एकजुट भारत के दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए 550 से अधिक रियासतों को भारत संघ में मिलाया था। इस कारण से उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के तौर पर मनाया जाता है द्य भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने साल 2014 में सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से उनकी जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस की शुरुआत की थी। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राम किशोर सिंह ने किया। छात्र/छात्राएं, शिक्षक शिक्षणेत्तर बंधुओं ने हर्षोउल्लास के साथ भाग लिया द्यइस दौरान कार्यक्रम में शिवपति पीजी कॉलेज के प्राचार्य डा.अरविन्द कुमार सिंह, मेजर मुकेश कुमार, डॉ. अमित सिंह, डॉ. सुशील कुमार,विनोद कुमार, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, डॉ. अखिलेश शर्मा, डॉ. सत्यनारायण दास, राजू प्रजापति, प्रवीण कुमार, इन्द्रवदेव वर्मा,जयराम, रमेश, डॉ. तुसार रंजन, डॉ.अजय कुमार सिंह,शशि शेखर, अश्वनी सिंह अन्य शिक्षक - शिक्षणेत्तर और छात्र/छात्राएं मौजूद रहे।इसी तरह मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत अमर शहीदों की जीवन परिचय से परिपूर्ण एक पुस्तक वंदे मातरम विद्यालय को उपहार स्वरूप प्रदान किया गया उक्त पुस्तक में ऐसे ऐसे शहीदों की कहानी है जो इतिहास के पन्नों मैं बहुत कम दिखाई देते हैं परंतु भारत की आजादी में उन्होंने बहुमूल्य योगदान दिया है द्य इस पुस्तक में एक लेख शिक्षक अपूर्व श्रीवास्तव का भी है जिन्होंने बहुत ही परिश्रम से महापुरुषों के बारे में रहस्य मई जानकारियां एकत्र की गई है इसको पढ़कर बच्चों में अपने देश के प्रति राष्ट्र भावना का विकास होगा तथा देश के प्रति उनके अंदर देशभक्ति की भावना जागृत होगी द्यमंगलवार को लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिकटिहवा के परिसर में सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करने के उपरांत बच्चों को उनके जीवन परिचय के बारे में बताया गया इस दौरान जीत बहादुर चौधरी, अपूर्व श्रीवास्तव, अमित कुमार, ललिता गिरी, अभिषेक कुमार, प्रमोद कुमार, विमला देवी, मन्ना देवी, आशा देवी आदि शिक्षक एवं अभिभावक तथा छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य शिविर एवं प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सीएचसी बेवां की टीम द्वारा मंगलवार को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल इंटर कॉलेज बढ़नी (कोल्ड स्टोरेज) में स्वास्थ्य शिविर एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जबकि प्रतियोगिता में सफल टीम को टीम द्वारा पुरस्कार भी दिया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेवा की डॉ. उमैमा यास्मीन द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी जैसे चोट एवं हिंसा से बचाव, मानसिक स्वास्थ्य सलाह, असंक्रामक बीमारियां, यौन एवं प्रजनन संबंधी बीमारियां आदि के बारे में जानकारियां प्रदान की गयी। जबकि कार्यक्रम में डॉ. हरिकेश यादव द्वारा भी स्वास्थ्य सम्बन्धी कुछ विशेष जानकारियां प्रदान की गयी। उसके बाद मेंहदी व रंगोली प्रतियोगिता और वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेंहदी प्रतियोगिता में टीम ए को प्रथम तथा टीम बी को द्वितीय स्थान मिला। जबकि रंगोली प्रतियोगिता में टीम बी को पहला व टीम ए को दूसरा स्थान मिला। इसी प्रकार वाद-विवाद प्रतियोगिता क्या नारी पुरुष के मार्ग में बाधक है में टीम बी को पहला स्थान व टीम ए को दूसरा स्थान मिला। जबकि वाद-विवाद प्रतियोगिता बाल विवाह में टीम ए को पहला व टीम बी को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान पाने वाली दोनों टीमों को स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं प्रधानाचार्य सैफुद्दीन मलिक द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक शहज़ाद आलम ने किया। इस अवसर पर पंकज चौबे, अरमान अहमद, सूफिया अख्तर, शिखा श्रीवास्तव सहित तमाम छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# इंडिया बनाम भारत

सरकार अंग्रेजों का दिया इन्डिया नाम हटाकर भारत करना चाहती है। विपक्ष ने जो अपना गठबन्धन बनाया है उसका नाम इन्डिया रक्खा है। केन्द्र सरकार द्वारा नाम बदलने की क्रिया को अपने गठबन्धन का डर बताया है। बहरहाल अगर नाम बदलना ही है तो संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करना होगा जो संविधान संशोधन के रूप में होगा। यह बदलाव एनसीईआरटी की किताबों में किया जायेगा। पाठयक्रम संशोधन समिति ने इसकी स्वीकृति दे दी है। केन्द्र सरकार ने तो इसकी झलक तभी दे दी थी जब जी-20 शिखर सम्मेलन हुआ था। सरकार ने डिनर का निमन्त्रण जो राष्ट्रपति की ओर से गया था जिसमें इन्डिया की जगह भारत लिखा गया था। एनसीईआरटी के अध्यक्ष ने बताया है समिति प्राचीन इतिहास की जगह पर क्लासिकल हिस्ट्री शुरू करने सभी विषयों के पाठयक्रमों में भारतीय ज्ञान प्रणाली प्रारम्भ करने की सिफारिश की है। कमेटी का मत है कि पाठयक्रम में इतिहास लेखन मुख्यतः वाम इतिहासकारों द्वारा किया गया है। इसे लेकर भारतीय बुद्धिजीवियों ने कई बार अपने विचार वामलेखन वाले बुद्धजीवियों के खिलाफ व्यक्त करते रहे है। उनका कहना है कि वामपन्थी इतिहासकारों ने सभी कुछ विदेशी इतिहासकारों के प्रभाव में आकर लिखा है जो पश्चिमी देशो की श्रेष्ठता सवित करने वाला है और वामपंथी दृष्टिकोण भी थोपने वाला है। इन किताबों में भारतीयो द्वारा मुगलों पर विजय प्राप्त करने की बात क्यों नहीं लिखी गई है। मुगलों की श्रेष्ठता साबित करने की क्यों कोशिश की गई है। लोगों का ख्याल है वामपन्थी लेखक आत्महीनता से ग्रस्त है उन्हें भारतीय चीजें हीन लगती है विदेशी चीजें उन्हें आकर्षित करती है। उसे अपना कर गौरवान्वित महसूस करते है।

लगता है सरकार विपक्षी गठबन्धन का इन्डिया नाम सत्ताधारी पार्टी को रास नहीं आ रहा है इसलिये उसे हल्का करने के लिये इन्डिया की जगह भारत का नारा बुलन्द करने की कोशिश हो रही है। हालाकि विपक्षी गठबन्धन अन्दर की विरोधों में उलझा हुआ है। अब इन्डिया और भारत राजनीति के मोहरे बन गये है। कही इन्डिया और कही भारत का इस्तेमाल आम लोगो में भ्रम ही फैलायेगा। इस सन्दर्भ में एक बात और गौर करने की है कि वामपन्थी लेखकों के विचारो में लगता है कि उनकी यह धारणा रही है कि गलत इतिहास पढ़ाने से कौमी एकता की नीव मजबूत हो जायेगी। कुछ वामपन्थी साहित्यकार और इतिहासकार इस बात को मानते है और अपने लेखन में जिक्र भी किया है कि वामपन्थी इतिहासकारो और लेखकों ने इतिहास के साथ छेड़छाड़ की है।

इतिहास से छेड़छाड़ बहुत से देशों में हुआ है जो अपनी श्रेष्ठता का झूठा दावा करते है। पाकिस्तान में नौजवानो को भारत के विजय और पाकिस्तान के दो टुकड़ों में बटने की बात नहीं मालुम है क्योंकि वहां के इतिहास में इसका जिक्र ही नहीं है। जहां अधिनायक वादी सरकारे होती है वहां इतिहास को तोड़ मरोड़ कर खुद की श्रेष्ठता साबित की जाती है। रूस के इतिहास में भी कुछ ऐसे प्रकरण है।

भाजपा हमेशा से वामपन्थियों द्वारा लिखे गये इतिहास को झूठा मानती आई है। उसका कुछ राजनैतिक मन्तव्य भी होगा। पर एक बात ध्यान रखने की है कि है कि जो संशोधन हो वे विश्वसनीय हो जिसे तर्कों से काटा नहीं जा सके। अगर संशोधन सत्य पर आधारित नहीं होगा तो उनका भी हश्र एक तरफा होगा और वामपन्थी इतिहासकारो के लेखन और संशोधित इतिहास में कोई फर्क नहीं रह जायेगा। सारा श्रम बेकार जायेगा। सरकार सब कुछ अपनी पार्टी के अनुकूल बनाने पर जोर न दे। तटस्थता बरते।

# खेल में सियासत का घालमेल?

सज्जनों और सत्पुरुषों का खेल है क्रिकेट। लंबी परिपाटी रही ऐसी ही। मगर इस तेरहवें विश्व कप श्रृंखला के दौरान क्रिकेट में सांप्रदायिक राजनीति घुसा दी गई। पाकिस्तान ने की। असह्य थी। टाली जा सकती थी। ऐसा नग्न नृत्य भारत की खेल भूमि पर खुलेआम हुआ। इससे शत्रुता तीव्रतर हुई। वैमनस्य गहराया। पाकिस्तान के विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। पाकिस्तान और नीदरलैंड्स के बीच हैदराबाद में हुए वर्ल्ड कप मैच में रिजवान मैदान पर नमाज अता करते दिखे। पाकिस्तान ने जीत के साथ वर्ल्ड कप 2023 की शुरुआत की है। ड्रिंक्स ब्रेक हुआ। पाकिस्तान टीम के अन्य खिलाड़ी एक तरफ सुस्ता रहे थे। वहीं रिजवान अपने पैड और जूते उतारकर नमाज अता करने लगे। मगर किस्सा इतने पर ही समाप्त नहीं हुआ। आगे तक बढ़ा। अगले मैच में पाकिस्तान की विजय को रिजवान ने हमास आतंकियों के नाम समर्पित कर कर दिया। हमास आतंकियों ने इस्राइल की जनता पर पांच सौ राकेट दागे थे। सैकडों निर्दोष नागरिक काल कवलित हो गए थे। विश्व और मोदी सरकार ने हमास की निंदा की थी। आम दस्तूर यही था कि राजनीतिक विवादों से क्रिकेट हमेशा दूर रहे। मगर इस बार वातावरण में तनाव था। बदलाव भी। अब रिजवान ने शुरू किया तो उसकी प्रतिध्वनि जरूर सुनाई दी। रिजवान के बाद अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद इब्राहिम जादरान ने भी वैसी ही दुहरा दी। तब उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया था। यह अवॉर्ड जदरान ने उन अफगानी बागी शरणार्थियों को समर्पित किया, जिन्हें पाकिस्तान से निकाला जा रहा था। जदरान ने पाकिस्तान पर ऐतिहासिक जीत के बाद यह बयान दिया था, जो सोशल मीडिया पर तुरंत वायरल हो गया। अफगानिस्तान ने वर्ल्ड कप 2023 के 22वें मैच में पाकिस्तान को 6 गेंदें शेष रहते 8 विकेट से मात दी। चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने


के. विक्रम राव

पहले बल्लेबाजी करके 50 ओवर में सात विकेट खोकर 282 रन बनाए। जवाब में अफगानिस्तान ने 49 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। अफगानिस्तान ने वनडे इतिहास में पहली बार पाकिस्तान को मात दी। इससे पहले दोनों टीमों के बीच कुल 7 वनडे खेले गए थे, जिसमें हर बार पाकिस्तान ने जीत दर्ज की थी। अफगानिस्तान ने बड़े मंच पर पाकिस्तान को धूल चटाई और क्रिकेट जगत को हैरान कर दिया। पाकिस्तान ने इन अफगन शरणार्थियों को (बुद्धवार, 1 नवंबर) तक देश छोड़ने का आदेश दिया है। खामा प्रेस के मुताबिक पाकिस्तान के राज्य से चलने वाले रेडियो में जानकारी दी गई कि 3,248 अफगानी रिफ्यूजी को 21 अक्टुबर को अफगानिस्तान भेजा गया। अन्य रिपोर्ट्स में कहा गया कि 51,000 से ज्यादा अफगानियों को पाकिस्तान से वापस भेजा गया क्योंकि उनके पास प्रवासी दस्तावेज नहीं थे। तालिबान की सत्ता कायम होने के बाद की बात है। अफगानिस्तान में तालिबान के राज के बाद वहां रह रहे कई लोगों ने अफगानिस्तान छोड़ पाकिस्तान के पश्चिमी हिस्से में शरण ली थी। कई लोग काफी पहले से वहां रह रहे थे। लेकिन तालिबानी सरकार से पाकिस्तान के रिश्ते खराब होने के बाद उन्होंने उन शरणार्थियों को वहां से निकाल दिया। अफगानिस्तान पिछले दो सालों से आतंक के साए में जी रहा है। अब सिलसिला चला तो बात से बतंगड़ बना। अगर इस्लामी पाकिस्तान ने इस्लामी अफगानिस्तान से आए शरणार्थियों को वापस काबुल भेज दिया तो वे सब कट्टर तालिबानी द्वारा उत्पीड़ित किए जाएंगे। यूं तो हर शांतिप्रिय भारतीयों को जादरान के विरोधाभासी कदम से हमदर्दी होगी। कारण है कि तालिबानी शासन के कट्टर आलोचक ही पाकिस्तान में शरण लेकर आए थे। उन्हें क्रूर, नृशंस, तालिबानी तानाशाहों के सिपुर्द करना मानवता के हर सिद्धांत की अवहेलना होगी। ऐसे अफगन शरणार्थियों को काबुल पहुंचते ही वहां के चौराहे पर गोलियों से भून दिया जाएगा। इन सब की मौत तय है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

मौसम विभाग के अनुसार, अगर वायु गुणवत्ता शून्य से 50 के बीच रहे तो इसे 'अच्छा' माना जाता है। अगर एक्यूआई 51 से 100 के बीच रहे तो इसे 'संतोषजनक' और 101 से 200 के बीच एक्यूआई को 'मध्यम' माना जाता है। अगर एक्यूआई 201 से ऊपर चला जाए और 300 तक रहे तो इसे 'खराब', 301 से 400 के बीच रहे तो 'बहुत खराब' और अगर 400 से ऊपर पहुंच जाए तो इसे 'गंभीर' माना जाता है। दिल्ली-एनसीआर में 22 अक्टूबर को एक्यूआई 313 यानी बहुत खराब स्तर पर गया था। उसके बाद से हवा की गति धीमी होने और तापमान में गिरावट के कारण वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी हुई है।

# हवा के रूप में जहर खींचने की विवशता कब तक?

इस वर्ष फिर से दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में पराली एवं वायु प्रदूषण से उत्पन्न दमघोटू माहौल का संकट जीवन का संकट बनता जा रहा हैं। दिल्ली-एनसीआर में हवा की क्वालिटी बेहद खराब यानी जानलेवा बनती जा रही है। अभी सर्दी शुरु भी नहीं हुई है, इस मौसम में ऐसा दूसरी बार हुआ है। हालांकि तात्कालिक वजहों से कभी-कभार राहत भले मिल जाए, लेकिन दिल्ली-एनसीआर ही नहीं, उत्तर भारत के बड़े इलाके में रहने वाले जनजीवन के लिए यह एक स्थायी समस्या एवं जीवन संकट बनती जा रही है, जो बच्चों, बुजुर्गों और सांस की बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए बेहद खतरनाक एवं जानलेवा साबित हो रही है। सरकारें भले ही इस मुद्दे को लेकर गंभीर नजर आने लगती हैं, भले ही इस जटिल से जटिलतर होती समस्या के समाधान का पूरा एक्शन प्लान तैयार भी है लेकिन इसके प्रभावी परिणाम देखने को नहीं मिलना, कहीं-ना-कहीं सरकार की नाकामी को ही दर्शा रहा है। दिल्ली और पंजाब सरकारें ने अनेक लुभावने तर्क एवं तथ्य दिये, सरकारें जो भी तर्क दें, पर हकीकत यही है कि लोगों का दम घुट रहा है। अगर वे सचमुच इससे पार पाने को लेकर गंभीर हैं, तो वह व्यावहारिक धरातल पर दिखना चाहिए। वायु की गुणवत्ता का खराब होना एवं प्रदूषण का ऐसा विकराल जाल है जिसमें मनुष्य सहित सारे जीव-जंतु फंसकर छटपटा रहे हैं, जीवन सांसों पर छाये संकट से जूझ रहे हैं। अस्पतालों के बाहर लम्बी कतारें देखने को मिलने लगी है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अनुसार लोगों को अगले कुछ दिनों तक खराब वायु में कमी आने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, अगर वायु गुणवत्ता शून्य से 50 के बीच रहे तो इसे 'अच्छा' माना जाता है। अगर एक्यूआई 51 से 100 के बीच रहे तो इसे 'संतोषजनक' और 101 से 200 के बीच एक्यूआई को 'मध्यम' माना जाता है। अगर एक्यूआई 201 से ऊपर चला जाए और 300 तक रहे तो इसे 'खराब', 301 से 400 के बीच रहे तो 'बहुत खराब' और अगर 400 से ऊपर पहुंच जाए तो इसे 'गंभीर' माना जाता है। दिल्ली-एनसीआर में 22 अक्टूबर को एक्यूआई 313 यानी बहुत खराब स्तर पर गया था। उसके बाद से हवा की गति धीमी होने और तापमान में गिरावट के कारण वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी हुई है। यह समस्या साल-दर-साल गंभीर होती जा रही है। इस गंभीर होती समस्या से पार पाने के लिए दिल्ली सरकार ने कई उपाय आजमाए, प्रदूषण पर नियंत्रण के लिये निर्देश जारी किये गये मगर वे कारगर साबित नहीं हो पा रहे। दिल्ली-एनसीआर में जगह-जगह जल छिड़काव करती सरकारी गाड़ियां भी दिखने लगी हैं, जो हवा में धूल की मात्रा कम करती हैं। मगर इन कदमों का स्वरूप ही बताता है कि सरकार समस्या के लक्षणों को कम करने में जुटी है लेकिन अभी तक समस्या को सुलझाने या इसकी गंभीरता को कम करने में


ललित गर्ग



कोई खास सफलता नहीं मिली है। इसके एक प्रमुख कारण के रूप में पंजाब और आसपास के राज्यों में पराली जलाने के चलन को कई साल पहले चिह्नित किया जा चुका है। मगर उस मोर्चे पर राजनीतिक कारणों से खास प्रगति के संकेत नहीं मिल रहे हैं। प्रदूषण जानलेवा स्तर तक खतरनाक हो गया है। प्रश्न है कि पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रही दिल्ली-एनसीआर को कोई स्थायी समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती? सरकारें एवं राजनेता एक दूसरे पर जिम्मेदारी ठहराने की बजाय समाधान के लिये तत्पर क्यों नहीं होते? इस विषम एवं ज्वलंत समस्या से मुक्ति के लिये हर राजनीतिक दल एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न बनना होगा। क्या हमें किसी चाणक्य के पैदा होने तक इन्तजार करना पड़ेगा, जो जड़ों में मठ्ठा डाल सके।...नहीं, अब तो प्रत्येक राजनीतिक मन को चाणक्य बनना होगा। तभी विकराल होती वायु प्रदूषण की समस्या से मुक्ति मिलेगी।

बीते हफ्ते की ही बात की जाए तो पंजाब में बुधवार को पराली जलाने की 398, गुरुवार को 589 और शुक्रवार को 766 घटनाएं दर्ज की गई। वैसे सरकारें इसे कम करने का अपने ढंग से प्रयास कर रही हैं। पंजाब के मोगा समेत कई इलाकों में फायर फाइटर्स की टीमें तैनात की गई हैं जो पराली जलने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर उसे रोकने का काम करती हैं। यूपी में कहा गया है कि पराली जलाते पाए जाने वाले किसानों को किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का फायदा नहीं दिया जाएगा। लेकिन यहां भी मामला सख्ती के जरिए किसानों को पराली जलाने से रोकने का ही है, जबकि जरूरत उन्हें ऐसे बेहतर विकल्प मुहैया कराने के है जिससे वे खुद इससे मुंह मोड़ने लग जाएं। पराली से खाद बनाकर खेती में उपयोग करने या अन्य उपायों से थर्मल पावर प्लांट और अन्य उद्योगों में ईंधन के तौर पर पराली का इस्तेमाल बढ़ाने जैसे कई सुझावों पर चर्चा होती रही है, लेकिन साफ है वे विकल्प किसानों तक अभी पहुंचाएं नहीं जा सके हैं।

वायु की गुणवत्ता को बढ़ाने एवं प्रदूषण कम करने और दिल्ली सहित देश के अन्य महानगरों-नगरों को रहने लायक बनाने की जिम्मेदारी केवल सरकारों की नहीं है, बल्कि हम सबकी है। हालांकि लोगों को सिर्फ एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी है, एंटीडस्ट अभियान भी निरन्तर चलाया जाना चाहिए। लोगों को खुद भी पूरी सतर्कता बरतनी होगी। लोगों को खुली जगह में कूड़ा नहीं फैंकना चाहिए और न ही उसे जलाया जाए। वाहनों का प्रदूषण लेवल चैक करना चाहिए। कोशिश करें कि हम निजी वाहनों का इस्तेमाल कम से कम करें और सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करें। आम जनता की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाली पटाखे जलाने की भौतिकतावादी मानसिकता को भी विराम देना जरूरी है। क्योंकि पटाखे जलाने से न केवल बुजुर्गों बल्कि बच्चों के जीवन पर खतरनाक प्रभाव पड़ने और अनेक रोगों के पनपने की संभावनाएं हैं। प्रदूषण मुक्त पर्यावरण की वैश्विक अभिधारणा को मूर्त रूप देने के लिये इको फ्रेंडली दीपावली मनाने की दिशा में सार्थक पहल करनी होगी, एक सकारात्मक वातावरण बनाना होगा। पराली ही तरह पटाखों उत्पन्न प्रदूषण खतरनाक हैं। पराली-पटाखें आज एक राजनीतिक प्रदूषण बन चुका है। इस प्रदूषण से ठीक उसी प्रकार लड़ना होगा जैसे एक नन्हा-सा दीपक गहन अंधेरे से लड़ता है। छोटी औकात, पर अंधेरे को पास नहीं आने देता। क्षण-क्षण अग्नि-परीक्षा देता है। पर हां! अग्नि परीक्षा से कोई अपने शरीर पर फूस लपेट कर नहीं निकल सकता। दिल्ली एवं पंजाब में एक ही दल ही सरकारें है, दूसरों पर आरोप लगाने की बजाय क्यों नहीं आम आदमी पार्टी की सरकार समाधान देती।

पराली के प्रदूषण से ÷दीपावली÷ के गौरवपूर्ण सांस्कृतिक अस्तित्व एवं अस्मिता को धुंधलाने की बजाय पराली का स्थायी हल निकाला जाना चाहिए। पराली के प्रदूषण को पटाखों के प्रदूषण के नाम पर ढकने की कुचेष्टा से बचना चाहिए। ÷दीपावली÷ हमारी संस्कृति है, सभ्यता है, आपसी प्रेम है, इतिहास है, विरासत है और दीपों की कतारों का आश्चर्य है। पराली से दीपावली के आसपास होने वाले प्रदूषण को पटाखे का प्रदूषण कहना, अतिश्योक्तिपूर्ण विडम्बना एवं समस्या से मुंह फैरने की पलायनवादी मानसिकता है।

# एनसीईआरटी का सार्थक कदम

समय-समय पर राष्ट्रीय शैक्षिक और अनुसंधान परिषद यानी एनसीईआरटी अपने पाठ्यक्रम में बदलाव करती रही है। जिसके कारण एनसीईआरटी पर कई बार सवाल भी खड़े होते रहे हैं। एनसीईआरटी ने एक बार फिर अपने पाठ्यक्रम में बदलाव किया है। एनसीईआरटी द्वारा अपनी किताबों में देश का नाम इंडिया को जगह भारत लिखने की सिफारिश की है। एनसीईआरटी पैनल के सभी एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों में इंडिया को भारत से बदलने के प्रस्ताव को इसके सदस्यों से सर्वसम्मति से मंजूरी मिल गई है। ऐसे में जल्द ही एनसीईआरटी कि किताबों में इंडिया की जगह भारत लिखा नजर आ सकता है।


आशीष वशिष्ठ

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इंडिया के अलावा एंशिएंट हिस्ट्री की जगह किताबों में क्लासिकल हिस्ट्री को भी शामिल किए जाने की संभावनाएं हैं। साथ ही समिति ने हिंदू योद्धाओं की बीरगाथाओं को भी किताब का हिस्सा बनाने का सुझाव दिया है। वास्तव में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पाठ्यक्रम में विषयों के नाम बदलने की प्रक्रिया चल रही है। विशेषज्ञों के साथ ही राज्यों से भी इस बारे में राय ली गई है जिनमें से कुछ ने बदलाव के प्रति असहमति व्यक्त की है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने कश्मीरी पंडितों के नरसंहार जैसी घटनाओं को पाठ्यक्रम में रखे जाने की पिछली सरकार की सिफारिश वापस ले ली। वहीं अनेक गैर भाजपा शासित राज्य सरकारें अंधविश्वास से बचने की पक्षधर हैं

एनसीईआरटी के इस कदम से देश में फिर एक बार इंडिया बनाम भारत का विमर्श शुरू हो गया है। एक वर्ग इस बहस को औचित्यहीन मानता है तो वहीं दूसरा तबका इस कदम का स्वागत कर रहा है। इस पक्ष का यह कहना है कि यह काम बहुत पहले हो जाना चाहिए था। पूर्व की सरकारें ऐसा नहीं कर पाई बीजेपी की सरकार ने इसे करने का बीड़ा उठाया है। एनसीईआरटी के निर्णय का स्वागत और समर्थन करने वालों का यह भी कहना है कि इंडिया और भारत से किसी को कोई आपत्ति नहीं होना चाहिए संविधान में दोनों शब्दों का इस्तेमाल किया गया है लेकिन ब्रिटिशों द्वारा दिया गया नाम अगर बदल गया है तो इसमें किसी को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

तो कुछ संतुलन बनाए रखने की हिमायती हैं।

एनसीईआरटी पैनल की सिफारिश उस वक्त की गई है, जब सियासी हलको में इंडिया नाम को बदलकर भारत रखने पर राजनीतिक चर्चाएं जोरों पर हैं। इंडिया से बदलकर भारत नाम रखे जाने की सुगबुगाहट बीते महीने सितंबर में तब शुरू हुई जब जी20 के आयोजन के दौरान भारत की राष्ट्रपति के नाम से भेजे गए निमंत्रण पत्र में 'प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया' की बजाए 'प्रेसिडेंट ऑफ भारत' लिखा गया था।

एनसीईआरटी के इस कदम से देश में फिर एक बार इंडिया बनाम भारत का विमर्श शुरू हो गया है। एक वर्ग इस बहस को औचित्यहीन मानता है तो वहीं दूसरा तबका इस कदम का स्वागत कर रहा है। इस पक्ष का यह कहना है कि यह काम बहुत पहले हो जाना चाहिए था। पूर्व की सरकारें ऐसा नहीं कर पाई बीजेपी की सरकार ने इसे करने का बीड़ा उठाया है। एनसीईआरटी के निर्णय का स्वागत और समर्थन करने वालों का यह भी कहना है कि इंडिया और भारत से किसी को कोई आपत्ति नहीं होना चाहिए संविधान में दोनों शब्दों का इस्तेमाल किया गया है लेकिन ब्रिटिशों द्वारा दिया गया नाम अगर बदल गया है तो इसमें किसी को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। इंडिया की जगह भारत बहुत पहले कर देना चाहिए था लेकिन यह नहीं हुआ अब हुआ है इसका इसलिए हम स्वागत करते हैं। इसमें दो राय नहीं हैं कि पाठ्यक्रम की वस्तु का धर्मनिरपेक्षता के पैरोकारों ने जमकर सत्यानाश किया। दूसरा नुकसान अंग्रेजियत में डूबे तबके के हाथों हुआ। दुर्भाग्य से आजादी के बाद कम्युनिस्ट विचारधारा के चुनिन्दा लोग शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में घुस आए जिन्हें जवाहर लाल नेहरू ने प्रोत्साहित किया जो खुद सोवियत संघ की साम्यवादी क्रांति से प्रभावित थे। इसके अलावा विदेशों में शिक्षित लोग शिक्षा-शास्त्री बनकर सिस्टम में बैठ गए और ज्ञान विज्ञान का सारा श्रेय पश्चिम को देते हुए अंग्रेजी को प्रगतिशीलता की निशानी बना दिया। इस वजह से भारत के इतिहास, पौराणिक ग्रंथों, महानायकों और उपलब्धियों पर उपेक्षा की धूल डाली जाती रही।



भारत के महान साहित्यकारों, कलाकारों और उनकी कलाओं को नजरंदाज किया जाने लगा। देश के लिए अपना सर्वस्व दांव पर लगाने वाले महाराणा प्रताप की बजाय अकबर को महान बताया जाने लगा। गुलाम मानसिकता के प्रतीक चिन्ह मार्ग देश की राजधानी में बाबर हुमायूँ औरंगजेब के नाम पर बनाए गए। प्रशासन में भी भारतीय संस्कृति को पिछड़ेपन से जोड़कर देखने वाले कथित आधुनिक भर गए। वर्तमान दुर्दशा की सबसे बडी वजह शिक्षा व्यवस्था और पाठ्यक्रम ही है जिसने हमारे इतिहास और संस्कृति के गौरवशाली पक्ष पर परदा डालते हुए निराशाजनक पहलुओं को उभारने का प्रयास किया। सल 2014 में केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद नई शिक्षा नीति पर काम शुरू हुआ और अब जाकर पाठ्यक्रम में सकारात्मक बदलाव और सुधार किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ होने जा रही है। प्राचीन ग्रंथों पर तमेमंतबी ूवता को यदि प्रोत्साहन और संरक्षण दिया गया होता तो युवा पीढ़ी को पश्चिम से प्रभावित होने से रोका जा सकता था। लेकिन ब्रेन ड्रेन का जो सिलसिला आजादी के बाद शुरू हुआ उसे रोकने के लिए सार्थक प्रयास कभी हुए ही नहीं क्योंकि हमारे नीति नियंता भारतीयता को लेकर हीन भावना से ग्रसित रहे। उस दृष्टि से एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम और पुस्तकों का भारतीयकरण किया जाना 21 वीं सदी को भारत के नाम लिखने के लिए बहुत जरूरी है। हजारों साल पहले भारत में विज्ञान और तकनीक का जो विकास हुआ वह उन मंदिरों में देखा जा सकता है जिनकी अभी तक उपेक्षा होती रही। आजकल भारत की प्राचीन स्थापत्य और वास्तु कला के सैकड़ों ऐसे स्मारकों की जानकारी आ रही है जिनके सामने ताजमहल तुच्छ है। उनके निर्माण में जिस इन्जीनियरिंग कौशल और खगोलीय ज्ञान का उपयोग किया गया उसे देखकर पश्चिम के वैज्ञानिक भौचक रह जाते हैं किंतु हमारे देश में मुगल इतिहास और वामपंथी विचारधारा से प्रभावित शिक्षा शास्त्रियों को वह सब महत्वहीन प्रतीत होता है।

हमारे पौराणिक ग्रंथों में जिन प्रसंगों का विवरण है उनका समुचित अध्ययन कर ईमानदारी से तमेमंतबी की जाए तो ये साबित किया जा सकता है कि आज पश्चिम जिन बातों के आधार पर खुद को श्रेष्ठ समझता है वे सब भारतीय ज्ञान परंपरा का अभिन्न अंग रहीं। लेकिन कालांतर में राजनीतिक प्रतिद्वंदिता के कारण राष्ट्र के व्यापक हितों को उपेक्षित किए जाने से हमारी सीमाएं असुरक्षित हुई जिससे विदेशी लुटेरों के हमले होने लगे जो भारत की संपन्नता के किस्से सुनकर लूटपाट करने आते और लौट जाते। धीरे- धीरे उन्हें लगा कि यहां के शासक संकीर्ण मानसिकता के शिकार हैं जिसने उनको बार-बार आने के अवसर दिए।अंततः वे यहां राज करने के इरादे पाल बैठे जिससे सैकड़ों वर्षों के लिए गुलामी ने हमें जकड़ लिया। उसी का दुष्परिणाम प्राचीन ज्ञान विज्ञान, कला और संस्कृति पर विदेशी प्रभाव के रूप में देखा जा सकता है। सन् 1193 में बख्तियार खिलजी नामक एक मुस्लिम आक्रांता ने नालंदा के पुस्तकालय को आग के हवाले कर दिया ताकि हमारी समूची ज्ञान संपदा भस्म हो जाए। इसी तरह मुस्लिम शासकों ने ऐतिहासिक मंदिरों एवं सांस्कृतिक केंद्रों को ध्वस्त किया जिससे भारत को धार्मिक सांस्कृतिक जड़ें नष्ट हो जाएं।

# मुफ्त की रेवड़ियों का पैसा कहां से आएगा!

-रोहित माहेश्वरी

देश में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। सभी राजनीतिक दल जीत के लिए एड़ी चोटी का दम लगा रहे हैं। वहीं विरोधियों को धूल चटाने और वोटरों का अपने पाले में लाने के लिए राजनीतिक दल तमाम ऐसे वायदे कर रहे हैं, जिन्हें पूरा करने में राज्य की खजाने का दम फूलना तय है। मुफ्त चुनाव वाले राज्यों में राजनीतिक दल बिना सरकारी खजाने की सेहत का अनुमान लगाए बिना धड़ाधड़ ऐलान कर रहे हैं। लेकिन मुफ्त की रेवड़ियों का सबसे ज्यादा शोर मध्य प्रदेश और राजस्थान में सुनाई दे रहा है।

रेवड़ी कल्चर को सुप्रीम कोर्ट ने भी गंभीर मुद्दा माना है। बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि चुनावी मौसम के दौरान राजनीतिक दलों की ओर से मुफ्त उपहार का वादा एक गंभीर मुद्दा है क्योंकि इससे अर्थव्यवस्था को नुकसान हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट में अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई हुई जिसमें इलेक्शन के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त सौगात का वादा करने वाले राजनीतिक दलों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। याचिका में चुनावी घोषणापत्र और उसमें किए गए वादों के लिए राजनीतिक दलों को जवाबदेह बनाने के लिए कहा गया है।

चीफ जस्टिस एनवी रमना और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की पीठ ने कहा कि चुनाव के दौरान तर्कहीन मुफ्त सौगात देने का वादा करने वाले राजनीतिक दलों की मान्यता रद्द करने का विचार अलोकतांत्रिक है। पीठ की ओर से चीफ जस्टिस ने कहा कि मैं किसी राजनीतिक दल का पंजीकरण रद्द करने के विषय में नहीं जाना चाहता क्योंकि

महिलाओं को कांग्रेस ने 1500 रुपये हर माह देने की बात कही है जबकि शिवराज सरकार ने लाड़ली बहना योजना में पहले से ही 1250 रुपये देना शुरू कर दिया और उसे 3 हजार रु. तक बढ़ाने का कह चुकी है। ऐसे ही अनेक मुद्दे हैं जिनमें कांग्रेस मौजूदा सरकार से ज्यादा देने का वायदा कर रही है। गेंहू और धान के अधिक खरीदी मूल्य सहित मुफ्त और सस्ती बिजली, सिंचाई और अन्य सुविधाओं के लिए मुक्त हस्त खर्च करने की बात वचन पत्र में शामिल है। कांग्रेस आजकल गारंटी शब्द का इस्तेमाल भी करने लगी है।

यह एक अलोकतांत्रिक विचार है, आखिरकार हमारे यहां लोकतंत्र है। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान तर्कहीन मुफ्त सौगात देने का वादा एक गंभीर मुद्दा है, लेकिन वह इस संबंध में वैधानिक स्थिति स्पष्ट नहीं होने पर भी विधायी क्षेत्र में अतिक्रमण नहीं करेंगे। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस एनवी रमना ने कहा कि कोई नहीं कहता कि यह कोई मुद्दा नहीं है। यह एक गंभीर मुद्दा है। कुछ लोग जिन्हें यह मिल रहा है वह चाहते हैं कि मिलता रहे क्योंकि हमारा कल्याणकारी राज्य है। वहीं कुछ कह सकते हैं कि वे टैक्स का भुगतान कर रहे हैं और इसका उपयोग विकास के लिए किया जाना है। तो यह एक गंभीर मुद्दा है।

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की सूची जारी करने में भले ही कांग्रेस पिछड़ गई किंतु मतदाताओं के समक्ष वायदे परोसने के लिए वचन पत्र जारी करने में उसने बाजी मार ली। प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने पार्टी के ढेर सारे नेताओं की मौजूदगी में सरकार बनने पर समाज के सभी वर्गों को लाभ पहुंचाने वाले कार्यक्रमों और योजनाओं का ब्यौरा पेश किया। इस वचन पत्र में किसानों, महिलाओं, विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, श्रमिकों और पत्रकारों को दिल खोलकर उपकृत करने का वायदा किया गया है। इससे किसी को एतराज नहीं होगा क्योंकि कमोबेश भाजपा भी ऐसा ही कुछ घोषणापत्र लेकर



आएगी। फर्क ये होगा कि वह कांग्रेस की तुलना में कुछ ज्यादा देने का वायदा कर सकती है।

मसलन महिलाओं को कांग्रेस ने 1500 रुपये हर माह देने की बात कही है जबकि शिवराज सरकार ने लाड़ली बहना योजना में पहले से ही 1250 रुपये देना शुरू कर दिया और उसे 3 हजार रु. तक बढ़ाने का कह चुकी है। ऐसे ही अनेक मुद्दे हैं जिनमें कांग्रेस मौजूदा सरकार से ज्यादा देने का वायदा कर रही है। गेंहू और धान के अधिक खरीदी मूल्य सहित मुफ्त और सस्ती बिजली, सिंचाई और अन्य सुविधाओं के लिए मुक्त हस्त खर्च करने की बात वचन पत्र में शामिल है। कांग्रेस आजकल गारंटी शब्द का इस्तेमाल भी करने लगी है। हालांकि राहुल गांधी द्वारा 2018 में सरकार बनने के बाद 10 दिन में किसानों के कर्ज माफ करने की गारंटी जैसे तमाम वायदे अधूरे ही रह गए थे।

दरअसल राजनीतिक दलों के मन में ये बात बैठ चुकी है कि जनता की याददाश्त बेहद कमजोर होती है। इसीलिए पांच साल पहले किए वायदों को पूरे न करने के अपराध को नए वायदों की चकाचैंध में धोने का प्रयास बीते 75 साल से चला आ रहा है। 1971 के चुनाव में इंदिरा जी ने गरीबी हटाओ के नारे पर दो तिहाई बहुमत हासिल कर लिया था। आज नौबत अति गरीब तक आ चुकी है लेकिन कोई कांग्रेस से उसके बारे में नहीं पूछता। अन्य पार्टियां भी वायदे पूरे करने में विफल रहने के बाद नए झुनझुने पकड़ाकर मतदाताओं को बहलाने का प्रपंच रचती हैं। दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार ने मुफ्त बिजली, मोहल्ला क्लीनिक और सरकारी शालाओं के उन्नयन का वायदा पूरा कर एक उदाहरण पेश किया किंतु राष्ट्रीय राजधानी होने से वहां विकास संबंधी ज्यादातर कार्य केंद्र सरकार करवाती है जबकि अन्य राज्यों की स्थिति दिल्ली से सर्वथा भिन्न है।

ऐसे में मुफ्त उपहारों के अलावा सामाजिक कल्याण के जितने भी कार्यक्रम और योजनाएं हैं उनकी जरूरत तो है किंतु कांग्रेस के घोषणापत्र में प्रदेश के औद्योगिक और इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास की बात या तो है नहीं या फिर किसी कोने में दबी हुई है। इसी तरह मुफ्त और सस्ती बिजली का वायदा तो आकर्षित करता है किंतु विद्युत उत्पादन बढ़ाने और विद्युत कंपनियों को घाटे से उबारने की कोई कार्ययोजना पेश नहीं की गई। कर्मचारियों को लुभाने के लिए पुरानी पेंशन योजना शुरू करने का वायदा भी कांग्रेस ने किया है। जबकि हिमाचल और कर्नाटक में उसकी सरकार को वेतन बांटने तक में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ये देखते हुए जरूरी हो गया है कि राजनीतिक दल विकास संबंधी अपनी कार्ययोजना भी वचनपत्र में पेश करें। नई नौकरियों के वायदे तो कर दिए जाते हैं लेकिन उसे कैसे अमल में लाया जाएगा इसकी कोई रूपरेखा नहीं बताई जाती। बेहतर हो घोषणापत्र को विकास केंद्रित करने की परिपाटी शुरू हो। मसलन सौर ऊर्जा का उत्पादन बढ़ाने, सड़कों का निर्माण, औषधालय, विद्यालय दृ महाविद्यालय, जल आपूर्ति और जन सुविधा केंद्र जैसी बातों पर ज्यादा जोर दिया जाना जरूरी है। जब तक औद्योगिकीकरण के लिए अनुकूल वातावरण नहीं बनाया जाता तब तक रोजगार के अवसर पैदा करने की बात सपने देखने जैसा है। सरकारी नौकरियां तेजी से सिमट रही हैं , ऐसे में निजी क्षेत्र ही विकल्प है। सबसे बड़ी बात ये है कि राज्य की आर्थिक स्थिति सुधारने के बारे में सभी राजनीतिक दल अपने चुनाव घोषणापत्र में शांत नजर आते हैं। ऐसे में जब प्रदेशों पर कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है तब मुफ्त उपहारों के लिए धन कहां से आएगा इसका उत्तर किसी के पास नहीं है। 500 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर देने वाले राजनीतिक दल पेट्रोल दृ डीजल को सस्ता करने हेतु उसे जीएसटी के अंतर्गत लाने का वायदा क्यों नहीं करते ये बड़ा सवाल है। मध्य प्रदेष देश के उन राज्यों में है जहां पेट्रोलियम उत्पाद सबसे महंगे हैं। कांग्रेस यदि इनको सस्ता करने का वायदा करती तो उससे समाज का हर वर्ग आकर्षित होता। लेकिन राजनीतिक दलों का उद्देश्य प्रदेश के विकास के बजाय मुफ्तखोरी को बढ़ावा देना रह गया है। और इसे देखते हुए कांग्रेस के घोषणापत्र में किसी नए पन का एहसास नहीं होता।

# जनता की समस्याओं का त्वरित गति से किया जाए निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि वह जन समस्याओं का निराकरण इस प्रकार करें कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने-7 कालीदास मार्ग स्थित कैम्प कार्यालय पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और



■ उप मुख्यमंत्री ने समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जनता दर्शन में लगभग 2 दर्जन से ज़िलों से आये कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं उप मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत कई जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, बिजली, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी।

# चकबन्दी की राज्य स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** अर्बन ट्रेनिंग एंड रिसर्च सेन्टर, मुख्यालय स्थानीय निकाय, गोमतीनगर विस्तार, सेक्टर-7, लखनऊ में आज चकबन्दी की राज्य स्तरीय कार्यशाला, जिसमें आधुनिक तकनीक रोवर, आर्टिफ़िशियल इंटेलीजेंस, क्लाउड कम्पयूटिंग, ब्लाकचेन, एवं डिजिटालाईज़ेशन के प्रयोग से गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शिता एवं समयबद्ध रूप से चकबन्दी कार्यों को करने के उद्देश्य से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि अपर मुख्य सचिव, राजस्व द्वारा किया गया एवं सचिव राजस्व, राहत आयुक्त, चकबन्दी आयुक्त जीएस नवीन कुमार द्वारा कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण किया गया।

अपर मुख्य सचिव, राजस्व सुधीर गर्ग ने बताया कि कार्यशाला का आयोजन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देशन में चकबन्दी विभाग को पारदर्शी

■ सरकारी व गैर-सरकारी 30 कम्पनियों द्वारा किया गया प्रस्तुतिकरण

तथा जनसामान्य के प्रति उत्तरदायी बनाने के उद्देश्य से चकबन्दी प्रक्रिया में सुधार के दृष्टिगत किया गया। उक्त कार्यशाला में चकबन्दी विभाग के अधिकारी एवं सरकारी तथा गैर सरकारी 30 कम्पनियों द्वारा अपने-अपने प्रस्तुतीकरण के साथ प्रतिभाग किया गया। उक्त कार्यशाला में डा कमल जैन, प्रोफेसर आईआईटी रूडकी, डा0 भरत लोहानी, प्रोफेसर आईआईटी कानपुर, डा दीपक कुमार, प्रोफेसर आईआईआईटी लखनऊ, द्वारा रियल टाइम कैडस्ट्रल सर्वे सल्यूशन वीद मार्डन टेक्नोलाजी पर अपना महत्तवपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया तथा अन्य उन्नत तकनीक का चकबन्दी प्रक्रिया में तैयार किये जाने वाले अभिलेखों भूचित्र एवं स्थल पर सीमाकंन में किस प्रकार प्रयोग करते हुए किसान एवं जनसामान्य को लाभ मिल सके।

# राष्ट्रीय एकता बनाए रखने के लिए दौड़े सर्वोदय विद्यालयों के छात्र

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश भर में समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित 105 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में मंगलवार को धूमधाम से लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रभारी प्रधानाचार्य शिक्षक और छात्र-छात्राएं शामिल हुई।

कार्यक्रम की शुरुआत में प्रभारी प्रधानाचार्य, शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यापर्ण कर श्रद्धसुमन अर्पित किया। इसके बाद शिक्षकों ने लौह पुरुष सरदार पटेल के जीवन से संबंधित प्रेरक प्रसंगों घटनाओं और देश को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए उनके द्वारा किए गए योगदानों पर प्रकाश डाला। प्रभारी प्रधानाचार्य ने भी विद्यार्थियों को एकता,



■ समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित हैं सर्वोदय विद्यालय

■ जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में हर्षोल्लास से मनाई गई सरदार पटेल की जयंती

अखंडता और बंधुत्व के बारे में जानकारी देते हुए उनसे प्रेरणा लेने की सीख दी।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय एकता पर आधारित प्रस्तुत की गई कविताएं और गीत रहे। छात्र-छात्राओं ने सरदार पटेल के जीवन के प्रेरक प्रसंगों को बड़े ही आकर्षक और प्रेरणादायक तरीके से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर चित्र प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता भी करवाई गई।

विद्यालयों में कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा की शपथ ली। कार्यक्रम के अंत में युवाओं में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की भावनाओं को सुदृढ़ करने के लिए विद्यालयों द्वारा राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें प्रधानाचार्य सहित समस्त शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# सरदार पटेल की जयंती पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन




अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों ने राज्यपाल उत्तर प्रदेश एवं कुलाधिपति राज्य विश्वविद्यालय की प्रेरणा से दिनांक 31 अक्टूबर को कुलपति प्रो. एन. बी सिंह के मार्गदर्शन में लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर आयोजित रन फॉर यूनिटी में प्रतिभाग किया।

कुलपति ने कहा कि 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम के माध्यम से संपूर्ण राष्ट्र को एक सूत्र में बांधकर एकता ला सकते हैं। ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों में राष्ट्रीय एकता की भावना के साथ देशप्रेम की भावना का विकास आसानी से किया जा सकता है। भाषा विश्वविद्यालय में भी राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा तथा डॉ मोहम्मद शारिक, प्रभारी शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

# भाषा विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह चार जनवरी को

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में 4 जनवरी को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जायेगा। बताते चलें कि सभी शैक्षिक संस्थानों में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की डिग्री प्रदान करने की परंपरा को दीक्षांत समारोह कहा जाता है। इसी संदर्भ में सीतापुर हरदोई बायपास रोड पर अवस्थित ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में प्रत्येक वर्ष की भांति इस साल दीक्षांत समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर के प्रांगण में किया जा रहा है। विवि प्रशासन के अनुसार भाषा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह का आयोजन 4 जनवरी 2024 को किया जायेगा। भाषा विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह में कुलपति मेडल से लेकर तमाम तरह के मेडल दिए जायेंगे। माननीय राज्यपाल एवं विश्विद्यालय की कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल की सहमती के बाद समारोह के लिए यह तिथि निश्चित हुई है।

# उत्तराखण्ड महोत्सव : सीएम धामी ने किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** पं0 गोविन्द बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन (गोमती तट -निकट खाटू श्याम मन्दिर) पर शाम-ए-अवध का नजारा आज दस दिवसीय उत्तराखण्ड महोत्सव के प्रथम दिन उत्तराखण्ड के परिधानों-आभूषणों से सजी सँवरी महिलाओं के दलों द्वारा झोड़ा, रंगीन वेष-भूषा में ढाल-तलवार, मसकबीन, तुरही, रणसिंह आदि लिए उत्तराखण्ड से आये छोलिया दल, डांस उत्तराखण्ड डांस के कलाकारों तथा मेहमान कलाकारों ने और भी सुरमयी तथा रंगीन बना दिया।

महापरिषद के सचिव राजेश बिष्ट की परिकल्पना पर बने सुंदर महोत्सव स्थल पर करीने से नए डिजाइन से लगाए गए स्टाल लखनऊ में पहली बार आधुनिकता एवम भव्यता का परिचय देते हैं। 21 झोड़े दल, हर दल मे 21 महिला कलाकारों ने एक साथ सामुहिक प्रस्तुति देकर नया कीर्तिमान स्थापित बनाया। आज प्रथम दिवस पर ही अपार जन समूह इस अद्भुत विहंगम प्रस्तुति को देखने के लिए उमड़ पड़ा तथा तालियों की गड़गड़ाहट से महोत्सव स्थल गूंज उठा।





सुन्दर मंच के प्रांगण में उत्तराखण्ड महापरिषद की महिला प्रकोष्ठ की पुष्पा वैष्णव, सुनीता कनवाल, राजेश्वरी रावत, हेमा बिष्ट, पूनम कनवाल, विद्या सिंह, रिया द्वारा दर्शनीय सुन्दर आकर्षक ऐपण, अल्पना तथा रंगोली बनायी गयी है। आज मुख्य अतिथि मुख्य मंत्री उत्तराखंड श्री पुष्कर सिंह धामी तथा बृजेश सिंह राज्यमंत्री उप्र सरकार, लखनऊ महापौर सुषमा

■ भव्य महोत्सव की शानदार शुरूआत

खर्कवाल ने विधिवत दस दिवसीय उत्तराखंड महोत्सव का उद्घाटन किया, उससे पूर्व उत्तराखंडी परिधानों आभूषणों से सजी संवरी महिलाओं द्वारा उनके आगमन पर पुष्प वर्षा कर श्री धामी जी का अदभुत स्वागत किया।

मुख्य अतिथि ने पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने हेतु उत्तराखण्ड महापरिषद द्वारा दिया जाने वाला ''उत्तराखण्ड गौरव'' से चंदन सिंह नयाल (ओखलकांडा नैनीताल) निवासी को नवाजा।

सीएम ने उत्तराखण्ड महापरिषद द्वारा किए गए स्वागत से अभिभूत होकर अपने उद्बोधन में कहा कि उत्तराखंड महापरिषद विगत अनेक वर्षों से लखनऊ की सरजमीं पर दस दिवसीय महोत्सव से उत्तराखंड की संस्कृति के साथ साथ विभिन्न प्रांतों की संस्कृति से लखनऊ वासियों को रूबरू कराने का सुन्दर एवं सराहनीय कार्य विगत अनेक वर्षों से कर रहा है तथा इस वर्ष हीरक जयन्ती मनाने हेतु इन्हे हार्दिक बधाई देते है। यहां आकर लगता है कि हम उत्तराखंड में ही हैं, मा0 महापौर सुषमा खर्कवाल ने भी अपने सम्बोधन में उत्तराखण्ड मुख्यमंत्री का स्वागत किया तथा महापरिषद का आभार जताया।

इससे पूर्व महापरिषद के अध्यक्ष हरीश चंद्र पंत ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि हीरक जयन्ती - 75वे वर्ष पर महोत्सव के प्रथम दिवस का कार्यक्रम लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल - राष्ट्र निर्माता को समर्पित है। महासचिव भरत बिष्ट ने उत्तराखण्ड महोत्सव में मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

# सीएमएस छात्रों ने जीते 25 गोल्ड मेडल

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अयोध्या रोड कैम्पस के प्राइमरी सेक्शन के 25 मेधावी छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित अन्तर-विद्यालयी ब्रेनोब्रेन वन्डरकिड प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर लखनऊ का गौरव सारे देश में बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन किड्स एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित हुई। गोल्ड मेडल अर्जित करने वाले इन मेधावी छात्रों में विजय लक्ष्मी, अनिका शुक्ला, सिदिका, वैदिक अग्रवाल, ईश्नवी सिंह, शिवन्या यदुवंशी, राहुल वर्मा, आराध्या पाण्डेय, शिखर सम्राट, काशवी चौहान, आदित्य प्रियंका सिंह, शांभवी सिंह, अर्णव प्रताप शाही, आव्या पवन वर्मा, अथर्व सिंह, रूद्र सिंह, मो. अदनान सिंह, विहान, शिवांश गुप्ता, समर्थ, विनायक कुशवाहा, सारांश शुक्ला, गंगा वर्मा, प्रत्यूष सिन्हा एवं विहान बंसल शामिल हैं। सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा.



जगदीश गाँधी ने इन सभी मेधावी छात्रों को आशीर्वाद देते हुए विद्यालय के शिक्षकों व प्रधानाचार्या के प्रति आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमें सी.एम.एस. अयोध्या रोड कैम्पस के इन प्रतिभाशाली छात्रों ने मेन्टल मैथ्स, लॉजिकल एबिलिटी, जनरल नॉलेज एवं स्पीड टाइपिंग में अपनी दक्षता का प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल अर्जित किया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने इन प्रतिभाशाली छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। श्री शर्मा ने बताया कि यह प्रतियागिता छात्रों को बौद्धिक क्षमता पर ध्यान केन्द्रित करने तथा त्वरित गति से समाधान ढूढ़ने एवं सीखने की क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। सी.एम.एस. अपने छात्रों को देश-विदेश में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग हेतु लगातार प्रोत्साहित करता रहता है।

# पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपदों में कल से होगी धान की खरीद

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने के उद्देश्य से खरीफ क्रय वर्ष 2023-24 में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य कॉमन धान 2183 रूपये प्रति कु0 और धान ग्रेड-ए 2203 रूपये प्रति कु0 की निर्धारित दर से खरीद की जा रही है। इस वर्ष 70 लाख मी0टन धान खरीद लक्ष्य व 4000 क्रय केन्द्र निर्धारित किये गए हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश के सम्भाग-गोरखपुर, देवीपाटन, आजमगढ़, विन्ध्याचल, वाराणसी, चित्रकूट, बस्ती, प्रयागराज व कानपुर के समस्त जनपदों में कल से धान की खरीद प्रारम्भ हो रही है। क्रय केन्द्रों पर समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण कराते हुए किसानों को बैठने व पीने पानी इत्यादि की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश निर्गत किये गये हैं।

खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार प्रदेश के समस्त जनपदों में 4861 क्रय केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सम्भाग-मुरादाबाद, बरेली, अलीगढ़, आगरा, मेरठ, सहारनपुर, झांसी, लखनऊ (हरदोई, खीरी एवं सीतापुर) में एक अक्टूबर, 2023 से खरीद प्रारम्भ तथा लखनऊ सम्भाग के जनपद रायबरेली, उन्नाव, लखनऊ तथा अयोध्या सम्भाग के समस्त जनपदों में 20 अक्टूबर, 2023 से खरीद प्रारम्भ है। अब तक 10912 किसानों से 68016 मी0 टन धान की खरीद की गयी है तथा किसानों को 112.42 करोड़ रूपये का भुगतान किया गया है। गत वर्ष इसी अवधि तक 4346 किसानों से 28226 मी0टन धान की खरीद की गयी थी। क्रय केन्द्रों पर पंजीकृत किसानों से राजस्व विभाग द्वारा सत्यापन के उपरान्त इलेक्ट्रानिक प्वाइंट आफ परचेज के माध्यम से किसानों का बायोमेट्रिक सत्यापन के उपरान्त खरीद की जा रही है। अब तक खाद्य विभाग के पोर्टल पर धान विक्रय हेतु 4,26,318 किसानों द्वारा पंजीकरण पूर्ण कराया गया है।

# लुलु मॉल में लगी चित्र प्रदर्शनी, विधानपरिषद सदस्य पवन सिंह ने किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारत सरकार के सूचना प्रसारण एवं मंत्रालय के विभाग केंद्रीय संचार ब्यूरो लखनऊ के द्वारा लुलु मॉल लखनऊ में राष्ट्रीय एकता दिवस एवं 9 साल- सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण विषय पर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। जिसका आज उदघाटन विधानपरिषद सदस्य पवन सिंह चौहान ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पवन सिंह चौहान ने कहा कि एकता दिवस के मौके पर मॉल में इस तरह की प्रदर्शनी के आयोजन से नई पीढ़ी को सरदार वल्लभभाई पटेल की जीवनी,कार्यों और प्रयासों व भारत के इतिहास को जानने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश के पहले गृह मंत्री और भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 148वीं जयंती है और पूरा देश 2014 से हर वर्ष इस दिन को राष्ट्रीय एकता



दिवस के रूप में मनाता आ रहा है। श्री चौहान ने कहा कि आजादी के बाद अंग्रेजों ने भारत को खंडित करके छोड़ दिया था और उस समय भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने 550 से अधिक रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर वर्तमान भारत माता का मानचित्र बनाने का बेहद गौरवपूर्ण और बड़ा कार्य किया था। चित्र प्रदर्शनी में भारत के संपूर्ण इतिहास को संक्षेप में आसान भाषा में समझाया गया है जिसे युवा और छात्रों को समझना चाहिए। श्री चौहान ने आगे कहा कि यहां पर दूसरे विषय की प्रदर्शनी जो 9 साल- सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण पर है उसे आम जनता को केंद्र सरकार द्वारा विगत 9 वर्षों में चलाये गये कार्यक्रमों, नीतियों और उनकी उपल्बधियों का ज्ञान होगा और आम जनमानस इन योजनाओं, कार्यक्रमों और नीतियों का ज्यादा से ज्यादा लाभ ले सकेंगे। चित्र प्रदर्शनी के उद्घाटन के पश्चात विधानपरिषद सदस्य पवन सिंह चौहान, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अपर महानिदेशक विजय, निदेशक मनोज कुमार वर्मा, रिजीनल मैनेजर लुलु बीजू सुगाथन, जनरल मैनेजर रीटेल लुलु नुमान अजीज खान और जनरल मैनेजर लुलु माल समीर वर्मा ने साझा प्रेस कांफ्रेंस की।

# सरदार पटेल एकता के सूत्रधार थे : डा राकेश

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान लखनऊ द्वारा तकरोही के सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती व राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता की संकल्पना और सरदार पटेल विषय पर परिचर्चा तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ राकेश सिंह, डॉ धीरेंद्र सिंह, भागवत शाक्य के अलावा स्कूल के प्राचार्य, छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के निदेशक डा राकेश सिंह ने भारत के लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के व्यक्तित्व, कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी देश का आधार उसकी एकता और अखंडता में निहित होता है और सरदार पटेल एकता के सूत्रधार थे। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देसी



रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में उनके योगदान को भूलाया नहीं जा सकता।

यही कारण है कि वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। बाद में राष्ट्रीय एकता की संकल्पना और सरदार पटेल नामक विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें कुमारी अर्चना को प्रथम निधि शर्मा को द्वितीय तथा आकांक्षा शर्मा को तृतीय पुरस्कार मिला। इसके अतिरिक्त करिश्मा, आदर्श, प्रिया, कंचन व काव्या को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया।

# टीबी उन्मूलन में प्राइवेट डॉक्टर की भूमिका अहम

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** देश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा नोटिफिकेशन करना होगा ताकि समय से मरीज का इलाज किया जा सके और बीमारी को फ़ैलने से रोका जा सके। इसमें प्राइवेट डाक्टरों की भूमिका अहम है। प्राइवेट डाक्टर अपने यहां आए टीबी मरीजों का जरूर नोटिफिकेशन करवाएं। यह कहना है स्टेट टीबी अफसर डॉ शैलेंद्र भटनागर का। वह सोमवार रात को होटल ग्रांट रेडिएंट में आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

हिंदुस्तान लेटेक्स फैमिली प्लानिंग प्रमोशन ट्रस्ट (एचएलएफपीपीटी) के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में उन्होंने कहा कि टीबी के बैक्टीरिया को नष्ट करने में छह महीने का समय लगता है, जबकि मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट (एमडीआर) टीबी के केस में इससे अधिक समय लगता है। सही दवा का निर्धारण करने



के लिए सबसे पहले दवा प्रतिरोध का परीक्षण किया जाता है। डॉ भटनागर ने बताया कि राज्य में अभी तक केवल आगरा में ही टीबी प्रशिक्षण केन्द्र था। अब दो ओर राज्यस्तरीय टीबी प्रशिक्षण केन्द्र की अनुमति प्रदान की गई है जो लखनऊ और गोरखपुर में होंगे।

प्राइवेट सेक्टर में टीबी नोटिफिकेशन बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यशाला में नार्थ जोन टीबी टास्क फ़ोर्स के चेयरमैन व केजीएमयू के रेस्परेटरी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. सूर्यकान्त ने कहा कि यूपी, टीबी नोटिफिकेशन में पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। सरकार मरीजों को काफी सुविधाएं दे रही है। प्राइवेट डाक्टर थोड़ा सहयोग बढ़ा दें तो कार्यक्रम में चार चांद लग जाएगा।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ ए.के. सिंघल ने बताया कि टीबी की जाँच के लिए पांच सीबीनॉट मशीन और 13 ट्रूनॉट मशीन जनपद में मौजूद हैं। साथ ही जनपद में 28 टीबी यूनिट

■ स्टेट टीबी अफसर ने कहा कि इस बीमारी के खात्मे के लिए ज्यादा से ज्यादा नोटिफिकेशन जरूरी

और 52 टीबी डिटेक्शन सेंटर उपलब्ध हैं। टीबी मरीजों को प्रतिमाह निक्षय पोषण योजना के तहत पांच सौ रुपए दिए जा रहे हैं साथ ही प्राइवेट प्रोवाइडर को भी 500 रुपए का इंसेंटिव दिया जाता है।

एचएलएफपीपीटी के स्टेट प्रोग्राम मैनेजर राहुल मिश्रा ने सभी प्राइवेट डॉक्टरों से अपील की कि नोटिफाई होने वाले सभी मरीजों की बैंक डिटेल भी उपलब्ध कराएं जिससे सरकार द्वारा निक्षय पोषण योजना के तहत प्रदान की जा रही आर्थिक सहायता मरीज के खाते में डायरेक्ट ट्रांसफर की जा सके। कार्यशाला में वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन कंसलटेंट डॉ अश्वनी, चेस्ट स्पेशलिस्ट डॉ रवि भास्कर, एचएलएफपीपीटी की स्टेट प्रोग्राम मैनेजर सफिया अब्बास आदि मौजूद थे।

# भाषा विवि : कलश सजावट प्रतियोगिता का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भाषा विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक क्लब द्वारा आज माननीय कुलपति प्रो. एन बी सिंह के तत्वाधान में कलश सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य 'मेरी माटी मेरा देश' की सरकारी पहल पर ध्यान केंद्रित करना था। सभी विभागों के छात्रों ने प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से भाग लिया और समृद्धि और शुभता के प्रतीक पारंपरिक कलश की सजावट के माध्यम से रचनात्मक रूप से अपनी मातृभूमि के प्रति प्रेम व्यक्त किया।

जज डॉ. रुचिता सुजाई चौधरी और डॉ. जैबुन निसा ने छात्रों को डिजाइन, इनोवेशन और क्रिएटिविटी के आधार पर परखा। प्रतियोगिता के विजेता महक फातिमा अंसारी (एमए भूगोल सेमेस्टर-प्रथम) ने पहला स्थान हासिल किया, आफिया सईद और फरहत तमन्ना (बीबीए- 5वीं) ने दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि दीपांशु गुप्ता (बी.कॉम तृतीय) और तैयबा फातिमा (बी.एससी जूलॉजी) ने तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. दोआ नकवी एवं सुश्री आफरीन फातिमा थीं।

# भीषण हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

अवधनामा संवाददाता

■ सीएम योगी आदित्यनाथ ने जताया दुख

**हरदोई।** सवायजपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बिल्हौर-कटरा मार्ग पर खमरिया मोड़ के पास सोमवार रात अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में चार साल के बच्चे समेत पांच लोगों की मौत हो गई। मृतक पचदेवरा थानाक्षेत्र के बराकांठ गांव के हैं और एक ही परिवार के बताए जा गए हैं। हादसे की जानकारी होते ही एसपी, एएसपी और कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। कार में मिले मोबाइल की मदद से परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई है।बराकांठ गांव निवासी होशियार सिंह (55) का छोटा बेटा गोविंद सांडी थानाक्षेत्र के नयागांव स्थित ससुराल में रहता है। उसकी पत्नी को छह दिन पहले बेटी हुई थी। उसके छठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सोमवार को होशियार सिंह अपने बड़े बेटे मुकेश (30), पौत्र बल्लू (4) पुत्र मुकेश, परिवार के राजाराम और भतीजे मनोज के साथ कार से नयागांव जा रहे थे। रात करीब 10 बजे खमरिया मोड़ के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। भिड़ंत इतनी तेज थी कार के परखच्चे उड़ गए और सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।राहगीरों की सूचना पर सवायजपुर कोतवाली पुलिस के साथ ही एसपी केसी गोस्वामी, एएसपी पश्चिमी दुर्गेश सिंह समेत कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंच गया। कड़ी मशक्कत के बाद कार के हिस्सों को काटकर शवों को बाहर निकाला गया और उन्हें मर्च्युरी भेजा गया। कार में मिले मोबाइल की मदद से परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई। हादसे से परिवार में चीख-पुकार मच गई। एसपी ने बताया कि कार तेज रफ्तार में थी और उसे मुकेश चला रहा था। पेड़ से टक्कर हुई है। परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने जताया दुख मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरदोई में हुए सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

# हेमा मालिनी ने कलाकारों के नाम पर किया विमर्श, दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा 14 से 27 नवंबर के मध्य रेलवे ग्राउंड धौलीप्याऊ पर आयोजित किए जाने वाले ब्रज रज उत्सव-2023 की तैयारियों की समीक्षा बैठक 30 अक्टूबर (सोमवार) को परिषद के बड़े सभागार में हुई। बैठक में उत्सव के कार्यक्रमों की रूपरेखा परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी नगेंद्र प्रताप ने सांसद हेमा मालिनी , परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र , जनप्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्तुत की। बैठक में सांसद हेमा मालिनी ने सायं 07 से 10 बजे के मध्य होने वाले मंचीय कार्यक्रमों और उनके कलाकारों के नाम फाइनल किए। उत्सव के प्रथम तीन दिन मीराबाई की 525 वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इनमें मीराबाई पर एक आकर्षक प्रस्तुति भरतनाट्यम की प्रख्यात नृत्यांगना व अभिनेत्री हेमा मालिनी और उनके साथी कलाकार देंगे। बैठक में सांसद ने इस मीरा नृत्य नाटिका के अलावा अन्य मंचीय कार्यक्रमों को अपनी स्वीकृति प्रदान की। पूर्व के ब्रज रज उत्सवों की तरह इस बार भी बहुत बड़ी संख्या में स्थानीय लोक कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान किया जाएगा। उनकी प्रस्तुतियां रोजाना सायं 04 बजे से सायं 06 बजे तक होंगी। मेले में हैंडीक्राफ्ट की दुकानें, चांट के स्टाल व झूले भी लगेंगे। इस अवसर पर ÷मीराबाई राष्ट्रीय सिम्पोजियम÷ भी वेटरिनरी विवि के प्रेक्षागृह में 15 से 17 नवंबर के मध्य होगा।

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों व कर्मचारियों को दिलाई शपथ

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर इटावा पुलिस ने÷रन फॉर यूनिटी÷का आयोजन किया। इसके उपरान्त पुलिस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने पुलिस मुख्यालय में तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई। भारतीय एकता के प्रतीक, महान स्वतंत्रता सेनानी, देश के पहले उप-प्रधानमंत्री और पहले गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती÷राष्ट्रीय एकता दिवस÷के रूप में मनाई गई। रिजर्व पुलिस लाइन से÷रन फॉर यूनिटी÷का आयोजन किया गया। स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि सरदार पटेल ने 562 छोटी-बड़ी बड़ी रियासतों भारतीय संघ के साथ एकीकृत करके भारत को एकजुट और स्वतंत्र राष्ट्र बनाने तथा जीवन में अनेकों सत्याग्रह जिनमें खेड़ा सत्याग्रह, झंडा सत्याग्रह व बारदोली सत्याग्रह एवं महात्मा गांधी जी के साथ नमक सत्याग्रह आंदोलन व सविनय अवज्ञा आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने इस दिन सभी राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए खुद को समर्पित करते हुए अन्य देशवासियों के बीच इस संदेश को फैलाने के लिए अथक प्रयास किये गये साथ ही राष्ट्र को एकजुट बनाए रखने में भारतीय पुलिसबल की भूमिका की भी सराहना की गयी। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शपथ लेने वालों में मुख्य रूप से अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध, पीआरओ, मीडिया सैल प्रभारी अनिल कुमार अवस्थी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए जनपद के सभी थाना व चौकियों में तैनात पुलिस कर्मचारियों को भी उनके तैनाती स्थल पर ही शपथ दिलाई गई।

## नाबालिग से बलात्कार के आरोपी पर दोष सिद्ध, 2 को आयेगा फैसला

**मथुरा।** विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट माननीय जज रामकिशोर यादव की अदालत ने मंगलवार को नाबालिग से बलात्कार के आरोप में अभियुक्त मोहन को दोषी मानते हुए आरोप सिद्ध कर दिया है, जिसका निर्णय 2 नवम्बर को सुनाया जायेगा। इस केस की सरकार की ओर से पैरवी कर रहीं स्पेशल डीजीसी पोक्सो कोर्ट श्रीमती अलका उपमन्यु एडवोकेट ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना कोतवाली में तहरीर दी थी, जिसमें कहा गया था कि उसकी पुत्री (पीडिता) उम्र करीब 15 वर्ष 9 जून 2020 को सांय 4-5 बजे मोहन भगा ले गया। रात्रि करीब एक बजे पीड़िता के घर पर फोन आया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर थाना कोतवाली, जिला मथुरा पर अभियुक्त मोहन के विरूद्ध मुकदमा अपराध संख्या 244/2020 अन्तर्गत धारा 363, 366, भारतीय दण्ड संहिता में दिनांक 11 जून 2020 को पंजीकृत किया गया।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की फोटो प्रदान कर किया

अवधनामा ब्यूरो



■ अखण्ड भारत के शिल्पी लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की मनाई जयन्ती

**इटावा।** अपना दल एस के राष्ट्रीय अध्यक्ष, केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार के निर्देशन मे अपनदल एस के द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की 148 वीं जयंती पक्का तालाब चौराहे पर स्थित पटेल प्रतिमा पर माल्यार्पण व गोष्ठी कर धूम धाम से मनाई। अध्यक्षता जिला कार्यवाहक अध्यक्ष पटेल कविता वर्मा तथा मुख्य अतिथि के रूप मे राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डा0 हरीशंकर पटेल रहे। डा0 हरीशंकर पटेल राष्ट्रीय कार्यकरणी सदस्य अपना दल एस ने अपने उद्बबोधन मे कहा कि बिना खून खराबे के खण्ड- खण्ड भारत को अखण्ड भारत बनाने का आदभ्य साहस का कार्य लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के अलावा विश्व मे कोई दूसरा न हुआ है न होगा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राहुल पाल जिला व्यापार मंच अध्यक्ष अवधेश कुमार पटेल जिला सचिव डॉक्टर सुधीर सविता जिला सचिव अरुण कुमार दुबे डॉक्टर जसवीर सिंह संजय वर्मा संदीप पाल एवं संस्थापक सदस्य अनुपम पटेल , सदस्य गणों मे इन्जी राजेश वर्मा, देशराज वर्मा, अंकित वर्मा एवं पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनपद के अभिनव रंजन श्रीवास्तव अपर जिलाधिकारी, संजय वर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, कपिल देव सिंह एस पी सिटी, दिग्विजय प्रताप सिंह सिटी मजिस्ट्रेट, विक्रम सिंह राघव एसडीएम सदर सिटी एवं थाना इंचार्ज सिविल लाइन तथा आम जनमानस को सरदार वल्लभभाई पटेल की फोटो प्रदान कर सम्मानित किया।

# विद्यालयों में मनाई गई लौह पुरुष पटेल की जयंती

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** विकास खण्ड जसवन्तनगर के परिषदीय विद्यालयों में स्वंत्रत भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय एकीकरण के वास्तुकार, भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की जयंती बड़ी धूमधाम एवं हर्षोउल्लास के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। मंगलवार को विद्यालय समय पूर्व 8 बजे ही खुल गये विद्यालयों में प्रार्थना सभा के पूर्व रन फ़ॉर यूनिटी कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों की प्रभात फेरी गावों में निकाली गई इसके बाद बच्चों की दौड़, भाषण एवं वाद विवाद, नाटक आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन एवं शपथ ग्रहण करवाई गई। खण्ड शिक्षा अधिकारी अलकेश कुमार सकलेचा बताया कि किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले पटेल ने अपनी मेहनत और काबिलियत के दम पर भविष्य में खास बन गये। वह आजादी की जंग का हिस्सा बने। इस दौरान उन्होंने शराब, छुआछूत और स्त्री अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाई। हिंदू मुस्लिम एकता को बनाए रखने का प्रयास जारी रखा और आंदोलन के दौरान कई बार जेल गए। प्राथमिक विद्यालय नगला राम सुंदर में जिला समन्वयक सामुदायिक शिक्षा मनोज धाकरे ने बच्चों के साथ अपने विचार साझा किए उन्होंने बताया कि यदि सरदार बल्लभ भाई जैसी महान हस्ती न होती तो उस समय भारत कई छोटी छोटी रियासतों में बंटा हुआ था और 562 रियासतों के राजाओं नवाबों को भारत संघ में बिना किसी जंग के राजी करना असंभव प्रतीत होता था परंतु उन्होंने अपने हुनर से यह कर दिखाया। लौह पुरुष उपाधि उन्हें महात्मा गांधी जी ने दी थी। उस समय कांग्रेस के अध्यक्ष को ही भारत के प्रधानमंत्री के रूप देखा जा रहा था सरदार पटेल की लोकप्रियता और दूरदर्शिता को देखते हुये कांग्रेस ने अध्यक्ष पद पर सरदार पटेल जी का नाम प्रस्तावित किया था अंत मे महात्मा गाँधी जी के कहने पर उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया था और जवाहर लाल नेहरू देश के प्रथम प्रधानमंत्री बने। ब्लाक व्यायाम शिक्षक राजेश जादौन ने बताया कि इस अवसर पर विद्यालयों में खेलों का आयोजन किया गया और बच्चों को कही-कही मिष्ठान वितरण भी किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### सरदार पटेल के विचार सभी के लिए अत्यंत प्रेरणादायक:- जिलाधिकारी



**हरदोई।** भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती आज सम्पूर्ण जनपद में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गयी। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सभी जनपदवासियों को बधाई देते हुए कहा कि सरदार पटेल के विचार सभी के लिए अत्यंत प्रेरणादायक हैं। उनकी दूरदर्शी सोच ने हमारे राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोया। उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में सरदार पटेल को श्रध्दा सुमन अर्पित किए तथा कलक्ट्रेट परिसर के सभी कर्मियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट प्रशान्त तिवारी तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 16 बटालियन सीआरपीएफ ने मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस

**मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कलेक्टेट सभागार में राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के पावन अवसर पर अधीनस्थ अधिकारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई और राष्ट्रीय एकता के संबंध में अधिकारियों को संबोधित किया। इसी क्रम में 16 बटालियन सीआरपीएफ ने राँची बांगर स्थित अपने मुख्यालय में 31 अक्टूबर लौह पुरूष श्री सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर 16 बटालियन सीआरपीएफ के द्वारा एकता के लिए दौड़ (रन फॉर यूनिटी) का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों व अन्य कार्मिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कमाण्डेन्ट सुरेश कुमार (पी.एम.जी.) द्वारा लौह पुरुष श्री सरदार बल्लभ भाई पटेल द्वारा देश के लिये दिये गये योगदान/त्याग के बारे मे अवगत करवाया तथा राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने के उद्देश्य के बारे में बताया एवं उपस्थित सभी अधिकारियों एंव कार्मिकों को शपथ दिलायी। इस अवसर पर दीपक कुमार (द्वितीय कमान अधिकारी), देवेन्द्र सक्सेना (उप0 कमा), राजेश कुमार राय (उप कमा0) सचिन कुमार (सहा0 कमा0), विनोद कुमार (सहा0 कमा0) व बल के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

### रन फॉर यूनिटी का किया गया आयोजन

**मथुरा।** राष्ट्रीय एकता और अखंडता के महत्व को सुदृढ़ करने के लिए स्ट्राइक वन के द्वारा बरेली, चौबटिया, देहरादून, रूड़की, रायवाला और भरतपुर सभी मिलिट्री स्टेशनों पर राष्ट्रीय एकता दिवस देशभक्तिपूर्ण उत्साह के साथ मनाया गया। सभी मिलिट्री स्टेशनों पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी सैनिकों, परिवारों और बच्चों ने एकता और अखंडता की भावना को मनाने के लिए उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के हिस्से के रूप में, सामुदायिक सेवा पहल को बढ़ावा देने के लिए उत्तराखंड के कुमाऊं पहाड़ियों में रहने वाले पूर्व सैनिको और वीर नारियों के लिए सभी तक पहुचने का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। थीम पर आधारित पोस्टर मेकिंग और पेंटिंग प्रतियोगिताएं, निबंध लेखन और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं, प्रश्नोतरी प्रतियोगिताएं और पारंपरिक पोशाक प्रतियोगिताएं जैसी कई कार्यक्रमो का आयोजन किया गया जो राष्ट्रीय एक्जुटता और राष्ट्र निर्माण के बारे मे जागरूकता फैलाते है। राष्ट्रीय एकता दिवस हर साल सरदार वल्लभभाई पटेल का भारत के प्रति योगदान को याद करने हेतु मनाया जाता है।

### सेवानिवृत्ति दीनदयाल को भावपूर्ण विदाई

**गोवर्धन (मथुरा)।** शिक्षा विभाग के सरकारी विद्यालय में कार्यरत रही वरिष्ठ लिपिक की सरकारी सेवाओं की अवधि समाप्त होने पर उन्हें सेवानिवृत्ति कर दिया गया इस अवसर पर उन्हें स्मृति चिन्ह अंग वस्त्र और उपहार देकर रोमांचक माहौल में फूल मालाओं से स्वागत कर विदाई की गई। जानकारी के अनुसार राजकीय कन्या इंटर कालेज अडीग में वरिष्ठ लिपिक के पद पर विद्यालय में अपनी व्यवहार कुशलता और दक्षता के चलते मृदभाषी अपने सहयोगी और छात्र-छात्राओं के हृदय में स्थान बनाने वाले दीनदयाल ने अपनी सेवाओं को पूरा करते हुए आज सेवानिवृत हो गए इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक भास्कर मिश्रा मौजूद रहे। श्री दीनदयाल के विदाई समारोह के समय विद्यालय प्रांगण में रंगारंग माहौल बना हुआ था।

# कांग्रेस कार्यालय पर इंदिरा गांधी जी की पुण्यतिथि व सरदार वल्लभभाई पटेल जी की मनाई जयंती

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय पर भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी जी की पुण्यतिथि एवं भारत के पूर्व गृहमंत्री स्वर्गीय श्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई तथा एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया इसके बाद पटेल चौराहा पर सरदार वल्लभभाई पटेल तथा नुमाइश एवं कचहरी प्रांगण में श्रीमती इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव ने कहा श्रीमती इंदिरा गांधी ने बांग्लादेश को मान्यता देकर विश्व के भूगोल को बदलने का काम किया तथा उन्होंने 14 बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर देश को समर्पित किया। उन्होंने कहा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का स्पष्ट मत था की जहर फैलने से पूर्व अंग का ऑपरेशन करवा देना चाहिए सरदार पटेल ने एक साथ 562 रियायतों को भारतीय संघ में विलय कराया भारत के एकीकरण में उनके महान योगदान के लिए उन्हें भारत के लौह पुरुष के रूप में जाना जाता है। शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे दुबे ने कहा श्रीमती इंदिरा गांधी जी ने 18 मई 1974 को भारत ने पोखरण में प परमाणु परीक्षण कर दुनिया को हैरत में डाल दिया था। उन्होंने कहा बारदोली किसान आंदोलन के सफल नेतृत्व के कारण उन्हें सरदार की उपाधि प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पीसीसी सदस्य प्रेम नारायण दोहरे, कोमल सिंह कुशवाहा, आलोक यादव, संजय दोहरे, सुरेंद्र प्रताप सिंह चौहान, रामजीवन कुशवाहा, कुसुमलता उपाध्याय, सरला जाटव, नितेश तिवारी, अफजल वारसी, आसिफ जादरान, अमित अग्निहोत्री, यशप्रताप भदोरिया, अतुल मिश्रा, विष्णु कांत मिश्रा, अशोक पाण्डेय एड., इन्द्रभूषण तिवारी एड., नरेंद्र रायजादा, बीनू चौधरी, अमित चौरसिया एड., सुरेश दीक्षित एड.आमिर खान, आसिफ खान, मुस्ताक अली आदि लोग उपस्थित रहे।

# चेयरमैन ने छठ घाट का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**चोपन/सोनभद्र।** दुर्गा पूजा की समाप्ति के साथ लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गई है। छठ घाटों पर छठ व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए घाटों की सफाई को लेकर मंगलवार को चेयरमैन उस्मान अली ने छठ घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित कर्मचारियों को कई बिन्दुओं पर आवश्यक तैयारियों को पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। चेयरमैन ने बजरंग घाट, सोनेश्वर घाट, छठ घाट सहित विभिन्न घाटो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाटो की सफाई शुरू करने, घाटों के रंग रोगन कार्य पर ध्यान देने को कहा।निरीक्षण के बाद बताया कि छठ घाट पर जल्द सफाई शुरू करने का निर्देश दिया गया है। व्रत धारण करने वाली महिलाओं को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। चेंजिंग रूम के साथ साथ जिन घाटों पर पानी ज्यादा है वहां बैरिकेटिंग करवाई जाएगी तथा घाटों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएगा। यह लोक आस्था का महापर्व है अभी से ही छठ घाट पर कार्य की निगरानी के लिए टीम गठित कर दी गई है। छठ घाटों पर छठव्रतियों को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए अभी से ही सभी तैयारी की जा रही है। इस संबंध में आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं।

## सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर एकता दौड़ आयोजित

**मथुरा।** सर्वोदय इण्टर कॉलेज चौमुहाँ (मथुरा) में लोह पुरुष- सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाया गया द्य श्रीमती इंदिरा गांधी के चित्रपट पर माल्यार्पण कर उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। श हरिओम सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं व समस्त स्टाफ को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी गयी द्य विद्यालय के नोडल अधिकारी अजय कुमार प्रवक्ता व सुभाष चंद्र मौर्य अध्यापक द्वारा लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया द्य विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती रूमा कुमारी ने सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा देश की एकता व अखंडता के लिए किए गए

# एनसीसी कैडेटों ने मनाई लोह पुरुष की जयंती



**मथुरा।** राष्ट्रनायक सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 148 वीं जयंती पर 11 यूपी बटालियन एनसीसी, मथुरा द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बटालियन ने 5 किमी की रन फॉर यूनिटी ÷ दौड़ का अयोजन किया। जो कि शक्ति द्वार से प्रारंभ होकर आर्मी परेड ग्राउंड में समाप्त हुई। जिसमे कैडेटों ने पूरे जोश एवं उत्साह से भाग लिया। इस अवसर पर स्ट्राइक 1 कोर के स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर सुशील मल्होत्रा मथुरा कैंट ने कहा कि ÷आज का दिन कोई सामान्य दिन नहीं है आज लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस है। हम सभी का दायित्व है कि हम उनके पढ़ाए पाठों को अपने जीवन में उतारें एवं एकजुट होकर देश के समृद्ध भविष्य की दिशा में काम करें। वहीं, 11 यूपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल रजत पाण्डेय ने कहा कि हमें सरदार पटेल के देश की आजादी में योगदान एवं स्वतंत्र रियासतों को भारत में मिलाने के उनके प्रयासों को सदैव याद रखना चाहिए। बटालियन के एडम अधिकारी कर्नल एसबीएस यादव ने कैडेटों से कहा कि हम सरदार पटेल के व्यक्तित्व,उनके गुणों एवं विचारों से बहुत कुछ सीख सकते हैं। उनके ही प्रयासों के बाद आज हम एक भारत श्रेष्ठ भारत की कल्पना कर पा रहे हैं। रन फॉर यूनिटी के आयोजन में लगभग 450 कैडेटों ने भाग लिया। दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आए कैडेटों को स्टेशन कमांडर मथुरा कैंट द्वारा मेडल तथा प्रमाणपत्र भी दिए गए। इस अवसर पर गणमान्य उपस्थितियों में कर्नल आनंद कुमार, कर्नल एस एस नेगी, मेजर पी राणा, कैप्टन नूतन कुमार, लेफ्टिनेंट अशोक कुमार, मीडिया कोऑर्डिनेटर लेफ्टिनेंट कपिल कौशिक, सेकंड ऑफिसर विश्वम्भर दयाल, सुबेदार मेजर पुष्पेंद्र सिंह, सूबेदार बलकार सिंह, सूबेदार भोजराज गुरुंग, नायब सूबेदार हरदीप सिंह,नायब सूबेदार जसविंदर सिंह, बीएचएम कश्मीरा, सीएचएम जय सिंह, हवलदार संदीप सिंह, आदि उपस्थित रहे। मथुरा वृन्दावन महानगर समाजवादी पार्टी द्वारा राधा पुरम स्टेट स्थित कैम्प कार्यालय पर भारत रत्न देश के प्रथम गृहमंत्री स्वतंत्रता सेनानी लोह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की जयंती मथुरा वृन्दावन महानगर अध्यक्ष श्रीमती रितु गोयल की अध्यक्षता में पुष्पांजलि सभा का आयोजन कर राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई पुष्पांजलि सभा में पदाधिकारियों द्वारा सर्वप्रथम पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। जयंती के मौके पर महानगर अध्यक्ष श्रीमती रितु गोयल ने कहा कि सरदार बल्लभभाई पटेल जी भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक और आधुनिक भारत के शिल्पकार थे। वही मथुरा वृन्दावन महानगर पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रमेश सैनी ने कहा कि सरदार बल्लभभाई पटेल जी दृढ़ संकल्प वाले कुशल प्रशासक थे। देश की स्वतंत्रता के बाद अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति एवं दूरदृष्टी भारत की एकता एवं साम्प्रदायिक सद्भाव के लिए आर.एस.एस. पर प्रतिबंध लगाकर साहस का परिचय दिया।

# प्रशासन सख्त: जिले में नहीं जारी होंगे धनगर अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र

**कथित धनगर जाति के लोग चुनाव पूर्व राजनीतिक और प्रशासनिक दबाव बनाने के लिए बैठे हैं अनिश्चितकालीन धरने पर**

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जनपद ही नहीं कई पड़ोसी जिलों में भी धनगर अनुसूचित जाति के प्रमाण पत्र धनलोलुप तत्कालीन तहसीलदारों के द्वारा अपनी आर्थिक पिपाशा के चलते जारी कर दिए गए थे जो प्रशासन ही नहीं शासन के लिए भी सर दर्द बने हुए हैं। इस को गंभीरता से लेते हुए शासन ने जनपद में जिला अधिकारी की अध्यक्षता में पांच अधिकारियों को शामिल करते हुए जिला स्तरीय स्कूटनी समिति का गठन किया हुआ है। मांट तहसील के एक गांव के रहने वाले दो लोगों ने जो पाल बघेल गडरिया समाज के बताए जाते हैं, के द्वारा धनगर अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया गया। जिस पर स्कूटनी समिति के द्वारा प्रमाण पत्र जारी नहीं करने का निर्णय लिया गया है । दूसरी ओर धनगर अनुसूचित जाति के जनपद में प्रमाण पत्र जारी करने के लिए कुछ लोगों के द्वारा अनिश्चितकालीन धरना जिला मुख्यालय पर दिया जा रहा है। इस संबंध में जिला स्तरीय स्कूटनी समिति के पदेन सदस्य सचिव और समाज कल्याण अधिकारी नगेंद्र पाल सिंह ने बताया तहसील मांट क्षेत्र के गांव केहरी घड़ी निवासी प्रदीप धनगर पुत्र चंद्रपाल और बनी सिंह पत्र छोटे लाल ने धनगर अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन किया गया दोनों ही प्रार्थना पत्रों पर जिला स्तरीय स्कूटनी समिति की बैठक 21 सितंबर को जिला अधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिसमें अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, जिला समाज कल्याण अधिकारी और उप जिलाधिकारी मांट मौजूद रहे समिति ने निर्णय लिया जाति सत्यापन समिति द्वारा वर्तमान में धनगर जाति का अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं करने का निर्णय लिया गया। प्रशासनिक अधिकारियों की कमेटी के द्वारा दिए गए इस निर्णय से अनुसूचित जाति के रूप में धनगर जाति का प्रमाण पत्र प्राप्त करने की मनसा लिए हुए बैठे लोगों में निराशा के साथ हड़कंप जैसी स्थिति बन गई है। समाज कल्याण अधिकारी से पूछा गया क्या प्रकरण जिला स्तर पर लंबित है कुछ मामले अभी भी लंबित है जिन पर शीघ्र ही निर्णय लिया जाना है नगर निगम मथुरा वृंदावन के अड़ूकी बार्ड से पार्षद रहे सुरेश उर्फ सुरेश चंद्र बघेल और मथुरा ब्लॉक की ग्राम सभा बाटी के प्रधान संजय बघेल का पूर्व में ही धनगर अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र फर्जी पाए जाने पर निरस्त किए जा चुके हैं। पाल बघेल गडरिया समाज के दर्जन भर लोग आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए राजनीतिक पार्टियों पर अपना दबाव बनाने और प्रशासन को अपने प्रभाव में लेकर धनगर अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र जनपद में जारी करने के लिए जिला मुख्यालय पर 25 अक्टूबर से अनवरत अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है अभी तक किसी भी प्रशासनिक अधिकारी ने धरना दे रहे लोगों से कोई वार्ता नहीं की है भविष्य में इस धरने के क्या परिणाम सामने आएंगे यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

## सीएसआर हितधारकों के साथ बैठक का आयोजन

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में सीएसआर-सामुदायिक विकास की गतिविधियों के संबध में राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख की अध्यक्षता में परियोजना प्रभावित क्षेत्र के ग्राम प्रधानों व ब्लॉक विकास समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सिद्धार्थ मण्डल, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने अपने सम्बोधन में एनटीपीसी सीएसआर के अंतर्गत किए जा रहे विकास कार्यो एवं सीएसआर की गतिविधियों पर प्रकाश डाला तथा उपस्थित ग्राम प्रधानों से आगामी वर्ष के लिए विकास कार्यो पर सुझाव मागें।

# रैंकिंग में टॉप पर होने के बाद भी अच्छा नहीं कर पाई पाकिस्तान टीम, क्या है कारण?

एशिया कप जीतने के प्रबल दावेदारों में से एक होने के बावजूद पाकिस्तान फाइनल तक भी नहीं पहुंच सका। उन्होंने न केवल अपनी नंबर 1 रैंकिंग खो दी बल्कि विश्व कप 2023 में उनके भविष्य को लेकर भी संदेह जताया गया। संदेह सच साबित हुआ।

पाकिस्तान पिछले काफी समय से आईसीसी वनडे रैंकिंग को लेकर लुका-छिपी का खेल खेल रहा है। इस साल अप्रैल में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी घरेलू श्रृंखला की शुरुआत से पहले वे पांचवें स्थान पर थीं, लेकिन 2005 में आईसीसी द्वारा रैंकिंग आधिकारिक तौर पर स्वीकार किए जाने के बाद से अपने इतिहास में पहली बार चार जीत के बाद शीर्ष रैंकिंग वाली वनडे टीम बन गई। न्यूजीलैंड द्वारा पांचवां और अंतिम वनडे जीतने के बाद उनका प्रवास अल्पकालिक था। हालाँकि, एशिया कप में शानदार शुरुआत के बाद पाकिस्तान फिर से शीर्ष पर पहुँच गया। लेकिन तब से, बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम के लिए चीजें खराब हो गईं।



एशिया कप जीतने के प्रबल दावेदारों में से एक होने के बावजूद पाकिस्तान फाइनल तक भी नहीं पहुंच सका। उन्होंने न केवल अपनी नंबर 1 रैंकिंग खो दी बल्कि विश्व कप 2023 में उनके भविष्य को लेकर भी संदेह जताया गया। संदेह सच साबित हुआ। लगातार चार मैच हारने के बाद पाकिस्तान अब टूर्नामेंट से बाहर होने से एक हार दूर है। भले ही वे अपने शेष तीन मैच जीत भी जाएं, फिर भी उन्हें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने का मौका पाने के लिए अन्य मैचों के परिणामों को देखना होगा। पाकिस्तान के लिए क्या ग़लत हुआ? खिताब के प्रबल दावेदारों में से एक को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए भी संघर्ष कैसे करना पड़ रहा है? पाकिस्तान के मुख्य कोच ग्रांट ब्रैडबर्न का कहना है कि 10 टीमों के टूर्नामेंट में कोई भी पसंदीदा नहीं होना चाहिए। कोलकाता में बांग्लादेश के खिलाफ पाकिस्तान के मैच जीतने की पूर्व संध्या पर उन्होंने कहा, देखिए, मुझे यकीन नहीं है कि आपको पसंदीदा कहां से मिलेगा क्योंकि इस टूर्नामेंट में 10 टीमें हैं, 150 क्रिकेटर हैं जो सर्वश्रेष्ठ हैं। ब्रैडबर्न के लिए, आईसीसी रैंकिंग तिरछी है। उन्होंने कहा, आईसीसी रैंकिंग के संदर्भ में, हम जानते हैं कि वे विषम हैं क्योंकि हमें भारत से खेलने का मौका नहीं मिलता है, हमें कई शीर्ष देशों से खेलने का मौका नहीं मिलता है जो हाल ही में पाकिस्तान नहीं गए हैं।

न्यूजीलैंड के पूर्व ऑफ स्पिनर ने कहा कि पाकिस्तान अभी भी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम नहीं बन पाई है क्योंकि उन्हें भारत जैसी टीमों को अपनी धरती पर खेलने का मौका नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि अप्रैल में हम पांचवें नंबर पर थे, हाल ही में टूर्नामेंट से पहले हम नंबर एक बन गए, और हो सकता है कि आप इसे पसंदीदा वाक्यांश कहें। लेकिन हम यथार्थवादी हैं। हम अभी तक दुनिया में सर्वश्रेष्ठ नहीं हैं, इसलिए जो इस बात पर प्रकाश डालता है कि कहां हम अभी इस टूर्नामेंट में हैं। हमारे पास इस टूर्नामेंट में किसी को हराने का कोई दैवीय अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें गुणवत्तापूर्ण क्रिकेट खेलना होगा और हमें अपने खेल के तीनों विभागों को एक साथ रखना होगा। हम अपने राष्ट्र में खुशी लाने के लिए बेताब हैं।

# वानखेड़े में बल्लेबाज मचाएंगे तबाही, गेंदबाजों का होगा हाल बेहाल!

टीम इंडिया की फिक्र अब तक सुपरहिट रही है। रोहित की पलटन ने सभी छह मैचों में जीत का स्वाद चखा है। बल्लेबाजी में हिटमैन जमकर गदर काट रहे हैं, तो कोहली टीम के लिए मेगा इवेंट में मसीहा साबित हो रहे हैं। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह और शमी ने दुनिया के बड़े से बड़े बल्लेबाज की नाक में दम कर रखा है। भारतीय टीम अपनी इसी फॉर्म को श्रीलंका के खिलाफ 2 नवंबर को होने वाले मुकाबले में भी जारी रखना चाहेगी। भारत और श्रीलंका के बीच वर्ल्ड कप 2023 का अहम मुकाबला मुंबई के वानखेड़े क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। वानखेड़े की पिच को बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग माना जाता है। मुंबई के इस मैदान पर जमकर चौके-छक्कों की बरसात होती है। पिच में अच्छा उछाल होने की वजह से गेंद बल्ले पर काफी अच्छे से आती है और रन बनाना बेहद आसान होता है। वर्ल्ड कप 2023 में इस मैदान पर अब तक दो मैच खेले गए हैं। साउथ अफ्रीका ने पहले मैच में स्कोर बोर्ड पर 399 रन लगाए थे, तो



दूसरे मुकाबले में टीम ने 382 रन जड़े थे। यानी इन आंकड़ों पर गौर करें तो पिच से बल्लेबाजों को काफी मदद मिलती है।

वानखेड़े के मैदान ने अब तक वनडे क्रिकेट में कुल 31 मैचों की मेजबानी की है। इसमें से पहले बैटिंग करने वाली टीम के हाथ 16 मैचों में जीत लगी है। वहीं, 15 मैचों में मैदान चेज करने वाली टीम ने मारा है। यानी टॉस यहां पर कोई खास किरदार नहीं निभाता है। हालांकि, यह ध्यान रखना होगा कि इस मुकाबले में ओस भी अहम रोल प्ले कर सकती है।

भारतीय टीम इस समय जबरदस्त फॉर्म में है। इंग्लैंड के खिलाफ टीम की धमाकेदार जीत की कहानी तेज गेंदबाजों ने लिखी थी। मोहम्मद शमी दो मैचों में 9 विकेट निकाल चुके हैं और अपनी रफ्तार से कहर बरपा रहे हैं। जसप्रीत बुमराह का सामना करना बल्लेबाजों के लिए टेढ़ी खीर साबित हुई है। स्पिन विभाग में कुलदीप यादव की घूमती गेंदों ने भी बल्लेबाजों का जीना हराम करके रखा है। बल्लेबाजी में कप्तान रोहित शर्मा टीम को लगातार जोरदार शुरुआत देने में सफल रहे हैं। वहीं, विराट कोहली के बल्ले से भी जमकर रन निकल रहे हैं। हालांकि, शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर की फॉर्म टीम के लिए चिंता का विषय जरूर है।

# बांग्लादेश के सात बल्लेबाज आउट अर्धशतक नहीं लगा पाए शाकिब अल हसन, हारिस ने किया आउट

विश्व कप 2023 के 31वें मैच में पाकिस्तान का सामना बांग्लादेश से है। यह मैच कोलकाता के ईडन गार्डेंस स्टेडियम में खेला जा रहा है। बांग्लादेश का सफर इस विश्व कप में लगभग समाप्त हो चुका है। उनके पास खोने को कुछ नहीं है। ऐसे में यह टीम बाकी टीमों का खेल बिगाड़ने की कोशिश करेगी। वहीं, पाकिस्तान के लिए अब तीनों मुकाबले करो या मरो वाले हैं। एक भी हार उनके सेमीफाइनल में पहुंचने का रास्ता बंद कर सकती है। बांग्लादेश के कप्तान शाकिब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया है।

बांग्लादेश को 32वें ओवर में 140 के स्कोर पर छठा झटका लगा। उसामा मीर ने तौहिद हृदोय को इफ्तिखार अहमद के हाथों कैच कराया। हृदोय सात रन बना सके। फिलहाल शाकिब अल हसन 15 और मेहदी मिराज एक रन बनाकर क्रीज पर हैं। 32 ओवर के बाद बांग्लादेश का स्कोर छह विकेट पर 141 रन है।

31वें ओवर में 130 के स्कोर पर बांग्लादेश को पांचवां झटका लगा। शाहीन अफरीदी ने महमूदुल्लाह को क्लीन बोल्ड किया। उन्होंने 70 गेंद में छह चौके और एक छक्के की मदद से 56 रन की पारी खेली। 31 ओवर के बाद बांग्लादेश का स्कोर पांच विकेट पर 00 रन है। फिलहाल शाकिब अल हसन और तौहिद हृदोय क्रीज पर हैं।

महमूदुल्लाह का शानदार फॉर्म जारी है। उन्होंने वनडे करियर का 28वां अर्धशतक लगाया। 27 ओवर के बाद बांग्लादेश का स्कोर चार विकेट पर 117 रन है। फिलहाल महमूदुल्लाह 52 रन और कप्तान शाकिब अल हसन छह रन बनाकर क्रीज पर हैं।

बांग्लादेश को 102 के स्कोर पर चौथा झटका लगा। लिटन दास को इफ्तिखार अहमद ने आगा सलमान के हाथों कैच कराया। वह 64 गेंद पर छह चौके की मदद से 45 रन बना सके। लिटन ने महमूदुल्लाह के साथ चौथे विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी निभाई। 21 ओवर के बाद बांग्लादेश का स्कोर चार विकेट पर 102 रन है। महमूदुल्लाह (46) का साथ निभाने कप्तान शाकिब अल हसन आए हैं।

15 ओवर के बाद बांग्लादेश ने तीन विकेट गंवाकर 66 रन बना लिए हैं। फिलहाल लिटन दास 30 रन और महमूदुल्लाह 25 रन बनाकर क्रीज पर हैं। दोनों के बीच 40+ रन की साझेदारी हो चुकी है।

पहले पावरप्ले यानी 10 ओवर की समाप्ती के बाद बांग्लादेश ने तीन विकेट गंवाकर 37



रन बना लिए हैं। फिलहाल महमूदुल्लाह नौ रन और लिटन दास 19 रन बनाकर क्रीज पर हैं। इससे पहले शाहीन अफरीदी ने तंजीद हसन और नजमुल हुसैन शांतो और हारिस रऊफ ने मुशफिकुर रहीम को पवेलियन भेजा था।

बांग्लादेश को छठे ओवर में 23 के स्कोर पर तीसरा झटका लगा। हारिस रऊफ ने मुशफिकुर रहीम को रिजवान के हाथों कैच कराया। रहीम आठ गेंद में पांच रन बना सके। सात ओवर के बाद बांग्लादेश का स्कोर तीन विकेट पर 27 रन है। फिलहाल लिटन दास 18 रन बनाकर क्रीज पर हैं। उनके साथ महमूदुल्लाह क्रीज पर हैं। इससे पहले शाहीन अफरीदी ने तंजीद हसन (0) और नजमुल शांतो (4) को पवेलियन भेजा था।

बांग्लादेश को तीसरे ओवर में छह के स्कोर पर दूसरा झटका लगा। शाहीन ने अपने पहले ओवर में तंजीद हसन (0) को एल्बीडब्ल्यू आउट किया था। इसके बाद अपने दूसरे ओवर में उन्होंने नजमुल हुसैन शांतो को उसामा मीर के हाथों कैच कराया। शांतो चार रन बना सके। तीन ओवर के बाद बांग्लादेश का स्कोर दो विकेट पर छह रन है। फिलहाल लिटन दास और मुशफिकुर रहीम क्रीज पर हैं।

बांग्लादेश को पहले ही ओवर में पहला झटका लगा। शाहीन अफरीदी ने ओवर की पांचवीं गेंद पर तंजीद हसन को एल्बीडब्ल्यू आउट किया। वह खाता भी नहीं खोल सके। शून्य पर बांग्लादेश को पहला झटका लगा। पहले ओवर में शाहीन ने कोई रन नहीं दिया और विकेट मेडन डाला। फिलहाल लिटन दास और नजमुल हुसैन शांतो क्रीज पर हैं।

अब्दुल्ला शफीक, फखर जमान, बाबर आजम (कप्तान), मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), सऊद शकील, आगा सलमान, इफ्तिखार अहमद, उसामा मीर, शाहीन अफरीदी, मोहम्मद वसीम जूनियर, हारिस रऊफ।

बांग्लादेश लिटन दास, तंजीद हसन, नजमुल हुसैन शान्तो, शाकिब अल हसन (कप्तान), मुश्फिकुर रहीम (विकेटकीपर), महमूदुल्लाह, तोहिद हृदोय, मेहदी हसन मिराज, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, शोरिफुल इस्लाम।

बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया है। शाकिब ने प्लेइंग-11 में एक बदलाव किया है। मेहदी हसन की जगह तौहिद हृदोय को प्लेइंग-11 में शामिल किया गया है। वहीं, पाकिस्तान ने तीन बदलाव किए हैं। इमाम उल हक, शादाब खान और मोहम्मद नवाज को प्लेइंग-11 से बाहर किया गया है। उनकी जगह फखर जमान, उसामा मीर और आगा सलमान को प्लेइंग-11 में जगह दी गई है।

पिछले मैच में शादाब को चोट लग गई थी और उनका कन्कशन सब्स्टिट्यूट हुआ था। उसामा मीर ने शादाब की जगह ली थी और गेंदबाजी की थी। हालांकि, शादाब उसामा की तुलना में बेहतर बल्लेबाज हैं और आज के मैच में फिट हुए तो शादाब को ही मौका मिलेगा। शादाब ने टूर्नामेंट में कुछ अच्छी पारियां खेली हैं। अगर फिट नहीं हुए तो उसामा मीर को ही मौका मिल सकता है। इसके अलावा इमाम उल हक की जगह फखर जमान को मौका दिया जा सकता है। वहीं, बाबर और रिजवान की जोड़ी को आउट करने के लिए बांग्लादेश एक अतिरिक्त बाएं हाथ के स्पिनर नसुम अहमद को लाने पर विचार कर सकता है।

बांग्लादेश की टीम ने अब तक छह मैच खेले हैं और एक जीत और पांच हार के साथ अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। उसके दो अंक हैं और नेट रन रेट -1.338 है। टीम लगभग विश्व कप से बाहर हो चुकी है। वहीं, पाकिस्तान के छह मैचों में दो जीत के साथ चार अंक हैं। उसने चार मैच गंवाए हैं और नेट रन रेट -0.387 है। पाकिस्तान को यहां से सभी मुकाबले जीतने होंगे और साथ ही दूसरी टीमों के नतीजे पर भी निर्भर रहना होगा।

# पाकिस्तान के लचर प्रदर्शन पर मुख्य कोच ने भारतीय परिस्थितियों' पर फोड़ा ठीकरा

पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन से आहत मुख्य कोच ग्रांट ब्रैडबर्न ने सोमवार को इसके लिए 'अनजान' भारतीय परिस्थितियों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा हम ऐसी स्थिति में है जहां हम नहीं रहना चाहते थे।टूर्नामेंट के इस चरण में हम अपनी किस्मत को नियंत्रित करने के लिए प्रतिबद्ध है लेकिन हम ऐसा नहीं कर पा रहे हैं। इससे टीम को निराशा हुई है। वर्ल्ड कप 2023 में पाकिस्तान का लगातार खराब प्रदर्शन जारी है। वहीं टीम सेमीफाइनल की रेस से लगभग बाहर हो गई है। वहीं मंगलवार को पाकिस्तान बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबला खेलेगी। अगर पाकिस्तान की टीम ने ये मुकाबला जीत लिया तो उसके सेमीफाइनल में पहुंचने की आस जिंदा रह सकती है। वहीं पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन से आहत मुख्य कोच ग्रांट ब्रैडबर्न ने सोमवार को इसके लिए 'अनजान' भारतीय परिस्थितियों को जिम्मेदार ठहराया।

बता दें कि, पाकिस्तान की टीम लगातार चार हार के बाद सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर होने की कगार पर है। टीम को अंतिम-चार में पहुंचने के उम्मीदों को बनाये रखने के लिए अपने बाकी तीनों मैचों को मैच बड़े अंतर से जीतना होगा और उम्मीद करनी होगी कि अन्य टीमों के परिणाम भी उनके मुताबिक रहे। वहीं बांग्लादेश के खिलाफ मंगलवार को कोलकाता में खेले जाने वाले मुकाबले से पहले ब्रैडबर्न ने प्रेस कान्फ्रेंस की। जहां उन्होंने कहा, हम ऐसी स्थिति में है जहां हम नहीं रहना चाहते थे।टूर्नामेंट के इस चरण में हम अपनी किस्मत को नियंत्रित करने के लिए प्रतिबद्ध है लेकिन हम ऐसा नहीं कर पा रहे हैं। इससे टीम को निराशा हुई है। साथ ही उन्होंने कहा, हमारे लिए यह टूर्नामेंट विदेशी परिस्थितियों में है। हमारा कोई भी खिलाड़ी पहले यहां नहीं खेला है। हमारे लिए प्रत्येक स्थल नया है, इसमें यह (कोलकाता) भी शामिल है।

# बॉस ऑफिस पर निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद सीएम योगी कंगना रनौत के साथ देखेंगे तेजस

कंगना रनौत अभिनीत फिल्म तेजस की विशेष स्क्रीनिंग उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए लखनऊ के लोक भवन सभागार में आयोजित की जाएगी। कंगना रनौत ने हाल ही में नेटिज़न्स से सिनेमाघरों में फिल्म देखने का आग्रह किया। जानिए अधिक जानकारी। कंगना रनौत अपनी नवीनतम रिलीज तेजस के साथ बड़े पर्दे पर वापस आ गई हैं। शुरुआती सप्ताहांत में कम कमाई के बावजूद, फिल्म की एक विशेष स्क्रीनिंग होगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कंगना रनौत अभिनीत फिल्म देखने में रुचि व्यक्त की है। तेजस की विशेष स्क्रीनिंग लखनऊ के लोक भवन में मंत्रिमंडल के माननीय सदस्यों के साथ की जाएगी। ऐसा तब है जब, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भविष्य में उनकी सभी फिल्में देखना सुनिश्चित किया था। यह इस बात का भी प्रमाण है कि अभिनेत्री देश की प्रमुख राजनीतिक हस्तियों की कितनी समर्थक हैं। हाल ही में कंगना रनौत ने सोशल मीडिया का सहारा लिया और नेटिज़न्स से



सिनेमाघरों में फिल्म देखने का आग्रह किया। वीडियो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, कोविड से पहले भी नाटकीय दर्शकों की संख्या में भारी गिरावट आ रही थी, कोविड के बाद यह गंभीर रूप से तेज हो गई है। कई थिएटर बंद हो रहे हैं और मुफ्त टिकटों और कई उचित प्रस्तावों के बाद भी दर्शकों की संख्या में भारी गिरावट जारी है। उन्होंने आगे कहा, लोगों से अनुरोध है कि वे सिनेमाघरों में फिल्में देखें और परिवार और दोस्तों के साथ उनका आनंद लें, अन्यथा वे (थिएटर) उन्हें बनाए रखने में सक्षम नहीं होंगे। धन्यवाद। तेजस ने रिलीज के तीसरे दिन (रविवार) केवल 1.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। इसके साथ ही अब तेजस की कुल कमाई 3.80 करोड़ रुपये हो गई है। कंगना रनौत की इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर टिके रहना मुश्किल नजर आ रहा है। तेजस 2023 की भारतीय हिंदी भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जो सर्वेश मेवाड़ा द्वारा लिखित और निर्देशित और रोनी स्क्रूवाला द्वारा निर्मित है। फिल्म में कंगना रनौत मुख्य भूमिका में हैं, उनके साथ सहायक भूमिका में अंशुल चौहान और वरुण मित्रा हैं।

# फातिमा सना शेख ने कहा अगर अनुराग बसु मुझे एक सेकंड के रोल के लिए बुलाते हैं, तो भी मैं उसे करूंगी

मेट्रो इन दिनो अनुराग बसु की 2007 की फिल्म लाइफ इन ए...मेट्रो का सीक्वल है। इसमें फातिमा सना शेख, आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, अली फजल, अनुपम खेर, पंकज त्रिपाठी और नीना गुप्ता समेत अन्य शामिल हैं।

मेट्रो इन दिनो अनुराग बसु की 2007 की फिल्म लाइफ इन ए...मेट्रो का सीक्वल है। इसमें फातिमा सना शेख, आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, अली फजल, अनुपम खेर, पंकज त्रिपाठी और नीना गुप्ता समेत अन्य शामिल हैं। यह फिल्म फातिमा का फिल्म निर्माता के साथ दूसरा सहयोग है। इससे पहले उन्होंने अनुराग के साथ लूडो में काम किया था, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इंडिया टुडे.इन के साथ एक इंटरव्यू के दौरान फातिमा ने बताया कि वह एक बार फिर बसु के साथ काम करने को लेकर कितनी रोमांचित हैं।

अनुराग बसु और मेट्रो इन..दिनो करने के कारण के बारे में बात करते हुए फातिमा



सना शेख ने कहा, फिल्म करने का मेरा कारण केवल और केवल अनुराग बसु हैं। उनके लिए, मैं कुछ भी कर सकती हूं। भले ही दादा (अनुराग) बसु) मुझे एक सेकंड के रोल के लिए बुलाते हैं, मैं आंख मूंदकर कर लूंगी। मैं उनसे बहुत प्यार करती हूं। उन्होंने मुझे मेट्रो इन दिनो की कहानी सुनाने के लिए बुलाया था, नेटवर्क इतना खराब था कि मैं सुन नहीं पाया और जो कुछ वह कह रहा था उसमें से आधी बातें समझता हूं, और फिर भी मैंने हां कहा। मुझे उन पर बहुत भरोसा है। जैसा कि मैंने कहा, मैं उनके लिए कुछ भी करूंगी।


अपने सात साल के करियर में यह पहली बार है जब अभिनेत्री किसी परिपक्व प्रेम कहानी का हिस्सा बनेंगी। इसके बारे में और अधिक बताते हुए उन्होंने कहा, मैं पहली बार एक परिपक्व प्रेम कहानी कर रही हूं और ऐसा करने से मैं खुश हूं। लेकिन, मैं अभी भी विभिन्न प्रकार की प्रेम कहानियों का पता लगाना चाहती हूं। मैं एक क्रेजी, पागलपन वाली फिल्म करना चाहती हूं। वाला लव स्टोरी, जैसे ऐ दिल हैं मुश्किल, तमाशा टाइप। मैं उस तरह की लव स्टोरी करना चाहता हूं। यह मजेदार होगी।

इस बीच, फातिमा अगली बार मेघना गुलज़ार की सैम बहादुर में दिखाई देंगी। फिल्म में विक्की कौशल और सान्या मल्होत्रा हैं और यह 8 दिसंबर को रिलीज होगी।

# बेहद खास तरीके से किया जाएगा विकी कौशल की फिल्म सैम बहादुर का ट्रेलर लॉन्च, दिल्ली में होगा मेगा इवेंट

विक्की कौशल की आगामी फिल्म सैम बहादुर 2023 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। सैम मानेकशॉ के रूप में विक्की की मुख्य भूमिका के अलावा, फिल्म का एक और मुख्य आकर्षण 1 दिसंबर को रणबीर कपूर की एनिमल के साथ टकराव है।

विक्की कौशल की आगामी फिल्म सैम बहादुर 2023 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। सैम मानेकशॉ के रूप में विक्की की मुख्य भूमिका के अलावा, फिल्म का एक और मुख्य आकर्षण 1 दिसंबर को रणबीर कपूर की एनिमल के साथ टकराव है। सैम बहादुर के टीज़र के रिलीज के बाद जबरदस्त सराहना मिली, वही एनिमल के ट्रेलर को लेकर प्रशंसक काफी उत्साहित हैं। 2019 में सैम मानेकशॉ के रूप में विक्की कौशल का पहला लुक जारी होने के बाद से, प्रशंसक अभिनेता को अपनी भूमिका के साथ स्क्रीन पर जादू लाते देखने के लिए उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं। इस महीने की शुरुआत में, अभिनेता ने



निर्देशक मेघना गुलज़ार और निर्माता रोनी स्क्रूवाला के साथ टीज़र का अनावरण किया, जिसे दर्शकों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। अब पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स दिल्ली में एक बड़े ट्रेलर लॉन्च इवेंट की योजना बना रहे हैं।

1 नवंबर को फिल्म की रिलीज से पहले निर्माताओं ने 7 नवंबर को दिल्ली में ट्रेलर लॉन्च करने का फैसला किया है। विकास से जुड़े एक करीबी सूत्र ने बताया, विक्की, सान्या, फातिमा, मेघना, रोनी और उनकी टीम के सभी लोग बेहद उत्साहित हैं। सैम बहादुर का ट्रेलर दर्शकों के सामने पेश करें। लॉन्च इवेंट 7 नवंबर को दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में हो रहा है और ट्रेलर का अनावरण एक बहुत ही खास मेहमान द्वारा किया जाएगा।

सैम बहादुर का टीज़र 13 अक्टूबर को रिलीज़ हुआ था। इसमें विक्की कौशल को भारतीय सेना के पूर्व प्रमुख सैम मानेकशॉ के रूप में दिखाया गया था। फिल्म में सान्या मल्होत्रा और फातिमा सना शेख भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। टीज़र में, विक्की कौशल पूरी तरह से मानेकशॉ की भूमिका निभाते हैं, उनके तौर-तरीकों और उनकी बहादुरी को आत्मसात करते हैं। ऐसा लगता है कि वह किरदार को परफेक्ट बना रहे हैं। दर्शकों को इस बात की झलक मिलती है कि उन्हें अपनी आर्मी लाइफ से कितना लगाव था और वह भारतीय सेना के लिए कुछ भी कर सकते थे। सान्या मल्होत्रा उनकी पत्नी की भूमिका में नजर आई, जबकि फातिमा सना शेख को पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की भूमिका में देखा जा सकता है।

# गदर 2 की सक्सेस के बाद सनी देओल की हुई चांदी, पहली बार इस डायरेक्टर संग मचाएंगे धूम?

गदर 2 ने एक बार फिर से सनी देओल को हर किसी की पसंद बना दिया है। एक्शन ड्रामा मूवी उनके करियर में मील का पत्थर साबित हुई। बॉक्स ऑफिस पर खूब नोट छापने वाली गदर 2 की सफलता के बाद अब सनी देओल के पास एक से बढ़कर एक प्रोजेक्ट आ रहे हैं।

अक्टूबर की शुरुआत में ही आमिर खान ने ये घोषणा की थी कि एक्शन हीरो उनके प्रोडक्शन में बनने वाली फिल्म लाहौर 1947 में काम कर रहे हैं, जिसका निर्देशन अंदाज अपना-अपना के डायरेक्टर राजकुमार संतोषी करेंगे।

इस प्रोजेक्ट के बाद अब हाल ही में सनी देओल के हाथ एक और बड़ी फिल्म लगी है, जिसमे उन्हें पहली बार बॉलीवुड की डायरेक्टर जोड़ी के साथ काम करने का मौका मिल रहा है।

पिंकविला की रिपोर्ट्स के मुताबिक, गदर 2 एक्टर सनी देओल पहली बार बॉलीवुड की डायरेक्टर जोड़ी अब्बास-मस्तान के साथ काम करने जा रहे हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो वह रेस के डायरेक्टर संग एक बड़ी एक्शन थ्रिलर फिल्म करते हुए नजर आएंगे। इस फिल्म को विशाल राणा प्रोड्यूस कर रहे हैं।

इस रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया है कि अब्बास मस्तान-सनी देओल के बीच एक लंबे समय से एक प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही थी, अब फाइनली चीजें सही जगह पर हैं। ये एक बिग स्केल एक्शन थ्रिलर फिल्म होने वाली



है, जो ट्विस्ट एंड टर्न से भरपूर होगी। हालांकि, अब तक सनी देओल और मेकर्स की तरफ से इस प्रोजेक्ट पर आधिकारिक जानकारी शेयर नहीं की गयी है।

रिपोर्ट्स की मानें तो मेकर्स ने सनी देओल स्टारर एक्शन थ्रिलर फिल्म का प्री-प्रोडक्शन वर्क शुरू कर दिया है। ये फिल्म साल 2024 की शुरुआत में फ्लोर पर जाएगी। आपको बता दें कि बॉबी देओल ने अब्बास मस्तान संग अजनबी, हमराज, प्लेयर्स जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया है। ये पहली बार है जब बॉलीवुड में अपने ढाई किलों के हाथ के लिए फेमस सनी देओल इस शानदार और टैलेंटेड डायरेक्टर जोड़ी के साथ काम करने जा रहे हैं। सनी देओल के लिए साल 2023 काफी अच्छा साबित हुआ। 22 साल बाद गदर 2 से वह तारा सिंह और अमीषा पटेल सकीना बनकर लौटीं। इस फिल्म ने इंडिया में 525 का नेट कलेक्शन हुआ।

अवधनामा



# केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर के खिलाफ केरल में एफआईआर दर्ज

**मामला दर्ज**

**केरल पुलिस ने कोच्चि विस्फोटों के संबंध में सोशल मीडिया पर मंत्री के हालिया बयानों को लेकर मामला दर्ज किया है।**



**कोच्चि।** केरल पुलिस ने नफरती बयान देने के मामले में केंद्रीय राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। केरल पुलिस ने कोच्चि विस्फोटों के संबंध में सोशल मीडिया पर मंत्री के हालिया बयानों को लेकर मामला दर्ज किया है। उनपर आरोप है कि उन्होंने राज्य के मलप्पुरम जिले में एक इस्लामी समूह द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में हमास नेता के संबोधन के संबंध में नफरती बयान दिया था। पुलिस ने मंगलवार को कहा कि कथित तौर पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने वाले बयान देने के लिए केंद्रीय राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। कोच्चि शहर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आईपीसी की धारा 153ए (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) और धारा 120 (ओ) (उपद्रव और सार्वजनिक व्यवस्था का उल्लंघन करना) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।) मंत्री के खिलाफ केरल पुलिस अधिनियम का मामला दर्ज किया गया है।

रविवार को कलामासेरी में यहोवा के साक्षियों की एक धार्मिक सभा में बम विस्फोटों की रिपोर्ट सामने आने के बाद इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केरल के सीएम पिनाराई विजयन की आलोचना करते हुए पोस्ट डाले।

उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे बदनाम मुख्यमंत्री (और गृह मंत्री) पिनाराई विजयन गंदी-बेशर्म और तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं। दिल्ली में बैठकर इजराइल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि केरल में जिहाद के लिए आतंकवादी हमास द्वारा खुले तौर पर आह्वान के कारण निर्दोष ईसाइयों पर हमले और बम विस्फोट हो रहे हैं। इसके बाद, सोमवार को सीएम और चंद्रशेखर के बीच जुबानी जंग हुई, जिसमें बीजेपी नेता ने विजयन को झूठा कहा और उन्होंने बदले में राज्य मंत्री को बेहद जहरीला करार दिया। सीएम ने यह भी कहा कि अगर कोई भी कानून का उल्लंघन करने वाला बयान देता है, चाहे वे केंद्रीय या राज्य मंत्री हों, उनके खिलाफ मामले दर्ज किए जाएंगे।

## महुआ मोइत्रा, शशि थरूर, राघव चड्ढा समेत विपक्ष के कई नेताओं ने किया फोन हैकिंग का दावा

**नई दिल्ली।** देश के विपक्षी दलों के कई दिग्गज नेताओं ने दावा किया है कि उन्हें कल रात फोन निर्माता कंपनी की ओर से एक चेतावनी जारी की गई है। दरअसल, कुछ पत्रकारों को भी Apple की ओर से चेतावनी दी गई है कि राज्य प्रायोजित हमलावरों द्वारा उनके फोन को निशाना बनाया जा रहा है। कुछ नेताओं ने इस सूचना को लेकर जानकारी भी साझा की है। इन विपक्षी नेताओं में टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा, शिवसेना यूबीटी सांसद प्रियंका चतुर्वेदी, आप सांसद राघव चड्ढा, कांग्रेस सांसद शशि थरूर और कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा समेत कई नेता शामिल हैं। हालांकि, इन दावों के बीच Apple कंपनी ने एक बयान जारी किया है। कंपनी की ओर से कहा गया, एप्पल खतरे की सूचनाओं का श्रेय किसी विशिष्ट राज्य-प्रायोजित हमलावर को नहीं देता है। राज्य-प्रायोजित हमलावर बहुत अच्छी तरह से वित्त पोषित और परिष्कृत होते हैं और उनके हमले समय के साथ विकसित होते हैं। ऐसे हमलों का पता लगाना खतरे के खुफिया संकेतों पर निर्भर करता है, जो अक्सर अपूर्ण और अपूर्ण होते हैं। यह संभव है कि कुछ एप्पल खतरे की सूचनाएं गलत अलार्म हो सकती हैं या कुछ हमलों का पता नहीं चल पाता है। आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने भी दावा किया है कि आईफोन की ओर से उन्हें फोन हैकिंग की चेतावनी मिली है। इसको लेकर उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा, ÷आज सुबह-सुबह मुझे Apple से एक संबंधित सूचना मिली, जिसमें मुझे मेरे फोन पर संभावित राज्य-प्रायोजित स्पाइवेयर हमले के बारे में चेतावनी दी गई थी। अधिसूचना में कहा गया है कि, यदि आपके डिवाइस के साथ किसी राज्य-प्रायोजित हमलावर ने छेड़छाड़ की है, तो वे आपके संवेदनशील डेटा, संचार, या यहां तक कि कैमरा और माइक्रोफोन तक दूरस्थ रूप से पहुंचने में सक्षम हो सकते हैं।



# बेलगावी में प्रवेश नहीं कर पाएंगे महाराष्ट्र के 3 मंत्री और 1 सांसद

**बेंगलुरु/बेलगावी।** बेलगावी प्रशासन ने महाराष्ट्र के तीन मंत्रियों और एक सांसद को इस सीमावर्ती जिले में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने उन्हें चेतावनी दी है कि अगर वे कर्नाटक या कन्नड़ के खिलाफ गतिविधियों में शामिल होंगे या बयान देंगे तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि 1 नवंबर को कर्नाटक स्थापना दिवस है और इस अवसर पर महाराष्ट्र एकीकरण समिति (रूब्धस्) ने काला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि महाराष्ट्र के मंत्री शंभुराजे देसाई, चंद्रकांत पाटिल, दीपक केसरकर और सांसद धैर्यशील माने के एमईएस कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है।

बता दें कि महाराष्ट्र एकीकरण समिति लंबे समय से राज्य के कई मराठी भाषी क्षेत्रों और गांवों के महाराष्ट्र में विलय के लिए लड़ रहा है। यह समिति हर साल कर्नाटक राज्योत्सव को काले दिन के रूप में मनाता है। महाराष्ट्र के मंत्रियों ने हाल ही में कोल्हापुर में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने सीमा मुद्दे पर उनका समर्थन मांगा था और अनुरोध किया था कि वह एमईएस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रतिनिधियों को भेजें। कानून-व्यवस्था बनाए रखने का हवाला देते हुए तीन मंत्रियों और एक सांसद को 31 अक्टूबर की सुबह 6 बजे से 2 नवंबर की शाम 6 बजे तक बेलगावी में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अधिकारियों को यात्रा के दौरान उनके द्वारा भड़काऊ भाषण देने की संभावना का अनुमान है। साथ ही कन्नड़ कार्यकर्ता उनका घेराव कर सकते हैं और इसके परिणामस्वरूप एमईएस कार्यकर्ताओं के साथ झड़प हो सकती है। परमेश्वर ने बेंगलुरु में संवाददाताओं से कहा, हमने महाराष्ट्र सीमा क्षेत्र में पुलिस को संवेदनशील कर दिया है, चाहे वह बेलगावी हो या बीदर। हमने पहले से ही उन स्थानों पर कर्नाटक राज्य रिजर्व पुलिस (केएसआरपी) प्लाटून को तैनात कर दिया है, जहां गड़बड़ी फैलने की जानकारी है। उन्होंने कहा, कर्नाटक राज्योत्सव के अवसर पर एमईएस द्वारा बेलगावी में काला दिवस मनाया जाता है और महाराष्ट्र के मंत्री आते हैं और वहां बयान देते हैं।



## चंद्रबाबू नायडू को हाई कोर्ट से बड़ी राहत

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने उन्हें कौशल विकास घोटाले मामले में चार हफ्तों की अंतरिम जमानत दे दी है। कोर्ट ने चंद्रबाबू नायडू को 24 नवंबर तक के लिए सशर्त जमानत दी है।



कोर्ट की ओर से जारी जमानत के आदेश में नायडू को निर्देश दिए गए हैं कि उन्हें चार हफ्तों बाद (24 नवंबर) को आत्मसमर्पण करना होगा। मामले में कोर्ट मुख्य जमानत याचिका पर 10 नवंबर को सुनवाई करेगी। साथ ही निर्देश है कि नायडू चिकित्सीय जांच के लिए सिर्फ अस्पताल जा सकते हैं। इसके अलावा उन्हें किसी भी अन्य कार्यक्रम में जाने की अनुमति नहीं होगी। हाई कोर्ट ने चंद्रबाबू नायडू को मीडिया और राजनीतिक गतिविधियों में भी हिस्सा न लेने का आदेश दिया है।

गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को राज्य के कौशल विकास निगम से जुड़े कथित 371 करोड़ रुपये के घोटाले के सिलसिले में 10 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। तब से वह राजमुंदरी सेंट्रल जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। आपराधिक जांच विभाग द्वारा चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी ने प्रदेश में राजनीतिक उथल-पुथल को जन्म दिया था। साथ ही टीडीपी समर्थकों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प की खबरें भी सामने आईं थीं। नायडू को अपने शासन काल में शराब कंपनियों को कथित तौर पर अवैध लाइसेंस देने के मामले में भी आरोपी बनाया गया है। दरअसल, पिछले हफ्ते चंद्रबाबू नायडू ने एक विशेष अदालत को पत्र लिखकर जेल में सुरक्षा खामियों को उजागर किया था।

# उग्रवादियों ने की पुलिस अधिकारी की गोली मारकर हत्या

**इंफाल।** मणिपुर में महीनों से जारी जातीय हिंसा के बीच मंगलवार को संदिग्ध उग्रवादियों की गोली लगने से एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब मोरेह उप-विभागीय पुलिस अधिकारी चिंगथम आनंद सीमावर्ती शहर के पूर्वी मैदान में एक नवनिर्मित हेलीपैड का निरीक्षण कर रहे थे। गोली लगने के बाद एसडीपीओ को मोरेह के एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तुरंत भर्ती कराया गया, जहां उमकी मौत हो गई। पुलिस ने उग्रवादियों को पकड़ने के लिए सर्च अभियान शुरू कर दिया है। इस घटना को लेकर मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि वह आनंद की नृशंस हत्या से दुखी हैं। सिंह ने ङ्क (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, आज सुबह मोरेह पुलिस के ओसी, एसडीपीओ चिंगथम आनंद की निर्मम हत्या से बहुत दुखी हूं। लोगों की सेवा और सुरक्षा के प्रति उनके समर्पण को हमेशा याद रखा जाएगा और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।

**हिंसा**

**गौरतलब है कि 3 मई को मणिपुर के चुराचांदपुर शहर में हुई पहली झड़प के बाद व्यापक पैमाने पर हिंसा हुई।**



समाचार एजेंसी PTI के मुताबिक, यह घटना कई नागरिक समाज संगठनों, खासकर मोरेह स्थित संगठनों के सदस्यों द्वारा सीमावर्ती शहर से राज्य बलों को हटाने की मांग के कुछ दिनों बाद हुई है। गौरतलब है कि 3 मई को मणिपुर के चुराचांदपुर शहर में हुई पहली झड़प के बाद व्यापक पैमाने पर हिंसा हुई। ये झड़पें आदिवासी समूहों द्वारा राज्य के आरक्षण में प्रस्तावित बदलाव के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के आह्वान के बाद हुईं, जिसमें मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिया गया था। 3 मई की हिंसा तेजी से पूरे राज्य में फैल गई। तब से राज्य में कम से कम 175 लोग मारे गए हैं और 50,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं।

## पूर्वोत्तर राज्यों में भूमि अधिग्रहण को लेकर नितिन गडकरी ने दी चेतावनी

**गुवाहाटी।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि पिछले 10 वर्षों में लगभग 3 लाख करोड़ रुपये की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिससे क्षेत्र में एनएच की लंबाई 45 प्रतिशत बढ़ गई है। हालांकि, गडकरी ने यह भी चेतावनी दी कि अधिकारियों को नागालैंड और मेघालय जैसे कुछ पूर्वोत्तर राज्यों में भूमि अधिग्रहण की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यदि मुद्दों को जल्द ही हल नहीं किया गया तो परियोजनाएं बंद हो सकती हैं। असम में एनएच कार्यों की प्रगति की समीक्षा के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में गडकरी ने कहा, ÷पिछले 10 वर्षों में पूर्वोत्तर को 2,89,425 रुपये की परियोजनाएं दी गई हैं।

## इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर मल्लिकार्जुन खरगे ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 39वीं पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने एक मजबूत और प्रगतिशील भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए इंदिरा गांधी की सराहना की। भारत की



पहली और एकमात्र महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की आज ही के दिन 1984 में उनके अंगरक्षकों द्वारा हत्या कर दी गई थी। खरगे और पूर्व पार्टी प्रमुख सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने यहां पूर्व प्रधानमंत्री को उनके स्मारक शक्ति स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की। एक्स पर एक पोस्ट में खरगे ने देश के प्रति उनके समर्पण को उजागर करने के लिए इंदिरा गांधी का एक उद्धरण पोस्ट किया।जब तक मुझ में साँस है तब तक सेवा ही नहीं जायेगी और जब मेरी जान जायेगी तब मैं ये कह सकती हूँ कि...एक एक खून का क़तरा जितना मेरा है, वह एक-एक खून का क़तरा ज्एक भारत को जीवित करेगा।

# गाजा में काफी अंदर तक घुसी इजरायली सेना



**नई दिल्ली।**। इजरायली सेना ने गाजा में कार्रवाई के दौरान अपनी एक बंधक महिला सैनिक को छुड़वा लिया। इस सैनिक को सात अक्टूबर को हमास के लड़ाकों ने इजरायल से अगवा कर लिया था। इस महिला सैनिक का नाम ओरी मेगिदिश बताया गया है। रायटर, यरुशलम। इजरायली सेना गाजा में काफी अंदर तक घुस गई है। उसने कार्रवाई के दौरान अपनी एक बंधक महिला सैनिक को छुड़वा लिया। इस सैनिक को सात अक्टूबर को हमास के लड़ाकों ने इजरायल से अगवा कर लिया था और तभी से वह बंधक बनी हुई थी।

इस महिला सैनिक का नाम ओरी मेगिदिश बताया गया है। इस सैनिक को स्वास्थ्य जांच के लिए भेजा गया है, लेकिन दूर से देखने में वह स्वस्थ प्रतीत हो रही है।

इस बीच जर्मनी की एक बंधक युवती शानी निकोल लुक के गाजा में लड़ाई की चपेट में आकर मारे जाने की सूचना है। इस युवती को सात अक्टूबर को इजरायल में चल रहे संगीत उत्सव से अगवा कर गाजा में बंधक बनाया गया था। जर्मनी के चांसलर ओलफ शुल्ज ने शानी की मौत पर दुख जताया है और उसकी हत्या को हमास का बर्बर कृत्य करार दिया है।

सात अक्टूबर के हमले में हमास लड़ाकों ने इजरायल से 229 लोगों का अपहरण किया था और उन्हें गाजा में विभिन्न स्थानों पर बंधक बनाकर रखा गया है। इनमें कई विदेशी नागरिक हैं। इनमें से चार महिलाओं को हमास ने रिहा कर दिया है, जबकि 50 के इजरायली हमलों में मारे जाने की जानकारी दी है।

## संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के तीखे तेवर

**संयुक्त राष्ट्र।** इजरायल-हमास युद्ध का आज 25वां दिन है। इजरायली सेना लगातार हमास के ठिकानों को निशाना बना रही है। हालांकि, युद्ध के बीच संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में इजरायल-हमास युद्ध पर चर्चा हुई। इस दौरान इजरायली राजदूत संयुक्त राष्ट्र में येलो बैज पहने नजर आए। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र की बैठक में इजरायल के राजदूत अपनी टीम के साथ येलो बैज पहनकर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने हमास के हमलों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जब तक संयुक्त राष्ट्र के सदस्य हमास के अत्याचारों की निंदा नहीं करेंगे, तब तक वह अपना बैज पहने रहेंगे। इजरायल के राजदूत गिलाद एर्डन ने कहा कि आपमें से कुछ लोगों ने पिछले 80 सालों में कुछ नहीं सीखा है।

# 25 दिन में 8 हजार लोगों की मौत, हमास के चंगुल से निकली इजरायली महिला सैनिक

**गाजा।** इजरायल-हमास युद्ध को आज 25 दिन पूरे हो चुके हैं। इस बीच इजरायल ने हमास आतंकियों को काफी हद तक नुकसान हुआ है। पिछले तीन दिनों में इजरायली सेना गाजा-पट्टी में जमीनी घुसपैठ कर रही है। इतना ही नहीं, इजरायली सैनिकों ने हमास के लगभग 600 से अधिक ठिकानों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया है। हालांकि, इस युद्ध के दौरान गाजा में अब तक 8 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

जमीनी घुसपैठ इजरायल के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रही है। आज इजरायल ने हमास के चंगुल से एक बंधक को सुरक्षित बचा लिया है, जिसके बाद इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनी खुशी जाहिर की। आइए बताते हैं कि इजरायल-हमास युद्ध के 25वें दिन तक क्या-क्या हुआ। व्यापक हमले के दौरान फलस्तीनी आतंकवादियों द्वारा बंधक बनाए गए 240 लोगों में से एक को विशेष बलों के ऑपरेशन में बचा लिया गया है। सेना ने कार्रवाई के दौरान अपनी एक बंधक महिला सैनिक को छुड़वा लिया है। इस महिला सैनिक का नाम ओरी मेगिदिश बताया गया है, जिसे फिलहाल स्वास्थ्य जांच के लिए भेजा गया है। गाजा में लड़ाई की चपेट में आकर एक जर्मन युवती शानी निकोल लुक के मारे जाने की

**बंधक**

**व्यापक हमले के दौरान फलस्तीनी आतंकवादियों द्वारा बंधक बनाए गए 240 लोगों में से एक को विशेष बलों के ऑपरेशन में बचा लिया गया है।**



सूचना मिली है। इस युवती को हमास ने सात अक्टूबर से अपने पास बंधक बनाकर रखा था। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शुल्ज ने शानी की मौत पर दुख व्यक्त किया है और उसकी हत्या को हमास का बर्बर कृत्य करार दिया है। हमास के आतंकियों ने गैर-सैन्य बंधकों की रिहाई के लिए अपनी शर्त रखी है। दरअसल, इजरायल और हमास के बीच कतर मध्यस्थता के तौर पर काम कर रहा है। बातचीत में हमास गाजा में राहत सामग्री और डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति के लिए पांच दिनों के युद्ध विराम की शर्त रखी है।

हमास लड़ाकों ने इजरायल से

## अमेरिका में हिंदू मंदिर में हुई चोरी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया में एक हिंदू मंदिर में चोरों ने चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने मंदिर परिसर से एक दान पेटी को चुरा लिया, जिससे भारतीय हिंदू समुदाय सदमे में हैं। सैक्रामेंटो बी अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना सोमवार को पार्कवे पड़ोस में हरि ओम राधा कृष्ण मंदिर में लगभग 2:15 बजे हुई। सैक्रामेंटो पुलिस विभाग हिंदू मंदिर में चोरी की घटना की जांच कर रहा है। पुलिस ने यह खुलासा नहीं किया कि क्या चोरी हुआ, लेकिन डिस्पैच ऑडियो से संकेत मिलता है कि एक दान पेटी चोरी हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया कि डिस्पैचर्स ने लोगों को बताया कि सर्विलांस वीडियो के माध्यम से छह संदिग्धों को मंदिर परिसर में देखा गया, जिनमें से दो मंदिर के अंदर गए थे। पुलिस ने कहा कि मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन घटना की जांच जारी है।

# मानव शील्ड बना रहा हमास, अमेरिका का दावा- गाजा में आम नागरिकों की रक्षा की कोशिश में जुटा इजरायल

**वॉशिंगटन।** इजरायल हमास युद्ध का आज 25वां दिन है। इस युद्ध में अब तक 8,306 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। वहीं, 1400 से ज्यादा इजरायली लोगों की मौत हो चुकी है। गाजा पट्टी पर लगातार इजरायली सेना द्वारा बमबारी और सैन्य अभियान चलाई जा रही है। युद्ध की वजह से गाजा में मौजूद कई निर्दोष नागरिकों की भी मौत हो चुकी है। गाजा में ना तो राहत शिविर सुरक्षित है और ना ही अस्पताल। इजरायली सैनिकों द्वारा किए जा रहे बमबारी और गोलीबारी की वजह से गाजा में लोग हर पल मौत के साये में जीने के लिए मजबूर हैं। इस बात पर अमेरिका सहित पूरी दुनिया चिंतित है। कुछ दिनों पहले अमेरिका ने इजरायल से यह अनुरोध किया था कि इजरायली सैनिक निर्दोष नागरिकों पर हमला न करें। वहीं, जरूरी है कि इजरायल, गाजा में मौजूद आतंकियों और नागरिकों के बीच अंतर समझे। वहीं, अब सोमवार (30 अक्टूबर) को व्हाइट हाउस में नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि उन्हें लगता है कि इजरायल, गाजा में मौजूद निर्दोष लोगों के प्रति सहानुभूति रखता है। वहीं, इजरायल की कोशिश है कि गाजा में कम से कम मानवीय क्षति पहुंचाई जाए। उन्होंने आगे कहा कि इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इजरायल की लड़ाई गाजा में मौजूद निर्दोष नागरिकों से नहीं बल्कि आतंकवादियों से है। हमारा लक्ष्य सिर्फ हमास को खात्मा करना है।

**राहत**

**युद्ध की वजह से गाजा में मौजूद कई निर्दोष नागरिकों की भी मौत हो चुकी है। गाजा में ना तो राहत शिविर सुरक्षित है और ना ही अस्पताल।**



जॉन किर्बी से जब पूछा गया कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को लगता है कि इजरायल युद्ध नियमों का पालन कर रहा है तो उन्होंने इसका सीधा जवाब नहीं दिया, लेकिन उन्होंने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं कि इस युद्ध में कई निर्दोष लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है।

जॉन किर्बी ने आगे कहा कि इजरायल का सिर्फ एक ही लक्ष्य है, वो है हमास को मिटाना। हमास फलस्तीनी नागरिकों को सुरक्षा ढाल (मानव शील्ड) के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। द टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हमास नागरिकों को दक्षिणी गाजा में सुरक्षित क्षेत्र में जाने से रोक रहा है।

# स्पेस में 6 महीने बिताकर वापस लौटे 3 अंतरिक्ष यात्री

**ताइपे।** चीन के तीन अंतरिक्ष यात्री छह महीने तक चीन के परिक्रमा अंतरिक्ष स्टेशन में रहने के बाद मंगलवार की सुबह पृथ्वी पर लौट आए हैं। आधिकारिक शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने कहा कि जिंग हैपेंग, झू यांग्झू और गुई हाई चाओ गोबी रेगिस्तान के किनारे जिओ क्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर के पास रिटर्न कैप्सूल से निकले।

स्टेशन का नया दल पिछले सप्ताह तियांगोंग स्टेशन पर पहुंच गया है। स्टेशन का का पूरा हो गया है, अब नया दल चिकित्सा और वैज्ञानिक प्रयोग करेगा और उपकरणों को इसके अनुसार रखेगा। चीन ने 2003 में अपना पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन बनाया और 2030 से पहले चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने की योजना बनाई है। यह चंद्रमा की सतह से सैंपल वापस लाया है और चंद्रमा के कम खोजे गए सुदूर हिस्से पर एक रोवर उतारा है। भविष्य में योजना बनाई गई है कि ब्रह्मांड की गहराई से जांच करने के लिए एक नई दूरबीन भेजी जाएगी। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से बाहर किए जाने के बाद चीन ने अपना खुद का अंतरिक्ष स्टेशन बनाया। इसको निकालने का मुख्य कारण राष्ट्रीय अंतरिक्ष कार्यक्रम पर चीनी सैन्य नियंत्रण पर अमेरिका की चिंताएं थीं। बाहरी अंतरिक्ष में नए मील के पत्थर तक पहुंचने के लिए बीजिंग अमेरिका के साथ मुख्य प्रतिद्वंद्वी के रूप में उभरा है। यह प्रौद्योगिकी, व्यापार, सैन्य और राजनयिक क्षेत्रों में दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच प्रभाव की प्रतिस्पर्धा को दर्शाता है। इसमें दक्षिण चीन सागर पर संप्रभुता का चीन का दावा और स्व-शासित ताइवान विवाद के विशेष बिंदु हैं।



# जन एकता यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

## गूंजे देशभक्ति के तराने, देश की एकता व अखंडता में सरदार पटेल का अहम योगदानः धनंजय सिंह

**अवधनामा संवाददाता**




**जौनपुर।** भारत रत्न लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर मंगलवार को जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद धनंजय सिंह के नेतृत्व में निकाली गई जन एकता यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। जगह-जगह लोगो ने पुष्पवर्षा व माल्यार्पण कर यात्रा का जोरदार स्वागत किया। भारत माता की जय व सरदार बल्लभ भाई पटेल अमर रहे के जयकारे से पूरा शहर गुंजायमान हो गया। मोहम्मद हसन कालेज के मैदान में बने मंच पर पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रगान के बाद देशभक्ति तारानो के साथ हजारो लोग भारत माता की जय.. सरदार बल्लभ भाई पटेल अमर रहे के नारों के साथ हाथ में तिरंगा लहराते निकले तो ऐसा लगा कि मानो हर किसी के दिल में देशभक्ति का समंदर हिलोरें मार रहा हो। लौह पुरुष के सम्मान में निकाली गई जन एकता यात्रा में युवाओं का जोश व जज्बा देखते ही बनता था। कोतवाली चौराहा, चहारसू चौराहा, ओलंदगंज में ब्यापारियो ने यात्रा पर पुष्पवर्षा कर पूर्व सांसद का माल्यार्पण किया। लगभग साढ़े तीन घंटे बाद यात्रा कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंची। पूर्व सांसद ने विकास भवन परिसर में स्थापित लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि अनेकता में एकता की यह देन लौह पुरुष सरदार पटेल जी की है। उनके जीवनी से आज के युवाओ को सीख लेनी चाहिए। देश की एकता व अखंडता के लिए लौह पुरुष ने जो अमूल्य योगदान दिया है उसे भुलाया नही जा सकता। उन्होंने जिस तरह से सारी रियासतो को एक करवाने का कार्य किया आज की आधुनिक भारत उन्ही की देन है। पूर्व सांसद ने कहा कि यह कोई राजनैतिक कार्यक्रम नही है।

# कुलभास्कर पीजी कॉलेज में जिला स्तरीय युवोत्सव का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** कुलभास्कर आश्रम स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज जिला विश्विद्यालय स्तरीय ललित कला प्रतियोगिताओं का प्राचार्या प्रो गीतांजलि मौर्य के निर्देशन में संपन्न हुआ। आयोजन में विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिभागियों में पोस्टर प्रतियोगिता में दिव्यांशी प्रथम, शैलजा द्वितीय एवं आराधना तृतीय स्थान पर रहीं, रंगोली प्रतियोगिता में शशि सिंह प्रथम, अनामिका द्वितीय एवं पायल कुमारी तृतीय स्थान पर रही, मेहंदी प्रतियोगिता में कामिनी सिंह प्रथम, प्रेरणा द्वितीय एवं खुशी यादव तृतीय स्थान पर रही, कार्टून प्रतियोगिता में दिव्यांशी प्रथम,आदित्य तिवारी द्वितीय एवं अंजली यादव तृतीय रही, स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में सृष्टि सरोज प्रथम ,ज्योति यादव द्वितीय एवं श्वेता सरोज तृतीय स्थान पर रही तथा कोलाज प्रतियोगिता में ऋषिका जायसवाल प्रथम स्थान पर रही। इस मौके पर संयोजक युवा महोत्सव प्रोफेसर सी एस चौबे, सहसंयोजक डॉक्टर मनीष श्रीवास्तव, प्रोफेसर पार्वती, प्रोफेसर सपना चौधरी, डॉक्टर आभा त्रिपाठी ,डॉक्टर इंदु, डॉ श्वेता श्रीवास्तव, प्रोफेसर विश्वनाथ, प्रोफेसर एस पी विश्वकर्मा, डॉ अखिलेश त्रिपाठी, डॉक्टर शशिकांत त्रिपाठी ,डॉक्टर अखिलेश चंद्र सिंह ,डॉ अनुराग त्रिपाठी ,डॉक्टर एस पी यादव, डॉक्टर मनोज कुमार सिंह, डॉक्टर परम प्रकाश सिंह, अनिल कुमार, मृदुल अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

# कन्धरापुर थाने के मुख्य द्वार का पुलिस अधीक्षक ने किया उद्घाटन



**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा कन्धरापुर थाने के मुख्य द्वार का उद्घाटन किया गया। पुलिसकर्मियों के खड़े होने के लिए दोनों तरफ पोस्ट बनाये गये है।थाना परिसर में जनसुनवाई कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष का आधुनिकीकरण कराया गया है। थाना परिसर में पुलिस कर्मियों के लिये बनाये जा रहे बैरक के कार्य की प्रगति के लियें संबन्धित को निर्देशित किया गया है।पुलिस कर्मियों को उत्तम गुणवत्तापूर्ण भोजन के लिए जनपद के सभी थानों के भोजनालय में भोजन बनाने हेतु नए बर्तन व गैस चूल्हों को उप्लब्ध कराया गया है।

पुलिसकर्मियों के विश्राम हेतु बैरकों की मरम्मत व नवीनीकरण का कार्य कराया जा चुका है जिन थानों पर कार्य बाकी है उनको भी पूरा करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने के चौकीदारो से वार्ता किया गया तथा उनकी समस्याओ को सुनकर निराकरण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया तत्पश्चात थाने पर नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण से सैनिक सम्मेलन कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा उनके निवारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर गौरव शर्मा, थानाध्यक्ष कन्धरापुर ब्रह्मदीन पाण्डेय सहित समस्त थाने के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पूर्वांचल के क्षेत्र में स्टार्ट अप और नवाचार की असीमित संभावनाएंः प्रो. वंदना सिंह

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में विश्वविद्यालय के इन्क्यूबेशन केंद्र के तत्वावधान में एक दिवसीय स्टार्टअप इन्डक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता कर रहीं कुलपति प्रो. वन्दना सिंह ने कहा कि पूर्वांचल की माटी में उद्योग पनपने की असीमित संभावनाएं है। यहां के छात्र देश-विदेश में विभिन्न संस्थाओं मे उच्चस्थ पद पर आसीन होकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां के छात्र महत्वाकांक्षी हैं आवश्यकता है उन्हे नवाचार एवं स्टार्ट अप के लिए उचित माहौल दिया जाय। पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय का इन्कूबेशन केंद्र इस जिम्मेदारी को उठाने के लिए कृत संकल्पित है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रोफ़ेसर बी.बी. तिवारी ने कहा कि विश्वविद्यालय के सभी पाठ्यक्रमों में कार्यरत शिक्षक एवं विश्वविद्यालय की सभी सुविधाएं इन्क्यूबेटीज के लिए उपलब्ध हैं, वे जब चाहें इनका उपयोग कर सकते हैं। कार्यक्रम के प्रारम्भ में इनक्यूबेशन सेन्टर के कार्यकारी निदेशक प्रो. अविनाश पाथर्डीकर नें विषय प्रवर्तन करते हुए पूर्वांचल क्षेत्र की विशेषता पर यहां उपलब्ध अवसरों पर लोगों का ध्यान आकर्षित किया और कहा कि यह केंद्र नवोन्मेषी विचारों एवं स्टार्ट अप को खडा करने के लिए उचित माहौल प्रदान करने के लिए तैयार है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय इनक्यूबेशन सेंटर से जुडे इनक्यूबेटी शेखर आनन्द, आकाश सिंह, लीगल सपोर्ट हेतु मिस्टर प्रोफ़ेशनल के निदेशक सुनील जायसवाल तथा राफ़्ट एंड रिवर्स के निदेशक, त्रिपेन भट्ट ने अपने विचार रखे .कार्यक्रम के अंत में प्रो. रजनीश भास्कर ने धन्यवाद ज्ञापन किया तथा संचालन अभिनव श्रीवास्तव ने किया गया। इस अवसर पर प्रो. मानस पाण्डेय, प्रो. वन्दना राय, प्रो. बी. डी. शर्मा, डॉ. अमित वत्स, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. अमरेन्द्र सिंह, डॉ. रसिकेश, डॉ. सुशील कुमार समेत विभिन्न संकायों के छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक दल ने किसानों की मांगो को लेकर राज्यपाल को सम्बोधित सौंपा



**आजमगढ़।** राष्ट्रीय लोक दल द्वारा किसानों की पांच सुत्री मांगो का पत्रक जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को सम्बोधित सौपा। गन्ना मूल्य 400 रूपया कुन्तल किया जाय,आलू, धान साहित सभी कृषि उत्पादों का लाभकारी मूल्य तय कर एमएसपी पर कानून बनाया जाय,प्रदेश के अनेक जिलों में धान की फ़सल सूखा के कारण सूख गई हैं, उन्हें राहत प्रदान की जाय,किसानों को कृषि फ़सलों की सिचाई के लिये मुफ्त बिजली दी जाय व आवारा जानवरों से किसानों की जान एवं फ़सलों को बचाया जाय। इस आवसर पर महमद खाँ ,धीरेन्द्र प्रताप सिंह,दिनेश यादव व चन्द्रमोहनसिंह सहीत आदी लोग उपस्थीत रहे।

# सादगी के साथ मना पूर्व विधायक तेज बहादुर सिंह की पुण्यतिथि

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** पूर्व विधायक तेज बहादुर सिंह की दशवी पुण्यतिथि मंगलवार को न्यू कॉलोनी हुसैनाबाद में सादगी के साथ मनाया गया। अतिथियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। अतिथियों व परिजनो द्वारा भारी संख्या में मौजूद जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किया गया।

शहर स्थित आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जफराबाद के विधायक, पूर्व काबिना मंत्री जगदीश नारायण राय ने अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय तेज बहादुर सिंह ने समाज के हर वर्ग के लोगों के भलाई के लिए कार्य किया। अच्छे कर्मों से ही मानव की पहचान युगों- युगों तक बनी रहती है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय तेज बहादुर सिंह निडर व साहसी व्यक्ति थे। समाज के गरीब व जरूरतमंद लोगों की सेवा वह सहायता करने में कोई कोर कसर नहीं रखते थे। विधायक व अन्य अतिथियों ने उनके चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर प्रबंधक सत्य प्रकाश सिंह, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष इंद्रभुवन सिंह, लालजी चौहान, देवराज पांडे, राजेश सिंह, जय प्रकाश सिंह साथी, विवेश उपाध्याय, सत्येंद्र सिंह, राकेश उपाध्याय आदि लोग उपस्थित रहे। आभार उनके पुत्र सुरेंद्र बीर विक्रम बहादुर सिंह बाबा व पौत्र क्षितिज सिंह वत्स ने ज्ञापित किया।

# पूर्वांचल के ऐतिहासिक भरत मिलाप मेले का दूसरा दिन भी बहुत ही शांति व्यवस्था में

**अवधनामा संवाददाता**




- महासमिति के अध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता ने पुलिस प्रशासन और विद्युत टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया
- इंजीनियर उमाशंकर गुप्ता ने कहा लवकुश दल कश्मीर है तो जय महाकाल दल कन्याकुमारी -महासमिति के अध्यक्ष आलोक गुप्ता ने श्री हनुमान दल को कहा मेले का हृदय

**जौनपुर (मुंगरा बादशाहपुर)** मुंगरा बादशाहपुर में लगने वाले पूर्वांचल का ऐतिहासिक भरत मिलाप मेले का दूसरा दिन भी बहुत ही शांतिपूर्ण व्यवस्था में संपन्न हुआ, मेला महसमिति के अध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता अपनी पूरी टीम के साथ मेला क्षेत्र का चक्रमण करते रहे, सभी दलों पर उनका माल्यार्पण और अंगवस्त्रम भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया गया।

चक्रमण करने के दौरान वह पर श्री हनुमान दल के मंच पर पहुंचकर अपने उद्बोधन में कहा कि इस ऐतिहासिक भरत मिलाप मेले का का हृदय है, साथ ही एसपी ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह क्षेत्राधिकार मछली शहर अतर सिंह और उप जिलाधिकारी राजेश चौरसिया तथा थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिवेणी सिंह को सकुशल मेला संपन्न कराने के लिए कोटि-कोटि धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस बार कहीं भी कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। महासमिति अध्यक्ष के साथ इंजीनियर उमाशंकर गुप्ता ने लवकुश दल के मंच से कहा कि मछली शहर रोड पर सजने वाला लवकुश दल तो नई बाजार के आखिरी छोर पर सजने वाला जय महाकाल दल कन्याकुमारी। मुंगरा बादशाहपुर ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र सिंह चक्रमण करते हुए संपूर्ण मेले का अवलोकन किया, मेले में नगर पालिका अध्यक्ष टीम के साथ चक्रमण करते दिखाई दिए, इस ऐतिहासिक मेले में लगभग डेढ़ लाख लोगों के शामिल होने का अनुमान लगाया जा रहा है, सभी दलों पर सजे गगनचुंबी गेट पर सुंदर लाइट के प्रदर्शन से लोग मनमुग्ध हुए, गेट के प्रदर्शन में धार्मिक और सांस्कृतिक चलचित्र आकर्षण का केंद्र रहे,यह ऐतिहासिक मेला बहुत ही शांतिपूर्ण व्यवस्था में संपन्न हुआ।

# सरदार पटेल जयंती पर अभिलेख प्रदर्शनी का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के अवसर पर एकता दौड़ तथा अभिलेख प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय अभिलेखागार (संस्कृति विभाग) प्रयागराज द्वारा किया गया। शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क से एकता दौड़ का आयोजन हुआ। जो प्रदर्शनी स्थल क्षेत्रीय अभिलेखागार कार्यालय मेडिकल चौराहा, प्रयागराज पर समाप्त हुई इस दौड़ में सिविल डिफेंस तथा पुलिस के अधिकारी, जवानों के साथ साथ अतिथियों ने प्रतिभाग किया। एकता दौड़ का शुभारंभ अवधेश चंद्र गुप्ता क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बीजेपी प्रयागराज द्वारा किया गया। इसके बाद क्षेत्रीय अभिलेखागार प्रयागराज में सरदार पटेल विषयक अभिलेख प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया जिसका उद्घाटन प्रो हेरम्ब चर्तुवेदी पू. विभागाधक्ष इ.वि.वि. प्रयागराज द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत तथा कार्यक्रम का संयोजन राकेश कुमार वर्मा, प्राविधिक सहायक द्वारा किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### नॉर्दन फुटबॉल अकादमी की टीम घोषित



**प्रयागराज।** नॉर्दन फुटबॉल अकादमी प्रयागराज की सीनियर फुटबॉल टीम एक से पांच नवंबर तक शिवपुरी मध्य प्रदेश में होने वाले अखिल भारतीय फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। स्व0 चंद्रशेखर शर्मा (चंदू बाबूजी) वेलफेयर खेल एवं संस्कृति समिति शिवपुरी मध्य प्रदेश के तत्वाधान में प्रारम्भ होने वाली इस लीग कम नॉक आउट प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें भाग ले रही है। अकादमी के हेड प्रशिक्षक इंद्रनील घोष ने बताया की चयन ट्रायल्स के आधार पर निम्नलिखित 16 खिलाड़ियों को टीम में जगह प्राप्त हुई है उनमें हर्षित ओझा, आदर्श शर्मा, प्रतीक राज, शिवम सरोज, अमित, कृष्णा, प्रसेनजित मजूमदार, किरण दास, दिव्यांशु, विकास बिष्ट, अजय मोहन, आशीष, नवल, दानिश, शक्षम, मितेश गुप्ता हैं शामिल है।

### चौधरी नौनिहाल क्लब 'बी' को पूरे अंक



**प्रयागराज।** चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब 'बी' ने विराट स्पोर्ट्स क्लब को तीन विकेट से हराकर प्रो. एपी भटनागर अंडर-23 लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। केपी कॉलेज मैदान पर मंगलवार को खेले गए मैच में विराट स्पोर्ट्स क्लब ने 35.1 ओवर में 165 रन (सत्यम सिंह 55, सौरभ प्रताप सिंह 35, आदित्य कुमार 28, विनोद पांडेय 24, मोहम्मद फैज़ान 4/10, आशुतोष पांडेय 3/14) बनाये। जवाब में चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब 'बी' ने 34 ओवर में 7 विकेट पर 167 रन (हर्षित नारायण तिवारी 39, मोहम्मद फैज़ान 25 नाबाद, सचिन मिश्र 25, सौरभ प्रताप सिंह 2/26, ओम प्रकाश 2/29) बना लिये।

### राष्ट्रीय एकता अनुभूति का विषयः प्रो. अतुल कुमार

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय एकता अनुभूति का विषय है। यह समर्पण भाव है। देश वासियों के प्रति परस्पर सम्मान और स्वीकार्यता इसका मूल है। उक्त बातें इलाहाबाद विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित ÷राष्ट्रीय एकता दिवस÷ पर मुख्य अतिथियों के रूप में बोलते हुए विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी प्रो. अतुल कुमार शरण ने कहीं। उन्होंने कहा कि हम किसी भी प्रकार की विघटनकारी, देश विरोधी गतिविधि में शामिल न हों, उसका समर्थन न करें, यह भी इस एकता के प्रति हमारा योगदान ही है। उन्होने कला संकाय परिसर के मनोविज्ञान विभाग में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिभागी स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई। विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. राजेश कुमार गर्ग ने कहा कि हमें राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करना चाहिए।

# 20 विजेता प्रतिभागी पुरस्कृत




**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, आजमगढ़ के द्वारा जनपद के सेहदा में स्थित श्री दुर्गा जी नर्सिंग स्कूल में राष्ट्रीय एकता दिवस, मेरी माटी मेरा देश ,9 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण, सतर्कता जागरुकता सप्ताह विषय पर आयोजित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी यशवंत सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में यहां के लोगों के बीच एकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे समय में जब कई रियासतें खंडित थीं, सरदार वल्लभभाई पटेल ने एकजुट भारत के दृष्टिकोण का समर्थन किया। राष्ट्रीय एकता दिवस देश को एकजुट करने के लिए पटेल और अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए संघर्षों और बलिदानों की याद दिलाता है।

# स्मार्ट सिटीः प्रयागराज की सड़के होंगी स्मार्ट

## सीएम ग्रीड योजना के अंतर्गत शहर की 34 सड़कों को 53 करोड़ से नगर निगम बनाएगा स्मार्ट

**अवधनामा संवादाता**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ के पहले योगी सरकार कुंभ नगरी प्रयागराज की सड़कों का कायाकल्प कर रही है। नगर निगम और लोक निर्माण विभाग की तरफ से शहर की सड़कों के निर्माण और नवीनीकरण की कवायद शुरू हो गई है। प्रयागराज शहर की सड़क स्मार्ट बनेगी। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के बाद अब नगर निगम भी शहर की सड़कों को स्मार्ट बनने में जुट गया है। नगर निगम की तरफ से बनाई जा रहे हैं इन सड़कों में दोनों तरफ पैदल चलने के लिए फुटपाथ बनेगा। इसके अलावा सड़क के किनारे या डिवाइडर पर हरियाली होगी। स्मार्ट बनने के लिए शहर के अलग-अलग हिस्से में 34 सड़कें नगर निगम की तरफ से चिन्हित की गई है। सीएम ग्रीड योजना के तहत ये सड़कें बनाई जा रही हैं। सीएम ग्रीड योजना के तहत सड़कों को स्मार्ट बनाने के लिए सड़कों का 10 मी या इससे अधिक चौड़ीकरण करने के लिए सड़कों को चिन्हित किया गया है। नगर निगम के मुख्य अभियंता सतीश कुमार का कहना है कि सड़कों के लिए चिन्हीकरण के बाद चिन्हित सड़कों का ब्योरा शासन को भेज दिया गया है। सीएम ग्रीड योजना के तहत चिन्हित सड़कों का उच्च स्तरीय कमेटी अध्ययन कर चुकी है। स्वीकृति मिलने के बाद सड़कों का डीपीआर तैयार का निर्माण शुरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया है कि सड़क बनाने का बजट नगर निगम के राजस्व वसूली के आधार पर होगा। प्रयागराज नगर निगम को इस साल सीएम ग्रीड योजना के तहत सड़कों के लिए 53 करोड़ रुपए मिलेंगे।

### 80 किलोमीटर सड़कों का होगा नवीनीकरण

नगर निगम के अलावा लोक निर्माण विभाग की तरफ से प्रयागराज शहर में 80 किलोमीटर तक सड़कों का नवीनीकरण किया जाएगा इसके लिए भी शासन से बजट जारी हो गया है। इसके अंतर्गत शहर उत्तरी की 32 और शहर दक्षिणी की 12 सड़कों का नवीनीकरण होना है। इसके लिए पीडब्ल्यूडी की तरफ से लगभग 18 करोड का बजट खर्च किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता पीके राय के मुताबिक शहर उत्तरी की लगभग 32 सड़कों का नवीनीकरण करने की योजना बनाई गई है जिनकी दूरी 55 किलोमीटर तक होगी। इसके लिए 12 करोड रुपए खर्च किया जाएगा। वहीं शहर दक्षिणी की 12 सड़कों का नवीनीकरण भी किया जाएगा जिनकी कुल दूरी 25 किलोमीटर है। इसके लिए 8 करोड़ का बजट खर्च किया जाएगा। इन सबके अलावा शहरी क्षेत्र में सड़कों की पैचिंग करने के लिए अलग से तीन से चार करोड रुपए का बजट खर्च किया जाएगा।

# यूपी में देसी के आगे अंग्रेजी शराब पीछे

- एक साल में 77 करोड़ लीटर देशी और 27 करोड़ लीटर अंग्रेजी शराब गटक रहे लोग, 70 करोड़ बियर की भी है खपतः चंद्रशेखर द्विवेदी

**अवधनामा संवाददाता**




**प्रयागराज।** देश के हर कोने में शराब के शौकीन लोग मिल जाएंगे,लेकिन अगर बात सिर्फ शराब पीने वाले लोगों की बड़ी संख्या की जाए तो देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में इन दिनों एक नए तरीके का सुरुर देखने को मिल रहा है। यहां हर जिले में शराब के शौकीनों की संख्या बढ़ रही है। यूपी में शराब भी सबसे ज्यादा लोग गटक रहे हैं।

यूपी आबकारी विभाग के ताजा आंकड़ों के मुताबिक यूपी में एक साल में 77 करोड़ लीटर देसी शराब बिकती है। यूपी के लोग हर साल 77 करोड़ लीटर देसी शराब गटक रहे हैं। लोग अंग्रेजी नहीं देसी शराब अधिक गटक रहे हैं। एक साल में यूपी में अंग्रेजी शराब 27 करोड़ लीटर बिकती है। मतलब साफ है लोग अंग्रेजी शराब सिर्फ 27 करोड़ लीटर ही गटक रहे हैं।देसी शराब 77 करोड़ लीटर गटक रहे हैं। यानी यूपी में एक साल में प्रति व्यक्ति देसी शराब की खपत 3.20 लीटर है।

उत्तर प्रदेश आबकारी विभाग के आंकड़ों के मुताबिक यूपी में अंग्रेजी शराब की दुकानों से अधिक देसी शराब की दुकानें हैं। यूपी में देसी शराब की दुकानें 15,730 हैं और अंग्रेजी शराब की दुकानें 6,346 हैं। बीयर की दुकानें 5,654 हैं और मॉडल शॉप 434 है। वर्तमान में यूपी में शराब की इतनी दुकानें संचालित हैं। यूपी में हर साल 70 करोड़ बीयर केन बिकती है। मतलब एक साल के अंदर यूपी के लोग 70 करोड़ बीयर का केन गटक रहे हैं।आंकड़ों पर अगर नजर डाली जाए तो यूपी की जनसंख्या 24 से 25 करोड़ के आसपास है। इस हिसाब से यूपी का हर आदमी एक साल में औसतन 2.91 लीटर बीयर गटक जाता है।

# कांग्रेस नेता के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**अवधनामा संवाददाता**



**मुबारकपुर,आजमगढ़।** मुबारकपुर की वरिष्ठ कांग्रेस नेता जमील अंसारी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कोहिनूर गेस्ट हाउस में किया गया जिसमें कांग्रेस के पूर्व सांसद संतोष सिंह ने उनके विचारों पर प्रकाश डाला संतोष सिंह ने कहा कि स्वर्गीय जमील अहमद सच्ची ईमानदार के धनी व्यक्ति थे ।इंदिरा गांधी कैडर से कांग्रेस में अपना संपूर्ण जीवन कांग्रेस के साथ निभाया उनके निधन से कांग्रेस जनों में काफी आहत है की आज हमारे बीच स्वर्गीय जमील अहमद अंसारी व्यक्ति नहीं रहे जिसकी छती की भरपाई नहीं हो पाएगी श्रद्धांजलि सभा में मध्य प्रदेश से चलकर आए करुणा प्रसाद मिश्रा भारत जोड़ो यात्रा में शामिल रहे उन्होंने कहा कि स्वर्गीय जमील अहमद हमेशा से सच्चे कांग्रेस के सिपाही रहे और अंत तक कांग्रेस के झंडे के साथ अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया इस श्रद्धांजलि सभा में स्वर्गीय जमील अहमद की पुत्री फेजिया खातून तथा उनके शिक्षक भी उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जिसमें मुख्य रूप से ज्योति सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, रूबी सिंह, अखिलेश तिवारी ,खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र यादव ,ए आर पी नंदलाल यादव, कल्पना यादव, राजेश प्रधान भटोरा ,तथा कांग्रेसी राम अवध यादव हाजी इफ्तेखार अंसारी व मुख्तार एवं महिला कांग्रेस नेता लालती देवी आदि दर्जनों कांग्रेसी नेता गढ़ उपस्थित रहे।

# आरएसएस पर पाबन्दी लगाना सरदार पटेल की दृढ़ इच्छाशक्ति का उदाहरण

- सपा कार्यालय पर मनी लौह पुरुष की जयंती

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** देश के पूर्व गृहमंत्री,भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की जयंती पर आज समाजवादी पार्टी कार्यालय में गोष्ठी आयोजित कर उनके सिद्धांतों, पदचिन्हो पर चलने का संकल्प लिया गया। शुरुआत में उनके चित्र पर फूल माला अर्पित कर नमन किया गया। गोष्ठी में पूर्व सांसद धर्मराज पटेल, पूर्व एम एल सी बासुदेव यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष श्यामलाल पाल, डॉ एस. पी. सिंह पटेल, नरेन्द्र सिंह आदि वक्ताओं ने देश के पूर्व गृहमंत्री, लौह पुरुष सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए देश के स्वतंत्रता आंदोलन में उनके संघर्षो,जेल यात्राओं एवं अखंड भारत की संकल्पना को साकार करने के ऐतिहासिक कार्यों को याद किया। जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि आज के युवाओं को उनके संघर्षो और दूर दृष्टि से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने बताया की सरदार पटेल की जयंती आज सभी विधानसभाओं में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा मनाई जा रही है। संचालन जिला सचिव राम मूरत यादव नाटे चौधरी ने किया। गोष्ठी में प्रमुख रूप से अनिल यादव, धर्म राज पटेल, बासुदेव यादव, श्यामलाल पाल, सत्य वीर मुन्ना,पंधारी यादव, कृष्ण मूर्ति यादव,डॉ एस पी पटेल,रामदेव निडर,नसीम खां, शांति प्रकाश पटेल, डॉ राजेश यादव, दूधनाथ पटेल, जीत लाल पासी, डॉ राजेश यादव,वजीर खां, दान बहादुर मधुर,आर. एन. यादव, इंजी जगदीश यादव,राम निरंजन विश्वकर्मा, इंजी. विक्रम यादव,जय शंकर भारतीय, शमसाद अहमद, केशव प्रसाद विश्वकर्मा, इंजी जगदीश यादव, महबूब उस्मानी, मुस्ताक काजमी आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

# इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2023 भारी सफलता के साथ संपन्न

## एशिया के सबसे बड़े टेक्नोलाजी फोरम में 1.5 लाख से अधिक लोग शामिल हुए

**दिल्ली।** एशिया के सबसे बड़े दूरसंचार, मीडिया और टेक्नोलॉजी फोरम इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2023 के 7वें संस्करण में 67 देशों से रिकॉर्ड 1.5 लाख से अधिक प्रतिभागियों के साथ यह आयोजन भारी सफलता के साथ संपन्न हुआ। आईएमए 2023 का आयोजन दूरसंचार विभाग और सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। ग्लोबल डिजिटल इनोवेशन की थीम के तहत 27 से 29 अक्टूबर तक चले इस तीन दिवसीय एग्जिबिशन एवं फोरम का उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा केंद्रीय संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री श्री देवुसिन्ह चौहान की उपस्थिति में किया गया। उद्घाटन समारोह में रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के चेयरमैन श्री आकाश एम अंबानी, भारती एंटरप्राइसेस के चेयरमैन श्री सुनील भारती मित्तल और आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन श्री कुमार मंगलम बिड़ला भी शामिल थे।

प्रधानमंत्री ने इस देश में 5जी एप्लीकेशंस विकसित करने और एक 6जी रेडी इकोसिस्टम के



निर्माण के लिए 100 5जी लैब पहल की भी घोषणा की। इस फोरम में टेक्नोलॉजी, दूरसंचार, सरकार और सार्वजनिक उपक्रम एवं स्टार्टअप्स क्षेत्र से 620 से अधिक यूज़ केसेस पेश किए गए। इस वर्ष के आईएमसी में एक उल्लेखनीय वृद्धि एस्पायर रही जोकि एक अग्रणी स्टार्टअप पहल है जहां देशभर से करीब 400 स्टार्टअप्स ने अपनी चीजें प्रदर्शित कीं।

अग्रणी भारतीय कंपनियां जैसे जियो, एयरटेल, वोडाफोन आइडिया, बीएसएनएल, टीसीएस, एलएंडटी, एचएफसीएल, टैनला, वीवीडीएन, तेजस, ऑप्टिमस और अन्य के साथ ही बड़े अंतरराष्ट्रीय ब्रांड जैसे एरिक्सन, इंटेल, नोकिया, सिस्को, एक्सेंचर, एएमडी, क्वालकॉम, जीसेक एंड डेवरिएंट, मीडियाटेक, रेड हैट, बॉश, वीएमवेयर, सिएना एवं अन्य ब्रांड आईएमसी 2023 में मौजूद रहीं। कई सरकारी विभाग जैसे रेल मंत्रालय, भारी उद्योग मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, इसरो, पावरग्रिड और उद्योग संघ जैसे एलसिना, टीएसडीएसआई, कई अकादमिक संस्थान जैसे आईआईटी हैदराबाद, आईआईटी (बीएचयू) वाराणसी, बिट्स पिलानी, श्री बालाजी युनिवर्सिटी, पुणे भी इस प्रदर्शनी में मौजूद रहे। इंडिया मोबाइल कांग्रेस, 2023 की सफलता पर इंडिया मोबाइल कांग्रेस के सीईओ श्री रामकृष्ण पी ने कहा, ÷पिछले कुछ वर्षों में आईएमसी का दायरा काफी वृहद होते देखना एक जबरदस्त अनुभव रहा है। जैसा कि हमने आईएमसी को दूरसंचार से परे जाकर एक प्रमुख टेक्नोलाजी प्लेटफार्म के तौर पर स्थापित किया है, आईएमसी के इस वर्ष के संस्करण में भावी प्रौद्योगिकियों की झलक दिखाई दी और तीन दिनों तक इन पर गहन चर्चा हुई।

# डिस्क रोग से पीड़ित 38 वर्षीय महिला की अपोलो अस्पताल, कानपुर में सफलतापूर्वक एंडोस्कोपिक डिस्केक्टॉमी की गई

**कानपुर।** डॉ. गौरव गुप्ता, आर्थोपेडिक और स्पाइन सर्जन, अपोलो स्पेक्ट्रा, कानपुर और उनकी टीम ने तंत्रिका जड़ संपीड़न के साथ एल4 एल5 डिस्क रोग से पीड़ित एक 38 वर्षीय महिला पर सफलतापूर्वक एंडोस्कोपिक डिस्केक्टॉमी की। रोगी, जो पहले पीठ और निचले अंगों के दर्द से परेशान थी, अब सर्जिकल हस्तक्षेप के बाद सहजता से अपनी नियमित दिनचर्या शुरू कर चुकी है।

कानपुर निवासी श्रीमती मधु कनौजिया का सामान्य जीवन अचानक कष्टदायी पीठ दर्द से बाधित हो गया, जिससे वह राहत के लिए बेताब हो गईं। विभिन्न डॉक्टरों से परामर्श करने के बावजूद, कोई भी बहुत आवश्यक सहायता प्रदान करने में सक्षम नहीं था। प्रत्येक दिन, उसके स्वास्थ्य में गिरावट आई क्योंकि दर्द उसकी दैनिक गतिविधियों में तेजी से हस्तक्षेप कर रहा था। हालांकि, आशा की एक किरण तब उभरी जब उसे कानपुर में



अपोलो स्पेक्ट्रा रेफर किया गया, जहां उसे अंततः शीघ्र और प्रभावी उपचार मिला।

अपोलो स्पेक्ट्रा, कानपुर के आर्थोपेडिक और स्पाइन सर्जन डॉ. गौरव गुप्ता ने कहा, ÷मरीज ने पीठ और निचले हिस्से में गंभीर दर्द, चलने में असमर्थता और पैरों और बछड़े में पैराथेसिया (जलन या चुभन की सनसनी) की शिकायत की। वह केवल कुछ मीटर चल सकती थी और फिर उसे 10 मिनट तक आराम करने की आवश्यकता थी। उनके एमआरआई से तंत्रिका जड़ संपीड़न के साथ एल 4 एल 5 डिस्क रोग का पता चला जो आमतौर पर जीवनशैली में बदलाव, दुर्घटनाओं, भारी वजन उठाने, चोट या पीठ में अचानक झटके के कारण देखा जाता है। मरीज को एंडोस्कोपिक डिस्केक्टोमी के लिए निर्धारित किया गया था।

डॉ. गुप्ता ने कहा, ÷यह एक न्यूनतम इनवेसिव सर्जिकल प्रक्रिया है जो डिस्क और नसों दोनों का प्रत्यक्ष विज़ुअलाइज़ेशन प्रदान करती है। पारंपरिक खुली सर्जरी के विपरीत, इस तकनीक में एक छोटा चीरा शामिल है, जिससे रोगियों को प्रक्रिया के तुरंत बाद चलने की अनुमति मिलती है। रीढ़ में एंडोस्कोप नामक एक छोटी ट्यूब डालकर, सर्जन मांसपेशियों को काटने या फाड़ने या तंत्रिका क्षति के बिना प्रभावित डिस्क को देखने और इलाज करने में सक्षम है। यह दृष्टिकोण सटीक और सटीक है और न्यूनतम रक्त हानि, प्रारंभिक जुटाव, तेजी से वसूली, कम समय तक अस्पताल में रहने और तंत्रिका चोटों के कम जोखिम सहित कई लाभ प्रदान करता है।

# सोने में 400 रुपये की गिरावट, चांदी 300 रुपये उछली

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर पीली धातु की कीमतों में गिरावट के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना 400 रुपये टूटकर 62,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 62,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में जिंसों के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, %%सोने की कीमत तेजी के लिए संघर्ष कर रही है और पिछले सप्ताह कई महीने के उच्च स्तर से नीचे कारोबार कर रही है क्योंकि ट्रेजरी यील्ड में वृद्धि हुई है और इजरायल-हमास संघर्ष नियंत्रित रहा है।÷ हालांकि, चांदी 300 रुपये उछलकर 75,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। वैश्विक बाजारों में सोना गिरावट के साथ 1,993 डॉलर प्रति औंस रह गया जबकि चांदी तेजी के साथ 23.12 डॉलर प्रति औंस हो गई।

# कैटरीना कैफ बनीं स्विस वाचमेकर राडो की ब्राण्ड एम्बेसेडर

**आगरा।** मशहूर स्विस वाचमेकर राडो, जोकि सदाबहार डिजाइन बनाने के लिये मटेरियल्स में हमेशा नए-नए प्रयोग करने के लिए जाना जाता है, ने बॉलीवुड सुपरस्टार कैटरीना कैफ को अपना ग्लोबल ब्राण्ड एम्बेसेडर बनाने की घोषणा की है। यह रोमांचक भागीदारी जिन्दगीभर बनी रहने वाली यादों के लिये राडो की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है। कैटरीना कैफ की सदाबहार खूबसूरती और दुनिया भर में उनका आकर्षण उन्हें सटीकता, नवाचार तथा कारीगरी के लिये राडो की स्थायी प्रतिबद्धता दिखाने के लिये बिल्कुल परफेक्ट है। अपनी वर्सेटाइल प्रतिभा और करिश्मा के लिये प्रसिद्ध, कैटरीना कैफ का व्यक्तित्व राडो के मूल्यों के अनुरूप है। इस रोमांचक भागीदारी का खुलासा एक दिलचस्प कैम्पेन वीडियो से हुआ है, जोकि दर्शकों को रेगिस्तान के आकर्षक परिदृश्य में लेकर जाता है; कैटरीना एक सदाबहार आधुनिक महिला के रूप में अपनी कलाई पर नई सेंट्रिक्स पहनकर वक्त से प्यार करती दिखाई देती हैं। कैटरीना राडो के सार और सेंट्रिक्स घड़ी के जोश को बखूबी अपना लेती हैं। साथ मिलकर वे घड़ी बनाने की कला की दुनिया को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने का वादा करते हैं। इस भागीदारी पर अपना



उत्साह व्यक्त करते हुए, राडो के सीईओ एड्रियन बॉसहार्ड ने कहा, ÷हम राडो फैमिली में कैटरीना कैफ का स्वागत करते हुए उत्साहित हैं। उनकी सदाबहार खूबसूरती और दुनियाभर में पहचान राडो के प्रमुख सिद्धांतों के साथ आसानी से मेल खाती है। हमें उनके साथ मिलकर लक्जरी को नई परिभाषा देने के इस सफर से काफी उम्मीदें हैं। कैटरीना कैफ ने भी इस भागीदारी पर अपना रोमांच व्यक्त करते हुए कहा, ÷मैं राडो के साथ जुड़कर सम्मानित और उत्साहित महसूस कर रही हूँ, यह ब्राण्ड घड़ी बनाने में अपनी उत्कृष्टता के लिये जाना जाता है। अपनी अभिनव डिजाइनों और गुणवत्ता के लिये प्रतिबद्धता के चलते राडो की घड़ियों ने मुझे हमेशा लुभाया है। मैं ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर इस मशहूर स्विस ब्राण्ड का प्रतिनिधित्व करने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। नई राडो सेंट्रिक्स को आज के जमाने की महिलाओं के लिये डिजाइन किया गया है, जो समय की परीक्षा, स्टाइल और दुनियादारी के भाव पर खरी उतरती हैं। ऐसी महिलाएं, जो सदाबहार पलों की ताकत को अपनाने में यकीन रखती हैं, जहाँ हर सेकंड मायने रखता है और यह महिलाएं खुद को मिलने वाले हर मौके का लाभ उठाती हैं। इस घड़ी की खूबियाँ समझाते हुए, ब्राण्ड ने कहा, सेंट्रिक्स घड़ी के बीच में इसका गोलाकार सफायर क्रिस्टल है, जिसकी एंटी-रिफ्लेक्टिंग कोटिंग किसी भी एंगल से घड़ी का स्पष्ट और शानदार नजारा देती है।

# शेयर बाजार में फिर बिकवाली हावी

## सेंसेक्स 238 अंक टूटा, निफ्टी 19100 के नीचे

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार दो दिन की हरियाली के बाद लाल निशान पर बंद हुआ। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन बाजार के प्रमुख इंडेक्स लाल निशान पर बंद हुए। सेंसेक्स 237.72 (0.37%) अंकों की गिरावट के साथ 63,874.93 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 61.31 (0.32%) अंक फिसलकर 19,079.60 के लेवल पर बंद हुआ। बाजार में सबसे ज्यादा बिकवाली फार्मा और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों में दिखी। वहीं रियल्टी सेक्टर में खरीदारी दिखी। सोमवार को बीएसई सेंसेक्स 329 अंक ऊपर 64,112 पर बंद हुआ था। मंगलवार को इसमें दिन के ऊपरी स्तरों से 580 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। मंगलवार के कारोबार के दौरान एफएमसीजी, रियल एस्टेट, मीडिया कमोडिटी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयरों में तेजी दिखी। दूसरी ओर बैंकिंग, आईटी, ऑटो, फार्मा, मेटल्स, एनर्जी, हेल्थकेयर और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयर कमजोर होकर बंद हुए। मंगलवार को मिड कैप इंडेक्स तेजी के साथ बंद हुआ है जबकि स्मॉल कैप इंडेक्स में लाल निशान पर क्लोजिंग हुई। सेंसेक्स के 30 शेयरों 15 शेयर मजबूती के साथ तो 15 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर निफ्टी के 26 शेयर मजबूती के साथ जबकि 24 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

एक सरकारी अधिसूचना के अनुसार, भारत सरकार ने 1 नवंबर से पेट्रोलियम क्रूड पर विंडफॉल टैक्स 9,050 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 9,800 रुपये प्रति टन कर दिया है। अधिसूचना में कहा गया है कि विमान ईंधन (ATF) पर अप्रत्याशित लाभ कर को एक रुपये प्रति लीटर से घटाकर शून्य कर दिया गया है। सरकार ने डीजल पर विंडफॉल टैक्स को भी 4 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 2 रुपये प्रति लीटर कर दिया है।

# वैश्विक उत्सव विश्वरंग के 5वें संस्करण के आयोजन की हुई घोषणा

**नई दिल्ली।** साहित्य, कला और संस्कृति का प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय उत्सव विश्वरंग के 5वें संस्करण के भव्य आयोजन की घोषणा लंदन में की गई। इस संस्करण के बारे में संक्षिप्त विवरण प्रख्यात साहित्यकार, शिक्षाविद् और विश्वरंग के निदेशक श्री संतोष चौबे ने लंदन, यूनाइटेड किंगडम में इंडो यूरोपियन हिंदी महोत्सव के दौरान दिया है। दुनिया भर के 100 से अधिक संस्थान इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लेंगे, वहीं 500 से अधिक हिंदी बुद्धिजीवी, शिक्षाविद, साहित्यकार, कलाकार और प्रवासी साहित्यकार इसमें शामिल होंगे। इस बहुप्रतिक्षित कार्यक्रम को दुनियाभर में ऑनलाइन 2 करोड़ से अधिक लोगों द्वारा देखा जाएगा।

विश्वरंग के निदेशक श्री संतोष चौबे विश्वरंग ने आगे बात करते हुए बताया कि भाषा संस्कृति और इतिहास का पोत है, और यह सीमाओं के पार दिलों को जोड़ने वाले पुल के रूप में कार्य करती है।




दुनिया भर में फैले हिंदी भाषा के संरक्षकों के साथ, हमारा मिशन भौगोलिक सीमाओं से परे भाषा, संस्कृति और कला के प्रति साझा प्रेम तक पहुंचना और उसे बढ़ावा देना है। इसी कड़ी में पांचवें संस्करण में हम हिंदी भाषा के अपने विदेशी संरक्षकों का स्वागत करते हुए उन्हें उत्सव को करीब से देखने और इस उत्सव का एक अभिन्न अंग बनाने के लिए उत्साहित हैं।

हिंदी के वैश्विक प्रसार के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता में श्री संतोष चौबे द्वारा रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय में एक अंतर्राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की गई है। यह केंद्र प्रवासी भारतीय साहित्य और संस्कृति अनुसंधान केंद्र, भाषा शिक्षण केंद्र, अनुवाद केंद्र और संस्कृत प्राच्य भाषा शिक्षण और भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को समाहित किए हुए है। इन पहलों को हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए एक अंतरराष्ट्रीय समिति द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। विचारों के सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए अंतर्राष्ट्रीय लेखकों और प्रवासी भारतीयों की 100 से अधिक पुस्तकों का हिंदी में अनुवाद और प्रकाशन भी किया जाना प्रस्तावित है।

# प्लेटिनम इवारा बाय पीजीआई इंडिया ने अपने नए कलेक्शन का लॉन्च किया

आज की महिलाएं अपना रास्ता चुनने और उस पर चलने से नहीं घबरातीं है, क्योंकि वे समाज के नियमों और शर्तों के बजाए अपने दिल की सुनती हैं! हर नई चुनौती, बाधा को अपनाने के अनजान डर के बजाए वे अपने मन की बात सुनती हैं। वे न सिर्फ अपनी जीत का जश्न मनाती हैं बल्कि हार की भरपाई करने के लिए जीतने की जीतोड़ कोशिश करती हैं। इस यात्रा की शुरुआत आत्म-खोज के साथ होती है, लेकिन धीरे-धीरे यह आत्म-स्वीकार्यता और अपने प्रति प्यार में बदल जाती है, और तब ये महिलाएं 'बीकमिंग मी' यानी खुद कुछ बनने के सपने के और करीब आ जाती हैं। इस यात्रा की हर उपलब्धि अपने आप में खास होती है। ठीक इसी तरह प्लेटिनम धातु भी अपने आप में खास और दुर्लभ होता है। यह उन युवतियों के लिए पसंदीदा का धातु है, जो हर छोटे-बड़े पल को अपना लेना चाहती हैं, इस धातु के आधुनिक डिज़ाइन के माध्यम से अपनी भीतरी अभिव्यक्ति करना चाहती हैं!

सितारों से उत्पन्न हुआ प्लेटिनम इस धरती पर मौजूद सबसे दुर्लभ धातुओं में से एक है। प्लेटिनम की दुर्लभता और इसकी क्षमता अपने आप में अतुलनीय है, इससे बने आभूषण आज की महिलाओं के समकक्ष हैं। आधुनिक एवं



प्रगतिशील महिलाओं की यात्रा से प्रेरित प्लेटिनम इवारा बाय पीजीआई इंडिया ने अपने नए कलेक्शन का लॉन्च किया है जो आज की महिलाओं, उनकी खुशी की भावना और आने वाले कल के प्रति उनके उत्साह का जश्न मनाता है। इसका हर पीस 95 फीसदी शुद्ध प्लेटिनम से बनाया गया है, जो हर महिला की अनूठी कहानी का अभिन्न हिस्सा है। सपनों जैसे पैटर्न, मोबियस लूप और ग्रूव्स के साथ ये अनूठे डिज़ाइन आज की महिला को परिभाषित करते हैं, जो दुनिया के अनुसार नहीं चलतीं बल्कि उसे भीतर लेकर आगे बढ़ती हैं। उनकी दुनिया अनुभवों का खजाना है और उनके शब्द स्थूल किंतु बिंदास हैं, जिसे वे प्लेटिनम ज्वैलरी के माध्यम से अभिव्यक्त करती हैं, जो सही मायनों में उनकी यात्रा का प्रतीक है। नया इवारा कलेक्शन इन आधुनिक महिलाओं को बयां करता है, जो हर साधारण से पल का जश्न एक उपलब्धि की तरह मनाती हैं। इवारा महिलाओं का जीवन खुले कैनवास की तरह है, जो अपने सपनों और खुशियों की अभिव्यक्ति करती हैं, जिसके लिए वे योग्य हैं। लेबल्स के दायरे से आगे बढ़कर वे उसी अंदाज़ में साहस के साथ अपने फैसले लेती हैं जैसे इवारा के नए कलेक्शन के हर पीस को खास अंदाज़ में डिज़ाइन किया गया है। प्लेटिनम इवारा महिलाओं के लिए शानदार तरीके से डिज़ाइन किए गए प्लेटिनम ज्वैलरी पीस लेकर आए हैं, जो देश भर में प्रमुख ज्वैलरी रीटेल स्टोर्स पर उपलब्ध है। प्लेटिनम इवारा कलेक्शन का हर पीस अपने आप में बहुमुखी है, जिसके साथ वे आसानी से बोर्डरूम पावर ड्रैसिंग से क्लासिक और सटल परिधान में आ जाती हैं। इस नए कलेक्शन में आकर्षक नैकलैस से लेकर शानदार रिस्टवियर, बेहतरीन ईयररिंग्स और भव्य रिंग्स शामिल हैं। अनूठे डायमंड से सजे ये पीस आपके हर परिधान के साथ बखूबी मैच हो जाते हैं और आपका स्टाइल स्टेटमेंट बन जाते हैं। यह डिज़ाइन न सिर्फ आपके क्लासिक एथनिक लुक के साथ जंचते हैं बल्कि कॉकटेल परिधानों की खूबसूरती में भी चार-चांद लगा देते हैं। ऐसे में आगामी त्योहारों और शादियों के सीज़न को देखते हुए ये हर महिला की वार्डरोब में होने चाहिए।

# मास्टरशेफ इंडिया में, शेफ मार्को पिएरे व्हाइट का दिल जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ी

पाककला को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने का वादा करने वाले मास्टरशेफ इंडिया ने अपने जानेमाने जजेस के पैनल में एक विश्व-विख्यात हस्ती का स्वागत किया है। तीन बार के मिशलिन स्टार विजेता,



मशहूर शेफ मार्को पिएरे व्हाइट बतौर स्पेशल गेस्ट जज मास्टरशेफ इंडिया के किचन की शोभा बढ़ाने के लिये तैयार हैं और पहले से ही जोरदार चल रही प्रतियोगिता में अपना जादू बिखरेंगे। शेफ मार्को इस शो में अपनी बेजोड़ विशेषज्ञता लेकर आए हैं और वे एक एकदम नया चैलेंज पेश करेंगे, जोकि शो में होम कुक्स की योग्यता का परख करेगा। आने वाले एपिसोड में होम कुक्स को सिर्फ 250 एमएल पानी से एक डिश बनाने का काम दिया जाएगा, वह भी केवल 90 मिनट में। शुरूआती 15 मिनट में उनके पास गैस या बिजली नहीं होगी। इसके बाद के 30 मिनट में सिर्फ बिजली और फिर अगले 30 मिनट में सिर्फ गैस मिलेगी। अंतिम 15 मिनटों में सारे रिसोर्सेस मिल जाएंगे। यह कठिन चुनौती प्रतियोगियों की अनुकूलन योग्यता, रचनात्मकता और समय प्रबंधन के कौशल को परखने का वादा करती है। वे ऐसी डिश बनाने के लिये बाधाओं को पार करते नजर आयेंगे, जो न केवल शेफ मार्को के मानकों का पालन करती हों, बल्कि जिन्हें खाकर जजेस को भी मजा आ जाए। इस एपिसोड में नाम्बी जेसिका मराक का हिम्मत से भरा कदम भी दिखेगा, जब वे जान-बूझकर अपने सेफ्टी पावर कार्ड को सरेंडर करेंगी, जोकि प्रतियोगिता में सुरक्षा का टिकट है। यह कदम वे सिर्फ शेफ मार्को को अपनी डिश परोसने का सुनहरा मौका पाने के लिये उठाएंगी। इधर प्राची आगरकर को एक आकस्मिक बाधा का सामना करना पड़ेगा और उनकी प्लेट टूट जाएगी।

# एल ई डी एक्सपो 2023 नई दिल्ली में प्रकाश की कला और विज्ञान के अन्वेषण के लिए तैयार हो जाये

**लखनऊ।** एल ई डी एक्सपो 2023 प्रकाश उद्योग का भव्य आयोजन, बस आने ही वाला है और यह उद्योग के पेशेवरों और उत्साही लोगों दोनों के लिए एक अविस्मरणीय कार्यक्रम होने का वादा करता है। यह रोचक कार्यक्रम नई दिल्ली को अपनी अग्रणी प्रौद्योगिकियों के चमकदार प्रदर्शन से रोशन करने के लिए तैयार है, जिसमें 54 नए प्रवेशकों सहित 180 से अधिक प्रदर्शक भारत संग छह देशों की कंपनी शामिल होगी7

2 से 4 नवंबर 2023 तक आई.ईए.एम.एल, ग्रेटर नोएडा में होने वाली इस असाधारण सभा के लिए कैलेंडर को चिह्नित करें। शो में, 3000+ उत्पादों और 1,000+ ब्रांडों की एक लुभावनी श्रृंखला का अनावरण किया जाएगा जो उपस्थित लोगों को प्रेरित करेगा। कार्यक्रम में एडसन लाइटिंग, भगवती लाइटिंग इंडस्ट्रीज, ब्राइट पावर सेमीकॉन, सी.बी इलेक्ट्रिक, कैलकॉम विजन, कैटरलक्स, एप्सोरी, इन्वेंट्रॉनिक्स, आई एम ई ई एल ई डी, केविन इलेक्ट्रोकेम, मंत्रा लाइट, नेटवर्क आई एन सी, पैनीटेक स्मार्ट एनर्जी, ज़ाइलोस और कई प्रतिभागी शामिल होंगे। शो में भारत, चीन, इटली, फिनलैंड, हांगकांग, स्विट्जरलैंड और यू ए ई जैसे देशों के नवाचार देखने को मिलेंगे। विकास पथ पर अग्रसर, भारत में एल ई डी लाइटिंग बाजार ऊर्जा दक्षता, शहरीकरण, बुनियादी ढांचे के विकास के बारे में बढ़ती जागरूकता और स्मार्ट लाइटिंग समाधानों पर बढ़ते जोर के कारण तेजी से बढ़ रहा है। एल ई डी की मांग सभी क्षेत्रों में देखी जा रही है और यह स्मार्ट लाइटिंग समाधान, कनेक्टेड लाइटिंग सिस्टम, मानव-केंद्रित लाइटिंग और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) एकीकरण के विकास की ओर बढ़ रही है। ये नवाचार स्थिरता में योगदान देने वाले एल ई डी प्रकाश प्रणालियों के उन्नत नियंत्रण, अनुकूलन और दक्षता को सक्षम करते हैं। एल ई डी पर अपना अमूल्य दृष्टिकोण व्यक्त करते हुए, बी.एस.ई.एस राजधानी पावर लिमिटेड के निदेशक, श्री अमल सिन्हा ने कहा- जैसे-जैसे भारत आगे बढ़ रहा है, नवीकरणीय ऊर्जा हमारी ऊर्जा सुरक्षा का मंत्र बन रही है। एल ई डी, ई.वी और सोलर जैसी प्रौद्योगिकियां सिर्फ विकल्प नहीं हैं बल्कि उज्जवल और हरित भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं। मुझे विश्वास है कि यह मंच सभी के लिए एक स्थायी जीवन शैली का समर्थन करते हुए स्मार्ट प्रकाश व्यवस्था का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# एंटोड फार्मा ने डॉ. मनोज गुप्ता के साथ मिलकर मिर्जापुर में आयोजित किया कॉक्लीयर इंप्लांट स्क्रीनिंग कैंप

**मिर्जापुर।** जाने-माने रिसर्च-बेस्ड फार्मास्युटिकल संगठन और ऑप्थेलमिक, ई.एन.टी. और डर्मेटोलॉजी क्षेत्र की दवाइयों में विशेषज्ञता के लिए मशहूर एंटोड फार्मास्युटिकल्स को यह बताते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है कि कंपनी, प्रसिद्ध ई.एन.टी. स्पेशलिस्ट और सत्कृति ई.एन.टी. हॉस्पिटल और सत्कृति फाउंडेशन के चीफ ई.एन.टी. कंसल्टेंट और फाउंडर डायरेक्टर डॉ. मनोज कुमार गुप्ता, एमबीबीएस, एमएस (ई.एन.टी.) के नेतृत्व में की जा रही पहल के लिए उन्हें सहयोग देरही है। इस पहल के अंतर्गत आज चेतगंज स्थित प्लेवे स्कूल. मिर्जापुर में मुफ्त ई.एन.टी. जांच शिविर का आयोजन किया गया। एंटोड फार्मास्युटिकल्स के सीईओ श्री निखिल के. मसुरकर ने इस उद्देश्य के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता के बारे में बताया। उन्होंने कहा, हम यह समझते हैं कि किसी व्यक्ति में सुनने की क्षमता कम हो जाने से उस व्यक्ति और उसके परिवार पर क्या असर पड़ता है। हमने इस शिविर में सहयोग दिया और कॉक्लीयर इंप्लांटेशन के बारे में जागरूकता फैलाई। हमें उम्मीद है कि इस तरह हम लोगों को नई रोशनी दिखा रहे हैं, जिससे उन्हें संपूर्ण और अधिक समृद्ध जीवन का अवसर मिल रहा है। एंटोड फार्मा, हेल्थकेयर की दुनिया में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए समर्पित है और ऐसी कोशिशों से समाज के प्रति हमारे संकल्प का पता चलता है। सत्कृति हॉस्पिटल के चीफ ई.एन.टी. कंसल्टेंट और फाउंडर डायरेक्टर डॉ. मनोज कुमार गुप्ता, एमबीबीएस, एमएस (ई.एन.टी.) ने इस बारे में कहा, इस अभियान में एंटोड फार्मा का सहयोग मिलना हमारा सौभाग्य है। कॉक्लीयर इंप्लांटेशन, उन लोगों के लिए आशा की किरण है, जिनमें सुनने की क्षमता गंभीर रूप से कम हो चुकी है। इस तरह उन्हें जीवन बदल देने वाला एक माध्यम मिलता है, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता में बहुत सुधार आ सकता है।

# फिजिक्स वाला विद्यापीठ सेंटर्स की संख्या 74 तक पहुंची

## छात्रों के लिए शिक्षा प्राप्त करना और भी सुलभ हुआ, वंचित क्षेत्रों तक पहुंची शिक्षा

**लखनऊ।** भारत की अग्रणी एडटेक कंपनी फिजिक्स वाला के ऑफ़लाइन सेंटर्स विद्यापीठ की संख्या पूरे भारत के 50 शहरों में 74 तक पहुंच चुकी है। इनका उद्देश्य छात्रों को उनके गृहनगर के करीब ही उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा पहुंचाना है। इससे उन्हें दूसरे शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हम उनको आसानी से सीखने की हर सुविधा पहुंचाना चाहते हैं। पीडब्ल्यू विद्यापीठों में अपनी ऑफरिंग्स के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए 10 विद्यापीठ सूचना केंद्र और 27 शहरों में 28 पाठशालाएं भी संचालित करता है, जहां हाइब्रिड कक्षाएं चलती हैं। इसके अतिरिक्त, पीडब्ल्यू फिजिक्स वाला नेशनल स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट (पीडब्ल्यूएनसैट) के दूसरे चरण का भी शुभारंभ करेगा, जिसमें 200 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति

**सूचना केंद्र**

> **पीडब्ल्यू विद्यापीठों में अपनी ऑफरिंग्स के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए 10 विद्यापीठ सूचना केंद्र और 27 शहरों में 28 पाठशालाएं भी संचालित करता है**

प्रदान की जाएगी। कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों और जेईई या नीट के इच्छुक छात्रों के लिए ऑफ़लाइन और ऑनलाइन मोड में परीक्षाएं कराई जाएंगी। जिसमें सौ फीसदी तक छात्रवृत्ति पाने का मौका है। ये 26 नवंबर से 10 दिसंबर तक (ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में) आयोजित की जाएंगी।

फिजिक्स वाला में विद्यापीठ ऑफलाइन के सीईओ अंकित गुप्ता




ने कहा, हम इस बात के लिए प्रतिबद्ध हैं कि प्रत्येक छात्र को अपने गृहनगर में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मिले, जिससे अच्छी एजुकेशन के लिए उन्हें दूर न जाना पड़े। वे आराम से मन लगाकर अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे सकें और उनके माता-पिता पर आर्थिक बोझ कम हो सके। इसके अलावा, हमारा लक्ष्य भारत के हर शहर में एडुकेशन सेंटर स्थापित करना है। विद्यापीठों के विस्तार और पीडब्ल्यूएनसैट के दूसरे चरण की शुरुआत के साथ, हम इस लक्ष्य की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं, जिससे छात्रों को दोनों दुनियाओं का सर्वश्रेष्ठ प्रदान किया जा सके। पूरे भारत में शैक्षिक परिदृश्य को बेहतर बनाने के लिए हम दृढ़ हैं। पीडब्ल्यू अब पूरे भारत के 76 शहरों में है, जिसमें डेढ़ लाख छात्र हैं। इसके सेंटर्स एक व्यापक कोर्स कराते हैं, जिसमें छात्रों को जेईई/नीट के लिए आवश्यक सभी सामग्री शामिल हैं। पीडब्ल्यू का लक्ष्य अगले साल इन सेंटर्स में ढाई लाख छात्रों का नामांकन करना है।

विद्यापीठ तकनीक-सक्षम सेंटर्स हैं, जो रिकॉर्ड किए गए लेक्चर्स, हर छात्र का व्यक्तिगत ध्यान

# पायलट्स के नौकरी बदलने के मामले में एयर इंडिया सीईओ ने आकासा के सीईओ को लिखा था पत्र

**नई दिल्ली।** पायलटों के मामले में एयर इंडिया ने अकासा एयर से कहा कि नियोक्ता को बदलने के कर्मचारियों के अधिकारों को सीमित करने के लिए किसी प्रतिस्पर्धी को सांठगांठ करने की याचिका देना प्रतिस्पर्धा कानून का संभावित उल्लंघन हो सकता है। एयर इंडिया के सीईओ और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने अकासा एयर के सीईओ विनय दुबे को एक पत्र लिखा था। दुबे द्वारा 11 सितंबर को टाटा संस को लिखे गए पत्र के बाद 21 सितंबर को यह पत्र लिखा गया था। दुबे और विल्सन ने एक कॉल पर बात भी की थी। विल्सन ने दो पन्नों के पत्र में एयर इंडिया एक्सप्रेस पर सीएआर (नागर विमानन आवश्यकता) का उल्लंघन करने के आरोपों के बारे में कहा कि सीएआर अदालतों के समक्ष है और डीजीसीए ने यह विचार व्यक्त किया था कि संबंधित प्रावधान वर्तमान में उन कार्यवाहियों में आदेशों के परिणामस्वरूप लागू करने योग्य नहीं है। उनका इशारा उस सीएआर की ओर था जिसमें एयरलाइन छोड़ते समय पायलटों के लिए नोटिस अवधि की जरूरत के बारे में बताया गया था। अकासा एयर ने अपने कुछ पायलटों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी शुरू की थी, जिन्होंने एयरलाइन छोड़ दिया था और कथित तौर पर एयर इंडिया एक्सप्रेस में शामिल हो गए थे। विल्सन ने पत्र में कहा, मैंने गौर किया कि अकासा के कर्मचारी अकासा के साथ अपने अनुबंध का पालन कर रहे हैं या नहीं, यह मुद्दा अकासा और उसके कर्मचारियों के बीच का मामला है। विल्सन ने यह भी बताया कि अकासा एयर ने पहले एयर इंडिया एक्सप्रेस, विस्तारा और कम से कम दो अन्य स्थानीय एयरलाइंस के पायलटों को लेकर इसी तरह की कार्रवाई की थी, भले ही अब सीएआर का हवाला दिया जा रहा हो। एयर इंडिया के प्रमुख ने पत्र में कहा, इसके अलावा, पिछले दो वर्षों में खुद इस तरह की कार्रवाई शुरू करने के बाद, यह हमारे लिए थोड़ा आश्चर्यजनक था कि अकासा अब इस प्रथा को आपत्तिजनक कहता है।

## मौनी स्वामी का श्रद्धालुओं ने किया स्वागत



**भेंटुआ (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** बाबूगंज सगरा आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी अभय चैतन्य मौनी महाराज का मंगलवार को परतोष तिराहे पर जोरदार स्वागत किया गया।मौनी स्वामी पीपरपुर थाना क्षेत्र के घटकौर गांव स्थित वनरहा बाबा आश्रम पर विशाल भण्डारे में जा रहे थे जनपद की सीमा पर परतोष तिराहे पर महाराज जी के स्वागत में दर्जनों श्रद्धालुओं के साथ बड़ी संख्या में लोग उनके स्वागत में खड़े थे। करीब 3 बजे परतोष में स्वामी जी के पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने उनके ऊपर पुष्प वर्षा करते हुए फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए उनकी अगवानी की। इसके बाद मौनी स्वामी जी अपने काफिले के साथ धम्मौर होते हुए घटकौर स्थित बनरहा बाबा आश्रम की ओर निकल गए। इस मौके पर कूड़धाम मंदिर समिति के प्रबंधक आनंद चैतन्य महाराज सगरा आश्रम के प्रबंधक कप्तान मिश्र डॉ दिव्यांशु शुक्ला पवन पति त्रिपाठी प्रखर मिश्र सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यकर्ताओं ने निकाल पथ संचलन यात्रा



**तरकुलवा अवधनामा संवाददाता।** जनपद के विकासखंड तरकुलवा खंड अंतर्गत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया। बताते चले की सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा को संचलन कार्य किया गया। तथा सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति पर पुष्प माला अर्पित कर श्रद्धा सुमन भी अर्पित किया गया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन सत्यकामशाही व स्वामीनाथ सिंह के द्वारा किया गया था। कार्यक्रम का संचालन सत्यम अंकित राव के द्वारा किया गया। जबकि कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले स्वयंसेवकों के रूप में डॉ जितेंद्र प्रताप राव, जीवन पति त्रिपाठी, जनार्दन कुशवाहा मंटू, राजू भारती, धीरज मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख रामआशीष गुप्ता, दुष्यंत प्रताप राव, दिवाकर राव, लाल बहादुर प्रसाद, संतोष पति त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित थे। संचलन का कार्य झारखंडी बाबा इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर विकासखंड तरकुलवा के मार्ग से होते हुए पुनः झारखंडी बाबा इंटर कॉलेज पर आकर के संपन्न हुआ।

## खड्डा क्षेत्र में ट्रेन से कटकर दो अधेड़ व्यक्तियों की मौत

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** खड्डा थाना क्षेत्र में अलग अलग दो जगहों पर मंगलवार को ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची खड्डा पुलिस ने दोनों शवों की शिनाख्त कराने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खड्डा कस्बे के सुभाष नगर निवासी एलआईसी एजेंट शैलेष जायसवाल मंगलवार को घर से साइकिल लेकर निकले थे। बसडीला और अहिरौली गांव के बीच ट्रेन की चपेट में आने से इनकी दर्दनाक मौत हो गई। ट्रेन गुजरने के बाद राहगीरों ने शोर मचाया तो कस्बे के लोगों की भींड जुट गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस शव को कब्जे में लिया। दूसरी घटना गोरखपुरङ्कनरकटियागंज रेलखंड के बंजारीपट्टी नहर पुल के पास हुई। बताया जा रहा है कि महराजगंज जिले के सिसवा गोपाल गांव निवासी दहारी पुत्र चोकट उम्र 50 वर्ष घर से नाराज होकर सोमवार की देर रात 9 बजे घर से निकले थे जिनका शव मंगलवार को नहर पुल के पास रेलवे ट्रेक पर शव देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

## सीडीओ की अध्यक्षता में हुई जिला पोषण समिति की बैठक

# कार्य पूर्ण करा लिया जाये: सीडीओ

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग देवरिया के तत्वावधान में आज विकास भवन स्थित गॉधी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में लर्निंग लैब, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, हाट कुक्ड योजना, आन्तरिक एवं वाह्य विधुतीकरण, पोषण ट्रैकर, निपुन लक्ष्य, सैम मैम बच्चों के प्रबन्धन आदि के प्रगति के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण में अवगत कराया गया कि 07 आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य प्रारम्भ नही किया गया है।

उक्त आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण हेतु सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी को पत्र निर्गत करने हुए आदेश निर्गत करने हेतु निर्देश दिया गया। बाल विकास परियोजना, सलेमपुर व लार में मनरेगा के अन्तर्गत टीएस की कार्यवाही हेतु खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया। बाल विकास परियोजना भागलपुर में आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण की खराब प्रगति के दृष्टिगत बाल विकास परियोजना अधिकारी भागलपुर को खण्ड विकास अधिकारी भागलपुर से समन्वय कर निर्माण की प्रगति कराने के निर्देश दिये गये। हॉट कुक्ड योजना के अन्तर्गत अवगत कराया गया कि समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों का हाट कुक्ड फूड निधि खाता संचालित कराया जा चुका है। आंगनबाडी केन्द्रों के संचालन स्थल के आधार पर मैपिंग हेतु सर्वे का कार्य प्रगति पर है उक्त सर्वे के साथ ही बर्तन, पेयजल, अन्य अनिवार्य आवश्यकताओं हेतु सर्वे कार्य कराते हुए सूचना संकलित करायी जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि 03 नवंबर 2023 तक सर्वे सम्बन्धी कार्य पूर्ण कराते हुए बेसिक शिक्षा एवं पंचायती राज के कर्न्वजेन्स से हाट कुक्ड फूड योजना हेतु तैयारी का कार्य पूर्ण करा लिया जाये। बाल पिटारा पर 03 से 06 वर्ष के पंजीकृत 101846 बच्चों के सापेक्ष मात्र 80878 बच्चों का त्रैमासिक मुल्यांकन किया गया था, शेष बचे समस्त पंजीकृत बच्चों का त्रैमासिक मूल्यांकन का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कराने हेतु 10 दिन का समय दिया गया। पोषण ट्रैकर पर पंजीकृत 0 से 06 वर्ष तक के बच्चों के ग्रोथ मानिटरिंग, गृह भ्रमण, टीएचआर वितरण, वीएचएसएनडी एवं सीबीई की गतिविधियों की फिडिंग की समीक्षा की गयी, जिसमें पाया गया कि माह सितम्बर की प्रगति पूर्व की अपेक्षा संतोषजनक नही है ऐसी स्थिति में दैनिक समीक्षा करते हुए प्रगति कराने के निर्देश दिये गये है। लर्निंग लैब के अन्तर्गत प्रत्येक विकास खण्ड में 01-01 आंगनबाड़ी केन्द्रों को निर्धारित 18 मानको पर संतृप्त कराने हेतु कार्यवाही की जा रही है। समीक्षा में सवरेजी-भटनी, सोहनपुर-बनकटा एवं रेवली-भागलपुर की प्रगति संतोषजनक नही पायी गयी उक्त आंगनबाड़ी केन्द्रों के सचिवों को निर्देशित किया गया कि अवशेष कार्य 02 दिवस के अन्दर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता आरईडी, आरबीएसके के सदस्य, यूनिसेफ के मण्डल प्रभारी, यूपीटीएसयू प्रभारी एवं समस्त मुख्य सेविका उपस्थित थे।

## आचार्य नरेन्द्र देव एवं समाजवाद विषय पर हुई संगोष्ठी



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** नगर स्थित रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में मंगलवार को समाजशास्त्र विभाग द्वारा आचार्य नरेन्द्र देव की 134 वीं जयंती पर आचार्य नरेन्द्र देव एवं समाजवाद विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई। संगोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं राजर्षि के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। अतिथियों का स्वागत करते हुए समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ धनन्जय सिंह ने कहा कि आचार्य नरेन्द्र देव की समाजवाद की अवधारणा मार्क्स एवं गांधी दोनों को लेकर चलती है। वे अपने दर्शन में अहिंसा को साधन बनाते हुए शोषण एवं अत्याचार से मुक्ति का रास्ता दिखाते हैं। आज निजीकरण पर आधारित नई विकास नीति ने समाज में नया वर्ग विभाजन को जन्म दिया है। मुख्य अतिथि शिक्षक शिक्षा विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ अंगद सिंह ने कहा कि आचार्य नरेंद्र देव बुलेट की जगह वैलेट पर आधारित समाजवाद की स्थापना के समर्थक थे।उनका मानना था कि साध्य के साथ ही साधन भी पवित्र होना चाहिए। प्राचार्य प्रोफेसर पी के श्रीवास्तव ने कहा कि हमें उनके जीवन दर्शन को अपनाने की जरूरत है। भारतीय ज्ञान परम्परा को आचार्य नरेन्द्र देव ने अपने दर्शन का आधार बनाया था। डॉ दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि आचार्य नरेन्द्र देव स्वतंत्रता समानता एवं लोकहित पर आधारित समाजवाद की कल्पना की है। वे मार्क्स की तरह धर्म के विरोधी नहीं थे। सभी के प्रति आभार श्वेता द्विवेदी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन नम्रता सिंह ने किया।

## जिला एड्स समन्वय समिति की बैठक संपन्न

# त्योहारी सीजन में प्रवासियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु आयोजित होंगे विशेष कैंप

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में देर सायं सीएमओ कार्यालय स्थित धनवन्तरि सभागार में जिला एड्स समन्वय समिति की ग्राम स्तरीय स्वास्थ्य तैयारियों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने आगामी त्योहारी सीजन के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

डीएम ने बताया कि जनपद देवरिया, बांदा, इटावा, मऊ एवं इलाहाबाद के साथ संवेदनशील जनपदों की श्रेणी में शामिल है। वर्तमान समय मे 5,204 एचआईवी पॉजिटिव व्यक्ति चिन्हित किए जा चुके हैं। इनमें से अधिकांश मामले प्रवासियों द्वारा जनित हैं। लार, पथरदेवा, रुद्रपुर, भागलपुर एवं बनकटा इस दृष्टि से संवेदनशील ब्लॉक हैं। ऐसे में आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य विभाग 1 नवंबर से 30 नवंबर के मध्य प्रवासियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु 10 स्थानों पर विशेष कैंप का आयोजन करेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा, नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक, एनजीओ की सहभागिता प्रमुख रूप से होगी। स्वास्थ्य शिविर में प्रवासियों को कई तरह की जांच निशुल्क की जाएगी। इस कार्य में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों के अतिरिक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के डॉक्टरों का भी सहयोग लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि एचआईवी के दृष्टिगत जनपद में नुक्कड़ नाटकों एवं विभिन्न संचार माध्यमों से जन जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय, सीएमओ डॉ राजेश झा, एसीएमओ डॉ संजय कुमार सहित एमओआईसीगण एवं एनजीओ के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# एकता दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** राष्ट्रीय एकता दिवस पर मंगलवार को जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने उपस्थित लोगों को राष्ट के प्रति एकता एवं अखण्डता की शपथ दिलाते हुए कहा कि मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा।

मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यो द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता उपजिलाधिकारी गौरीगंज अभिनव कनौजिया अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अंजलि सिंह प्रतीक्षा पांडेय सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं नगर स्थित आरपी राय विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल मे साधना फाउंडेशन की ओर से राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम हुआ।फाउंडेशन की सचिव साधना त्रिपाठी ने बच्चो के बीच सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन दर्शन पर आधारित जानकारी साझा की।

बताया कि किस प्रकार उनके अथक प्रयास से देश का एकीकरण हुआ। देसी रियासतों को भारत राष्ट्र में किस प्रकार जोड़ा गया उनके स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े संघर्ष और देश के प्रथम गृह मंत्री के रूप में कार्य को उन्होंने विस्तारपूर्वक वर्णित किया। छात्रा वैष्णवी मिश्रा ने भी एकता और एकजुटता के बारे में अपने विचार व्यक्त किये।संतोष कुमार पांडे अनुज प्रताप मनोज राय सबीहा बानो साजिया बेगम शीतल श्रीवास्तव साक्षी वर्मा बीना श्रीवास्तव सुनील त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में नेहरू युवा केंद्र की ओर से पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र व मूमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेंद्र कुमार मिश्र खादी ग्रामोद्योग अधिकारी व अध्यक्षता पण्डित जगदम्बा प्रसाद त्रिपाठी मनीषी ने की। वहीं राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक विवेक मिश्र के नेतृत्व में उच्च प्राथमिक विद्यालय मंगलपुर में विचार गोष्ठी एवं शपथ का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय की सहायक अध्यापिका कुमुद सिंह के द्वारा सभी को एकता की शपथ दिलाई गई।

## राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम मध्य प्रदेश में कर रही भाजपा का प्रचार

अवधनामा संवाददाता



**सलेमपुर।** सलेमपुर की विधायक एवम उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम को मध्यप्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए जनपद श्योपुर जिला प्रवासी बनाया गया है। वहीं जीत की रणनीति बनाने के लिए यूपी के कई मंत्रियों और सांसदों को अलग-अलग जिलों में लगाया गया है।

ये मंत्री अपने प्रभार वाले जिलों में जाकर विधानसभा चुनाव तक वहां प्रवास करेंगे और उन सीटों पर जीत की रणनीति तैयार करेंगे। राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं में जान फूंकने के लिए लगातार कार्यकर्ताओ के साथ बैठक कर रही है। राज्यमंत्री चुनाव में कड़ी मेहनत कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओ को बताया कि हमें चुनाव जीतना है तो बूथ मजबूत करना होगा, हर एक कार्यकर्ता को पार्टी के जीत के लिए काम करना है। राज्यमंत्री को मध्यप्रदेश में चुनाव प्रवासी बनने पर सलेमपुर विधानसभा के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। खुशी व्यक्त करने वालो में कन्हैया लाल जायसवाल, अजय दूबे वत्स, अवधेश यादव, लल्लन सिंह, नागेन्द्र गुप्ता, अमित सिंह,विनय पाण्डेय, प्रकाश पाण्डेय उर्फ सलटू, प्रमोद सिंह, अमित गुप्ता, शिवदयाल बरनवाल, अजय गौतम, नरेन्द्र यादव, आदित्य कुमार, सन्तोष दूबे, विनोद कुशवाहा, विनोद यादव, अखिलेश योगी, कमलेश कन्नौजिया आदि शामिल रहे।

## दो उर्वरक प्रतिष्ठानों का किया गया निरीक्षण

**अमेठी।** जिला कृषि अधिकारी रविकान्त सिंह ने बताया कि जनपद में संचालित उर्वरक प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण किया गया एवं मौके पर पायी गयी उर्वरकों का विवरणानुसार इफको कृषि सेवा केन्द्र जायस में यूरिया 610 बोरी एनपीएस 277 बोरी तथा इफको कृषि सेवा केन्द्र गौरीगंज में यूरिया 500 बोरी 20:20:0:13 की 50 बोरी पोटाश 250 बोरी पायी गयी। उन्होंने बताया कि इफको कृषि सेवा केन्द्र जायस और इफको कृषि सेवा केन्द्र गौरीगंज पर नैनो यूरिया और नैनो डीएपी उपलब्ध है तथा प्रीपोजिशिनिंग स्टाक से दोनों केन्द्रों पर 20 मी टन डीएपी उपलब्ध करायी जा रही है। वर्तमान समय में जनपद में गेहूँ की बुआई 15 नवम्बर से शुरू होती है जिस हेतु एक रैक डीएपी इसी सप्ताह प्राप्त हो जायेगी। बताया कि वर्तमान समय में जनपद में कुल यूरिया 13740 मी टन डीएपी 4271 मी0टन पोटाश 139.250 मी टन एनपीकेएस 1386.450 मी टन एसएसपी 1839.950 मी टन पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है।

# राष्ट्रय एकता के प्रतीक थे लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल: गिरीश चंद



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** भाटपार के सोहनपुर में भाजपा द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी जन्म जयंती मनाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद तिवारी ने कहा कि भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में, यहां के लोगों बीच एकता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

ऐसे समय में जब कई रियासतें खंडित थीं, सरदार वल्लभभाई पटेल ने एकजुट भारत के दृष्टिकोण का समर्थन किया। राष्ट्रीय एकता दिवस देश को एकजुट करने के लिए पटेल और अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए संघर्षों और बलिदानों की याद दिलाता है। यह एकजुटता की पुष्टि करता है, विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देता है और राष्ट्रीय अखंडता बनाए रखने के महत्व पर जोर देता है। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की विरासत का सम्मान करने के लिए भारत सरकार द्वारा 2014 में आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय एकता दिवस की शुरुआत की गई थी। पटेल एकजुट और मजबूत भारत के कट्टर समर्थक थे और उनके जीवन के कार्यों में यह समर्पण झलकता था। उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में नामित करने का सरकार का निर्णय उनके योगदान के महत्व को रेखांकित करता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुड्डन कुशवाहा, ब्लाक प्रमुख बिन्दा कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष सतेंद्र पांडे, अनिल शाही, संजय पटेल, राजेंद्र जायसवाल, बृजेशधर दुबे, संजय तिवारी, ब्लाक प्रमुख अमरेश सिंह बबलू, अमित सिंह बबलू, गुड्डू सिंह, बलवीर सिंह दादा, जयप्रकाश तिवारी आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनी सरदार पटेल की जयंती



**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में सरदार वल्लभ भाई पटेल की चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा हम सभी को एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित रहना होगा तथा अपने देश, जनपद वासियों के बीच एकता का संदेश फैलाने का प्रयास करना होगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 2014 से इस दिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। आजादी के समय भारत की छोटी बड़ी 550 से अधिक रियासतों को एकता के सूत्र में पिरो कर भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा अखंड भारत का निर्माण करने का काम किए है। अखंड भारत के निर्माण के साथ साथ स्वंतत्रता संग्राम में दिए गए उनके योगदानों को याद किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आइए हम सब मिलकर यह शपथ लेते है की हम सब मिलकर देश की एकता, अखंडता और आंतरिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, उपजिलाधिकारी न्यायिक अनिल कुमार यादव, उप जिला मजिस्ट्रेट, समस्त कलेक्ट्रेट सहायक एवं जनपद स्तरीय अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्र के नवनिर्माण में सरदार पटेल का व्यक्तित्व प्रेरक: डॉ. राव

अवधनामा संवाददाता




महायोगी गोरक्षनाथ विश्वविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स ने किया रन फॉर यूनिटी का आयोजन

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने कहा किलौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश को एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना से जोड़ा। राष्ट्र के नवनिर्माण में सरदार पटेल के प्रेरक व्यक्तित्व से प्रेरित होकर सभी लोगों को राष्ट्र सेवा के प्रति संकल्पित होना चाहिए।

डॉ. राव मंगलवार को लौह पुरुष के नाम से विख्यात सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स द्वारा आयोजित रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए उन्होंने कहा कि एनसीसी द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम युवाओं में एकता, अनुशासन, त्याग और समर्पण का भाव जागृत करेगा। इस अवसर पर कृषि विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. विमल कुमार दूबे ने कहा कि सरदार पटेल ने राष्ट्र के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बिखरे रियासतो को अखंड भारत में मिलाने का संकल्प पूर्ण किया। रन फॉर यूनिटी का आयोजन एनसीसी अधिकारी डॉ. हरी कृष्ण और सीटीओ डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव निर्देशन में हुआ। राष्ट्र सेवा संकल्प के प्रति इस कार्यक्रम में सभी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। वन्देमातरम और भारत माता की जय गूंज से पूरा वातावरण गुंजित हुआ। कार्यक्रम में उप कुलसचिव श्रीकांत, गुरु श्री गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एनएस, अधिष्ठाता डॉ .सुनील कुमार सिंह, डॉ. शशिकांत सिंह, डॉ. एम. सुमित कुमार, डॉ रोहित श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स शामिल रहे।

## महायोगी गोरखनाथ विवि में रासेयो ने मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न इकाईयों ने मंगलवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया। राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई महायोगी अचल अचंभेनाथ, महायोगी सत्यनाथ, महायोगी संतोषनाथ ने संयुक्त रूप से गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रार्थना सभा में राष्ट्रीय एकता दिवस पर सभी को एकता की शपथ दिलाई। प्राचार्य डॉ. डीएस अजीथा के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में सरदार पटेल के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। महायोगी आदिनाथ व महायोगी उदयनाथ के द्वारा व्याख्यान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अखिलेश कुमार दूबे ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत को एक एकीकृत स्वरूप दिया। महायोगी आदिनाथ व महायोगी संतोषनाथ इकाई द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस पर परिसर में स्वच्छता एवं पौध संरक्षण का कार्यक्रम चलाया। इसमें सभी ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए विश्वविद्यालय के प्रांगण में साफङ्कसफाई एवं पौधो के संरक्षण की व्यवस्था की। महायोगी संतोषनाथ इकाई द्वारा महन्त अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज में प्राचार्य रोहित कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में पोस्टर प्रस्तुति का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में गुरु श्री गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के प्राचार्य डॉ मंजूनाथ एनएस, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.विकास कुमार यादव, धनन्जय पाण्डेय, सुप्रिया गुप्ता, सत्यभामा एवं सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों की सहभागिता रही।

# करवा चौथ को लेकर गुलजार रहा बाजार महिलाओं ने की जमकर खरीदारी

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** करवा चौथ पर्व को लेकर मंगलवार को शहरों, कस्बो व बाजारों में एक बार फिर रौनक लौट आई है। दशहरे के बाद अब करवाचौथ को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। इसमें महिलाएं सबसे ज्यादा खरीदारी के लिए बाजारों में पहुंच रही थी। यहां महिलाएं साज-श्रृंगार से लेकर सोने-चांदी के आभूषण, साड़ी, शूट आदि खरीदने में काफी मशगूल रही। आज 1 नंबर को मनाए जाने वाला करवाचौथ पर बाजारों में खासी भीड़ नजर आ रही थी।

बता दें कि करवाचौथ की तैयारी के लिए बाजारों में जगह-जगह दुकानें सजी हुई हैं। करवा-चौथ पूजन के लिए खास माने जाने वाले मिट्टी के करवा भी बाजारों में उपलब्ध था। शहर से लेकर कस्बों में सजी दुकानों पर कुम्हारों द्वारा बनाये गये मिट्टी के करवां की भी मांग महिलाओं द्वारा की जा रही थी। जिले भर में इस पर्व को लेकर जमकर खरीदारी हुई है। साड़ी, शूट आदि की दुकानों पर भी भींड़ लगी थी। **चूड़ियां और चलनी की खरीदारी रही तेज:** हिंदू महिलाओं के लिए करवा चौथ का त्यौहार विशेष महत्व रखता है। इस दिन महिलाएं अपनी सुहाग के लंबी उम्र लिए व्रत रखती है। आज 1 नवंबर बुधवार को करवा चौथ का व्रत रखा जाएगा। इसके लिए बाजारों में महिलाओं के साज श्रृंगार के लिए दुकानें सज गयी है। चूड़ियों व चलनी आदि की सजी दुकानों पर पहुंची सीमा, ममता, अनीता ने बताया कि करवा चौथ का व्रत निकट आ गया है, इसके चलते वह बाजार में खरीदारी करने के लिए पहुंची है। **सर्राफा बाजार में महिलाओं की रही भीड़:** पति की दीर्घायु के लिए रखा जाने वाला करवा चौथ को लेकर शहर के बाजारों में भी रौनक थी। व्रत को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह है तथा इसे यादगार बनाने के लिए महिलाओं ने जमकर खरीदारी करना शुरू कर दिया था। महिलाएं सर्राफा बाजार में स्थित दुकानों पर महिलाओं की काफी भीड़ देखने को मिली। यहां महिलाएं अपने पसंद के आभूषण की खरीद करते हुए देखी गयी।

# अखिलेश यादव के निर्देश पर बहराइच में लौह पुरुष की मनाई गई 148 वीं जयंती

- अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव तो गोष्ठी का संचालन सुनील कुमार निषाद ने किया

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद में स्वतन्त्र भारत के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 148 वीं जयंती पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर पूरे हर्ष व उल्लासपूर्ण तरीके से मनाई गयी। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव एडवोकेट की अध्यक्षता मे गोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी का संचालन जिला महासचिव सुनील कुमार निषाद ने किया।सर्वप्रथम पार्टी के वरिष्ठ नेताओं व पदाधिकारियों ने सरदार पटेल के चित्र पर मल्याणपर्ण कर श्रद्धासुमन अर्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात गोष्ठी मे पार्टी के वक्ताओं व नेताओं द्वारा सरदार पटेल के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया और देश की आजादी व नवनिर्माण मे उनकी भूमिका पर चर्चा की गई।अपने अध्यक्षीय उदबोधन मे जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल मजबूत अडिग और दृढ संकल्पित व्यक्तित्त्व के धनी थे।उनका जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाद मे एक किसान परिवार मे हुआ था, सरदार पटेल कानून के अच्छे जानकार थे, लंदन जाकर उन्होंने वकालत की पढ़ाई की। आजादी के बाद सरदार पटेल ने पूरे राष्ट्र को एकता के सूत्र मे पिरोने मे महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।उन्हे भारत का लौह पुरुष व बिस्मार्क भी कहा जाता है। उन्होंने जात पांत ऊंच नीच,गरीब अमीर के भेदभाव को समाप्त कर सभी को एक जुटता व अन्याय के खिलाफ मजबूती से लड़ने का संदेश दिया।इस अवसर पर पूर्व विधायक रमेश गौतम, पूर्व विधायक अलगू प्रसाद चौहान,जिला उपाध्यक्ष शकील मेकरानी, अनिल यादव, राम जी यादव, जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी नंदेश्वर नन्द यादव ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख जिलाध्यक्ष बाबा साहब वाहिनी पेशकार राव,अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सदस्य अली मेंहदी जाफरी, जिला सचिव एड0 मिथुन वाल्मीकि, नगर अध्यक्ष नदीमुल हक तन्नू,सैनिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला,राम प्रताप गुप्ता,रचित मिश्रा,दिनेश लोधी,नगर अध्यक्ष महिला सभा सुमन शर्मा, सभासद साजिद अली राजू संतोष यादव आदि नेता व कार्यकर्तागण उपस्थित रहें। इसकी जानकारी अर्जुन गुप्ता जिला सोशल मीडिया प्रभारी समाजवादी पार्टी बहराइच ने दी।

## विकास खण्ड जरवल मुख्यालय पर आयोजित रोजगार मेला

**बहराइच।** जिला सेवायोजन कार्यालय माडल करियर सेन्टर, बहराइच द्वारा विधान सभा क्षेत्र कैसरगंज के विकास खण्ड परिसर जरवल, बहराइच में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कुल 07 कम्पनियों द्वारा शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान कराने हेतु प्रतिभाग किया गया। रोजगार मेले में मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख इंजी0 विपेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा उपस्थित बेरोजगार अभ्यर्थियों को सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकरण कराते हुए प्रतिभागी कम्पनियों में सेवायोजित कराने की सलाह दी गयी साथ ही खण्ड विकास अधिकारी, जरवल सत्य प्रकाश पाण्डेय द्वारा निजी क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक बेरोजगार युवकों को रोजगार से संतृप्त होने की सलाह दी गयी।

# गोबर से तैयार दिये होंगे दीपावली का आकर्षण

- स्वावलम्बन की दिशा में गौशालाओं ने बढ़ाये कदम
- डीएम की अभिनव पहल हुई साकार

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।**जनपद में अवस्थित गो आश्रय स्थलों को आत्मनिर्भर बनाने की अभिनव सोच को अमलीजामा पहनाने के लिए विकास खण्ड तेजवापुर अन्तर्गत ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का हुनर काम आ रहा है। गोआश्रय स्थल पर उत्सर्जित होने वाले गोबर व ग्रामीण परिवेश में पली बढ़ी महिलाओं के हाथों की प्रतिभा के मिश्रण से तैयार होने वाले दियों से अंधकार पर प्रकाश, अन्याय पर न्याय तथा बुराई पर अच्छाई की जीत तथा सुख एवं समृद्धि का प्रतीक दीपावली पर्व के अवसर पर जिले के सरकारी कार्यालयों पर रौशनी की बारिश होगी।

उल्लेखनीय है कि कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान खण्ड विकास अधिकारी तेजवापुर ने जिलाधिकारी को महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्यों द्वारा गोबर से तैयार की गई लक्ष्मी व गणेश की मूर्ति, नेम प्लेट तथा दिये भेंट करते हुए महिला सदस्यों द्वारा गोबर से तैयार किये गये उत्पादों की बिक्री हेतु कलेक्ट्रेट में स्टाल लगवाये जाने का सुझाव दिया। इस सम्बन्ध में डीएम ने सुझाव दिया कि गौशाला में तैयार किये गये दियों की बिक्री की शुरूआत सरकारी कार्यालयों से की जाय।

डीएम मोनिका रानी ने कहा कि गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उठाया गया यह छोटा सा कदम आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगा। डीएम ने कहा कि गोबर आधारित उत्पादों के निर्माण से जहां एक ओर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा वहीं स्थानीय स्तर पर महिलाओं को रोज़गार मिलने से गांवों में सुख व समृद्धि का मार्ग भी प्रशस्त होगा। डीएम ने जिले के अधिकारियों का आहवान किया कि इस दिशा में नवाचार को बढ़ावा दिया जाय तथा स्थानीय लोगों विशेषकर महिलाओं से भी सुझाव प्राप्त किये जाएं तथा आवश्यकतानुसार उन्हें प्रशिक्षण भी दिलाया जाय।

# कांग्रेस जिला कार्यालय पर इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि व सरदार पटेल की मनाई गई जयंती

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय के प्रांगण मे भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि व आचार्य नरेंद्र देव, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई। राष्ट्रीय सचिव एवं बंगाल प्रभारी वीपी सिंह, प्रदेश सचिव एवं जनपद प्रभारी मो अनीस खा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, शहर अध्यक्ष शकील अंसारी समेत दर्जनों नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। तत्पश्चात संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव एवं बंगाल प्रभारी बीपी सिंह ने भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी व सरदार वल्लभभाई पटेल के कार्यों पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि देश के सबसे सशक्त व मजबूत, शक्तिशाली आयरन लेडी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के देशहित में महत्वपूर्ण योगदान रहा है।देशहित में बैंकों का राष्ट्रीयकरण, कोयला उद्योग का राष्ट्रीयकरण कर गरीबी हटाओ का नारा दिया। इनके महत्वपूर्ण योगदान से देश को एक नई दिशा मिली। श्री सिंह ने कहा कि देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री व लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल हमेशा निष्ठा और ईमानदारी के पर्याय रहे, वे भारत के आर्थिक और औद्योगिक विकास के विजन वाले दिग्गज नेता थे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि कहा कि प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के त्याग, बलिदान एवं साहस को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उनके नेतृत्व में भारतीय सेना ने वर्ष 1971 की जंग में पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए। दुश्मन देश की करीब एक लाख की फौज ने भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण कर दिया, जो एक ऐतिहासिक घटना है। उनको पूरा देश आयरन लेडी के रूप में याद करता है। प्रदेश सचिव एवं जनपद प्रभारी मो अनीस खा ने कहा कि भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी एवं लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर जिला प्रवक्ता नफीस फारुकी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरीश त्रिपाठी, पीसीसी सदस्य लाल पद्माकर पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार मुन्नू, लक्ष्मीकांत मिश्रा, महेश मिश्रा, राहुल त्रिपाठी, मानिकचंद श्रीवास्तव, पवन मिश्रा (नन्हे), अरशद पवार, सुब्रत सिंह (सनी), सिराज अहमद (भोला), वरुण मिश्रा, कालीसहाय सिंह, योगेश सिंह, रणजीत सिंह सलूजा, योगेश पांडे, हामिद रायनी, विजय पाल, विभु पांडे, अतिउल्ला अंसारी, नंदलाल मौर्य , निकलेश सरोज, राम कुमारी, फजल रिजवी (फैज) मो इमरान खान (मीडिया प्रभारी), देवेंद्र तिवारी मनीष तिवारी, दया शंकर दुबे सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### प्रसपा के राष्ट्रीय सचिव ने थामा कांग्रेस का दामन

प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी फजल रिजवी फैज मंगलवार को जिला कार्यालय पहुंचकर कांग्रेस का दमन थाम लिया। प्रदेश सचिव एवं जनपद प्रभारी मो अनीस खा, राष्ट्रीय सचिव एवं बंगाल प्रभारी बीपी सिंह, शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की मौजूदगी में कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने फजल रिजवी (फैज) को पार्टी का फटका पहन कर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। पार्टी की सदस्यता दिलाने के बाद कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप राष्ट्रीय व शीर्ष नेतृत्व के बताए हुए रास्ते पर चलकर जनपद में पार्टी को अत्यधिक मजबूती प्रदान करेंगे। कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने के बाद फजल रिजवी (फैज) ने कहा कि प्रगतिशील समाजवादी पार्टी एवं समाजवादी पार्टी के विलय होने के बाद पार्टी में नही मिल रहा था पार्टी द्वारा आयोजित जनपद में कई कार्यक्रमों में पहुंचते थे लेकिन हमें नजरअंदाज किया जाता था।

## संक्षिप्त समाचार

### संगठन के प्रति बेहतर काम करने पर संगठन के युवा प्रदेशध्यक्ष को किया गया सम्मानित



**सुल्तानपुर।** शियाने हैदरे कर्रार वेलफेयर एसोसिएशन के कार्यालय लखनऊ में संस्थापक हसनैन जाफरी व राष्ट्रीय अध्यक्ष वकार सुल्तानपुर के तत्वावधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तुरज जैदी (दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार) व राष्ट्रीय प्रभारी क़ायम रजा मुख्य रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम में शियाने हैदरे कर्रार वेलफेयर एसोसिएशन के युवा प्रदेशध्यक्ष फज़ल रिज़वी फैज़ को बेहतर कार्य करने को लेकर उनको मोमेंटो व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष की ओर से सम्मानित किये जाने पर संगठन के युवा कमेटी में हर्ष व्यक्त किया है। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रईसुल हसन राष्ट्रीय महासचिव मौलाना गजनफर अब्बास प्रदेश अध्यक्ष अलमदार हुसैन राष्ट्रीय सलाहकार एडवोकेट अली जाफरी लखनऊ प्रभारी मौलाना शजर अब्बास लखनऊ अध्यक्ष तौसीफ व संगठन के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### एसपी ने सहकर्मियों के साथ दी लौहपुरुष को श्रद्धांजलि



**सुलतानपुर।** लौहपुरुष को पुलिस कप्तान सोमेन ने याद किया।उन्होंने सहकर्मियों को राष्ट्र की एकता - अखंडता की शपथ दिलाई। देश के पहले डिप्टी पीएम लौहपुरुष सरदार पटेल की जयन्ती पुलिस विभाग ने भी राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में जोशो खरोश से मनाई। इस अवसर पर कप्तान सोमेन बर्मा ने लौहपुरुष को भावपूर्ण श्रद्धाजंलि दी व उनके कृतित्व को याद किया। साथ ही सहकर्मियों को राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने की शपथ दिलायी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मौजूद अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आज मनाई जाएगी वरिष्ठ पत्रकार की प्रथम पुण्य तिथि

**सुलतानपुर/अमेठी।** सुलतानपुर और अमेठी जनपद के वरिष्ट पत्रकार और शासकीय अधिवक्ता रहे स्वर्गीय विवेक विक्रम सिंह की प्रथम पुण्य तिथि एक नवंबर को उनके पैतृक गांव प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग ग्राम कुरंग रामगंज मे मनाई जायेगी। बता दें कि विवेक विक्रम सिंह की जिंदगी ऐसे जुझारू पत्रकार का सफर है जिसने अमेठी के रामगंज कुरंग की माटी से निकलकर प्रदेश स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। कुरंग के साधारण परिवार में जन्मे विवेक बाबू ने हिंदी पत्रकारिता जगत में असाधारण प्रतिष्ठा प्राप्त की थी। उनका जन्म 7 जुलाई 1976 को अमेठी के कुरंग में हुआ था।

# सरदार बल्लभभाई पटेल, इंदिरा गांधी व आचार्य नरेंद्र देव को किया याद

- कांग्रेस ने कार्यालय पर विचार गोष्ठी कर दी श्रृद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर आज तीन महापुरुषों को पुष्प अर्पित करते हुए याद किया गया। इनमें से भारत के प्रथम गृह मंत्री सरदार बल्लभभाई पटेल एवं आचार्य नरेंद्र देव का जन्मदिन मनाया गया, तो वहीं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की शहादत दिवस के उपलक्ष्य में तीनों महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित करते हुए कांग्रेसियों द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करके याद किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमारे देश की यह तीनों महान विभूतियां हमेशा याद की जाती रहेगी। जब तक सूरज चांद रहेगा, स्वतन्त्रता सेनानी और अमर शहीदों का नाम रहेगा। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का जीवन देश के लिए न्यौछावर रहा। उन्होंने अपने जीवन पर्यंत देश की तरक्की की चिंता करते हुए देश हित में कार्य किया। उनके अंतिम शब्द आज ही प्रासंगिक हैं जब उन्होंने कहा था मेरा पूरा जीवन देश के लिए समान बीत रहा है और जब भी मेरी जान जाएगी तो मेरा खून का एक-एक खतरा देश के काम आएगा और देश को मजबूती देगा। वहीं सरदार वल्लभ भाई पटेल कड़े फैसलों के लिए जाने जाते हैं। उन्होने अखंड भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने 600 रियासतों को अखंड भारत का हिस्सा बनाया तो आरएसएस संगठन पर बैन लगाकर अपने मजबूत इरादों का परिचय दिया था। आचार्य नरेंद्र देव का जीवन देश के उत्थान के लिए समर्पित रहा और यह तीनों महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सदैव याद किए जाते रहेंगे। हमारी माता बहनों को इंदिरा गांधी से प्रेरणा मिलती है। वहीं सरदार वल्लभभाई पटेल एवं नरेंद्र देवजी से देश हित में कार्य करने की अपने को देश पर बलिदान करने की प्रेरणा मिलती है। ये महान विभूतियां मजबूत इरादों के लिए सदैव याद की जाती रहेगी। तत्पश्चात कांग्रेसियों ने महरौनी पहुंचकर इंदिरा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और महरौनी सरकारी चिकित्सा लय पहुंचकर मरीजों को फल वितरण किए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष बलवन्त सिंह राजपूत, आशाराम तिवारी, रामभरोसे कुशवाहा, वीरेंद्र रजक, पवन विश्वकर्मा, असलम खान, एन.एस.यू.आई. प्रदेश कुलदीप पाठक, गजेंद्र राजा, साबिर खान, सूर्या बुंदेला, छोटे राजा, अखिलेश मलैया, सूर्य प्रताप सिंह, राहुल सेन, नेहा आदि दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर ली गई सामूहिक शपथ

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्मोत्सव पर राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अन्य अधिकारियों के साथ सरदार बल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। तत्पश्चात सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने की शपथ लेते हुए दोहराया कि मैं, सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करुंगा और अपने देश वासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करुंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ, जिसे सरदार बल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा सम्भव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आन्तरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ। जिलाधिकारी ने लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लौहपुरुष के व्यक्तित्व से हमें राष्ट्र की एकता और अखण्डता का संकल्प लेना चाहिए।

## बेलहरी ग्राम पंचायत में हैण्डपम्प रिबोर, मरम्मत के नाम पर घोटाला

**जयसिंहपुर,सुलतानपुर।** जिले के जयसिंहपुर ब्लाक के बेलहरी ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान व सचिव ने शासकीय धन को गट्टे की तरह चबाया है। ग्राम प्रधान व सचिव ने लाखों रुपये से हैण्डपम्प रिबोर , मरम्मत के नाम पर खारिज किया है जो फर्जी तरीके से अंजाम दिया गया है। शिकायत कर्ता ने नाम न छापने की शर्त पर यह जानकारी दी है। जब इस कारनामे को लेकर डीपीआरओ अभिषेक शुक्ल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि वे इस मामले में सभी आवश्यक रसीद व वाउचर मंगाकर जांच करेंगे अगर शिकायत सही पाया गया तो कठोरतम कार्यवाई सम्पादित की जाएगी। सूत्रों की मानें तो इस ग्राम पंचायत में अन्य योजनाओं में भी भारी भरकम चूना लगाया गया है।

# समाज सेवा मे अग्रणी भूमिका निभा रही बुंदेलखंड एकीकरण समिति

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** झांसी-ललितपुर के लोकप्रिय सांसद पंडित अनुराग शर्मा जी के द्वारा पं0 विश्वनाथ शर्मा हिन्दू धर्मार्थ न्यास के तत्वावधान में बुंदेलखंड एकीकरण समिति के माध्यम से बालाजी विद्या मन्दिर जखौरा, इंडियन स्टार स्कूल, जय श्री बालाजी बाल विद्या मन्दिर , विमला देवी स्कूल , सरस्वती ज्ञान मन्दिर के बच्चों को निशुल्क अभ्यास पुस्तिकाओं का वितरण किया गया। समिति द्वारा समाज सेवा कार्य निरंतर जारी है। इस अवसर पर बुंदेलखंड एकीकरण समिति एवं पंडित विश्वनाथ शर्मा हिंदू धर्मार्थ न्यास के संयोजक अरुण ताम्रकार ने कहा की पंडित विश्वनाथ शर्मा हिंदू धर्मार्थ न्यास के तत्वाधान में बुंदेलखंड एकीकरण समिति द्वारा ललितपुर जनपद में समाज सेवा के कार्य विशेष रूप से किया जा रहे हैं, उन्होंने कहा हमारी संस्था जनपद के गरीब मजदूर एवं वंचित परिवारों के साथ विशेष रूप से उनके बच्चों की पढ़ाई के लिए कार्य करने में अग्रणी है। उन्होंने कहा हमारा प्रयास है कि जनपद का कोई भी बच्चा संसाधनों के अभाव में पढ़ाई से वंचित नहीं होना चाहिए, श्री ताम्रकार ने कहा कि हमारा न्यास गरीब बच्चों की मदद पुस्तक एवं किताबों के सहयोग करके कर रहा है। इस अवसर पर पं0 विश्वनाथ शर्मा हिन्दू धर्मार्थ न्यास व बुंदेलखंड एकीकरण समिति से अरुण ताम्रकार, सुरेंद्र कुमार जिला पंचायत सदस्य ललितपुर, अनुपम यादव, नीरज जैन आशु पत्रकार, सत्यम साहू युबा मोर्चा मंडल अध्यक्ष एवं अन्य सभी स्कूलों के अध्यापक उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल की पैथोलॉजी बनी सफेद हाथी

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** स्थानीय मान्यवर कांशीराम जिला चिकित्सालय ललितपुर में पैथोलॉजी की हालत दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। रोगी जहां जांच की अपेक्षा के साथ प्रातः से पहुंचकर लाइन लगते हैं वहीं पैथोलॉजी का समय बिल्कुल भी ठीक नहीं है। पैथोलॉजी में वरिष्ठ लैब टेक्नीशियन उमाशंकर गुप्ता पैथोलॉजी में अनियमितता कर रहे हैं। समाजसेवी आसाराम शर्मा ने जानकारी दी के स्थानीय जिला चिकित्सालय जो वर्तमान में मेडिकल कॉलेज हो गया है, यहां पैथोलॉजी की व्यवस्था अत्यंत ही दयनीय है जबकि मेडिकल कॉलेज होने के नाते एवं पूरे जनपद में डेंगू का प्रकोप होने के नाते पूरे दिन मरीजों की जांच की व्यवस्था की जानी चाहिए। श्री शर्मा ने बताया नियम अनुसार अस्पताल के समय के साथ ही पैथोलॉजी के खुलने का समय प्रातः 8:00 बजे है तथा अस्पताल के साथ ही 2:00 तक कार्य किया जाना चाहिए। इसके विपरीत सीनियर लैब टेक्नीशियन उमाशंकर गुप्ता प्रातः 11:00 बजे से पहले पैथोलॉजी नहीं आते तथा 1:00 बजे सैंपल लेना बंद कर देते हैं। जिस कारण यहां जांच के लिए आने वाले रोगियों को अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। श्री आसाराम शर्मा ने कहा कि मैं इस बात की शिकायत मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से की है उन्होंने कहा अगर यह व्यवस्था सुधारी नहीं गई तो मैं इस की शिकायत मुख्यमंत्री तक लेकर जाऊंगा।जैसा कि विदित है वर्तमान में जनपद में डेंगू का प्रारूप जोरो पर है, इस समय डेंगू के अत्यधिक मरीज अस्पताल में प्रतिदिन आ रहे हैं। ऐसे में अगर उनकी तत्काल खून की जांच करके इलाज नहीं किया गया तो यह उनके जीवन से भी खिलवाड़ हो सकता है। चिकित्सालय से जुड़े अधिकारियों स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं जिला प्रशासन को इस बात पर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है। कहीं छोटी सी लापरवाही बड़ी आपदा में तब्दील न हो जाए।

# चौथे गुरु रामदासजी का प्रकाश पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** श्रीगुरु सिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वाधान में श्रीगुरु रामदासजी महाराज का प्रकाश पर्व बड़े ही श्रद्धा भावना के साथ गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा में मनाया गया। इस अवसर पर सुबह साप्ताहिक पाठ साहिबजी की समाप्ति सतवंत सिंह भोगल वा सहज पाठ साहिबजी की समाप्ति गुरबचन सिंह, हरविंदर सिंह सलूजा परिवार की ओर से हुई। लंगर की सेवा डा.जे.एस.बक्शी परिवार की ओर से हुई। रात्रि के दीवान में मुख्य ग्रंथि अरविंदर सिंह व ज्ञानी प्रभजोत सिंह ने गुरुबानी कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया। राहिरास साहिब के पाठ के बाद गुरुद्वारा साहिब में दीपमाला का आयोजन किया गया। उपरांत आरती वा गुरुजी के सुखासन के अवसर पर पर फूलों की बरखा की गई। रात्रि के दीवान के पश्चात गुरुजी के लंगर की सेवा गुरबचन सिंह, हरविंदर सिंह सलूजा परिवार द्वारा की गई। इस अवसर पर मुख्य ग्रंथि अरविंदर सिंहजी ने कहा की गुरु रामदास का जन्म 9 अक्टूबर, 1534 ई. को हुआ था और वे सिखों के चौथे गुरु थे। इन्होंने अमृतसर नामक शहर की स्थापना की अमृतसर पहले रामदासपुर के नाम से जाना जाता था। गुरु रामदासजी के बचपन का नाम जेठा था। इनका जन्म 9 अक्टूबर, 1534 को चूना मंडी जो अब लाहौर में हुआ था। इनके पिता हरिदास और माता अनूप देवीजी थी। गुरु रामदासजी का विवाह गुरु अमरदासजी की पुत्री बीबी बानो से हुआ था। जेठाजी की भक्ति भाव को देखकर गुरु अमरदास ने 1 सितम्बर 1574 को गुरु की उपाधि दी और उनका नाम बदलकर गुरु रामदास रखा। रामदासजी ने 1577 ई. में अम्रत सरोवर नामक एक नये नगर की स्थापना की थी, जो आगे चलकर अमृतसर के नाम से प्रसिद्ध है। गुरु रामदासजी ने सिख धर्म के लोगो के विवाह के लिए आनंद कारज 4 फेरे (लावा) की रचना की और सिक्खों को उनका पालन और गुरुमत मर्यादा के बारे में बताया।

**लखनऊ नगर निगम**

लालबाग, टी0एन0 रोड, लखनऊ-226001 (उ0प्र0)

ई-मेल- nnlko@up.nic.in टेली-फैक्स 0522-2622440

ई-निविदा सू0सं0:166/मु.अ./23-24 दिनांक : 31.10.2023

**ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत अल्प कालिक निविदा सूचना**

ई.निविदा प्रणाली के अन्तर्गत लखनऊ नगर निगम द्वारा दिनांक 17.11. 2023 को 05 कार्य हेतु ई-निविदायें ई-निविदा पोर्टल https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती हैं, पोर्टल https://etender.up.nic.in पर निविदा के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र की धनराशि आर0टी0जी0एस / एन0ई0एफ0टी0 / इण्टरनेट बैकिंग के माध्यम पोर्टल: https://induscollect.indusind.com/pay/index.php पर लागिन करके जमा किया जायेगा। ई-निविदा दिनांक 17.11. 2023 को अपराह्व 15.00 बजे तक ई-निविदा पोर्टल पर प्राप्त की जायेगी जिन्हें दिनांक 17.11.2023 को 16.00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार समक्ष अधिकारी में निहित होगा। अन्य समस्त विवरण / नियम / शर्तें यथा कार्य का नाम, आगणन धनराशि निविदा प्रपत्र की धनराशि एवं जमानत धनराशि तथा निविदा प्रपत्र पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

मुख्य अभियन्ता

नगर निगम लखनऊ

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106-टेली/टेंडर/13/2023-24 |
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल के उन्नाव–डलमऊ, डलमऊ–ऊंचाहार, डलमऊ–दरियापुर, ऊंचाहार–दरियापुर, फाफामऊ–फैज़ाबाद सेक्शन में ऑप्टिकल फाइबर कम्युनिकेशन का कार्य। |
| अनुमानित लागत | रु. 1,48,03,385.46/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 2,24,000.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 120 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 13.11.2023 15.30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय / मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर / उत्तर रेलवे / लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुउल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी। **निविदा सू0 सं0 – 106–टेली / टेंडर / 13 / 2023–24 दिनांक: 20.10.2023** **3397/2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की हुयी बैठक

## बैठक में अनुपस्थित राठ एमओआईसी का वेतन रोकने एवं स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जिला स्वास्थ्य समिति, संचारी रोग नियंत्रण अभियान, दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में सम्पन्न हुई।

बैठक में अनुपस्थित राठ एमओआईसी का वेतन रोकने व स्पष्टीकरण प्राप्त करने के जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। स्वास्थ्य संबंधी कार्यो में लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी ने नौरंगा एमओआईसी का भी वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसके अलावा प्रसव/ डिलीवरी की फीडिंग मंत्रा ऐप /पोर्टल पर फीड न करने तथा स्वास्थ्य संबंधी अन्य कार्यों में लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी को चेतावनी नोटिस देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में कार्यों में सुधार ना करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि एमओआईसी द्वारा मरीजो को अनावश्यक रेफर ना किया जाए। क्रिटिकल केस होने की दशा में मरीज का प्राथमिक उपचार करने के उपरांत ही रेफर किया जाए। स्वास्थ्य कार्मिकों द्वारा संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए। राठ,सरीला, नौरंगा व गोहांड एमओआईसी द्वारा अपनी प्रगति में विशेष तौर पर सुधार किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे अल्ट्रासाउंड सेंटर जो क्यूआर कोड उपलब्ध कराने पर मरीजो/ लाभार्थियों को समय से निशुल्क अल्ट्रासाउंड सुविधा नही देते ,इनको चेतावनी नोटिस दी जाए तथा फिर भी इसमें सुधार न करने पर कड़ी कार्रवाई की जाए। ज्ञात हो कि क्यूआर कोड के माध्यम से निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर को सरकार /विभाग द्वारा लाभार्थियों /मरीजों की ओर से भुगतान किया जाता है जिससे मरीजो को इसका पैसा नही देना पड़ता है। संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा में जिलाधिकारी ने कहा कि डेंगू को नियंत्रित किए जाने हेतु प्रभावी ढंग से प्रयास किए जाएं। शहरी क्षेत्रों में फागिंग एवं एंटी लार्वा छिड़काव पर विशेष ध्यान दिया जाय। स्कूलों तथा उसके आस पास में जलभराव ना हो यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। सभी पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं तथा आयुष्मान कार्ड बनाए जाने संबंधी कार्यों में तेजी लाई जाए। दस्तक अभियान के अंतर्गत जो भी विजिट किए गए हैं उन्हें शत प्रतिशत पोर्टल पर फीड कराया जाए।

स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना ,जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, प्रेगनेंट महिलाओं की पोर्टल पर फीडिंग, चाइल्ड रजिस्ट्रेशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत पोर्टल पर बेनिफिशियरी अपलोड करने, फैमिली प्लानिंग आदि की समीक्षा करते हुए संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मां एवं नवजात ट्रैकिंग पोर्टल मंत्रा एप पर शत प्रतिशत डेटा फीड किया जाय। शत प्रतिशत जन्म पंजीकरण सुनिश्चित कराया जाय। गर्भवती महिलाओं में एनीमिया न हो इसके लिए नियमित रूप से आयरन की दवाई दी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा दी जाए। कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनस्वास्थ्य के कार्यो /विभाग के स्वास्थ संबंधी विभिन्न योजनाओं में तेजी लाई जाए।

# दोस्त की गर्दन पर किया चाकू से वार, हालत गंभीर

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** नशे की हालत में फोन पर अभद्रता करने पर युवक ने दोस्त पर चाकू से ताबड़तोड़ छह वार कर दिए। आरोपित साथी की गर्दन काटने के बाद उसे बेहोशी की हालत में छोड़कर खुद कोतवाली पहुंच गया और घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। आरोपित भाजपा के टिकट पर सभासद पद का चुनाव लड़ चुका है। सदर कोतवाली के खालेपुरा मोहल्ला निवासी सुशील कुमार निषाद उर्फ गब्बर नगर निकाय चुनाव में भाजपा से सभासद पद का चुनाव लड़ा था। उसे हार मिली थी। मोहल्ले के ही 36 वर्षीय राजेश चौरसिया ने उसका पुराना दोस्ताना है। बीते रात नशे में राजेश ने सुशील को फोन किया और गाली गलौज करते हुए घर आकर देख लेने की धमकी देने लगा। जिस पर सुशील भी घर से बाहर निकाला और दोनों लोग रास्ते में ही मिल गए। दोनों के बीच विवाद होने लगा और इसी बीच सुशील ने चाकू से साथी राजेश की गर्दन काट दी और पेट में पांच बार कर उसे घायल कर दिया। लहूलुहान होकर राजेश जमीन पर गिर गया इसके बाद सुशील ने स्वयं कोतवाली पहुंचकर घटना बताई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को अस्पताल पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर ए.के सिंह ने बताया कि घायल की गर्दन में साथ टांके लगाए गए हैं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला खेल विकास और प्रोत्साहन समिति की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुई। इस मौके पर स्टेडियम परिसर में लगे जिम संचालित करने हेतु, आधुनिक जिम उपकरणों / मेंटीनेंस को ध्यान में रखते हुए और जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति को आर्थिक रूप से मजबूत करने के उद्देश्य से प्रति सदस्य प्रतिमाह 500 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्टेडियम परिसर के जिम संचालन के लिए समय का भी निर्धारण कर लिया जाए। इस मौके पर जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति से जिम कोच के पद पर चयन करने पर विचार विमर्श किया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने नियमानुसार जिम कोच नियुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिला एवं पुरुष हेतु अलग-अलग जिम कोच रखने की व्यवस्था की जाए। बैठक में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति को आर्थिक रूप से सुदृढ़ीकरण करने पर विचार विमर्श किया गया। इसके लिए अन्य विभागों से भी सहयोग प्राप्त करने पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने समिति में लाइफटाइम मेंबरशिप बनाने हेतु नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव , सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला ,जिला क्रीड़ा अधिकारी ब्रजेन्द्र सोनी, डीपीआरओ सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# जिला न्यायाधीश हमीरपुर द्वारा की गई अनूठी पहल



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा द्वारा बाल संप्रेषण गृह, चित्रकूट में जिला हमीरपुर के निरुद्ध 12 बाल अपचारियों को बुलाकर उनसे संवाद स्थापित किया गया तथा आगामी दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर उन्हें जलपान कराया गया। जनपद न्यायाधीश द्वारा कहा गया कि बच्चों को संस्कार एवं शिक्षा दिया जाना आवश्यक है ताकि वे राष्ट्र निर्माण में सहयोग करें तथा आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त न हों। बच्चों के अभिभावक व परिवारजन उनसे मिलने पहुँचे तथा बच्चों को देखकर उनकी आंखें डबडबा गई। जिला जज द्वारा यथासंभव उनके मुकदमों में त्वरित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीमती गीतांजली गर्ग एवं प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर बोर्ड श्रीमती सीमा कुमारी उपस्थित रहीं। बाल अपचारीगण इस कार्यक्रम से अत्यंत अह्लादित एवं प्रसन्न दिखें।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जिला पोषण समिति एवं कन्वर्जंस विभागों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुई। आईसीडीएस विभाग की शिथिल कार्यप्रणाली पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य प्रणाली में सुधार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि ब्लॉक कवरेज एक्शन प्लान के अंतर्गत सभी सीडीपीओ द्वारा नियमित रूप से एसडीएम के साथ सेक्टर व ब्लॉक की बैठक कर उसका कार्यवृत्त उपलब्ध कराया जाए। लर्निंग लैब हेतु चयनित आंगनबाड़ी केंद्रों को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करा कर उसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि गर्भवती एवं धात्री महिलाओं ,कुपोषित बच्चों के पोषण सुधार संबंधी वीएचएसएनडी सेशन अत्यंत महत्वपूर्ण है अतः इस सेशन को सभी संबंधित केंद्रों पर निर्धारित समय मे संचालित किया जाए तथा इस सेशन में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व संबंधित लाभार्थियों / लोगों की अनिवार्य रूप से सहभागिता सुनिश्चित किया जाए। कहा कि वीएचएसएनडी सेशन के दौरान सभी आवश्यक उपकरण अनिवार्य रूप से होने चाहिए। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का बेहतर ढंग से पर्यवेक्षण किया जाए। संभव अभियान के अंतर्गत जिन बच्चों में मेडिकल कॉम्प्लिकेशंस है उनका स्वास्थ्य चेकअप कर एनआरसी आदि में भर्ती कराकर उन्हें सुपोषित करने हेतु प्रभावी कार्रवाई किया जाए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों / सहायिकाओं द्वारा 100त्न होम विजिट किया जाए। पोषण ट्रैकर एप पर शत प्रतिशत फीडिंग किया जाए।कम्युनिटी बेस्ड इवेंट एवं वीएचएसएनडी सेशन निर्धारित समय से आयोजित किया जाए इसमें जन जागरूकता कर लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि रियल टाइम मॉनिटरिंग के अंतर्गत पोषण ट्रैकर एप पर नियमित रूप से फीडिंग का कार्य किया जाए। कहा कि प्रत्येक माह पोषाहार वितरण समय से किया जाए।

# पिता की तहरीर पर पुत्र पर गंभीर धाराओं में मुकदमा

**मौदहा हमीरपुर।** बीते तीन दिन पहले पिता सहित परिजनों और राहगीरों पर नंगी तलवार और बांका लेकर प्रहार करने और बाईक एजेंसी में जाकर तोड़फोड़ करने के आरोप में पुलिस ने पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। कस्बे के जाने माने वरिष्ठ अधिवक्ता कामता प्रसाद निगम ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनका पुत्र बिशप निगम एक माह पहले उनकी पत्नी सहित जान लेने के उद्देश्य से गला घोंट चुका है।जबकि बीते 29अक्टूबर को उक्त बिशप ने उनपर जानलेवा हमला किया। उसके बाद बाहर बांका और तमंचा लेकर अपने भाई और भाभी की जान लेने के उद्देश्य से उन्हें दौड़ा लिया जिसपर वह लोग बाईक एजेंसी में अपनी जान बचाने के उद्देश्य से घुस गए तो वहां पर भी तोड़ फोड़ कर दी।

# एनटीपीसी सिंगरौली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह एवं एकता रैली का आयोजन

अवधनामा संवाददाता




**सोनभद्र/शक्तिनगर।** शक्तिनगर में केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा निर्धारित थीम ÷भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें÷ के प्रति जन चेतना तथा जागरूकता पैदा करने हेतु एनटीपीसी शक्तिनगर में सतर्कता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा हैं।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 के आयोजन के क्रम में दिनांक 31-10-2023 को प्रातः 6.30 बजे से डॉ0 अंबेडकर भवन, विद्युत विहार से स्टेशन प्रमुख राजीव अकोटकर की अगुवाई में सतर्कता जागरूकता रैली एवं एकता दौड़ का आयोजन किया गया। इस सतर्कता एकता रैली में एनटीपीसी सिंगरौली कर्मचारीगण, स्कूल के विद्यार्थिगण, सीआईएसएफ़ कर्मी आदि भारी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुये।

राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख द्वारा दिनांक-30.10.2023 को सतर्कता दिवस के उद्घाटन पर सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर स्टेशन के सभी कर्मचारियों ने ईमानदारी तथा कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्यालय के कामकाज करने का संकल्प लिया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई लौहपुरुष पटेल की जयंती

## वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता दिवस के रूप में मनाया गया

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के जन्म दिवस को जनपद में राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस क्रम में सरदार वल्लभभाई पटेल जी के जीवन पर विचार गोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी श्री राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी में सरदार वल्लभभाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया तदोपरांत राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता विषयक शपथ दिलाई गई। गोष्ठी में एडीएम न्यायिक डॉ नागेन्द्र नाथ यादव, लखन लाल जोशी, नाथूराम पथिक, गुरुदेव सिंह, गणेश सिंह, ईदगाह के धर्मगुरु आदि ने सरदार वल्लभभाई पटेल जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर जिलाधिकारी ने गोष्ठी में मौजूद लोगों तथा जनपद वासियों को राष्ट्रीय एकता दिवस एवं सरदार वल्लभभाई पटेल जी के जन्म दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश को आजादी दिलाने , 500 से अधिक रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत का निर्माण करने में सरदार वल्लभभाई पटेल जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हमें उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा व सीख लेने की आवश्यकता है। हमे उनके बताए गए मार्गो पर चलना चाहिए तथा उनके जीवन के आदर्शो को आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन जलीस खान ने किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव, सीएमओ डॉ गीतम सिंह, उपनिदेशक कृषि अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी जनपद के प्रबुद्ध व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इससे पूर्व राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर सर्वप्रथम प्रातः 6:00 बजे जिला स्टेडियम परिसर से रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। रन फार यूनिटी दौड़ को सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला ने स्टेडियम परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तदोपरांत प्रभात फेरी में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं ने स्टेडियम परिसर में एकता शपथ ली।

# भारत के लौहपुरुष भारत रत्न की मनी जयन्ती



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** भारत के लौहपुरुष भारत रत्न एकता के प्रतीक सरदार बल्लभ भाई पटेल की 148वीं जन्म जयन्ती हर्षोल्लास के साथ भाजपा जिला कार्यालय सोनभद्र पर मनाई गयी। जयन्ती पर भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई की प्रतिमा पर अपनी श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी ने कहा कि आजाद भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्तूबर को मनाई जाती है। इन दिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के तौर पर मनाते हैं। सरदार पटेल का देश की आजादी में खास योगदान रहा। स्वतंत्रता के बाद छोटी-बड़ी रियासतों को जोड़कर भारत के अधीन लाने का पूरा श्रेय सरदार पटेल को ही जाता है। आजादी के दौरान भारत में छोटे-छोटे 562 देसी रियासतों में बंटा था, जिन्हें विलय करना आसान नहीं था सरदार पटेल के लिए यह चुनौती थी, उन्होंने अपनी बुद्धि व अनुभव का इस्तेमाल करते हुए सभी को एकता के सूत्र में बांधा। सरदार पटेल के योगदान के कारण उनकी जयंती को एकता दिवस के तौर पर मनाते हैं। हमे उंच नीच अमीर गरीब और जाति प्रथा के भेदभावों को समाप्त कर देना चाहिए बोलने मे मर्यादा नही छोडना चाहिए गालियां देना तो कायर का काम है प्रजा का विश्वास राज्य की निर्भरता की निशानी है, गरीबों की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। सरदार वल्लभ भाई पटेल का जीवन हर युवा के लिए प्रेरणा है।

# सपाइयों ने मनाई लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** मंगलवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई और चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया गया जिसकी अध्यक्षता समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम राम निहोर यादव ने किया और संचालन जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी ने किया। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से पूर्व विधायक रमेश चंद्र दुबे जितेंद्र कुमार अनीता कोल संजय यादव महिला सभा जिला अध्यक्ष गीता गौर अनिल प्रधान राम भरोसे सिंह पटेल श्याम बिहारी यादव अशोक पटेल हिदायत उल्ला खान त्रिपुरारी परमेश्वर यादव राजकुमार मुकेश सिंह मनोज पटेल फारूक अली गुलाम विनीत सरोज पंकज त्यागी सनी पटेल सचिन पटेल चंद्र भूषण यादव मनीष त्रिपाठी प्रमोद बिरहा गायक बाल्ली यादव परशुराम यादव पप्पू यादव के साथ दर्जनों कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण किया। इसके बाद शाहगंज में सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति पर माल्याअर्पण किया गया और विशाल गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल जी ऐसे विद्वान नेता थे जो हमेशा हर वर्ग की लड़ाई लड़ने का काम किया और हर समाज को एक समान अधिकार दिलाने का काम किया।

# इंदिरा गांधी की जयंती पर डाला प्रकाश

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** देश की पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी स्व इंदिरा गांधी जी की शहादत दिवस और लौह पुरुष देश के गृह मंत्री के जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यलय पर जिला अध्यक्ष रामराज सिंह गोड की अध्यक्षता में मनाया गया। इस दौरान उनके व्यक्तित्व और चर्चा की गई। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रामराज गोड ने कहा की इंदिरा गांधी जी को पूरा विश्व लोहा मानता था, उनके द्वारा देश को एक नया आयाम दिया गया। दलित और शोषित समाज के लोगो को पट्टा देने का काम इंदिरा जी ने किया था,। देश को तरक्की की राह पर ले जाने का काम भी इनका ही था, पूरे देश में कल कारखाने, बड़े बड़े अस्पताल और किसानों के हित में किए गए कार्य को भी जनता आज याद करती हैं। जिला उपाध्यक्ष जगदीश मिश्रा ने कहा की इंदिरा जी के द्वारा किए गए कार्य आज भी याद किए जाते है। महिला जिला अध्यक्ष ऊषा चौबे और युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित चौबे ने कहा की इंदिरा गांधी और सरदार पटेल को कभी भुलाया नही जा सकता, देश को एकता के सूत्र में पिरोकर बाधने का काम इन दोनो नेताओ ने किया था। कार्यक्रम का संचालन शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी ने किया। उक्त मौके पर प्रवक्ता शत्रुंजय मिश्रा, जितेंद्र पासवान, आशुतोष कुमार दुबे, बृजेश तिवारी, राजबली पांडेय, गोपाल स्वरूप पाठक,बाबूलाल पनिका, अमरेश देव पांडे, लल्लू राम पांडेय, रामविलास पनिका, मदन गुप्ता, राजेंद्र भारती निगम मिश्रा, बंसीधर पांडेय,मृदुल मिश्रा, शेखर शरण सिंह, प्रांचल श्रीवास्तव, रामेश्वर यादव, जितेंद्र पांडेय, आशीष सिंह, सहित सैकड़ों कांग्रेसी मौजूद रहे।

# तन से तो स्वस्थ हैं परंतु मन से हैं बीमार

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसपुरा में एक विशाल मानसिक स्वास्थ्य का आयोजन किया गयाञ जिसका उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव द्वारा फीता काटकर किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि हम तन से स्वस्थ रहना जानते हैं किंतु मन से स्वस्थ नहीं रह पा रहे हैं। मन से स्वस्थ रहने के लिए परिवार के साथ समय बिताए, फास्ट फूड खाने से बचें, प्रातः उठकर पहले योग की क्रिया करें इससे आप मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। मनोरोग चिकित्सक डॉ हरदयाल ने आये हुए लोगों को मानसिक रोग से बचाव के तरीके बताये साथ ही मानसिक रोगियों का स्वास्थ परीक्षण कर उपचार किया गया। मरीजों की काउंसलिंग साइकोलॉजिस्ट डॉ0 रिजवाना हाशमी द्वारा निशुल्क दवा वितरण साइकाइट्रिक नर्स त्रिभुवन नाथ द्वारा व पंजीकरण अशोक कुमार व अनुपम त्रिपाठी द्वारा किया गया।

# प्राइवेट बस संचालकों की खुली लूट, प्रशासन मौन

अवधनामा संवाददाता

**900 /- वाले किराये को दीपावली पर 2600 /- मे बुक रहे है बस संचालक**

**बाँदा।** दीपावली का पर्व नजदीक आते ही प्रवासियों मे अपने अपने घर लौटने की ललक बढ जाती है , परंतु प्राइवेट बस संचालको की खुली लूट से बेचारे कराह रहेहैं।

भारत वर्ष मे कई त्योहार मनाये जाते हैं जिनमे से दीपावली और होली का खास महत्व है , जब परदेश जाने वाले अपने अपने घरो को लौटते हैं परंतु कुछ लोगो के लिये यही समय इनको लूटने का भी होता है जब बस संचालको की मनमानी से किराया दुगना करके यात्रियों के साथ ब्लैकमेलिंग की जाती है।

इस पूरे मामले को ऐसे भी समझा जा सकता है कि बाँदा से दिल्ली और दिल्ली से बाँदा परिवहन निगम की बस नही चलती है वहीं राज कल्पना और साई आनंद दो ए.सी. प्राइवेट बसें चलती हैं जिनका किराया साधारण दिनों मे 950/- प्रति यात्री होता है स्लीपर वाला और 800/- बैठने वाली सीट का किराया लिया जाता है परंतु जैसे ही कोई पर्व नजदीक आता है स्लीपर वाला किराया बढाकर 2600/- प्रति यात्री और 2000/- बैठने वाली सीट का किराया प्रति यात्री करके खुलेआम डकैती डाली जाती है , और जब इससे भी मन नही भरता है तब दोनो सीटों के बीच मे 1500/- प्रति यात्री स्टूल पर बैठाकर यात्रा करवाते हैं।

जब सरकार प्याज और आलू स्टोर करने वाले पर कार्यवाही कर सकती है तब इन प्राइवेट बस संचालको पर क्यों नही कार्यवाही करती है।

इन प्राइवेट बस संचालको का खौफ कहें या पैसे की खनक जिसकी वजह से बाँदा से दिल्ली के लिये कोई भी राजकीय बस सुविधा नही चलायी जा रही है , क्या सरकार के पास जनरथ बसे उपलब्ध नही है जिनको दिल्ली और बाँदा चलाया जा सकता है क्योकि जब प्राइवेट बस राजकल्पना और साई आनंद पूरी तरह से सवारियो से भरकर चलती है तब ऐसे मे परिवहन निगम की बसें ना चलना विस्मित करने वाला है जिसमे रोडवेज के अधिकारियो और प्राइवेट बस संचालको की मिलीभगत साफ साफ नजर आती है।

ऐसे मे यात्रियों को लुटने से बचाने के क्या बाँदा की तेज तर्रार जिलाअधिकारी महोदया कोई ठोस कदम उठायेगी या प्रवासियों को लुटने पर मजबूर होना पडेगा।

# बबेरू मे अवैध पैथालाजी सेंटरों की भरमार

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** बबेरू मे स्वास्थ सेवायें पूरी तरह से धडाम है और स्वास्थ विभाग की मिलीभगत से अवैध नर्सिंग होम्स और बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित है दर्जनो पैथालाजियां।

ऐसा नही है जनपद के स्वास्थ विभाग को जानकारियां नही हैं परंतु भ्रष्टाचार के लालच मे पूरी तरह से लिप्त होने के चलते कभी भी दंडात्मक कार्यवाहियां नही हुयी , अगर कभी किसी ने ऐसी पैथालाजियों पर आपत्ति उठायी तो दिखावे के लिये स्वास्थ विभाग की टीम उसके ठिकाने पहुंच गयी जहां लेनदेन के पश्चात उसको पुनः क्लीनचिट दे दी जाती है।

अभी हाल ही मे एकता नर्सिंग होम्स , फिर न्यू एकता नर्सिंग होम और उसके बाद माँ पीताम्बरा नर्सिंग होम चलाने वाले झोलाछाप कथित डा. गंगासागर को कानून ने जेल का रास्ता पकडाया ये वही गंगासागर है जिसके खिलाफ दर्जनो शिकायते स्वास्थ विभाग से लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय तक की गयी थी परंतु स्थानीय चिकित्सा प्रभारी की सहमति से सब चल रहा था।

# मुख्यमंत्री ने पूज्य भाईजी अन्न क्षेत्र का किया उद्घाटन

## भाईजी हनुमान प्रसाद पोदद्दार ने संसाधनों के अभाव के बावजूद सनातन धर्म के मूल्यों को देश व विदेश में पहुंचाने का कार्य किया

अवधनामा ब्यूरो

- अन्न ब्रह्म का स्वरूप, अन्न दान-पवित्र दानः मुख्यमंत्री
- अन्नदान की महत्ता को एक भारतीय से ज्यादा और कोई नहीं समझ सकता
- मुख्यमंत्री ने फुलवरिया 04 लेन के निर्माण कार्यका निरीक्षण किया
- दुर्गाकुण्ड स्थित दुर्गा मंदिर सिद्धपीठ में दर्शन-पूजन



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हमारे देश में अन्न दान को एक पवित्र दान माना जाता है। भारत की वैदिक परम्परा में 'अन्नम ब्रह्म' को अत्यन्त महत्व दिया गया है। अन्न को ब्रह्म का स्वरूप माना गया है। सनातन धर्म की परम्परा में अन्नदान के अनेक उदाहरण हमारे सामने हैं। अन्नदान की महत्ता को एक भारतीय से ज्यादा और कोई नहीं समझ सकता।

मुख्यमंत्री आज जनपद वाराणसी में पूज्य भाईजी अन्न क्षेत्र के औपचारिक उद्घाटन कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने दिव्यांगजन और समाज को एक नई दृष्टि दी है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगजन के कल्याण के लिए अनेक कार्यक्रम व अभियान चलाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री हनुमान प्रसाद पोद्दार स्मृति सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित दृष्टिबाधित विद्यालय में अन्न क्षेत्र का शुभारम्भ होना एक सुखद अनुभूति करने वाला क्षण है। श्रद्धेय भाईजी श्री हनुमान प्रसाद पोद्दार की स्मृति में आज यहां एक पवित्र कार्य हुआ है। यहां पर दृष्टिबाधित बच्चे अध्ययन करते हैं। इन दृष्टिबाधित बच्चों के साथ काशी आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक नया अन्न क्षेत्र का शुभारम्भ अत्यन्त सुखद है। श्री हनुमान प्रसाद पोद्दार स्मृति सेवा ट्रस्ट का यह कार्यक्रम इसी कार्य से जुड़ा हुआ है। वास्तव में इस प्रकार के कार्यक्रम धर्मार्थ संस्थाओं के ही कार्यक्रम बनने चाहिए। हमारी धर्मार्थ संस्थाएं और सामाजिक संस्थाएं समाज और राष्ट्र के प्रति अगर अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करना प्रारंभ कर दें, तो फिर समाज में कहीं भी अभाव, दुख और दरिद्रता के लिए कोई जगह नहीं होगी। सर्वत्र खुशी का माहौल होगा। रामराज्य की स्थिति होगी। सनातन धर्म कृति के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने वाला धर्म है। किसी ने कुछ कार्य किया है, उसके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने वाला महान धर्म सनातन धर्म है। सनातन धर्म हमें हमेशा अपने पूर्वजों, अपनी परम्परा और समाज के लिए योगदान देने वाले महापुरुषों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने की प्रेरणा देता है। आज उसी कृतज्ञता को ज्ञापित करने के लिए हम लोग श्रद्धेय भाई जी का स्मरण कर रहे हैं। श्री हनुमान प्रसाद पोद्दार स्मृति सेवा ट्रस्ट ने भाई जी की स्मृतियों को एक नई जीवंतता प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जयदयाल गोयनन्दका ने गोरखपुर में गीता प्रेस की स्थापना की थी। लगभग 100 वर्ष पहले गोरखपुर से कल्याण मासिक पत्रिका का प्रकाशन प्रारम्भ हुआ। सनातन धर्म के मर्म को समझने वाले श्रद्धेय भाईजी श्री हनुमान प्रसाद पोद्दार ने कल्याण पत्रिका के सम्पादक के रूप में आजीवन कार्य किया। कल्याण पत्रिका में आलेख जो उनके समय छपे थे, वही आलेख आज भी चल रहे हैं। भाईजी ने संसाधनों के अभाव के बावजूद सनातन धर्म के मूल्यों को देश व विदेश में पहुंचाने का कार्य किया।

# आईना ने राम मंदिर निर्माण का लिया जायज़ा

- अयोध्या कवरेज के लिए मुख्यमंत्री योगी का जाताया आभार

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आल इंडिया न्यूजपेपर एसोसिएशन (आईना) के एक प्रतिनिधिमंडल ने अयोध्या में रामलला के मंदिर निर्माण व विकास कार्यों की समीक्षा की। आईना प्रतिनिधिमंडल व पदाधिकारियों ने अयोध्या कवरेज के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशन में अयोध्या में चल रहा निर्माण कार्य करीब से देखने को मिला और अयोध्यावासियों से बात कर सरकार के विकास के सुखद एहसास का मौका मिला। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण युद्धस्तर पर जारी है और प्रदेश सरकार विश्व पर्यटन सूची में अयोध्या धाम को वरीयता पर लाने के लिए नवनिर्माण में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय वर्मा ने शासन-प्रशासन के अभूतपूर्व सहयोग और उपाध्यक्ष डी.पी. शुक्ला के विशेष योगदान का आभार जताया। प्रतिनिधिमंडल ने अयोध्या में महंत और संतों से आशीर्वाद भी लिया। प्रतिनिधिमंडल ने मंदिर परिसर का बारीकी से अध्ययन करने के साथ ही फैजाबाद में मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट के भागवत कथा में भी उपस्थिति की, जहां आईना परिवार को व्यास राममोहन महाराज का आशीर्वाद और सम्मान मिला।

# जरदोजी कारीगरों के आर्थिक हालात खराबः कल्बे सिब्तैन

- कल्बे सिब्तैन नूरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने रक्षामंत्री से की मुलाकात

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** विख्यात धर्मगुरु और शिक्षाविद पदम्मभूषण स्वर्गीय डॉ. कल्बे सादिक के पुत्र मौलाना डॉ. कल्बे सिब्तैन नूरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मौलाना नूरी ने लखनऊ की चिकनकारी जरदोजी कारीगरों के उत्थान के लिए सरकार के स्तर से प्रयास करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जरदोजी कारीगरों का काम खत्म होता जा रहा और जरदोजी कारीगरों के आर्थिक हालात खराब हैं। ऐसे में सरकार को उनके उत्थान के लिए प्रयास करना चाहिए, जिससे लखनऊ की पहचान जरदोजी के कारीगरों की स्थिति सुधर सके। उन्होंने शिया समुदाय के एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे कब्रिस्तान के सिलसिले में रक्षामंत्री से हुसैनाबाद एण्ड एलाइड ट्रस्ट की जमीन चिन्हित कर वहां कम आमदनी वाले वर्ग के लोगों को दफ्न करने की अनुमति देने और मुस्लिम समुदाय की लड़कियों के लिए कॉलेज खोलने के लिए जमीन उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने छात्राओं की शिक्षा पर भी अपनी बात कही। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने पदम्मभूषण स्वर्गीय डॉ. कल्बे सादिक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे डॉ. सादिक के व्यक्तित्व से बहुत प्रभावित हैं। उन्होंने डॉ. सादिक के व्यक्तित्व पर कार्यक्रम आयोजित करने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा कि हमें देश को आगे बढ़ाने के लिए अपनी हर कोशिश करना चाहिए, क्योंकि एक मजबूत देश ही मजबूत समाज और मजबूत नागरिक बनाता है। श्री सिंह ने कहा कि हर भारतीय जाति-धर्म से ऊपर उठ कर देशहित में काम करे और अपना जीवन स्तर उठाए। डा0कल्बे सिब्तैन नूरी साहब ने छात्राओं की शिक्षा के संबंध में अपने विचार रखे। मुलाकात के दौरान हुसैनाबाद ट्रस्ट के पूर्व ट्रस्टी मुजतबा हुसैन ने लखनऊ की धरोहरों को संरक्षित और कब्जा मुक्त कर सुंदरीकरण की मांग की। इस मौके पर नौहाख्वान रिजवान अली दानिश ने अपनी एक नज्म सुनाई, जिसकी श्री सिंह ने सराहना की। प्रतिनिधिमंडल में अम्बर फाउण्डेशन के चेयरमैन वफा अब्बास, शरफ जैदी, बीबीडी कॉलेज के कामिल रिजवी, जमानत अली, अरशद नगरामी, नुजार नकवी एडवोकेट शामिल थे।

# दस दिवसीय उत्तराखण्ड महोत्सव शुरू

- मेहमान कलाकारों ने शाम को बनाया रंगीन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** पं. गोविन्द बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन गोमती तट निकट खाटू श्याम मन्दिर पर शाम-ए-अवध का नजारा मंगलवार से दस दिवसीय उत्तराखण्ड महोत्सव शुरू हो गया। महोत्सव के प्रथम दिन उत्तराखण्ड के परिधानों व आभूषणों से सजी संवरी महिलाओं के दलों ने झोड़ा, रंगीन वेष भूषा में ढाल, तलवार, मसकबीन, तुरही, रणसिंह आदि लिए उत्तराखण्ड से आये छोलिया दल व डांस उत्तराखण्ड के कलाकारों तथा मेहमान कलाकारों ने शाम को और भी सुरमयी तथा रंगीन बना दिया। महापरिषद के अध्यक्ष हरीश चंद्र पंत व सचिव राजेश बिष्ट ने बताया कि हीरक जयंती 75वें वर्ष पर महोत्सव के पहले दिन का कार्यक्रम लौह पुरुष को समर्पित रहा। उत्तराखंड महोत्सव के पहले दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कलाकारों व महिलाओं के दलों ने झोड़ा, रंगीन वेशभूषा में ढाल तलवार, मसकबीन, तुरही, रणसिंह आदि लिए सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। यहां पर 21 झोड़े दल हर दल में 21 महिला कलाकारों ने एक साथ सामूहिक प्रस्तुति देकर नया कीर्तिमान स्थापित किया। पहले दिन आकर्षक प्रस्तुतियां देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ रही। मंच पर उत्तराखंड महापरिषद की महिला प्रकोष्ठ की पुष्पा वैष्णव, सुनीता कनवाल, राजेश्वरी रावत, हेमा बिष्ट, पूनम कनवाल, विद्या सिंह और रिया ने सुंदर आकर्षक अल्पना तथा रंगोली बनाई। झोड़े के तीन दलों में मायापुरी, अतरौली व कल्याणपुर के कलाकारों ने सोनिया बिष्ट के नेतृत्व, पीजीआई क्षेत्र प्रेम सिंह बिष्ट के नेतृत्व में और खरगापुर गोमती नगर के कलाकारों ने ऊषा रावत के नेतृत्व में मंच पर सुंदर प्रस्तुति दी। वॉयस ऑफ उत्तराखंड प्रतियोगिता में चार प्रतिभागियों लक्ष्मण सिंह मर्तोलिया, बलवंत वाणगी, राधा मेहरा, बबली भंडारी ने दमदार प्रस्तुति दी। उत्तराखंड डांस की पांच टीमों में हेमा बिष्ट के नेतृत्व में आर्ट्स एंड कल्चरल ग्रुप कल्याणपुर, बलवंत वाणगी के नेतृत्व में देवभूमि जन सरोकार समिति गोमती नगर, विशाल गुप्ता की अगुवाई में वीणा वर दायिनी डांस एंड म्यूजिक अकादमी गोमती नगर, पिंकी नौटियाल के नेतृत्व में एक नया सवेरा फाउंडेशन नीलमथा और चंद्र भूषण अग्रवाल की अगुवाई में डांस ग्रुप लखनऊ के कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों की तालियां बटोरीं।

## मुख्यमंत्री धामी ने की लखनऊ से देहरादून वंदे भारत चलाने की मांग



**लखनऊ।** राजधानी आये उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से लखनऊ से देहरादून के बीच वंदे भारत ट्रेन चलाने की मांग की गई। पर्वतीय महापरिषद के अध्यक्ष गणेश चंद्र जोशी ने उनसे लखनऊ से देहरादून तक वंदेभारत ट्रेन चलवाने की मांग की है। सीएम धामी ने भरोसा दिलाया कि वह लखनऊ से देहरादून तक वंदेभारत ट्रेन को चलाए जाने के लिए जल्द ही रेल मंत्रालय से पत्राचार करेंगे। मांग पत्र सौंपते हुए गणेश जोशी ने उन्हें बताया कि लखनऊ व आसपास जिलों में पर्वतीय समाज के लोग अधिक संख्या में रहते हैं। साथ ही यूपी के लोग भी अधिक संख्या में उत्तराखंड दर्शन करने व घूमने जाते हैं। देहरादून तक वंदेभारत ट्रेन चलने से लोगों को काफी राहत मिलेगी।

## राजभवन में मनाया गया जम्मू-कश्मीर व लद्दाख का स्थापना दिवस

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से आज राजभवन में एक भारत-श्रेष्ठ भारत योजनांतर्गत केंद्रशासित प्रदेश जम्मू- कश्मीर व लद्दाख के स्थापना दिवस के अवसर पर राजभवन में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लद्दाख के लेफ्टिनेंट गवर्नर के प्रतिनिधि द्वारा राज्यपाल को स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट की गई। राज्यपाल ने समारोह में सरदार पटेल को याद करते हुए कहा कि अखंड भारत हेतु उनका योगदान भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने सरदार पटेल को एक आदर्श इंसान बताया। उन्होंने कहा कि उनका जीवन लोगों को प्रेरित करता है, उनकी जीवनी सभी को पढ़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल कंधे से कंधा मिलाकर सभी कार्य करते थे और किसी भी कार्य को अंजाम तक पहुंचाना उनकी विशिष्टता थी। राज्यपाल ने देश की आजादी को लाखों लोगों के समर्पण और शहादत का नतीजा बताया। उन्होंने आज इंदिरा गांधी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें भारत की होनहार बेटी की संज्ञा दी। राज्यपाल ने कहा कि राज्यों व केंद्रशासित प्रदेश के स्थापना दिवस मनाने का उद्देश्य उनके बारे में जानने और जानकारियां एकत्र करने हेतु एक अवसर होता है। राज्यपाल ने जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख के बारे में अपने संबोधन में कहा कि यह पर्वतीय क्षेत्र हैं जो बर्फ से आच्छादित रहते हैं, ऐसी परिस्थितियों में यहां अध्ययन और अध्यापन एक कठिन कार्य है।

# इकबाल कादरी को सपा मुख्यालय में घुसने से रोकना अल्पसंख्यकों का अपमानः शानवाज

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद इकबाल कादरी को सपा मुख्यालय में घुसने से रोकने को मुस्लिम नेताओं के अपमान की नई कड़ी बताया है। उन्होंने कहा कि सपा इंडिया गठबंधन का हिस्सा है और सपा का अपने अल्पसंख्यक समुदाय के नेताओं से लगातार किये जा रहे दुर्व्यवहार से अल्पसंख्यक समुदाय में उसकी छवि निरंतर खराब हो रही है। यह स्थिति इंडिया गठबंधन के लिए ठीक नहीं है और इससे गठबंधन की छवि पर भी गलत असर पड़ेगा। श्री आलम ने कहा कि किसी भी समुदाय का अपमान किया जाना उस पार्टी का आंतरिक मामला नहीं हो सकता। दो दिन पूर्व भी सपा प्रमुख अखिलेश यादव की क्रिकेट मैच देखते हुए फोटो आई थी जिसमें वे अपने एक करीबी नेता के साथ दिख रहे थे, जिसने कभी आजम खां को सबक सिखाने के लिए उनकी पत्नी और बेटी के साथ गैंगरेप की बात कही थी। इससे मुसलमानों में सपा को लेकर गलत संदेश गया। लोग यह भी सोचने को मजबूर हुए कि जब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय आजम खां से मिलने जेल जा सकते हैं तो अखिलेश यादव क्यों नहीं गये

# आईआरसीटीसी रेल पैकेज का संचालन 4 से 13 दिसम्बर तक करेगा

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** आईआरसीटीसी आगरा कैंट से भारत गौरव पर्यटक ट्रेन के जरिये कोलकाता, गंगा सागर पुरी यात्रा, बैद्यनाथ, गया, पुरी, कोणार्क, वाराणसी और अयोध्या की यात्रा का रेल पैकेज का संचालन 4 से 13 दिसम्बर तक करेगा। यह पैकेज 9 रात्रि एवं 10 दिन का होगा। आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत सिन्हा ने बताया कि इस टूर पैकेज में बैद्यनाथ मंदिर, जसडीह, विष्णुपद मंदिर और स्थानीय मंदिर गया, जगन्नाथ मंदिर और कोणार्क मंदिर, पुरी स्थानीय मंदिर, गंगा सागर, काली मंदिर कोलकाता, काशी विश्वनाथ मंदिर, वाराणसी, राम जन्मभूमि, हनुमान गढ़ी और अयोध्या के विभिन्न मंदिरों का भ्रमण कराया जायेगा। इस ट्रेन में उतरने व चढने के स्टेशन लखनऊ के अलावा आगरा कैंट, ग्वालियर, वीरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, कानपुर, अयोध्या कैंट तथा काशी व बनारस है। इस पैकेज में 2 एसी, 3 एसी एवं स्लीपर क्लास यात्रा, नाश्ता एवं दोपहर व रात्रि का शाकाहारी भोजन, एसी एवं नान एसी बसों से स्थानीय भ्रमण कराया जायेगा। इसमें एलटीसी एवं ईएमआई 849 रुपये की सुविघा भी उपलब्ध है। ईएमआई की सुविधा आईआरसीटीसी पोर्टल पर उपलब्ध सरकारी एवं गैर सरकारी बैंक से ली जा सकती है।

## कमर अली ने मौलाना अब्दुल हई नदवी से की मुलाकात

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद के सदस्य कमर अली ने मंगलवार को दारुल उलूम नदवतुल उलमा के प्रमुख और आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सचिव मौलाना अब्दुल हई नदवी से मुलाकात की। नदवतुल उलमा पहुंचे कमर अली ने मौलाना अब्दुल हई से मुलाकात कर मुसलमानों से जुड़ी समस्याओं के बारे में चर्चा की। इस मौके पर मौलाना अब्दुल हई ने कमर अली को दुआए मंजिल पुस्तक भेंट की और दुआएं दीं।

## भाजपा के मंत्री किसी को नहीं पढ़ने देना चाहते

**लखनऊ।** कांग्रेस ने प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार का जौहर विश्वविद्यालय की जमीन वापस लेने के निर्णय को भारतीय जनता पार्टी की शिक्षा विरोधी मानसिकता का उदाहरण बताया है। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने कहा कि भाजपा के मंत्री न तो खुद पढ़े-लिखे हैं और न ही किसी को पढने़ देना चाहते हैं। श्री आलम ने कहाकि मोदी सरकार ने हर हफ्ते एक विवि बनाने का झांसा दिया था, लेकिन 9 साल में किसी भी विवि की ईट तक नहीं रखी गयी। वहीं एक स्थापित विवि को भाजपा सरकार सिर्फ इसलिए बर्बाद करने पर तुली है, क्योंकि उसे बनाने वाला सरकार का विरोधी है और गवर्नर रहते एक कांग्रेसी नेता अजीज कुरैशी ने उसकी मान्यता दी थी।

# महाप्रबंधक ने की उत्तर रेलवे कार्य प्रगति की समीक्षा



- संरक्षा, समयपालनबद्धता और माल लदान पर बल
- रेलवे कामकाज में पारदर्शिता पर ध्यान

अवधनामा ब्यूरो

**नई दिल्ली/लखनऊ।** उत्तरर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने आज उत्तर रेलवे, प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्लीक में उत्तुर रेलवे के विभागाध्यरक्षों और मण्डपल रेल प्रबंधकों के साथ उत्तदर रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की। बैठक में रेलपथों पर संरक्षा, समयपालनबद्धता, माल लदान और रेलवे कामकाज में पारदर्शिता से जुड़े मामलों पर ध्या न केन्द्रित किया गया। उन्होंने रेलवे कामकाज में पारदर्शिता पर बल दिया। उन्होंने तकनीक के अधिकतम उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि रेल प्रणाली में सभी स्तरों पर मानवीय हस्तक्षेप को कम करके पारदर्शिता बढ़ाई जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि रेल परिचालन में मानवीय त्रुटियों को कम करने का प्रयास किया जाना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि विनिर्माण परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी प्रणाली पर भी प्रमुखता से ध्यान देना चाहिए क्योंकि रेलवे का विकास बहुत हद तक इन परियोजनाओं पर निर्भर करता है। उन्होंने विभाग प्रमुखों से विभिन्न निर्माण परियोजनाओं में तेजी लाकर उन्हें निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए। रेलवे के लिए संरक्षा सर्वोपरि है। महाप्रबंधक ने रेलपथों, वैल्डों के अनुरक्षण मानकों को बेहतर बनाने और रेल पटरियों के निकट स्क्रैप को हटाने के लिए जोन में किए गए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने संरक्षा बढ़ाने के लिए, और जहां आवश्यक है, वहां कर्मचारियों को परामर्श देने के लिए मंडलों को अभियान चलाने के निर्देश दिए। मालभाड़ा बिजनेस डेवलपमेंट पर बोलते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि बिजनेस डेवलपमेंट यूनिटों के साथ परस्पर सम्पर्क बनाए रखना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए की बीडीयू को ग्राहकों के बीच भरोसे, सहयोग और आत्मविश्वास का माहौल बनाना चाहिए। उत्तर रेलवे अपने ग्राहकों को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## बादशाह नगर-1 की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन



एन ई रेलवे मजदूर यूनियन (नरमू) की मुख्यालय शाखा बादशाह नगर-1 की नई कार्यकारिणी का गठन एन ई रेलवे मजदूर यूनियन (नरमू) के महामंत्री कामरेड के. एल. गुप्ता द्वारा किया गया। मुख्यालय शाखा बादशाह नगर-1 के सफदर हुसैन को पुनः शाखा मंत्री बनाया गया। चुने गए अन्य पदाधिकारी अध्यक्षः रवि कुमार, कार्यकारी अध्यक्षः ओम प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्षः फकरे आलम, सौरभ प्रधान, दिवाकर सिंह, शाखा मंत्रीः सफदर हुसैन, संयुक्त शाखा मंत्रीः अभिषेक अग्रवाल, सुमन मिश्रा व कु रूपा,संगठन मंत्रीः रवि प्रकाश चौधरी, रंजन कुमार व शिव तीर्थ पटेल। सहायक शाखा मंत्रीः कल्लू राम कोली , राम सेवक यादव, कोषाध्यक्षः सेवा राम निषाद। नई शाखा चुने जाने पर शाखा मंत्री सफदर हुसैन ने नरमू के एन ई रेलवे मजदूर यूनियन (नरमू) के महामंत्री कामरेड के. एल. गुप्ता, अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी एवं लखनऊ मंडल के मंडल मंत्री आर. एन गर्ग तथा मुख्यालय एवं मंडल के पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया है।

## बादशाहनगर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य शुरू





**लखनऊ।** बादशाहनगर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य मंगलवार से शुरू हो गया। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत करीब 31 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन भवन को एयरपोर्ट की तर्ज पर संवारा जायेगा। स्टेशन से रेलवे अस्पताल की तरफ पुरानी बिल्डिंग को तोड़ा भी जा रहा है। साथ ही तीन लिफ्ट और दो एस्केलेटर भी होंगे। सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ गोरखपुर रूट पर स्थित बादशाहनगर स्टेशन पर प्रतिदिन लखनऊ 6500 यात्रियों का आवागमन होता है। यहां से 22 जोड़ी ट्रेनों का आवागमन प्रतिदिन होता है। पुनर्विकास कार्य के लिए स्टेशन भवन की बिल्डिंग का लेआउट जारी कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि 12 मीटर चौड़ा एफओबी बनेगा। इसको सभी प्लेटफॉर्म से जोड़ा जायेगा। जिस पर यात्रियों के बैठने की सुविधा भी होगी। फसाड लाइट, प्लेटफॉर्म, सरफेस सोलर प्लांट, वाटर कूलर, एयर कंडीशनर और कई यात्री सुविधाएं बढ़ाई जायेगी।

# प्रधानमंत्री ने अमृत कलश यात्रा के समापन कार्यक्रम में लिया भाग

## प्रधानमंत्री मोदी ने देश के हर भाग से एकत्र की गई मिट्टी से विकसित अमृत वाटिका और अमृत महोत्सव स्मारक का शिलान्यास भी किया

- प्रधानमंत्री मोदी ने देश के युवाओं के लिए 'मेरा युवा भारत' प्लेटफॉर्म का शुभारंभ भी किया
- केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह भी मेरी माटी, मेरा देश अभियान समारोह में शामिल हुए
- आज लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती है और आज ही के दिन देश के 7500 स्थानों से पवित्र मिट्टी एकत्रित होकर यहां पहुंची है
- आज आज़ादी के अमृत महोत्सव के 2 लाख कार्यक्रमों के समापन के साथ ही अमृत काल की शुरूआत हो रही है

अवधनामा ब्यूरो



**नई दिल्ली लखनऊ।** प्रधानमंत्री मोदी ने आज़ादी के अमृत महोत्सव के वर्ष के दौरान 2 लाख से अधिक कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना जागृत कर इन संकल्पों के माध्यम से उस चेतना को चैनलाइज़ कर महान भारत की रचना का संकल्प हमारे सामने रखा है।

आज यहां देशभर से आई मिट्टी एक अमृत वाटिका में परिवर्तित होगी, ये अमृत वाटिका, हमें महान भारत की रचना करने की प्रेरणा देती रहेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर मेरी माटी मेरा देश अभियान की अमृत कलश यात्रा के समापन कार्यक्रम में भाग लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के हर भाग से एकत्र की गई मिट्टी से विकसित अमृत वाटिका और अमृत महोत्सव स्मारक का शिलान्यास भी किया। इस कार्यक्रम के साथ ही आजादी का अमृत महोत्सव का समापन भी हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के युवाओं के लिए 'मेरा युवा भारत' प्लेटफॉर्म का शुभारंभ भी किया। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह भी मेरी माटी, मेरा देश अभियान के समापन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि आज लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती है और आज ही के दिन देश के 7500 स्थानों से पवित्र मिट्टी एकत्रित होकर यहां पहुंची है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस कल्पना को दो बड़े कार्यक्रमों के साथ जोड़ा है। आज़ादी के अमृत महोत्सव के 2 लाख कार्यक्रमों के समापन के साथ ही अमृत काल की शुरूआत हो रही है। आज़ादी के अमृत महोत्सव से लेकर आज़ादी की शताब्दी तक के ये 25 वर्ष देश को महान, दुनिया में हर क्षेत्र में सर्वप्रथम और समृद्ध और सुरक्षित बनाने का संकल्प लेने और उस संकल्प को सिद्ध करने का समय है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आज़ादी के अमृत महोत्सव के वर्ष के दौरान 2 लाख से अधिक कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना जागृत की है और इन संकल्पों के माध्यम से उस चेतना को चैनलाइज़ कर महान भारत की रचना का संकल्प हमारे सामने रखा है। उन्होंने कहा कि आज यहां देशभर से आई मिट्टी एक अमृत वाटिका में परिवर्तित होगी और ये अमृत वाटिका, हमें महान भारत की रचना करने की प्रेरणा देती रहेगी।